О.Г. Ульциферов

УЧЕБНИК ЯЗЫКА ХИНДИ

Для студентов III-IV курсов



МОСКОВСКИЙ ГОСУДАРСТВЕННЫЙ ИНСТИТУТ
МЕЖДУНАРОДНЫХ ОТНОШЕНИЙ (УНИВЕРСИТЕТ) МИД РОСИИИ

Кафедра индоиранских и африканских языков

О.Г. Ульциферов

УЧЕБНИК ЯЗЫКА ХИНДИ

Для студентов III-IV курсов

2-е издание, исправленное и дополненное

Рекомендовано Учебно-методическим объединением вузов Российской Федерации по образованию в области международных отношений в качестве учебника для студентов вузов, обучающихся по направлениям подготовки к специальностям «Международные отношения» и «Регионоведение».

Издательство
«МГИМО-Университет»
2007

ББК 81.2Хин
У51

Рецензенты:

В.П. Липеровский, доктор филологических наук,
главный научный сотрудник Института востоковедения РАН,

Н.А. Пашковская, кандидат филологических наук,
доцент Военного университета Министерство обороны

51 **Ульциферов О.Г.**
Учебник языка хинди для студентов III-IV курсов. 2-е издание, испр. и доп. / О.Г. Ульциферов. — М. : МГИМО(У) МИД России, 2007. — 372 с.
ISBN 978-5-9228-0270-3

Учебник языка хинди подготовлен для студентов III-IV курсов и преследует цель познакомить студентов с прозой современного литературного языка хинди.

Учебник можно рассматривать как антологию прозы на языке хинди XX века, представленной короткими рассказами как классиков литературы хинди, так и сравнительно молодых и широко известных прозаиков.

ББК 81.2Хин

ISBN 978-5-9228-0270-3

Предисловие ко второму изданию

Настоящий учебник языка хинди является логическим продолжением учебника для 2 и 3 годов обучения, поскольку имеет идентичную с ним структуру построения уроков, подачи нового материала и его закрепления. Однако данный учебник имеет свое отличие: он построен только на литературном материале, заимствованном из произведений писателей на языке хинди. До известной степени учебник можно рассматривать как антологию прозы на языке хинди XX века, представленной короткими рассказами как классиков литературы хинди, таких как Прем Чанд, Джайшанкар Прасад, Вриндаванлал Варма, Саччидананд Хирананд Ватсьяин («Агъея»), Чатурсен Шастри, Рангея Рагхав, Упендранатх Ашк, Яшпал, так и сравнительно молодых и широко известных прозаиков, таких как Ганга Прасад Вимал и Каутук Банараси.

Учебник преследует цель познакомить студентов с прозой современного литературного языка хинди, его богатыми изобразительными средствами, широкой идиоматикой и разветвленной синонимией. Наряду с этим в текстах отражаются самые различные стороны индийской жизни. Они знакомят с представителями многих слоев населения Северной Индии, которые говорят на различных языках хинди.

Учебник, разумеется, предусматривает дальнейшее совершенствование языковых знаний, что касается как расширения объема активной лексики, так и углубленного изучения вопросов граматики и дальнейшей шлифовки всех видов перевода. Работа над текстами художественных произведений обогащает устную и письменную речь студента.

Учебник состоит из десяти уроков, каждый из которых содержит основной и вспомогательный текст, новый грамматический материал, лексико-грамматический комментарий к тексту урока, алфавитный словарь новой лексики и словари географических названий и личных имен.

В учебнике закрепляются наиболее сложные вопросы грамматики, часть из которых излагаются впервые, а часть повторяется, но уже на новом лексическом материале, позволяющем более полно понять внутренней смысл грамматического явления.

Упражнения на лексику урока включают широкий набор лексико-грамматических заданий, позволяющих прочно усваивать активную лексику урока, его грамматику, развивать навыки перевода, улучшать устную речь. Ряд уроков содержат грамматизированные диалоги на бытовые темы, в которых упор делается на распространенные в разговорной речи грамматические формы.

Каждый урок учебника рассчитан приблизительно на 22-24 часа аудиторных занятий и примерно на такое же время для самостоятельной работы над уроком. Изучение урока следует начинать с ознакомления с грамматикой.

Основное внимание при прохождении урока уделяется пониманию текста, его лингво-культурологических особенностей. Наряду с этим внимание также отводится переводу как устному, так и письменному, в процессе которого оттачиваются теоретические и практические знания студента.

Заметное место в упражнениях уделяется синтаксическому варьированию текста, в котором одна и та же мысль может иметь различное грамматическое оформление, что очень важно для углубленного изучения языка.

Автор выражает признательность всем коллегам за их замечания по учебнику.

पहला पाठ

व्याकरण

Прошедшее несовершенное регулярной повторяемости

Данная форма времени представлена в хинди синтетической формой простого причастия. Она употребляется для передачи регулярно повторяю-щегося, прерывистого действия, которое может располагаться на одной временной плоскости или следовать за другим аналогичным действием, что может подкрепляться “полевыми сигнализаторами”, т.е. различными обстоятельственными словами: बुढियां सवेरे उठती, पलंग पर बैठी-बैठी दस-पंद्रह मिनट प्रार्थना करती, फिर गृहस्थी के काम में लग जाती और रात गये तक लगी रहती। कभी चाय बनाती कभी बच्चों को नहलाती-धुलाती, कभी भोजन बनाती, बर्तन साफ करती — *Старушка поднималась обычно на заре, сидя на постели, она молилась минут десять-пятнадцать, затем принималась за домашние дела и занималась ими до глубокой ночи. Иногда она готовила чай, иногда мыла детей, иногда готовила еду и иногда чистила посуду*; पहला युवक प्राय: आता, उसके पास बैठता और अनेक चेष्टाएं करता, किंतु लडकी पत्थर की प्रतिमा की तरह बैठी रहती — *Первый юноша регулярно приходил, садился рядом и очень старался, но девушка продолжала сидеть как каменное изваяние*.

Иногда в тексте встречаются смешанные предложения, в которых наряду с указанными формами встречаются и формы прошедшего несовершенного со связкой था: जब रात के भोजन के बाद अंधकार छा जाता, लोग आराम करने लगते, तब वह बैठी-बैठी पुराने ग्रंथों को पढती थी — *Когда после ужина наступала темнота и люди начинали отдыхать, тогда она, сидя в уголке, читала старин-ные книги*; जब वह दफ्तर जाने लगता तो पत्नी उसके कपडे लाकर सामने रख देती। वह उसका मुंख देखा करती। उसे कुछ कहने की जरूरत न थी यहां तक कि जब वह भोजन करने बैठता तो वह सेवा करती। पहले वह बिना इच्छा के भोजन बनाने जाती थी, पर अब वह बडे प्रेम से रसोई में जाती — *Когда*

он начал ходить в контору, то жена готовила ему одежду. Она прямо смотрела ему в рот. Ему не нужно было ни о чем напоминать. Дело доходило до того, что, когда он садился есть, она прислуживала ему. Раньше она без желания готовила еду, но теперь она с любовью шла на кухню.

Прямая, косвенная и смешанная речь

В хинди <u>прямая речь</u> строится по принципу свободного соположения составляющих частей без грамматической связи между ними. От авторской речи она отделяется запятой, двоеточием, тире или двоеточием и тире. Чаще всего в хинди используется запятая: उसने पुकारा, “राम, इधर जरा आना”; मैंने पूछा: “क्या हुआ?”; लडका बोला – “मैं नहीं जाऊंगा”.

Прямая речь может: а) следовать за авторской (см. примеры выше); б) предшествовать ей: “मैं आ सकता हूं?” एक लडके ने कहा; в) прерываться ею: “क्या आप वर्मा जी को बुला सकते हैं”, लडकी ने कहा, “क्योंकि उन्होंने मुझसे यहां इसी वक्त आने को कहा था”; г) прерывать ее: वह “राम, ओ राम” पुकारते हुए कमरे में आया.

<u>Полупрямая речь</u> сохраняет все характеристики прямой речи, но выступает в форме придаточного предложения: उसने कहा कि मैं आऊंगा — *Он сказал, что придет* (*букв. — Он сказал, что я приду*).

<u>Косвенная речь</u> в хинди передается в форме придаточной части сложноподчиненного предложе-ния, которая всегда располагается постпозитивно: मैंने सोचा कि वह नहीं आएगा।.

<u>Смешанная речь</u> передает содержание чужой речи без помощи подчинительного союза, сохраняя при этом все характеристики прямой речи: उसने कहा, मैं आऊंगा.

पाठ

उपेंद्रनाथ अश्क
(जीवनी)

उपेंद्रनाथ अश्क का जन्म पंजाब प्रांत के जलांधर नामक नगर में १९१० को एक ब्राह्मण परिवार में हुआ। ये छः भाइयों में दूसरे हैं। इनके पिता स्टेशन मास्टर थे। जालंधर में मैट्रिक और वहां के कालेज में इन्होंने बी.ए. की परीक्षा पास की। बचपन से ही अश्क अध्यापक बनने, लेखक तथा संपादक बनने, थियेटर या फिल्म में जाने के अनेक सपने देखा करते थे। बी.ए. पास करते ही ये अपने ही स्कूल में अध्यापक हो गये, पर १९३३ में उसे छोड दिया और साप्ताहिक पत्र "भूचाल" का संपादन किया तथा एक अन्य साप्ताहिक के लिए प्रति सप्ताह एक रुपये में एक कहानी लिखकर दी। १९३४ में अचानक सब छोडकर ला कालेज में प्रवेश किया और १९३६ में ला पास किया। प। उसी वर्षलंबी बीमारी और प्रथम पत्नी के देहांत के बाद इनके जीवन में एक नया मोड आया: १९३६ के बाद अश्क के लखक व्यक्तित्व का एक बहुत रचनात्मक युग आरंभ हुआ। उनकी रचनाओं में एक अद्भुत रंग भर आया।

पहले अश्क उर्दू में लिखते थे। १९३५ में वे उर्दू छोडकर हिंदी में लिखने लगे। हिंदी में अधिकांश कृतियां उन्होंने अपनी पत्नी की मृत्यु के बाद के दो-ढाई साल के ही अल्प समय में लिखीं। १९३९ में अश्क पौने दो साल के लिए प्रीतनगर चले गये। वहों से निकलने वाली इक मासिक पत्रिका के उर्दू-हिंदी दोनों संस्करणों का संपादन करने लगे। यहां उन्होंने कुछ कहानियों के अतिरिक्त "छोटा बेटा" नाटक और "गिरती दीवारें" उपन्यास का काफी भाग लिखा। १९४१ में दूसरी शादी की। उसी वर्ष अश्क ने रेडियो में नौकरी की। १९४५ के दिसंबर में मंम्बई के फिल्म जगत के निमंत्रण को स्वीकार कर वहां फिल्म संबंधी कहानिया लिखने लगे। १९४७-४८ में वे कीमार रहे। पर यह उनकी साहित्यिक रचना शक्ति का स्वर्ण काल था। कुछ साल बाद अश्क इलाहाबाद आये तथा एक प्रकाशनगृह की व्यवस्था की जिससे उनके साहित्यिक व्यक्तित्व को रचना और प्रकाशन दोनों दृष्टियों से उचित पथ मिला।

अश्क ने कहानी, उपन्यास, निबंध, लेख, संस्मरण, नाटक, कविता आदि के क्षेत्रों में कार्य किया है पर उनकी उपलब्धि नाटक, कहानी और उपन्यास में विशेष रूप से महात्वपूर्ण है। अश्क के

सब पात्र उनकी किसी भी रचना में जो आये हैं, वे सर्वथा यथार्थ हैं।

दिलचस्पी की बात यह है कि रूसी साहित्य में रुचि लेकर अश्क ने १९५० में चेखोव की एक कहानी का और दोस्तोएव्स्की के एक छोटे उपन्यास का हिंदी में अनुवाद किया।

उपेंद्रनाथ अश्क

दो आने की मिठाई

खान बहादुर रहमन अली कमरे में दाखिल हुए तो उनकी आंखें अंगारे उगल रही थीं। क्रोध के मारे उनका शरीर कांप रहा था और माथे पर बीसों तेवर पड पड गये थे। चीखकर उन्होंने पुकारा, "अली, ओ अली के बच्चे!"। अली उनके किशोर नौकर का नाम था। उनके लडके मुन्नू ही की वयस् का था। बर्तन मलता, पानी भरता, झाडू देता और घर के दूसरे बीसों काम करता। इसपर भी खान बहादुर की "कृपा दृष्टि" उसपर बनी ही रहती।

"अली!" वे फिर चीखे।

लेकिन अली कमरे में न था। वह साथ की एक कोठरी में झाडू दे रहा था। पुकार सुनते ही कांपता हुआ सा सामने आ खडा हुआ। खान बहादुर का रुद्र रूप देखते ही उसकी निगाहें धरती में गड गयीं और झाडू फर्श पर गिर गया।

"हरामजादे!" खान बहादुर ने एक थप्पड उसके गले पर जमाया। "वह फूलदान क्यों तोडा तूने?"

इससे पहले कि वह कुछ उत्तर देता, खान बहादुर के थप्पड से वह फर्श पर गिर पडा। सिर उसका फट गया, पर उस और ध्यान दिये बिना, अपने क्रोध की रौ में, खान बहादुर उसे घसीटते हुए से ड्राइंग रूम में लाये। अंगीठी के नीचे फर्श पर शीशे का सुंदर फूलदान टूटा पडा था। ईद के श भ अवसर पर उनके एक पुराने मित्र ने विदेश से उसे भेजा था और उनके सभी मित्रों ने उसकी प्रशंसा की थी। क्रोध से उन्होंने अली को उसपर पटक दिया। शीशे के टुकडे गरीब के हाथों में चुभ गये। लेकिन दया के

बदलेदुगने क्रोध से उन्होंने उसे उठाना और गालियां देते हुए घर से बाहर कर दिया।

फूलदान को पाकर वे बडे प्रसन्न हुए थे। उसकी सुंदर कला के प्रदर्शनार्थ उन्होंने ईद के अवसर पर एक पार्टी भी दे डाली थी। और अभी ईद की रात अतक भी नहीं हुई कि फूलदान टूट गया। अभी तो न जाने कितने मित्रों को वे उसे दिखाना चाहते थे। जब नौकरानी से उन्हें पता चला कि शायद अली ने झाडू देते हुए तोड दिया है तो वे क्रोध से पागल हो उठे थे। नौकरानी को बुलाकर टूटे हुए गुलदान को उठा जगह साफ करने का आदेश देकर वे ड्राइंग रूम से बाहर निकल गये।

आंगन में उनका लडका मुन्नू उसी फूलदान के पेंदे से ठैया टापू खेल रहा था। खान बहादुर को देखते ही सहसा चुप सा खडा रह गया।

उसके हाथ से फूलदान का पेंदा लेकर अचानक खान बहादुर ने पूछा, "तुमने तोडा है उसे मुन्नू?"

वह और भी सहम गया। धीरेधीरे उसका मुंह बिगडा और फिर वह सहसा रो पडा।

फूलदान वास्तव में उसीसे टूट गया था।

उसे रोते देख खान बहादुर का सारा क्रोध हवा हो गया। आतुरता से बढकर उन्होंने उसे अपनी गोद में उठा लिया। पुचकारते हुए बोले, "रोते क्यों हो?, हमीद चचा को हम लिखेंगे मुन्नू के लिए एक गुलदान और भेज दो"।

उनकी आंखों में अंगारों के बदले कुछ विचित्र तरलता आ गयी, किंतु उनके घर के बाहर बेचारा अली धूल में पडा रो रहा था। उसके घावों से रक्त बह रहा था और वह अपने हाथों से शीशे के नन्हें टुकडे निकालने का विफल प्रयास कर रहा था।

"उस साले अली से कहो टें-टें बंद करे" – खान बहादुर ने ड्राइंग रूम में जाकर नौकरानी से कहा और जेब से दो आने निकालकर उसकी ओर फेंकते हुए बोले, "यह दो आने उसे दो और कहो कि हमने उसे माफ कर दिया, चलके काम शुरू करे। दो आने की, बोलना, मिठाई खा लो".

नये शब्द

अंगारा *м* 1) уголь (*раскаленный);* 2) искра

अचानक **1.** неожиданный, внезапный; **2.** неожи-данно, внезапно

अल्प 1) малый, небольшой; 2) короткий, краткий

आतुरता *ж* 1) встревоженность, нетерпение; 2) по-спешность

उगलना *п* 1) выплевывать; 2) тошнить, рвать; 3) из-вергать

उपन्यास *м* роман; повесть

कांपना *нп* дрожать, трястись; трепетать

किशोर *м* подросток; юноша

कृति *ж* 1) произведение, сочинение; 2) труд, работа

खान *м* 1) хан; 2) хан (*патанский титул)*

गडना *нп* 1) вонзаться, втыкаться; 2) зарываться

गुलदान *м* цветочная ваза

घसीटना *п* 1) волочить; тащить; 2) втягивать

घाव *м* 1) рана; 2) язва

चचा *м* дядя *(по отцу)*

चीखना *нп* 1) кричать; 2) громко разговаривать

जीवनी *ж* биография

झाड़ू *м* веник, метла

टापू *м* остров

टेंटें *ж* 1) болтовня попугая; 2) болтовня

ड्राइंग-रूम *м* гостиная

तरलता *ж* 1) подвижность; 2) текучесть; 3) неж-ность

तेवर *м* 1) выражение глаз (*или* лица); 2) гневный взгляд

दया *ж* 1) сострадание, жалость; 2) сочувствие

दाखिल 1) вошедший; 2) включенный; 3) посту-пивший ~ होना входить; поступать; ~ करना включать; помещать

दुगना двойной, удвоенный

देहांत *м* смерть, кончина

धम *ж* грохот; стук; шум

धूल *ж* 1) пыль; прах; 2) пустяк, ничто

नन्हा маленький, крохотный

निमंत्रण *ж* вызов; приглашение

पटकना *п* 1) валить, сбивать; 2) ударять *(обо что-либо)*

पागल безумный, сумасшедший; глупый

पात्र *м* 1) сосуд; кубок; чаша; 2) действующее лицо, персонаж

पार्टी *ж* 1) прием гостей; 2) вечер, вечеринка

पुचकारना *п* ласкать; гладить

पेंदा *м* дно; низ

प्रदर्शनार्थ с целью показа

प्रशंसा *ж* похвала; прославление

प्रसन्न 1) довольный; 2) радостный, счастливый; ~ **करना** радовать

फूलदान *м* цветочная ваза

बचपन *м* детство

बदले: **के** ~ *послелог* вместо, взамен, в обмен

बहना *нп* 1) литься, течь; 2) плыть, уноситься течением

बहादुर *м* **1.** смелый, храбрый; **2.** 1) герой; 2) бах-адур *(титул высших чиновников при англичанах)*

मलना *п* 1) тереть, втирать; 2) чистить

माथा *м* 1) голова; темя; макушка; 2) лоб; 3)нос *(судна)*

मारे: **के** ~ *послелог* по причине, вследствие, из-за

मासिक **1.** месячный; **2.** 1) ежемесячный журнал; 2) месячное жалование

मिठाई *ж* сладость; сладости

मैट्रिक **1.** вступительный *(об* экзамене*);* **2.** (*скр. от* matriculation) *ж* поступление в высшее учебное заведение

मोड *м* 1) поворот; 2) поворотный пункт; рубеж

रचनात्मक 1) созидательный; 2) деятельный; 3) кон-структивный

रुद्र страшный, ужасный

रोना *нп* плакать

रौ *ж* 1) движение, ход; 2) порыв

ला *м* закон; право

वयस *ж* возраст

विचित्र 1) пестрый, разноцветный; 2) разный, раз-нообразный; 3) необыкновенный

शादी *ж* брак; женитьба; замужество

संपादक *м* редактор; исполнитель

संपादन 1) выполнение, исполнение; 2) редакти-рование

संस्करण *м* издание

सर्वथा 1) всячески, во всех отношениях; 2) сов-сем, совершенно

सहमना *нп* бояться, пугаться

सहसा вдруг, внезапно, неожиданно

साप्ताहिक **1.** еженедельный; **2.** *м* еженедельник

साला *м* 1) шурин; 2) негодяй

साहित्यिक **1.** литературный; **2.** *м* литератор

हरामजादा *м* 1) незаконнорожденный; 2) подлец, негодяй

भौगोलिक नाम

जालंधर — *г.* Джаландхар *(ш. Панджаб)*

प्रीतनगर — *г.* Притнагар *(ш. Панджаб)*

टिप्पणियां

१. **स्टेशन-मास्टर** — начальник железнодорожной станции.

२. **बी. ए.** — бакалавр гуманитарных наук (*калька с английского - B.A., bachelor of arts)*.

३. **ला कालेज** — юридический факультет *(при университете)*.

४. **ला पास करना** — сдать выпускные экзамены по специальности “Право”.

५. **रंग भर आना** — наполняться красками.

६. **फिल्म जगत्** — (*букв.* мир кино); *зд.* кине-матограф.

७. **फिल्म संबंधी कहानियां** — *зд.* киносценарий.

८. **रचना-शक्ति** — (*букв.* созидательная сила); *зд.* творчество.

९. **स्वर्ण-काल** — золотая пора.

१०. **उचित पथ मिलना** — *зд.* развиваться в правильном направлении, пойти по правильному пути.

११. **अंगारे उगलना** — метать молнии, пылать гневом.

१२. **माथे पर तेवर पडना** — хмуриться, гневаться.

१३. **अली के बच्चे** — *зд.* мерзавец Али. Употребление имени собственного со словами बच्चा (बच्ची) является приемом грубого, уничижительного обращения.

१४. **झाडू देना** — подметать *(что-либо* में).

१५. **कृपा-दृष्टि** — благосклонный (милостивый) взор; милость, благосклонность.

१६. **साथ का** — находящийся рядом, сосед-ний.

१७. Частица सा может сочетаться и с неличными формами глагола, привнося им оттенок неопределенности: पुकार सुनते ही *कांपता हुआ सा* सामने आ खडा हुआ; लडकी लौट आयी अपने में *खोयी सी*; मेरे नीचे से धरती *खिसकने सी* लगी; पलंग से *उठ बैठ सी कर* वह इधर-उधर देखने लगा.

१८. Глагол-модификатор खडा होना интенсив-ного аспекта сочетается с небольшим количеством глаголов конкретного действия, привнося им оттенок внезапности и полноты развития действия: आ खडा होना — *придти*, उठ खडा होना — *вскочить*, भाग खडा होना — *убежать* и т.п.

१९. **थप्पड जमाना** — давать пощечину.

२०. Придаточные времени могут вводиться составным союзом (किसी) से पहले (पूर्व) कि — *прежде чем, перед тем как*, который вводит придаточное, всегда предшествующее главному: इससे पहले कि वह कुछ उतर देता, खान बहादुर के थप्पड से वह धम से फर्श पर गिर पडा. Сказуемое в придаточной части может выступать в простой форме сослагательного или условного наклонения.

२१. **गाली देना** — ругать, бранить; गालियां देना — ругаться, браниться, нецензурно выражаться.

२२. **बाहर करना** — выкидывать, выбрасывать.

२३. **पार्टी देना** — устраивать вечеринку, давать прием.

२४. **ठैया टापू** — волчок *(игрушка)*.

२५. **मुंह बिगडना** — меняться в в лице; उसका मुंह बिगडा — его лицо исказилось.

२६. Глагол टूटना , выступая со своим субъектом с орудийным послелогом, указывает на случайность совершившегося действия: फूलदान उसीसे टूट गया. Преднамеренное действие выражается глаголом तोडना: उसने फूलदान तोडा.

२७. **हवा हो जाना** — улетучиться, исчезнуть.

२८. **गोद में उठाना** (**लेना**) — брать на руки; сажать на колени.

व्याकरण के अभ्यास

१. क्रिया के रूपों को ध्यान में रखते हुए उपन्यास के इस अंश का अनुवाद कीजिये।

१) सुखराम ने कहा: दो साल बीत गये थे।

उसके बाद मेरी जिंदगी में नया रास्ता खुल गया। मैं रोजाना सवेरे निकल जाता। प्यारी मेरे साथ जाती। मेरा एक दोस्त रामलाल हमारे साथ जाता। और इसीला खेल में आवाज लगाता। हम लोग गांव-गांव घूमते। तरह-तरह के खेल दिखाते। रात को पेड के नीचे सो रहते। इसीला पैसे इकट्ठे करके गिनने लगता और फिर छिपाकर रखता। प्यारी रोटी बनाती। सौनो दिन भर अकेली रहती, यानी हमारे साथ नहीं रहती। कभी वह खेलने की चीजें बनाती और बच्चों को बजा-बजाकर दिखाती और अनाज के बदले उन्हें बेच आती।

२) कभी उसे आइवनहो की रैबेका की स्मृति हो जाती और घंटों बैठकर सोचा करती। फिर टांड का राजस्थान पढती और राजपूतों की वीरता की युरोप के वीर “नाइट्स” से तुलना करती। फिर सोचती कि यह सब कैसे हुआ? युरोप ने उसी नाइट्स की दुनिया में से यह नया जीवन कैसे निकाल लिया? उससे मिलते-जुलते सामन्तवाद के भारत में यह सब क्यों नहीं हुआ? वह इसका हल न निकाल पाती।

वह सब उसे इतना विचित्र लगता जैसे रोम के किसी बडे अधिकारी की बेटी थी। वह चलती तो लोग सिर झुकाने लगते। क्या यह सत्य नहीं था कि भारतीय वीर थे! वे फौज में जाते हैं तो अद्‌भुत वीरता दिखाते हैं। पर वे देश के लिए क्यों नहीं लडते?

पिता जी नौकरी का काम करता, और वह अकेली रहती। वह यह पढती कि भारतीय उस समय सिर उठा रहे थे, पर क्या वह उसे उचित नहीं कह सकती थी? यदि इंगलैंड पर किसी का राज हो जाता तो क्या फिर उसका इंगलैंड सिर नहीं उठाता? दबा रहता! (*रांगेय राघव के “कब तक पुकारू” उपन्यास से*)

Когда вы думаете?

Один знаменитый английский ученый зашел однажды в одну из своих лабораторий. Было поздно, но в лаборатории работал один из его учеников.

— Что вы делаете так поздно? — спросил ученый.

— Работаю, — ответил ученик.

— А что вы делаете днем?

— Конечно, работаю.

— И рано утром тоже работаете?

— Да, профессор, и утром работаю, — ответил ученик. Он думал, что знаменитый ученый похвалит его.

Но ученый рассердился и спросил:

— А когда же вы думаете?

पाठ के अभ्यास

१. पाठ का अनुवाद कीजिये।

२. निम्नलिखित शब्दबंधों का अनुवाद कीजिये।

साप्ताहिक पत्रिका, शानदार व्यक्तित्व, अनुभवी संपादक, लेखक-व्यक्तित्व, अद्‌भुत रंग, संपादन करना, जीवन में एक महत्वपूर्ण मोड, अल्प समय, मासिक पत्रिका, अंतिम संस्करण, साहित्यिक रचना-शक्ति, प्रकाशनगृह की व्यवस्था करना, प्रेम कविता, मुख्य पात्र, यथार्थ चित्र, विश्वविद्यालय में दाखिल करना, जलते अंगारे, क्रोध के मारे कांपना, चीखकर पुकारना, किशोर नौकर, बरतन मलना, रुद्र रूप, धरती में

गडना, धम से गिरना, क्रोध की रौ में, शीशे का फूलदान, शुभ अवसर, प्रशंसा करना, लेखक की कृति, धरती पर पटकना, हाथों में चुभना, दुगने क्रोध से, ईद के अवसर पर, चुप सा खडा रह जाना, बिगडा हुआ मुंह, आतुरता दिखाना, विचित्र कहानी, धूल में फूल, घावों से बहना, हाथ से शीशे के नन्हें टुकडे निकालना, विफल प्रयास करना, जेब से पैसे निकालना।

३. निम्नलिखित शब्दबंधों का अनुवाद कीजिये।

сдавать вступительные экзамены; редактировать еженедельный журнал; основывать издательство; поступать в колледж; важный поворот в жизни; наполняться удивительными красками; новое издание книги; принимать приглашение; литературное творчество; созидательная сила; литературное произведение; издание романа; работать в жанре (области) социального романа; персонажи романа; входить в комнату (3 варианта); дрожать от страха; хмуриться от гнева; подметать пол в соседней комнате; гневный облик; ударить по щеке; тащить человека за руку; впиваться в руку; ударять о землю; выставлять вазу для показа; испытывать сострадание; выставлять из дома; потерять рассудок от гнева; дно сосуда; брать на руки; ласкать ребенка; необыкновенная нежность; вытаскивать из руки мельчайшие кусочки стекла; оставаться молчаливым; крик о помощи; предпринимать усилия; чистить посуду; писательская индивидуальность; ежемесяч-ное издание; тщетные усилия; в порыве гнева; плакать от горя; зов предков; зарываться в землю; громко кричать; включать в список; восточные сладости; падать с шумом

४. निम्नलिखित रूसी शब्दों के हिंदी समानार्थक लिखिये।

неожиданно (2); смерть, кончина (3); произведение (2); свадьба (2); попытка, усилие (4); кровь (2); юноша (2); мир, вселенная (3); цветочная ваза (2); негодяй (2); остров (2); голова (2); землетрясение (2); возраст (3); бесплодный (2); бояться (2); довольный (2); вместо, взамен (2); кричать (2); взгляд, взор (2); маленький, крошечный (2)

५. रूसी में अनुवाद कीजिये।

क) १)जब मैंने स्कूल की पढाई समाप्त की थी तो मैं विश्वविद्यालय में दाखिल हुआ। माता-पिता ने बच्चे को स्कूल में दाखिल किया। २)क्रोध के मारे उसकी आंखें अंगारे उगल रहे थे और माथे पर बीसों तेवर पड गये थे। ३)सर्दी के मारे मेरा शरीर कांप रहा था। ४)उसने चीखकर अपने भाई को पुकारा। ५)यह किशोर नौकर दिन भर बरतन मलता, पानी भरता, झाडू देता और घर के दूसरे बीसों काम करता है। ६)उसकी वयस तीस साल से ज्यादा है। ७)शिव भगवान् का एक रुद्र रूप है। ८)बरतनों की दुकान में मैंने एक सुंदर फूलदान खरीद लिया। ९)खान बहादुर ने अली के गाल पर थप्पड इसलिए जमाया कि उसको लगा कि अली ने उनका सुंदर गुलदान तोडा था। १०)ईद का पर्व मुसलमानों का सब से बडा त्यौहार है। ११)अंग्रेजी फेशन के अनुसार ड्राइंग रूम में अंगीठी होनी चाहिए। १२)गुलदान धम से धरती पर गिर पडा। उसने जोर से जमीन पर फूलदान पटक दिया १३)पुराने जमाने में रूस की नदियों परऐसे लोग थे जो नदी के किनारे-किनारे जाते हुए छोटे जहाज घसीटते थे। १४)शीशे का एक टुकडा उसके हाथ में चुभ गया। १५)यह निमंत्रण पाकर मेरा मित्र बहुत ही प्रसन्न हुआ। १६)“हरामजादा” हिंदी-उर्दू की एक गाली है। यह आम बात है कि गालियां देना सभ्यता का निशान नहीं है १७)लोक अर्थव्यवस्था की उपलब्धियों के प्रदर्शनार्थ दिल्ली में एक विचित्र प्रदर्शनी की व्यवस्था की गयी है। १८)विदेशी अतिथियों के आने के कारण एक शानदार पार्टी आयोजित की गयी थी। १९)प्रत्येक देश में पागलों के लिए पवशेष अस्पताल हैं। २०)अचानक उसे एक मासिक पत्रिका में संपादक का पद ग्रहण करने का निमंत्रण मिला। २१)पता नहीं क्यों वह सहसा चुप हो गयी। २२)इस टापू पर एक सुंदर महल बनाया गया है। २३)पिता जी का रुद्र रूप देखते ही बच्चा सहम गया। मुंह उसका बिगडा और वह रो पडा। २४)मां ने बच्चे को गोद में उठा लिया। उसे पुचकारते हुए उसका सारा क्रोध हवा हो गया। २५)मुझे “धूल में फूल” की फिल्म बहुत पसंद आयी। २६)किसी भी प्रकार घाव से बहते रक्त को रोकना चाहिए। २७)इस बार पहाड पर चढने का हमारा प्रयास विफल हुआ। २८)अपने लडके को देखते ही मां की आंखों में विचित्र तरलता आयी। २९)जमीन में गडे पत्थरों

को बाहर निकालना आवश्यक है। ३०) उसके गाल पर दो थप्पड जमाये इस हरामजादे ने। ३१)इनकी नयी केति की बडी प्रशंसा की गयी थी।

ख) श्री बालमुकुंद गुप्त का जन्म रोहतक जिले के गुरायनी गांव में १८७६ में हुआ। आपकी प्रारंभिक शिक्षा अरबी, फारसी तथा उर्दू में हुई थी और आप उर्दू में लेख आदि भी लिखा करते थे। अपनी योग्यता के कारण थोडी ही वयस में आप मिर्जापुर से उर्दू में निकलने वाले एक अखबार के संपादक हो गये। इसके एक साल बाद ही लाहौर के “काहेनूर” नामक उर्दू अखबार के संपादक भी आप नियुक्त हो गये। उसी समय भारतेंदु मंडल के साहित्यिकों द्वारा हिंदी का जोरों से प्रचार हो रहा था। इसका प्रभाव गुप्त जी पर भी पडा और आपने हिंदी में लिखना आरंभ कर दिया। कहते हैं कि उन्हें हिंदी की ओर लाने का श्रेय पंडित मदनमोहन मालवीय तथा प्रतापनरायाण मिश्र को है। संपादक के रूप में आपकी ख्याति हो ही गयी थी इसलिए हिंदीवालों ने आपको “हिंदोस्तान” नामक पत्रिका का संपादक बनाया। यह पत्र उन दिनों कालाकांकर से निकला करता था। प्राय: पांच वर्ष तक गुप्त जी ने “बंगवासी” पत्र के संपादक के रूप में काम किया और उसके बाद सन् १८९१ कोलकाते के “भारत मित्र” की सेवा में बीता। इस तरह हम देखते हैं कि गुप्त जी ने पत्रकार के रूप में ही अपने सारे जीवन को पूरा किया। गुप्त जी का देहांत सन् १९१८ में हुआ था।

६. हिंदी में अनुवाद कीजिये।

I. 1) Когда я вошел в комнату, мой младший брат играл с волчком. Когда ребенку исполнилось семь лет, родители отдали его в школу. 2) Его глаза метали молнии, и он весь дрожал от ярости. 3) Хозяин громко позвал слугу. 4) Этот маленький слуга должен был мыть и чистить посуду, приносить домой воду, подметать пол в доме и землю во дворе, выполнять множество самых разных дел по дому. 5) Испугавшись злого взгляда хозяина, мальчик-слуга задрожал от страха. 6) В ответ на его брань она дала ему пощечину. 7) Ваза с грохотом упала на пол и разбилась на мелкие кусочки. 8) Сейчас в гостиных вновь начали строить камины. 9) Праздник Ид — самый популяр-ный у мусульман. 10)Он

швырнул его на пол. Он ударил стаканом об пол. 11) Получив приглашение на этот вечер, я очень обрадовался. 12) В Москве открылась выставка для демонстрации произведений индийского искусства. 13) При виде плачущего сына весь его гнев прошел. 14) Когда хозяин вошел в комнату, все сразу замолчали. 15) Маленький мальчик испугался и закричал. 16) Его новую работу очень хвалили. 17) Он несколько раз безуспешно пытался получить это приглашение. 18) Из раны на ноге текла кровь. 19) От гнева он, казалось, сошел с ума. 20) Летящая повсюду пыль затрудняла дыхание. 21)Увидав, что ребенок плачет, мать поспешно подошла к нему и взяла его на руки. 22) Крохотные осколки стекла впились ему в щеку. 23) Лошадь с трудом тащила телегу. 24) Многим очень нравятся индийские сладости. 25) Взамен российской марки ему дали индийскую. 26) Мы купили красивую стеклянную вазу, которая нам очень понравилась. 27) В еженедельнике напечатана биография известного писателя. 28) Известный русский писатель много лет редактировал этот ежемесячный журнал. 29) Все знают, что “мир кино” представляет собой свое-образную индустрию развлечений. 30) ”Болдинская осень” — золотая пора в творчестве Александра Пушкина.

II. Мирзо Турсун-заде (मिर्जा तुर्सून-जादा) (1911−1977) — известный таджикский (ताजिक) поэт и общественный деятель — родился в Каратаге, который славился своими мастерами-ремесленниками. Мирзо получил образование в школе и потом в Ташкентском университете. Он с детства любил поэзию, и первыми его учителями были, по его словам, великие поэты Востока.

В двадцатилетнем возрасте он был известен как автор нескольких рассказов, драм и стихо-ворений. В годы Второй мировой войны талант Мирзо проявился особенно ярко. Им было создано большое количество замечательных стихотворений. Особую популярность завоевала его поэма “Сын Родины”.

В послевоенные годы Мирзо Турсун-заде много ездил по странам Азии и Африки. Он неодно-кратно бывал в Индии, которую посетил впервые в 1947 году. После этой поездки он опубликовал сборник стихотворений, за которые получил Государтвенную премию.

В поэмах, особенно в поэме “Голос Азии”, Мирзо Турсун-заде прославлял героизм народов, которые вели борьбу против колониального рабства, восхвалял дружбу между народами Азии.

७. निम्नलिखित मुहावरों का प्रयोग करके वाक्य बनाइये।

अंगारे उगलना, माथे पर तेवर पडना, थप्पड जमाना, गाली देना, पार्टी देना, मुंह बिगडना, हवा हो जाना, गोल में उठाना।

८. निम्नलिखित प्रश्नों का हिंदी में अनुवाद करके उनका उत्तर दीजिये।

1) Где и когда родился Ашк? 2) Чем занимался его отец? 3) Какое образование получил Ашк? 4) Какие произведения создавал Ашк? 5) Как был связан Ашк с русской литературой? 6) Когда была “золотая пора” в творчестве Ашка? 7) Читали ли Вы какие-нибудь произведения Ашка? 8) Почему глаза Хана Бахадура метали молнии, когда он вошел в комнату? 9) Что обычно делал его мальчик-слуга Али? 10) Что с ним произошло, когда он услышал крик хозяина? 11) О чем спросил Хан Бахадур у Али? 12) Кто прислал вазу Хану Бахадуру и по какому поводу? 13) Как обошелся Хан Бахадур с Али? 14) Почему Хан Бахадур был так доволен, получив вазу? 15) Что делал его сын во дворе? 16) Почему он испугался, увидев отца? 17) Что сделал Хан Бахадур, когда он узнал, что вазу разбил его сын? 18) Что делал в это время бедняга Али? 19) Что сказал Хан Бахадур служанке? 20) О чем говорит этот маленький рассказ?

९. “दो आने की मिठाई” की कहानी अपने शब्दों में सुनाइये।

१०. अपनी पसंद के किसी भी लेखक या कवि की जीवनी सुनाइये।

११. खाली जगहों में आवश्यक शब्द लिखकर अनुवाद कीजिये।

१)जब वह कमरे में … हुआ तो उसकी आंखें … उगल रही थीं। २)… उन्होंने पुकारा, “अली, ओ अली के …!”। ३)उसके माथे पर बीसों … पड गये। ४)कोई भी औरत बरतन … पसंद नहीं करती। ५)मालिक की “…-दृष्टि” सदा उसपर बनी रहती है। ६)…

की कोठरी में किसी की आवाज सुनाई पडी। ७)क्रोध के मारे उसका शरीर ... रहा था। ८)इस किताब के प्रकाशन के बाद इसी की बडी ... की गयी। ९)वास्तव में खान बहादुर के लडके से ... टूट गया। १०)अपने क्रोध की ... में खान बहादुर उसे ... ड्राइंग रूम में ले गये। ११)शीशे के नन्हें-नन्हें टुकडे ... के हाथ में ... गये। १२)ऐसी भेंट पाकर मैं बहुत ... हुआ। १३)... के अवसर पर एक शानदार ... दी गयी। १४)सहसा वह ... पडा। १५)उत्तर न मिलने पर वह ... हो गया। १६)त्रेत्याकोव चित्रशाला की दो तसवीरें ... भारत भेजी गयी थीं। १७)... वही स्थान है जो चारों ओर से पानी से घिरा है। १८)डर के मारे बच्चा ... पडा और ने उसे ... में उठा लिया। १९)उनकी आंखों में अंगारों के बदले विचित्र ... आ गयी। २०)बेचारा अली ... में पडा रो रहा था। २१)उस घाव से ... बह रहा था। २२)लेकिन ... के बदले उसे दुगना क्रोध आया। २३)गुलदान ... धम से फर्श पर गिर गया। २४)"हरामजादा" हिंदी की एक ... है। २५)समाचारपत्र की नीति बरतना उसके मुख्य ... का कर्त्तव्य है।

१२. शब्दकोश की सहायता से उपन्यास के इस अंश को समझकर इसे रूसी और हिंदी में सुनाइये।

मां रसोईघर में बैठी खाना पका रही थी जब चेतन ने जाकर कहा, "देख आया हूं तुम्हारी बस्ती वाली हरामजादी! उससे तो मैं सात जन्म शादी करने कप बात नहीं सोच सकता"।

मां रोटी बना रही थी। रुककर उत्सुक भाव से उसने पूछा, "तुमने कहां देखा उसे?"

"बस्ती में और कहां", चेतन ने उत्तर दिया।

बेसब्री से मां ने कहा, "तुम इधर आकर बैठो। वहीं खडे-खडे क्या बातें कर रहे हो"।

"अब जूते तो मैं उतारने से रहा", चेतन ने जरा हंसकर उत्तर दिया। "और फिर बातें ही ऐसी कौनसी हैं, बस स्कूल से घर जाते समय देखा उसे! मझोले कद की भद्दी सुस्त लडकी..."।

मां रोटी बनाना छोडकर चौखट में आ खडी हुई। चेतन कहता गया, "अपने शरीर का, अपने कपडों का, अपनी किसी बात का

उसे होश नहीं - बाल बिखरे, कपडे मैले – ऐसी फूहड लडकी सेमैं शादी करूंगा? ठीक ही वह मेरी पढाई में मुझे मदद देगी!"

"पढाई" खीजकर मां ने कहा, "अब तुम और कहां तक पढते जाओगे। बहुतेरा पढ लिया। नौकरी मिली है तो अब कुछ दिन उसपर टिको, शादी करो, घर बसाओ और इसे रहो जैसे दुनिया रहती है। तुमसे तीन-तीन वर्ष छोटे लडके मुहल्ले ही में दो-दो बच्चों के बाप हैं। सालिगराम को देख लो, चरणदास को देख लो..."।

कटु होकर चेतन बोला, "सारे का सारा मुहल्ला कुएं में जा पडे क्या मैं भी कूद पडूं? और नौकरी भी क्या मैं अभी छोड रहा हूं। लाहौर जाकर पढ लेना भी कौन आसान बात है? मैं तो उन महाशय की बात कर रहा था जो यह कहते थे कि लडकी समझदार है और मेरे रास्ते की रुकावट न बनेगी"।

और यह कहकर चेतन उपेक्षा से हंस दिया और जाने लगा। उसे रोककर मां ने कहा, "तुम उन्हें चिट्ठी लिख दो"।

"चिट्ठी!" चेतन ने हैरानी से पूछा।

"हां, चिट्ठी के बिना बेचारे शायद दुविधा में रहें और शायद तुम्हारे पिता जी के पास वे हो आये हों, इसलिइ तुम उन्हें लिख दो"।

"क्या लिखूं?"

"कोई बहाना बना दो। लिख दो, मैं अभी आगे पढना चाहता हूं, मैं जल्दी विवाह नहीं कर सकता। जो तुम्हें उचित लगे लिख दो"।

(*उपेंद्रनाथ अश्क के "गिरती दीवारें" के उपन्यास से*)

१३. हिंदी में अनुवाद करके बाद में कहानी अपने शब्दों में सुनाइये।

Последний лист

На окраине (छोर *м*) города стоял небольшой двухэтажный дом. В нем на втором этаже жили две сестры, а на первом — старый

художник (चित्रकार *м*). Сестры очень любили друг друга. Художник часто приходил к ним в гости.

Однажды осенью младшая сестра тяжело заболела. У нее появился сильный кашель, поднялась температура, ей стало трудно дышать. На последние деньги старшая сестра пригласила доктора. Врач пришел, осмотрел больную и сказал:

— Ей надо лежать, пить лекарство, не выходить на улицу, потому что у нее воспаление легких (निमोनिया *м*).

Старшая сестра начала заботиться о младшей. Она подавала больной лекарство, ухаживала за ней, делала все для того, чтобы девочка поправилась. Но больной становилось все хуже и хуже. Она уже не вставала, лежала на кровати с открытыми глазами и почему-то все время смотрела в окно.

Напротив окна стоял дом. Из комнаты была видна его желтая стена без окон. Около этой стены росло одинокое дерево. Была уже осень, и желтые листья падали на землю. На дереве их становилось все меньше и меньше. Бедная девочка смотрела, как падают листья, и каждый день считала: десять... семь... Она решила, что умрет, когда упадет последний лист. Старшая сестра рассказала об этом соседу-художнику. Он решил помочь бедной девочке.

И вот на дереве осталось только три листа. Потом остался один. Девочка смотрела в окно и ждала, когда упадет этот последний лист. Но он не падал. Прошло два дня. Днем и ночью шел дождь, дул сильный осенний ветер. Но лист все еще был на дереве. Потом прошла неделя, другая... Уже выпал снег, а лист оставался на дереве.

Девочка постепенно выздоравливала. Когда опасность прошла, сестра рассказала ей, что их друг — замечательный художник — ночью нарисовал лист на стене соседнего дома. А девочка думала, что это настоящий лист на дереве.

Так доброе (नेक) сердце и большое искусство старого художника спасли жизнь больной девочки.

(По рассказу О.Генри)

१४. शब्दकोश की सहायता से कहानी समझकर इसे रूसी और हिंदी में सुनाइये।

नमक ज्यादा है

मैं उन दिनों एक साप्ताहिक के दफ्तर में ४० रुपये पर एक सहायक संपादक था और दफ्तर के पास एक तंदूर पर खाना खाया करता था।

एक दिन मैं अपने तंदूर पर खाना खाने गया तो अभी जाकर मैं दीवार के साथ लगी लोहे की कुरसी पर बैठा ही था कि एक साहब के पीछे-पीछे एक भिखारी आया।

उन साहब ने चवन्नी तंदूर वाले के आगे फंकी और भिखारी की ओर संकेत करके बोले – इसे दो रोटियां दे दो"।

मैंने भिखारी की ओर देखा - रंग तवे का काला, टांगें घुटनों तक नंगी, जूते और कपडे तार तार और मालूम होता था जैसे हफ्तों का भूखा।

सस्ता जमाना था। एक आने में दो रोटियां मिल जाती थीं। तंदूर वाले ने शेष तीन आने के पैसे उन साहब को दिये और वे अपनी राह चले गये।

भिखारी रोटी के लिए शोर मचाने लगा।

"उधर खडे रहो" तंदूर वाले ने बडीसी सलाख से सिंकी हुई रोटियां तपते तंदूर से बाहर निकालते हुए कहा: "जो लोग पहले आये हैं, उन्हें दे लेने दो"। और तंदूर को ढंककर दाल तथा तरकारी रख, उसने मेरे लिए थाली परोस दी।

मैंने यों ही बात चलाने के लिए भिखारी से पूछा, "क्यों भाई, तुम कोई काम क्यों नहीं करते?"

"मुझे तो मांगते बडी शर्म आती है बाबू जी" भिखारी बोला, "बीस रुपये महीने पाता था, दुर्भाग्य से मेरे जोडों में दर्द होने लगा और मुझे नौकरी से हटा दिया गया। अभी-अभी अस्पताल से आ रहा हूं। ये हमारे पुराने बाबू थे। इन्होंने चार पैसे की रोटियां ले दीं, नहीं आज कल किसके मन में दया रह गयी है जो हमें रोटियां खिलाता"।

मैंदाल में रोटी तर करके खाने लगा। तंदूर वाले ने बडी-बडी दो रोटियों पर दाल डालकर उसे भिखारी के हाथों पर रख दिया।

"सालन क्यों नहीं दिया?", वह बोला।

"पहले दाल रख लो, फिर सालन ले लेना"।

भिखारी ने दो कोर दाल में तर करके खाये और फिर उसे नाली में बहा दिया और चिल्लाया:

“मुझे सालन दो!”

मैंने चौंककर पूछा, “क्या कात है?”

“जरा नमक ज्यादा है” भिखारी ने उपेक्षा से नाक चढाते हुए दाल की ओर देखा और सालन के लिए हाथ बढा दिया।

उपेंद्रनाथ अश्क

१५. इस कहानी को अपने शब्दों में सुनाइये।

Три розы (गुलाब *м*)

Давно-давно в Гульстане жил молодой поэт. В саду перед его домом цвели (खिलना *нп*) прекрасные розы. Самыми красивыми были три красные розы. Они любили слушать пение поэта. Однажды ночью, когда поэт пел новую песню, он услышал чей-то приятный (सुरीला) голос. Он обыскал весь сад, но никого не нашел.

На следующую ночь поэт опять услышал этот голос. Он долго ходил по саду и наконец увидел прекрасную девушку. Поэт спросил ее, кто она и откуда знает его стихи.

— Я одна из тех роз, которые цветут у твоего дома, — ответила девушка. — Когда поднимется солнце, я снова стану розой. Вот уж появилась роса (ओस *ж*). Мне надо спешить.

— Подожди, — сказал поэт. — Останься со мной. Я хочу и днем слышать твой прекрасный голос.

— Сейчас я не могу остаться, — ответила девушка. — Но если утром ты узнаешь (पहचानना *п*) меня среди роз, я снова превращусь в девушку. Только не ошибись. Если ты ошибешься, я навсегда останусь розой.

Сказав это, девушка исчезла. Утром поэт подошел к розам. Все они были похожи (एक जैसा होना) друг на друга. Поэт долго смотрел на розы и вдруг воскликнул:

— Это ты!

И тут роза превратилась в прекрасную девушку.

Как узнал поэт свою розу?

१६. हितोपदेश की कहानी समझकर इसको अपने शब्दों में सुनाइये।

गीध और बिलाव की कहानी

गंगा के किनारे गृध्रकूट (जिसके शिखर पर गीध रहते हों) पर्वत पर एक बडा वृक्ष था। उसकी खोख में एक बूढा गीध रहता था। यह गीध अंधा था और नाखून उसके गिर गये थे। इस वृक्ष पर रहने वाले पक्षी उस गीध पर दया करके उसे अपने खाने में से थोडा सा खाना दे दिया करते, जिससे वह जीता था।

एक दिन की बात है, लंबकर्ण (लंबे कानों वाला) नाम का एक बिलाव पक्षियों के बच्चे खाने की इच्छा से वहां आया। बिलाव को देखकर पक्षियों के बच्चे डर के मारे चीखने-चिल्लाने लगे। उनकी आवाज सुनकर बूढे गीध ने पूछा, "कौन है?"

लंबे कानों वाला बिलाव गीध को देखकर डर गया। वह सोचने लगा, "हाय! मैं मारा गया! लेकिन अब यहां से भागना भी ठीक नहीं है, इसलिए जो होगा देखा जाएगा। चलूं, पहले अपना विश्वास पैदा करूं"। यह सोच, गीध के पास जाकर उसने कहा, "मैं बिलाव हूं"।

गिध – यहां से भाग जा, नहीं तो मार डालूंगा।

बिलाव – पहले मेरी बात सुन लें। इसके बाद यदि मारने योग्य समझें तो मुझे मार डालें।

गीध – बोल, तू किसलिए यहां आया है?

बिलाव – देखिये, मैं यहां गंगा के किनारे रहता हूं। मैं हर दिन स्नान करता हूं, शाकाहारी हूं। यहां के सब पक्षी आपकी बडी प्रशंसा करते हैं और कहते हैं कि आप बडे धर्मात्मा और ज्ञानी हैं। आपकी प्रशंसा सुनकर ही मैं आपके पास धर्म सुनने के लिए आया हूं। लेकिन आप ऐसे धर्मात्मा निकले कि मुझ जैसे अतिथि को मारने के लिए तैयार हो गये।

गीध – किंतु बिलाव को मांस अच्छा लगता है और तुम जानते हो यहां पक्षियों के बच्चे रहते हैं, इसलिए मैं कह रहा हूं।

यह सुनकर बिलाव ने भूमि को अपने कानों को छुआ और कहने लगा, "देखिये, धर्मशास्त्र सुनकर मैंने राग और द्वेष त्याग किये

हैं। मैं अहिंसा का पालन करता हूं। हत्या न करने को मैं परम धर्म समझता हूं"।

इस प्रकार विश्वास पैदा करके बिलाव वृक्ष के खोख में रहने लगा।

मौका पाकर वह पक्षियों के अंडों-बच्चों को पकडकर अपनी खोख लाता और मजे में खाता।

कुछ दिन बाद जब पक्षियों को पता चला कि उनके बच्चे गायब हैं तो वे उन्हें इधर-उधर ढूंढने लगे, और पता न लगने पर रोने लगे। बिलाव को जब यह मालूम हुआ तो वह वहां से चुपचाप भाग गया।

एक दिन जब पक्षी अपने बच्चों को इधर-उधर ढूंढ रहे थे, तो वे उन्हें वृक्ष के खोख में बच्चों की हड्डियां मिलीं। उन्हें निश्चय हो गया कि हो न हो, इस बूढे गीध ने ही हमारे बच्चों को मारकर खाया है। यह सोचकर उन सब ने गीध को मार डाला।

नये शब्द: गीध *м* гриф; बिलाव *м* (лесной) кот; खोख *ж* дупло; अंधा слепой; शाकाहारी *м* вегетарианец; धर्मात्मा *м* святой; मांस *м* мясо; हड्डी *ж* кость.

१७. बातचीत के पात्र बनकर इसको दोहराये।

सामाजिक कार्य

सामाजिक कार्यकर्त्ता रमणभाई से एक सज्जन मिलने आते हैं।

रमणभाई - आइये, बैठिये। मैं आपकी क्या सेवा कर सकता हूं?

सज्जन – मैं पहली बार आपसे मिलने आया हूं। मेरा नाम विनोद है।

रमणभाई - कहिये विनोदभाई, किस तरह आये?

विनोद – मैंने इस वर्ष बी.ए. की परीक्षा पास की है। आपके साथ कुछ सामाजिक कार्य करना चाहता हूं।

रमणभाई - अच्छा, आप बी. ए. हैं! आजकल वैज्ञानिकों की बहुत जरूरत है। सरकारी प्रयोगशालाओं में वैज्ञानिकों की बहुत मांग है।

विनोद – मगर मेरी इच्छा सरकारी प्रयोगशालाओं में काम करने की नहीं है। मैं तो सामाजिक क्षेत्र में कार्य करना चाहता हूं।

इसीलिए आपके पास आया हूं, वैसे तो मुझे हमारे कालेज में ही ले रहे थे। मगर मैंने इंकार किया।

रमणभाई - सामाजिक कार्य में कठिनाइयां बहुत हैं और पैसा बहुत कम है।

विनोद – मैं बहुत पैसा नहीं चाहता, बस इतना ही कि पेट भर सके। मेरा रहन सहन काफी सादा है।

रमन – क्या आपके पिता आपके विचार से एकमत है?

विनोद – हां, उनकी ओर से कोई आपत्ति नहीं है। मेरे पिता तो यह भी नहीं चाहते कि मैं पैसा भी लूं। पिता जी बडे पैमाने पर खेती करते हैं। वे बडे सफल किसान हैं। मैं उनका एक ही लडका हूं। मेरी एक बहन है, उसकी शादी हो चुकी है और वह हर तरह से सुखी है।

रमण – क्या आपके पिता जी ईश्वरभाई तो नहीं?

विनोद – हां, आपने ठीक अंदाज लगाया। मेरे पिता जी ईश्वरभाई ही हैं।

रमण – उन्हें तो मैं खूब जानता हूं। बडे सज्जन हैं। और उन्हें देश की बडी चिंता है।

विनोद – उन्होंने ही मुझे आपके पास भेजा है। मैंने उनका नाम लेना ठीक नहीं समझा।

रमण - सामाजिक कार्य कई प्रकार के हैं। कुछ राष्ट्रीय वाचनालय हैं, जो बापू जी के समय से अपना काम कर रहे हैं, ग्रामीण उद्योग की प्रयोगशालाएं हैं, हिंदी प्रचार, हरिजन कार्य, आदिवासी कार्य, राष्ट्रीय मजदूर संघ आदि इस तरह के कुछ काम हैं। आप सोच लें कि आप किस क्षेत्र में काम करना चाहते हैं।

विनोद – वैसे तो शिक्षा संबंधी संस्थाओं या प्रयोगशालाओं में काम करना मुझे पसंद है। मगर मैं गांधी जी की विचारधारा के अनुसार काम करने वाली संस्था में काम करना चाहता हूं।

रमण – मैं आपके विचार समझ गया। मैं आज ही पूछताछ शुरू करता हूं। आशा है आठ-दस में जवाब आ जाएगा।

विनोद – आठ-दस दिन बाद मैं आपसे मिलने आऊं?

रमण – नहीं आप तकलीफ न करें। जवाब आ जाने पर मैं ही आपको खबर कर दूंगा।

विनोद – बहुत-बहुत धन्यवाद, प्रणाम।

चुटकुले

१. मालिक - राम, यदि तुमसे मेरा काम नहीं होता, तो मुझे बता क्यों नहीं देता? मैं दूसरा नौकर रख लूं।

नौकर - मालिक जी, काम तो दो आदमियों का है।

२. अध्यापक जी – बताओ, गंगा क्या है? वह कहां से निकलती है? कहां जाती है?

छात्र – गंगाहमारी नौकरानी है, वह अपने घर से निकलती है और हमारे घर काम करने आती है।

३. श्याम – मैं लगभग दुनिया का सब से अमीर आदमी हो गया हूं।

राम – लगभग?

श्याम – हां, सिर्फ १ की कमी है, जीरो तो मिल गये हैं सब।

दूसरा पाठ

व्याकरण

Настоящее совершенное статичное

Данная форма времени образуется сочетанием родовых форм совершенного причастия с составной перфектной связкой. Эта форма может рассмат-риваться как грамматический омоним именного сказуемого, состоящего из составного совершенного причастия и презентной связки ह. По этой причине данная форма встречается довольно широко: वह भी इस मेले में आया हुआ है — *Он также пришел на эту ярмарку* (*букв. — Он есть пришедший*); दुकान खुली हुई है — *Магазин открыт*.

Данная форма имеет главным образом перфектно-инклюзивное значение: упирающееся в момент речи состояние продолжается и в момент речи.

При причастиях, образованных от переходных глаголов, результативное состояние перено-сится на циклическое подлежащее, а субъект действия выступает с послелогом ने: उसको बहुत दिनों से समाज ने च्युत किया हुआ है — *Уже давно община изгнала его*.

Настоящее совершенное состояния

Данная форма времени образуется сочетанием совершенного деепричастия с личными формами презентной связки ह: वह शराब पिये हुए है — *Он выпил вина* (*букв. — Он есть выпивши вино*); मैं वही कपडा पहने हुए हूं — *Я надел(-а) ту же одежду* (*букв. — Я есть надевши ту же одежду*); मैं सरकार से संपर्क कायम किये हुए हूं — *Я установил контакт с правительством*. Совершенное деепричастие в отличие от совершенного причастия имеет не пассивное, а активное значение.

Длительно-эволютивный аспект

Данный аспект образуется сочетанием простого совершенного причастия или деепричатия с формами глаголов-модификаторов जाना, चला जाना, आना, चला आना. Он выражает результативно-эволютивное состояние субъекта, возникшее как следствие совершенного в прошлом действия, которое, тем не менее, или продолжается вместе с действием-состоянием глагола-модификатора, или указывает на возможность прекращения этого состояния в недалеком будущем. Основным модификатором здесь выступает глагол जाना: चाय ठंडी हुई जा रही थी — *Чай продолжал остывать* (*букв. — Чай, начав остывать в прошлом, продолжал остывать в определенный момент прошлого*); गला सूखा जा रहा है — *В горле все пересохло* (*букв. — Горло, начав пересыхать в прошлом, продолжает пересыхать и сейчас*); शेर बढा आ रहा था — *Тигр все приближался и приближался.*

Крайне редко этот аспект выступает в инфинитной (неличной) форме: कुछ दूर उसके पीछे भागे जाकर चचा वापस लौट आया — *Пробежав за ним некоторое расстояние, дядя вернулся назад*.

Интенсивно-намерительный аспект

Данный аспект образуется сочетанием совершенного деепричастия с глаголами-моди-фикаторами देना, लेना, डालना, आना. Выражая, как и результативно-интенсивный, аспект полноту развития действия, он привносит последнему оттенок возможного или неминуемого осуществления действия в относительно близком будущем. Чаще всего данный аспект выступает с “полевыми сигнализаторами” – обстоятельствами времени: अभी खाली किये देती हूं — *Я сейчас освобожу*; अभी नहीं किया तो एक क्षण में किये लेते हैं — *Если до сих пор не сделали, то сделают через мгновение*; मैं कल ही यह चीज बनवाये डालता हूं – *Я завтра же прикажу сделать эту вещь.*

Когда данный аспект выражает только полноту развития результативного состояния, он выступает без полевых сигнализаторов: तू सडा पानी पिलाये देती है — *Ты поишь меня*

тухлой водой; मैं रुपया ले जाकर बच्चे को दिये आती हूं — *Я, забрав деньги, отдаю их ребенку*.

Модификаторы данного аспекта являются полностью десемантизированными, обозначая лишь возможное направление действия. Здесь выступают, главным образом, несовершенные и продолженные формы времени.

Субъектно-возвратная конструкция

Данная конструкция образуется на базе аналитического причастия, омоформичного пас-сивному аналитическому причастию. Однако здесь в функции основного глагола могут выступать и непереходные причастия. Субъект подобных конструкций выступает с орудийным послелогом से: मुझसे सोया नहीं जाता — *Мне не спится*; उससे बैठा नहीं जाता — *Ему не сидится*; उस दिन न मुझसे खाया गया और न कुछ पिया ही गया — *В тот день я не мог ни пить, ни есть* (*букв.* — *Мною не елось, не пилось*); इससे बैंक लूटा जाएगा — *Этот сможет ограбить банк*.

Совершенное причастие может расширяться модификатором रहना и модальным глаголом सकना: पर इनसे घर पर बैठे रहा नहीं जाता — *Но ему не сиделось дома*; उससे अब वे निगाहें नहीं देखी जा सकेगी — *Теперь она уже не сможет выносить эти взгляды*.

Как видно из примеров, данная конструкция выступает, главным образом, в отрицательной форме. При непереходном причастии конструкция всегда двухкомпонентна и нейтральна. При переходном причастии конструкция состоит из трех компонентов. При этом циклическое подлежащее, как правило, не маркируется послелогом. Во всех случаях субъект действия, главным образом, сохраняется.

Данная конструкция указывает на нежелание или неспособность субъекта осуществить действие-состояние, обозначенное причастием.

Субъектно-посессивная конструкция

Данная конструкция состоит из трех обязательных компонентов: субъекта с послелогами के पास, के यहां, के "*у*", циклического подлежащего (объекта принадлежности) и сказуемого. Субъект конструкции представлен, главным образом, личными именами существительными: लडके के पास दो किताबें हैं, किसान के यहां एक गाय है, सीता के दो लडकियां हैं, प्रेमचंद के बहुत से कहानी-संग्रह हैं. Вместо личных имен здесь могут выступать притяжательные местоимения: गंगी के एक लडका हुआ, उनके पास कुछ रुपये हैं.

Придаточные уступительные

Данная форма выражает потенциальное действие, которое могло бы протекать в точно установленный момент времени, определяемый через другое потенциальное действие, а также через показатель времени или предшествующий контекст, т.е. эта форма передает потенциальное действие, происходящее на фоне другого аналогичного действия: अगर दूसरी कोई गाडी लखनऊ *जा रही होती* तो वह उसी दम लौट पडता। — *Если бы какой-нибудь другой поезд шел сейчас в Лакнау, он бы тут же уехал*; वह शादी *कर रही होती* तो हम सहायता देते। — *Если бы она выходила замуж, мы бы ей помогли*.

Интенсивно-направительный аспект

Данный аспект представлен в хинди бивер-бальной конструкцией “деепричастие-основа мо-дифицирующего глагола + основной глагол”. Модификаторы представлены здесь только деепричастиями-основами от глаголов आना и जाना, которые сочетаются с определенным набором глаголов (примерно 60 единиц), где они указывают на направление основного действия на субъект или от субъекта. Данный аспект выступает чаще в совершенных формах прошедшего времени: शत्रुओं ने उन्हें आ घेरा। — *Враги окружили их*; उन्होंने राम को जा किडा। — *Они схватили Рама*; युवक अपने-अपने पलंग जा सोएंगे — *Юноши пойдут спать в своих постелях*; परिवार की भारी जिम्मेदारी का भार सतरह वर्ष के प्रसाद के कंधों पर आ गिरा। — *Бремя большой ответственности за семью свалилось на семнадцати-летнего Прасада*.

Намерительный аспект

Данный аспект представлен в хинди двумя аналитическими конструкциями. Первая состоит из сочетания глагольного имени (омо-форм застывшего совершенного причастия) с глаголом-модификатором चाहना. Она употребляется в двух значениях: 1) воз-можное осуществление действия в ближайший период: पानी *आया ही चाहता* था। — *Вот-вот соби-рался пойти дождь* и 2) намерение или желание осуществить действие: हम दोस्ती *किया चाहते* है — *Мы хотим установить дружбу*. В современной литературе хинди данный аспект встречается редко.

Другую конструкцию образует сочетание супина с модифицирующим глагольным формантом जा रहा: वह कुछ किताबें *खरीदने जा रहा* है। — *Он собирается купить несколько книг*; … क्रोध से कुछ और *कहने जा रहा* था। — *Собирался в ярости ска-зать еще кое-что*.

Назывное предложение

Данный тип предложений представлен в хинди беспослеложной формой субстантива (главным образом именем существительным) с опущенной презентной связкой: आगरा नगर। दोपहर का समय। बडी गरमी। — *Город Агра. Полдень. Страшная жара*. Опущение связки здесь обусловлено языковой практикой. При отнесении действия к прошедшему или будущему времени связка никогда не опускается.

Назывные предложения, как уже отмечалось, связаны с планом настоящего расширенного времени.

जयशंकर प्रसाद

(जीवनी)

हिंदी के प्रसिद्ध लेखक जयशंकर प्रसाद का जन्म १८८९ ई. में वाराणसी के अत्यंत प्रतिष्ठित परिवार में हुआ था। उनके घर में धन की कोई कमी नहीं थी और बचपन में उनका पालन-पोषण बडे प्यार से किया गया।

ज्यशंकर प्रसाद की शिक्षा घर पर ही आरंभ हुई। संस्कृत, फारसी, हिंदी, अंग्रेजी व उर्दू के लिए विशेष अध्यापक नियुक्त हुए थे जो उनको घर पर पढाने आते थे। कुछ समय बाद प्रसाद का नाम एक स्थानीय कालेज में लिख दिया गया, पर वे आठवीं कक्षा तक ही पढ सके। प्रसाद बहुत अध्ययनशील व्यक्ति थे। प्रतिदिन बडी लगन और चाव से वे इतिहास, साहित्य तथा संस्कृति के गहरे अध्ययन में अपना समय देते थे। संस्कृत साहित्य में उनकी विशेष रुचि थी।

पर प्रसाद का जीवन विशेष सुखी नहीं रहा। बरह वर्ष की छोटी सी ही अवस्था में उनके पिता का देहांत हो गया। शीघ्र ही वही परिवार जो धन मेंलोटता था, ऋण के भार से दब गया। पिता की मृत्यु के दो-तीन वर्षों के भीतर ही प्रसाद की माता का देहांत हो गया। सब से बडी दुर्घटना का दिन वह आया, जब उनके बडे भाई चल बसे। तभी से एक बडी भारी जिम्मेदारी का भार सतरह वर्ष के प्रसाद के कंधों पर आ गिरा। प्रसाद के तीन ब्याह किये

और तीनों पत्नियों का देहांत हुआ। मृत्यु ने उनके जीवन को मानों अभिशप्त बना दिया।

प्रसाद का अधिकांश जीवन वाराणसी में ही बीता। उन्होंने अपने जीवन में केवल तीन-चार यात्राएं की थीं, जिनकी छाया उनकी रचनाओं में स्पष्ट दिखाई देती है।

२८ जनवरी १९३७ को प्रसाद बीमार पडे और १५ नवंबर १९३७ ई. को उनका देहांत हो गया।

प्रसाद की कृतियों का प्रथम संग्रह १९१८ में प्रकाशित हुआ। इसमें कविता, कहानी, निबंध, नाटक और अन्य प्रकार की रचनाएं थीं। इन रचनाओं में ही साफ हो गया कि प्रसाद की प्रतिभा सर्वांगीण है। पहले वे ब्रजभाषा में कविता लिखा करते थे, किंतु बाद में खडीबोली में लिखने लगे। प्रसाद की खडीबोली की कविताओं के प्रथम संग्रह में ऐतिहासिक कथाओं के आधार पर लिखी गयी देशभक्तिपूर्ण कविताएं हैं। अन्य कविताओं में प्रकृति, प्रेम तथा सामाजिक भावनाएं भी हैं, प्रकृति के प्रति वे खास तौर से आकर्षित रहे। उनका प्रकृति-वर्णन अत्यंत सजीव है।

प्रसाद की बहुत सी रचनाएं छपीं। उनकी नाटकों की ही संख्या लगभग बारह है। कविताओं तथा नाटकों के अतिरिक्त उन्होंने साहित्य के अनेक क्षेत्रों में रचना की।

प्रसाद की रचनाओं की एक महत्वपूर्ण विशेषता है भावों की मौलिकता। उनकी कृतियों में मानव की भाव-दशा के ऐसे सुंदर चित्र बिखरे पडे हैं जो साहित्यमें कम मिलते हैं।

प्रसाद की भाषा बहुत ही सशक्त है।

जयशंकर प्रसाद हिंदी साहित्य के प्रतिभासंपन्न तथा मौलिक लेखक थे जिन्होंने साहित्य में अपना मार्ग स्वयं बनाया। इसीलिए वे हिंदी साहित्य में नये युग की नींव रखने वाले कलाकार कहे जाते हैं।

ज्यशंकर प्रसाद

छोटा जादूगर

कार्निवल के मैदान में बिजली जगमगा रही थी। हंसी और विनोद का कलनाद गूंज रहा था। मैं खडा था। इस छोटे फुहार के

पास, जहां एक लडका चुपचाप शरबत पीनेवालों को देख रहा था। उसके गले में फटे कुरते के ऊपर से एक मोटी-सी सूत की रस्सी पडी थी और जेब में कुछ ताश के पत्ते थे। उसके मुंह पर गंभीर विषाद के साथ धैर्य की रेखा थी। मैं उसकी ओर न जाने क्यों आकर्षित हुआ। उसके अभाव में भी संपूर्णता थी। मैंने पूछा – क्यों जी तुमने इसमें क्या देखा?

"मैंने सब देखा है। यहां चूडी फेंकते हैं। खिलौनों पर निशाना लगाते हैं। तीर से नंबर छेदते हैं। मुझे तो खिलौनों पर निशाना लगाना अच्छा मालूम हुआ। जादूगर तो बिलकुल निकम्मा है। उससे अच्छा तो ताश का खेल मैं ही दिखा सकता हूं" – उसने बडी प्रगल्भता से कहा। उसकी वाणी कें कहीं रुकावट न थी।

मैंने पूछा – और इस परदे में क्या है? वहां तुम गये थे?

"नहीं, वहां मैं नहीं जा सका। टिकट लगता है"।

मैंने कहा – तो चलो मैं वहां पर तुमको लिवा चलूं। मैंने मन ही मन कहा, "भाई! आज के तुम्हीं मित्र रहे"।

उसने कहा – वहां जाकर क्या कीजियेगा? चलिये, निशाना लगाया जाय।

मैंने उससे सहमत होकर कहा – तो फिर चलो, पहले शरबर पी लिया जाय। उसने स्वीकारसूचक सिर हिला दिया।

मनुष्यों की भीड से जाडे की संध्या भी वहां गर्म हो रही थी। हम दोनों शरबत पीकर निशाना लगाने चले। राह में ही उससे पूछा – तुम्हारे और कौन है?

"मां और बाबू जी"।

"उन्होंने तुमको यहां आने के लिए मना नहीं किया?"

"बाबू जी जेल में है"।

"क्यों?"

"देश के लिए" – उसने गर्व से बोला।

"और तुम्हारी मां?"

"वह बीमार है"।

"और तुम तमाशा देख रहे हो?"

उसके मुंह पर तिरस्कार की हंसी फूट पडी। उसने कहा – तमाशा देखने नहीं, दिखाने निकला हूं। कुछ पैसे ले जाऊंगा, तो मां

को पथ्य दूंगा। मुझे शरबत न पिलाकर आपने मेरा खेल देखकर मुझे कुछ दे दिया होता, तो मुझे अधिक प्रसन्नता होती!

मैं आश्चर्य से उस तेरह-चौदह वर्ष के लडके को देखने लगा।

"हां, मैं सच कहता हूं बाबूजी! मां जी बीमार है, इसलिए मैं नहीं गया"।

"कहां?"

"जेल में! ज्ब कुछ लोग खेल-तमाशा देखते हैं, मैं क्यों न दिखाकर मां का दवा करूं और अपना पेट भरूं"।

मैंने दीर्घ निवास लिया। चारों ओर बिजली लट्टू नाच रहे थे। म्न व्यग्र हो उठा। मैंने उससे कहा – अच्छा, चलो, निशाना लगाया जाय।

ऋम दोनों उस जगह पहुंचे, जहां खिलौने को गेंद से गिराया जाता था। मैंने बारह टिकट खरीदकर उस लडके को दिये।

व्ह निकला पक्का निशानेबाज। उसका कोई भी गेंद खाली नहीं गया। देखनेवाले दंग रह गये। उसने बारह खिलौने को बटोर लिया, लेकिन उठाता कैसे? कुछ मेरे रूमाल में बंधे, कुछ जेब में रख लिये गये।

लडके ने कहा – बाबू जी, आपको तमाशा दिखाऊंगा। बाहर आइये। मैं चलता हूं। वह नौ-दो-ग्यारह हो गया। मैंने मन ही मन कहा – इतनी जल्दी आंख बदल गयी।

मैं घूमकर पान की दुकान पर आ गया। पान खाकर बडी देर तक इधर-उधर देखता रहा। झूले के पास लोगों का ऊपर-नीचे आना देखने लगा। अकस्मात् किसी ने ऊपर के हिंडोले से पुकारा – बाबू जी!

मैंने पूछा – कौन?

"मैं हूं छोटा जादूगर"।

* * *

कलकत्ता के सुरम्य बोटानिकल उद्यान में लाल कमलिनी से भरी हुई एक छोटी-सी झील के किनारे घने वृक्षों की छाया में अपनी मंडली के साथ बैठा हुआ मैं जलपान कर रहा था। बातें हो रही थीं। इतने में वही छोटा जादूगर दिखाई पडा। हाथ में चारखाने

की खादी का झोला। साफ जांघिया। और आधी बांहों का कुरता। सिर पर मेरी रूमाल सूत की रस्सी से बंधी हुई थी। मस्तानी चाल से झूमता हुआ आकर कहने लगा –

"बाबूजी नमस्ते! आज कहिये तो खेल दिखाऊं"।

"नहीं जी, अभी हम लोग जलपान कर रहे हैं"।

"फिर इसके बाद गाना-बजाना होगा, बाबूजी?"

"नहीं जी – तुमको..." क्रोध से कुछ और कहने जा रहा था।

श्रीमती ने कहा – दिखलाओ जी, तुम तो अच्छे आये। भला कुछ मन तो बहले। मैं चुप हो गया, क्योंकि श्रीमती की वाणी में वह मां की-सी मिठास थी, सिजके सामने किसी भी लडके को रोका नहीं जा सकता। उसने खेल आरंभ किया।

उस दिन कार्निवल के सब खिदौने उसके खेल में अपना अभिनय करने लगे। भालू मनाने लगा। बिल्ली रूठने लगी। बंदर घुडकने लगा।

गुडियों का ब्याह हुआ। गुड्डा वर काना निकला। लडके की वाचालता से ही अभिनय हो रहा था। सब हंसते-हंसते लोट-पोट हो गये।

मैं सोच रहा था। बालक को आवश्यकता ने कितना शीघ्र चतुर बना दिया। यही तो संसार है।

ताश के पत्ते लाल हो गये। फिर सब काले हो गये। गले की सूत की डोरी टुकडे-टुकडे होकर जुट गयी। लट्टू अपने से नाच रहे थे। मैंने कहा – अब हो चुका। अपना खेल बटोर लो, हम लोग भी अब जाएंगे।

श्रीमती जी धीरे से उसे एक रुपया दे दिया। व्ह उछल उठा।

मैंने कहा – लडके!

"छोटा जादूगर कहिये। यही मेरा नाम है। इसी से मेरी जीविका है"।

मैं कुछ बोलना ही चाहता था, कि श्रीमती ने कहा – अच्छा तुम इस रुपये से क्या करोगे?

"पहला भरपेट पकौडी खाऊंगा। फिर एक सूती कंबल लूंगा।"

मेरा क्रोध अब लौट आया। मैं अपने पर बहुत क्रुद्ध होकर सोचने लगा – ओह! कितना स्वार्थी हूं मैं। उसके एक रुपया पाने पर मैं ईर्ष्या करने लगा न।

वह नमस्कार करके चला गया। हम लोग लता-कुंज देखने के लिए चले।

इस छोटे से बनावटी जंगल में संध्या सांय-सांय करने लगी थी। अस्ताचलगामी सूर्य की अंतिम किरण वृक्षों की पत्तियों से विदाई ले रही थी। एक शांत वातावरण था। हम लोग धीरे-धीरे मोटर से हावडा की ओर आ रहे थे।

रह-रहकर छोटा जादूगर स्मरण होता था। सचमुच वह एक झोंपडी के पास कंबल कंधे पर डाले खडा था। मैंने मोटर रोककर उससे पूछा – तुम यहां कहां?

"मेरी मां यहीं है न। अब अस्पतालवालों ने निकाल दिया है"। मैं उतर गया। उस झोंपडी में देखा, तो एक स्त्री चिथडों से लदी हुई कांप रही थी।

छोटा जादूगर ने कंबल ऊपर से डालकर उसके शरीर से लिपटते हुए कहा – मां।

मेरी आंखों में आंसू निकल पडे।

* * *

बडे दिन की छुट्टी बीत चली थी। मुझे अपने आफिस में समय से पहुंचना था। कलकत्ता से मन ऊब गया था। फिर भी चलते-चलते एक बार उस उद्यान को देखने की इच्छा हुई। साथ-ही-साथ जादूगर भी दिखाई पड जाता, तो और भी... मैं उस दिन अकेले ही चल पडा। जल्द लौट आना था।

दस बज चुका था। मैंने देखा कि उस निर्मल धूप में सडक के किनारे एक कपडे पर छोटे जादूगर का रंगमंच सजा था। मोटर रोककर उतर पडा। वहां बिल्ली रूठ रही थी। भालू मनाने चला था। ब्याह की तैयारी थी। वह सब होते हुए भी जादूगर की वाणी में वह प्रसन्नता की तरी नहीं थी। जब वह औरों को हंसाने की चेष्टा कर रहा था, तब जैसे स्वयं कंप जाता था, मानों उसके रोए रो रहे थे। मैं आश्चर्य से देख रहा था। खेल हो जाने पर पैसा

बटोरकर उसने भीड में मुझे देखा। वह जैसे क्षण-भर के लिए स्फूर्त्तिमान् हो गया। मैंने उसकी पीठ थपथपाते हुए पूछा – आज तुम्हारा खेल जमा क्यों नहीं?

“मां ने कहा, कि तुम तुरंत चले आना। मेरी घडी समीप है” – <u>अविचल भाव से</u> उसने कहा।

“तब भी तुम खेल दिखलाने चले आये!” मैंने कुछ क्रोध से कहा। मनुष्य के सुख-दु:ख की माप अपना ही साधन तो है। उसी के अनुपात से वह तुलना करता है।

उसके मुंह पर वही तिरस्कार की रेखा फूट पडी।

उसने कहा – न क्यों आता!

और कुछ अधिक कहने में जैसे वह अपमान का अनुभव कर रहा था।

क्षण भर में मुझे अपनी भूल मालूम हो गयी। उसके झोले गाडी में फेंककर उसे भी बैठाते हुए मैंने कहा – “जल्दी चलो”। मोटरवाला मेरे बताये हुए पथ पर चल पडा।

कुछ ही मिनटों में मैं झोंपडे के पास पहुंचा। जादूगर दौडकर झोंपडे में मां-मां पुकारते हुए घुसा। मैं भी पीछे था, किंतु स्त्री के मुंह से “बे...” निकलकर रह गया। उसके दुर्बल हाथ उठकर गिर गये। जादूगर उससे लिपटा रो रहा था, मैं स्तब्ध था। उस उज्जवल धूप में समग्र संसार जैसे जादू-सा मेरे चारों ओर नृत्य करने लगा।

नये शब्द

अकस्मात् 1) неожиданно, внезапно; 2) беспри-чинно, случайно

अकेले 1) в одиночку; 2) только лишь

अध्ययनशील 1) старательный *(в учебе);* 2) обра-зованный

अनुपात *м* соотношение; пропорция

अपमान *м* 1) неуважение; презрение; 2) униже-ние; оскорбление

अभिनय *м* 1) спектакль; представление; 2) актер-ская игра; 3) притворство

अभिशप्त проклятый

अविचल непоколебимый, стойкий; нерушимый

अस्ताचलगामी заходящий *(о солнце)*

आंसू *м* слеза

ईर्ष्या *ж* 1) зависть; 2) ревность; 3) злоба

उछलना *нп* 1) прыгать; скакать; 2) подпрыги-вать; 3) радоваться

उज्जवल 1) блестящий, светлый; 2) чистый, ясный; 3) белый

ऊबना *нп* 1) беспокоиться, волноваться; 2) уста-вать, утомляться

ऋण *м* 1) заем, ссуда; 2) долг, задолженность

ओह *межд.* 1) ох! ой! 2) ого! о! 3) фу!

कंपना *нп* 1) дрожать, трястись; 2) колебаться, вибрировать

कंबल *м* одеяло

कमलिनी *ж* 1) лотос; 2) лотосовый пруд

कलनाद *м* шум

काना одноглазый, кривой

कार्निवल *м* 1) аттракционы; 2) передвижной цирк; 3) луна-парк

किनारे **1.** 1) вдоль, по краю; 2) на берегу; **2.** के ~ *посл.* 1) сбоку, с краю; 2) на берегу; के ~ ~ *посл.* 1) по самому краю; 2) вдоль самого берега

किरण *ж* 1) луч; 2) проблеск

कुंज *м* заросли; чаща

कुरता *м* рубашка; куртка

क्रुद्ध 1) гневный; яростный; 2) сердитый

खडीबोली *ж* “кхари боли” *(**1.** один из языков хинди, **2.** одно из названий литературного хинди)*

खादी *ж* “кхади” *(домотканная грубая материя)*

खिलौना *м* игрушка

गाना **1.** *п* петь; **2.** *м* 1) пение; 2) песня

गिराना *п* 1) валить; сбрасывать; ронять; 2) пони-жать, уменьшать; 3) сбивать

गुडिया *ж* кукла *(тряпичная)*

गुड्डा *м* кукла *(тряпичная)*

गेंद *м* мяч

घुडकना *п* 1) бранить, ругать; запугивать; 2) ры-чать; ворчать

घुसना *нп* 1) входить, проникать; пробираться; 2) вонзаться, погружаться

चतुर 1) быстрый, ловкий; 2) умный, хитроум-ный, хитрый; 3) искусный

चारखाना *м* клетчатая ткань

चाव *м* 1) желание; стремление; 2) радость, удовольствие

चिथडा *м* 1) тряпка; лоскут; 2) тряпье; ветошь

चिमटना *нп* 1) склеиваться, приклеиваться; 2) об-ниматься; прижиматься

चूडी *ж* 1) браслет; 2) обод; кольцо; 3) нарезка, резьба

छेदना *п* протыкать, прокалывать; делать отверстие

जगमगाना *нп* блестеть, сверкать

जल्द **1.** быстрый, скорый, поспешный; **2.** бы-стро, скоро, поспешно

जांघिया *м* 1) набедренная повязка; 2) короткие трусы

जादू *м* 1) колдовство, волшебство; 2) чары; очарование; 3) фокус

जादूगर *м* 1) колдун, волшебник; 2) фокусник

जुटना *нп* 1) присоединяться; 2) прижиматься; 3) собираться, скопляться; 4) включаться; заниматься, быть занятым

झूमना *нп* 1) колебаться, качаться; 2) раскачи-ваться

झूला *м* 1) качели; 2) гамак

झोंपडा *м* хижина, лачуга

झोला *м* 1) сумка; вещевой заплечный мешок; 2) чехол

डोरी *ж* 1) шнур, бечёвка; 2) веревка; 3) вере-вочная петля

तमाशा *м* зрелище; спектакль; представление *(тж. перен.)*

तरी *ж* 1) свежесть; 2) влажность; сырость; 3) прохлада

ताश *м* 1) игральные карты; 2) карточная игра

तिरस्कार *м* 1) упрек; замечание; 2) пренебреже-ние, неуважение; 3) оскорбление

तीर *м* 1) стрела; 2) указательная стрелка

थपथपाना *п* 1) похлопывать; 2) поглаживать

दंग удивленный, изумленный

दिखलाना *п* показывать

दीर्घ 1) длинный; 2) долгий, длительный

दुर्घटना *ж* 1) несчастный случай, несчастье; 2) катастрофа; происшествие

दुर्बल слабый; бессильный

देशभक्तिपूर्ण патриотический

नमस्कार **1.** *м* поклон; приветствие; **2.** *межд.* 1) здрав-ствуйте; 2)до свидания

नाचना *нп* танцевать; плясать

निकम्मा 1) никчемный, пустой; 2) бесполезный; никуда не годный

निशाना *м* цель; мишень

निशानेबाज *м* искусный стрелок, снайпер

निश्वास *м* выдох; вздох

पकौडी *ж* "пакори" *(пирожок с начинкой)*

पथ्य *м* 1) диетическая пища; 2) диета

परदा *м* 1) занавеска; ширма; 2) портьера, штора; 3) занавес; 4) экран; 5) покрывало; чадра; 6) "парда" *(обычай скрывать лицо от мужчин)*

पान *м* 1) лист бетеля; 2) "пан" *(разновидность жвачки с использованием листьев бетеля)*

प्यार *м* любовь; ласка

प्रगल्भता *ж* 1) мудрость; разумность; 2) талант; 3) остроумие; 4) раскованность; 5) наглость

प्रतिभासंपन्न одаренный, талантливый; гениаль-ный

प्रतिष्ठित 1) прославленный; 2) уважаемый, поч-тенный; авторитетный

फारसी **1.** персидский; **2.** *м* перс; **3.** *ж* персид-ский язык

फुहारा *м* 1) питьевой фонтанчик; 2) мелкий моросящий дождь

फूटना *нп* 1) разбиваться; ломаться; 2) лопа-ться, трескаться; 3) проступать, проявляться; 4) рас-пускаться *(о почках);* 5) взрываться

बंधना *нп* 1) быть связанным; 2) быть привя-занным, привязываться; 3) застревать, увязать *(тж. перен.)*

बनावटी 1) искусственный; 2) фальшивый; 3) при-творный

बहलना *нп* 1) отвлекаться, рассеиваться; 2) раз-влекаться, забавляться

बांह *ж* 1) рука *(от плеча до кисти);* 2) рукав

बाबू *м* 1) бабу, господин; 2) отец *(обращение)*

बिखरना *нп* 1) рассыпаться; 2) расстилаться; 3) рас-сеиваться

बिल्ली *ж* кошка

बैठाना *п* усаживать, сажать

बोटानिकल ботанический

ब्याह *м* брак; женитьба; замужество

ब्रज (भाषा) *ж* язык “брадж” *(один из языков хинди)*

मना запрещенный

मस्ताना пьяный *(тж. перен.)*

मानों (मानो) как бы, словно (как) будто

माप *ж* 1) измерение; 2) мера, мерка; 3) размер; величина

मिठास *ж* сладость

मौलिकता *ж* 1) оригинальность; самобытность; 2) подлинность

रंगमंच *м* сцена; арена

रूठना *нп* 1) быть раздраженным; сердиться; 2) обижаться

रूमाल *м/ж (носовой)* платок

रेखा *ж* вид; внешность, наружность; *зд.* выражение

रोआं (रोयां) *м* 1) волосок *(на теле);* 2) ворсинка; 3) пух *(с деревьев)*

लगन *ж* 1) склонность, привязанность; 2) усер-дие, прилежание

लट्टू *м* 1) волчок; юла *(тж. перен.);* 2) электро-лампочка

लता *ж* лиана; лоза; ползучее или вьющееся растение

लदना *нп* быть нагруженным, быть загруженным

लिखाना *п понуд.* 1) учить писать; 2) диктовать

लिपटना *нп* 1) прилипать, приклеиваться; 2) об-ниматься, прижиматься

लिवाना *п понуд.* 1) заставлять брать; 2) водить за собой; проводить

लोट-पोट 1) катающийся, перекатывающийся; 2) барахтающийся

वर *м* 1) жених; 2) муж новобрачной

वाचालता *ж* 1) умение говорить, красноречие; 2) болтливость

वाणी *ж* 1) речь; слово; 2) голос; 3) изречение; 4) язык

विषाद *м* 1) печаль, скорбь; 2) подавленность, угнетенность

व्यग्र 1) взволнованный, встревоженный; 2) ис-пуганный; 3) занятый

शरबत *м* 1) шербет, прохладительный напиток; 2) сироп

संध्या *ж* вечер; сумерки

संपूर्णता *ж* 1) полнота; 2) цельность, целост-ность; 3) совершенство

सजना *нп* 1) одеваться, наряжаться; 2) быть обо-рудованным, оснащенным

सर्वांगीण полный, всесторонний

सशक्त сильный; энергичный; *зд.* сочный, образный

सहमत согласный, единодушный

सांय-सांय *ж звукоподр.* свист *(ветра)*; шелест, шорох

सुरम्य очаровательный; красивый

स्तब्ध 1) остолбеневший, изумленный; 2) лишив-шийся чувств

स्फूर्त्तिमान् бодрый, энергичный

स्मरण *м* память, воспоминание

स्वार्थी 1) эгоистичный; 2) своекорыстный

स्वीकारसूचक утвердительный, положительный

हंसाना *п* смешить, заставлять смеяться

हिंडोला *м* 1) колыбель; люлька; 2) воздушные качели

हिलाना *п* 1) раскачивать, качать; покачивать; 2) кивать; махать

भौगोलिक नाम

वाराणसी — Варанаси *(одно из названий г. Бенареса)*

हावडा — Хавра *(один из рукавов р. Ганг)*

टिप्पणियां

१. **धन में लोटना** — купаться в деньгах, не знать счета деньгам.

२. **चल बसना** — умирать.

३. **मुंह पर रेखा होना** (**फूटना**) — появляться *(о выражении на лице)*.

४. **निशाना लगाना** (**मारना**) — *попадать в цель; метиться в цель.* В неопределенно-личных предло-жениях субъектное подлежащее, представленное словами *они* или *люди* (वे या लोग), как правило, опускается**:** *खिलौनों पर निशाना लगाते हैं। तीर से नंबर छेदते हैं।*

५. **तीर से नंबर छेदना** — попадать стрелой в (цифровую) мишень.

६. **ताश का खेल** — *зд.* карточный фокус.

७. **परदे में** — *зд.* за занавесом.

८. **मन ही मन, मन में** — в душе; про себя.

९. Вежливо-будущая форма повелительного наклонения на इयेगा может использоваться для выражения чисто будущего времени с оттенком вежливости и соотносится поэтому с личным местоимением आप.

१०. **सिर हिलाना** — кивать головой, качать головой.

११. **पथ्य देना** — давать хорошую (диетичес-кую) еду.

१२. **दवा करना** — заниматься лечением, лечить; давать лекарства.

१३. **पेट भरना** — наедаться, набивать живот; зарабатывать на жизнь.

१४. **दीर्घ निश्वास लेना** — тяжело вздыхать; делать глубокий вздох.

१५. **खाली जाना** — уходить ни с чем; мазать, не попадать в цель.

१६. В хинди показатель множественности счетных существительных может опускаться, что особенно проявляется тогда, когда упор делается на совокупность предметов или явлений: *उसने बारह खिलौने को बटोर लिया।, दो-चार दिन में, तीन महीने में पूरा करना*.

१७. При замыкающем фразу вопросительном слове в риторическом вопросе презентная связка может опускаться и несовершенное причастие приобретает оттенок неопределенности или неуверенности: *लेकिन उठाता कैसे? — Но как он унесет?*

१८. **नौ-दो-ग्यारह होना** — исчезать; वह नौ दो ग्यारह हो गया — Его и след простыл.

१९. **आंख** (**आंखें**) **बदलना** — меняться *(ухудшаться, об отношении)*.

२०. **पान की दुकान** — лавка бетельщика.

२१. **पान खाना** — жевать бетель.

२२. **आधी बांहों का कुरता** — рубашка с коротким рукавом.

२३. **मस्तानी चाल से झूमता हुआ आना** — подходить нетвердой походкой.

२४. **अच्छा आना** — приходить вовремя.

२५. **मन तो बहले** — душа хоть немного развеится (порадуется).

२६. **हंसते-हंसते लोट-पोट होना** — покатывать-ся со смеху.

२७. **अपने से, अपने आप** (**से**) — сам собой, сам по себе.

२८. **भरपेट** — досыта, вдоволь.

२९. **रह-रहकर** — время от времени; несколько раз.

३०. **स्मरण होना** — вспоминаться **[принадлежит к аналитическим глаголам и сочетается с пред-шествующим именем без помощи послелога:** *छोटा जादूगर स्मरण होता था।* — вспоминался маленький фокусник (*букв.* фокусник воспоминание бывало)**]**.

३१. **तुम यहां कहां**? — *зд.* откуда ты здесь?

३२. **अस्पतालवाले** — *зд.* больничное начальство.

३३. **बडा दिन** — Рождество.

३४. Глагол-модификатор **चलना** принимает участие в образовании интенсивного, начинательно-результативного аспекта, где привносит двоякий оттенок: оттенок интенсивного начала действия (главным образом, с глаголами движения): पानी बह चला — *Вода потекла* и оттенок результативности и полного развития действия (с глаголами других семантических групп): कपडे भी फट चले थे — *Одежда тоже порвалась.*

३५. **कलकत्ता से मन ऊब गया** — Я устал от Калькутты (*букв.* От Калькутты душа устала).

३६. **चलते-चलते** — *зд.* перед отъездом (*букв.* уезжая-уезжая).

३७. ... **मानो उसके रोएं रो रहे थे** — ... как будто плакала каждая клеточка его тела.

३८. **आज तुम्हारा खेल जमा क्यों नहीं**? — Почему сегодня не получается с представлением?

३९. **अविचल भाव से** — *зд.* невозмутимо, внешне равнодушно.

व्याकरण के अभ्यास

१. निम्नलिखित वाक्यों में "अगर ... तो" का प्रयोग करते हुए रूपांतरण कीजिये।

उदाहरण: मुझे समय नहीं मिला, इसलिए मैंने पत्र नहीं लिखा– अगर मुझे समय मिलता, तो मैं पत्र लिख लेता।

१)मुझे आज अस्पताल जाना पडा, इसलिए यहां आने में देर हो गयी। २)बच्चों के पास पैसे नहीं थे, इसलिए उन्होंने मिठाई नहीं खायी। ३)हमें सिनेमा के टिकट नहीं मिले, इसलिए हम सिनेमा देखने नहीं गये। ४)उसकी परीक्षा खत्म नहीं हुई होगी, इसलिए उसने आपकी किताबें नहीं लौटायी होंगी। ५)मोहन ने कोट नहीं खरीदा, क्योंकि उसके पास पैसे नहीं थे। ६)बच्चे कल दिन भर खेलते रहे, क्योंकि कल उनके स्कूल में छुट्टी थी। ७)मैं आपको रुपये नहीं दूंगा, क्योंकि इस समय मेरे पास रुपये नहीं हैं। ८)मैं आपके घर नहीं आ सकता, क्योंकि मेरा लडका बीमार है। ९)मुझे आज घर जल्दी जाना

है, नहीं तो मैं आपके साथ बाजार जरूर चलता। १०)उनको रुपयों की बहुत जरूरत थी, नहीं तो वह अपना मकान कभी न बेचता।

२. निम्नलिखित वाक्यों में "ने" जोडते हुए वाक्यों को बदलिये।

उदाहरण: अगर वह मुझे पैसे देते, तो मैं उनका काम कर देता – अगर उन्होंने मुझे पैसे दिये होते, तो मैं उसका काम कर देता।

१)अगर आप उन्हें पत्र लिखते, तो वे आपके ठहरने का प्रबंध कर देते। २)अगर शीला गाना गाती, तो उसे जरूर पुरस्कार मिलता। ३)अगर गोपाल जी थोडी कोशिश करते, तो आपको नौकरी मिल जाती। ४)अगर वे लोग सारा तमाशा देखते, तो वे ऐसा न कहते। ५)तुम एक बार कह देते, तो मेरा काम बन जाता। ६)वह कमीज ले लेता, तो अब न रोता। ७)आप लोग ठीक से काम करते, तो आपको तरक्की मिल गयी होती। ८)आप चिट्ठियों को स्वयं देख लेते, तो इतनी भूलें न रहतीं। ९)मैं पैसा न देता, तो वह सामान न लाता। १०)आप बच्चों को यहां बुला लेते, तो आपको आराम रहता।

पाठ के अभ्यास

१. पाठ का अनुवाद कीजिये।

२. निम्नलिखित शब्दबंधों का अनुवाद कीजिये।

प्रतिष्ठित विद्वान, अपनी कृतियों के कारण प्रतिष्ठित होना, बच्चों से प्यार करना, प्यार से बालक का पालन-पोषण करना, अध्ययनशील छात्रों को पुरस्कार देना, चाव एवं लगन से पढना, अध्ययन में अपना समय देना, बाल-अवस्था (बालावस्था) में बेटी की मृत्यु, ऋण के भार से दबा हुआ होना, दुर्घटना रोकना, अभिशप्त पीढी, प्रतिष्ठित परिवार की लडकी से ब्याह करना, सवांगीण प्रगति, विचार की मौलिकता, महान् देशभक्तिपूर्ण युद्ध, मानव की भाव-दशा, सशक्त भाषा, प्रतिभासंपन्न लेखक, प्रकृति-वर्णन,

ऐतिहासकि कथा, विनोद का कलनाद, नदी का कलनाद, तीर से छाती छेदना, चूडियां तोडना, निकम्मा जादूगर, खिलौनों पर निशाना लगाना, अपने मन में सोचना, परदा उठाना, परदे की प्रथा, परदे की आड में, मन ही मन कहना, प्रस्ताव से सहमत होना, स्वीकारसूचक सिर हिलाना, फलों का शरबत, राह में पूछना, शत्रु से तिरस्कार करना, पथ्य से रहना, खेल-तमाशा देखना, मां की दवा करना, पकौडी से पेट भरना, निकम्मा आदमी, ताश के पत्ते, ताश का खेल दिखाना, दीर्घ काल के दौरान में, बिबजली के लट्टू, व्यग्र मन, हवाई जहाज को गिराना, गेंद से खिलौनों को गिराना, पक्का निशानेबाज, ऊपर का हिंडोला, झूले से गिरना, दंग रहना, लाल कमलिनियों वाली झील, सुरम्य वातावरण, जादूगर का अभिनय, नाटक में मुख्य पात्र का अभिनय करना, अभिनय आरंभ करना, चतुर बालक, भरपेट खाना, पडोसी से ईर्ष्या करना, बनावटी फूल, झोले में खिलौने रखना, खादी का कपडा, खादी उद्योग, रूमाल सूत की रस्सी से बांधना, रूमाल से नाक साफ करना, वाणी की मिठास, गुडियों में खेलना, सूत की डोरी, प्रसन्नता से उछलना, नीचे कूदना – ऊपर उछलना, अविचल खडा होना, नीच जातियों का अपमान करना, सही अनुपात से बांटना, अनुपात स्थापित करना, अस्ताचलगामी सूर्य की किरण, उज्जवल भविष्य के सपने देखना, अंतर्राष्ट्रीय रंगमंच, बालक की पीठ थपथपाना, स्फूर्तिमान् जादूगर, जादू दिखलाना, मां से चिपटना, वर ढूंढना, झील के किनारे-किनारे जगमगाती बिजली के लट्टू, चिथडों से लदे लेटना, नाचते समय झूमना, अपनी माप से नापना, विनोद का चाव, विचार की संपूर्णता, स्तब्ध रह जाना, स्वार्थी महाजन, दर्शकों को हंसाना, काने वर का बनावटी ब्याह, सजे हुए रंगमंच पर तमाशा दिखाना, बांह काटना, मस्तानी चाल से चलना, रूठी हुई बिल्ली को मनाना, ऊनी कंबल, संध्या की तरी।

३. निम्नलिखित शब्दबंधों का अनुवाद कीजिये।

быть потомком прославленного рода, с большой любовью воспитывать детей, старательный в учебе студент, ликвидировать долговое бремя, предоставлять заем, катастрофа на железной

дороге, всесторонний талант, дать живое описание природы, гордиться оригинальностью идей, играть в карты, пронзить стрелой, думать про себя, чувство презрения, устраивать представление, наедаться до отвала, кивнуть головой в знак согласия, проводить в театр без билета, попадать в цель, зимний вечер, завя-зывать в носовой платок, шум веселья, рваная рубаха, глубокая печаль, совершенство форм, презрительный смех, играть на сцене, завидовать успеху других людей, ботанический сад, танцевать на сцене, унижать человека, прижиматься к матери, опускать занавес, фальшивый смех, рассаживать гостей, дрожать от страха, отмечать рождество, покатываться со смеху, талантливый ученый, прославленная организа-ция, хитрый человек, стеклянный браслет, жестокий хозяин, домотканная рубашка, смешить публику

४. निम्नलिखित शब्दों के हिंदी समानार्थी दीजिये।

свадьба (3), сам (2), развлечение (2), печаль (2), гордость (3), вдруг (3), сладость (2), искусственный, быстро (2), слабый (2), весь, целый (3), близкий (3), размер, мера (2), недостаток, нехватка (2), зависть (2), лотос (2), кукла (2), приклеиваться (2), танцевать (2), известный (2), как будто (2), взволнованный, встревоженный (2), сильный (3), красивый (2), нить, нитка (2), чистый (2), рукав (2), оскорбление (2), представление, спектакль (2), блестеть, сверкать (2), дрожать, трястись (2), гневный, яростный (2), запрещенный (2), хижина, лачуга (2), пение (3), здравствуйте (3)

५. अनुवाद कीजिये।

क. १)वह अध्ययनशील लडका था और सदैव अच्छे नंबर पाता था। २)अब तक ऐसे किसान हैं जो महाजनों के ऋण के भार से दबे हैं। ३)बीस साल की वयसमें उसने ब्याह किया। ४)इस लेखक की कृतियों की सब से बडी विशेषता है विचारों की मौलिकता। ५)यह लेखक अपनी सशक्त भाषा के लिए प्रतिष्ठित है। ६)सारा देश इस देशभक्तिपूर्ण कविता को जानता है। ७)इस काल के लेखकों की पीढी अभिशप्त बनायी गयी थी। ८)जो भी लेखक धन में लोटता है वह आम तौर पर अच्छा नहीं लिखता। ९)इस उपन्यास में प्रकृति-वर्णन के सुंदर चित्र बिखरे पडे हैं। १०)वह अपनी भाषा का प्रतिभासंपन्न एवं मौलिक लेखक है।

ख. १)जगमगाती सडकों पर हंसी और विनोद का कलनाद गूंज रहा था क्योंकि नगर में कार्निवल हो रहा था। लोग नाचते तथा गाते थे, फुहारों से पानी और दुकानों से शरबत पीते थे, खेलों के मैदान में तरह-तरह के तमाशे दिखाये जाते थे, लोग खिलौनों पर निशाना लगाते थे, तीर से नंबर छेदते थे और चूडियां फेंकते थे। गुडियोंके ब्याह का तमाशा हो रहा था। गुड्डा वर भेंट देता, गुड्डे अतिथि स्वीकारसूचक सिर हिलाते थे। दर्शक लोग खुशी के मारे वाह-वाह करते थे और कभी-कभी जादूगर की वाचालता से हंसते-हंसते लोट-पोट हो जाते थे। पान की दुकान में बेफिक्रों की भीड जमी थी जो चाव से पान खाते थे। झूले के हिंडोलों से विनाद का कलनाद यहां तक आ पहुंचता था। लगता था मानो सारा शहर स्फूर्त्तिमान् होकर सोता नहीं था। २)जादूगर के मुंह पर विषाद की रेखाएं थीं। ३)जादूगर ताश के पत्ते बांटने लगा। ४)एलीफेंटा की गुफाओं में मूर्त्तियों की संपूर्णता इस बात की सूचक है कि प्राचीन काल में भी कारीगरी बहुत विकसित थी। ५)यहां तंबाकू पीना मना है। मां ने उसे वहां जाने से मना किया। ६)क्रुद्ध होकर उसने तिरस्कार की नजर से मेरी तरफ देखा। ७)बंदरों का अभिनय देखकर हम हंसी के मारे लोट-पोट हो गये। ८)यह खबर सुनने पर उसके मुंह से हंसी फूट पडी। ९)सूत और खादी के कपडे के उत्पादन में भारत विश्व में एक ऊंची जगह अपना देता है। १०)अच्छा दोस्त, इस चीज को लिवा ले चलो। ११)रोगी को पथ्य खाने की सलाह दी गयी थी। १२)जादूगर की हाथ की कारीगरी देखकर दर्शक लोग दंग रह गये। १३)दीर्घ काल से श्रीमती की चिट्ठी न पाकर मेरा मन व्यग्र हो उठा। १४)डाक्टर कहते हैं कि बराबर पान खाना खतरनाक है। १५)जादूगर ने जमीन पर बिखरी हुई चीजों को बटोर लिया। १६)उसका सिर रूमाल से बंधा था। १७)कार्निवल के मैदान में एक खेल होता है जिसमें दर्शक गेंद से खिलौने गिराते हैं। गिरे हुए खिलौने उनको पुरस्कार के रूप में दिये जाते हैं। १८)मंदिरों के समीप कमलिनी से भरी झील अवश्य होती है। १९)झोले का मुंह डोरी से बंधा होता है। २०)जांघिया भारत की देशी पोशाक है। २१)आधी बांहों का कुरता भारत का एक मरदाना वस्त्र है। २२)शहर में रहते-रहते उसका मन ऊब गया। २३)भारत में जादूगरों का काम

है खेल दिखाते-दिखाते दर्शकों का हंसाना। २४)अस्ताचलगामी सूर्य की अंतिम किरणें वृक्षों की चोटियों से बिदाई ले रही थीं। २५)ईर्ष्या करना एक प्रकार का पाप है। २६)अंतर्राष्ट्रीय रंगमंच पर अनेक महत्वपूर्ण घटनाएं हुआ करती हैं। २७)उसका ड्राइंग रूम फूलों से सजा था। २८)जिंदगी ने बहुत जल्द उसे चतुर बना लिया। २९)शरीर के ऊपर कंबल डालकर वह मीठे सपने देख रहा था। ३०)स्वार्थी मानव सदा ही अपने बारे में सोचा करता है। ३१)वह अपनी ही माप के अनुपात से दूसरों को नापता है। ३२)दुर्घटना का समाचार सुनकर वह स्तब्ध हो गया। ३३)उज्जवल धूप में निर्मल बर्फ खूब चमकती थी।

५. अनुवाद कीजिये।

I. 1) В луна-парке слышались смех и шутки. Казалось, повсюду разлилось счастье. Люди пели и танцевали. Из лодочек-качель звучали веселые голоса. Карнавальные шуты смешили народ. Фокусники показывали карточные фокусы. 2) В Индии всем нравится шербет со льдом. 3) Он кивнул головой в знак согласия. 4) Здесь запрещена парковка автомобилей. 5) Он поразил мишень стрелой. 6) Ил-люзионист показал очень хорошее представление. Он проделал несколько фокусов с картами, а затем соединил разре-занную на куски веревку. 7) На лице мальчика появилась презрительная улыбка. 8) В театре занавес то поднимается, то опускается. У нас на окнах очень красивые занавески. 9) Во многих мусульманских странах существует обычай “парды”, согласно которому женщины скрывают свое лицо от взглядов мужчин. 10) Всех зрителей поражает совер-шенство скульптур индийских храмов. 11) Молча попрощавшись с нами, он быстро удалился. 12) Нет совершенно бесполезных вещей. Из каждой можно извлечь какую-нибудь выгоду. 13) Увидев сердитое лицо хозяина, мальчик-слуга сделал длинный вздох. 14) Ему рекомендовали соблюдать диету. 15) Многие мужчины Южной Индии носят набедренные повязки и рубашки с короткими рукавами. 16) В некоторых странах мужчины носят клетчатые юбки. 17) Махатма Ганди пропагандировал домотканную одежду. 18) Лотос считается национальным цветком Индии. 19) Мы были поражены, услышав об этой катастрофе. 20) Эта новость встревожила нас всех.

21) Мальчик купил сладости и завернул их в носовой платок. 22) Индийцы очень любят жевать бетель, хотя врачи считают, что это вызывает рак горла. 23) В воздуш-ном бою было сбито два самолета. 24) Все дети любят сладости. 25) Рассердившись, служанка начала браниться. 26) В ботаническом саду был сооружен искусственный водоем. 27) В этом искусственом лесу особенно поражают пруды с плавающими лотосами и деревья, обвитые лианами. 28) Слушая этого шутника, все покатывались со смеху. 29) Чтобы развлечься, люди приходят смотреть различные представления фокусников. 30) На берегу моря особенно хорошо любоваться видом заходящего солнца. 31) Увидев родителей, ребенок оживился. 32) Все мы мечта-ем о светлом будущем. 33) Шуты и фокусники обычно обладают хорошим красноречием.

II. В мире найдется немного людей, которые не слышали бы о писателе Михаиле Шолохове (मिखाइल शोलोखोव), не читали бы его произведений. Прежде чем стать одним из самых известных русских писателей, Шолохов был простым рабочим. Но он обладал большим талантом и очень тянулся к знаниям.

В 1925 г. вышел небольшой сборник рассказов двадцатилетнего автора. Уже тогда многие поняли, что молодой писатель может стать замечательным художником. И действительно, через два года имя Шолохова стало известным всей стране: появились два тома романа “Тихий Дон” (धीरे बहे दोन रे). Третья часть вышла в 1932 г., а последняя, четвертая, была закончена в 1940 г. В романе Шолохов с огромной силой писательского таланта рассказал о Гражданской войне в России, которая принесла народу столько страданий.

За большой вклад в развитие мировой литературы Шолохову в 1965 году была присуждена Международная нобелевская (नोबेल) премия.

६. निम्नलिखित मुहावरों का प्रयोग करके वाक्य बनाइये।

धन में लोटना, चल बसना, निशाना लगाना, मन ही मन, सिर हिलाना, पेट भरना, खाली जाना, नो दो ग्यारह होना, आंख बदलना, पान खाना, दीर्घ निश्वास लेना, मस्तानी चाल से चलना, मन बहलना, हंसते-हंसते लोट-पोट हो जाना, भरपेट खाना, रह-रहकर, बडा

दिन, चलते-चलते, रोयां रोना, खेल जमा होना, अविचल भाव से, अच्छा आना, मन ऊबना।

७. निम्नलिखित वाक्यों को पूरा कीजिये।

१)हंसी और विनोद का ...। २)उसके मुंहपर गंभीर विषाद के साथ ...। ३)कलकत्ता के सुरम्य बोटानिकल उद्यान में ...। ४)जब कुछ लोग तमाशा देखते ही हैं तो ...। ५)कुछ पैसे ले जाऊंगा, तो ...। ६) मैंने मन ही मन कहा ...। ७)मैं चुप हो गया, क्योंकि श्रीमती ...। ८)मैंने देखा कि उस निर्मल धूप में ...। ९)जब वह औरों को हंसाने की चेष्टा कर रहा था, तब ...। १०)मैंने उसकी पीठ थपथपाते हुए पूछा ...। ११)उस उज्जवल धूप में समग्र संसार ...।

८. खाली जगहों में आवश्यक शब्द लिखकर रूसी में अनुवाद कीजिये।

१)उसके गले में फटे कुरते के ऊपर से एक मोटी-सी ... की रस्सी पडी थी। २)उसके मुंह पर गंभीर ... के साथ धैर्य की रेखा थी। ३)उसके अभाव में भी ... थी। ४)तीर से नंबर ... हैं। ५)उसकी ... में कहीं रुकावट न थी। ६)उसके मुंह पर ... की ... फूट पडी। ७)मैंने ... निश्वास लिया। ८)हम दोनों उस जगह पर पहुंचे, जहां खिलौने को ... से गिराया जाता था। ९)वह निकला पक्का ...। १०)उसने बारह खिलौने को ... लिया। ११)अकस्मात् किसी ने ऊपर के ... से पुकारा – बाबू जी। १२)हाथ में ... की खादी का ... था। १३)वह मस्तानी चाल से ... हुआ आकर कहने लगा। १४)मैं चुप हो गया, क्योंकि श्रीमती की वाणी में मां की-सी ... थी। १५)गुड्डा वर ... निकला। १६)उसके एक रुपये पाने पर मैं ... करने लगा था। १७)उस छोटे से बनावटी जंगल में संध्या ...-... करने लगी थी। १८)उस झोंपडी में देखा, तो एक स्त्री ... से लदी हुई कांप रही थी। १९)छोटे जादूगर ने कंबल ऊपर से डालकर उसके शरीर से ... हुए कहा – मां। २०)कलकत्ता से मन ... गया था। २१)मैंने देखा कि उस ... धूप में सडक के किनारे एक ...कपडे पर छोटे जादूगर का रंगमंच ... था। २२)यह सब होते हुए भी जादूगर की

... में प्रसन्नता नहीं थी। २३)जब वह औरों को हंसाने की चेष्टा कर रहा था, तब जैसे स्वयं ... जाता था। मानो उसके ... रो रहे थे। २४)वह जैसे क्षण-भर के लिए ... हो गया। २५)रह-रहकर छोटा जादूगर ... होता था। २६)मनुष्य के सुख-दु:ख की ... अपना ही साधन तो है। २७)जादूगर उससे लिपटा रो रहा था, मैं ... था। २८)उसी के ... से वह तुलना करता है। २९)उस उज्जवल धूप में समग्र संसार जैसे ... सा मेरे चारों ओर नृत्य करने लगा। ३०)और कुछ अधिक कहने में जैसे वह ... का अनुभव कर रहा था।

९. निम्नलिखित सवालों का हिंदी में अनुवाद करके इनके जवाब दीजिये।

1) Когда и где родился Джайшанкар Прасад? 2) В какой семье он родился? 3) Какое он получил образование? 4) Каким человеком был Прасад? 5) Каким было положение семьи Прасада после смерти его отца? 6) Сколько раз Прасад вступал в брак? 7) Где прошла большая часть жизни Прасада? 8) Когда умер Джайшанкар Прасад? 9) Когда был опубликован первый сборник рассказов Прасада? 10) На каких языках писал Прасад? 11) Какие по жанру произведения создавал Прасад? 12) В чем состояла особенность произведений Прасада? 13) Где произошла первая встреча писателя с маленьким фокусником? 14) Как выглядел мальчик? 15) Почему писателя потянуло к мальчику? 16) Что увидел мальчик на карнавальной площади? 17) Что сказал мальчик о фокуснике? 18) Какое предложение сделал писатель мальчику? 19) Что случилось с отцом мальчика? 20) С какой целью мальчик вышел из дома? 21) Каким стрелком оказался мальчик? 22) Что он сделал с куклами, которых он сбил мячом? 23) Где произошла вторая встреча писателя и маленького фокусника? 24) Как тогда выглядел мальчик? 25) Какое представление показал мальчик? 26) Какой была реакция зрителей? 27) Что хотел сделать мальчик с заработанной рупией? 28) Где произошла третья встреча писателя с мальчиком? 29) Где и когда писатель и мальчик встретились в четвертый раз? 30) Почему тогда у мальчика не получилось представ-ление? 31) Что случилось в лачуге мальчика? 32) Что тогда почувствовал писатель? 33) Что Вам больше всего понравилось в рассказе? 34) Встречали ли Вы подобных детей у

нас? 35) Как они зарабатывают деньги на жизнь? 36) Каково Ваше отношение к таким детям?

१०. शब्दकोश की सहायता से कहानी समझकर इसे रूसी और हिंदी में सुनाइये।

नन्हकूसिंह बी बहादुरी

१६ अगस्ट, सन् १७८१ को काशी डांवाडोल हो रही थी। शिवालय घाट में राना चेतासिंह लेफ्टिनेंट इस्टाकर के पहरे में थे। नगर में आतंक था। दुकानें बंद थीं। घरों में बच्चेअपनी मां से पूछते थे – "मां, आज हलुएवाला नहीं आया"। व्ह कहती – "चुप बेटे!" सडकें सूनी थीं। तिलंगों की कंपनी के आगे-आगे कुबरा मौलवी कभी-कभी आता-जाता दिखाइ़ पडता था। उस समय खुली हुई खिडकियां भी बंद हो जाती थीं। भय और सन्नाटे का राज्य था। चौक में चिथरूसिंह की हवेली अपने भीतर काशी की वीरता को बंद किये कोतवाली का अभिनयकर रही थी। इसी समय किसी ने पुकारा – "हिम्मतसिंह!"

खिडकी में से सिर निकालकर हिम्मतसिंह ने पूछा – "कौन है?"

"बाबू नन्हकूसिंह!"

"अच्छा, तुम अब तक बाहर ही रहे?"

"पागल! राजा कैद हो गये हैं। छोड दो इन बहादुरों को! हम एक बार इनको लेकर शिवालय घाट पर जायं"।

"ठहरो" – कहकर हिम्मतसिंह ने कुछ आज्ञा दी। सिपाही बाहर निकले। नन्हकू की तलवार चमक उठी। सिपाही भीतर भागे। नन्हकू ने कहा – "नमकहरामो! चूडियां पहन लो"। लोगों के देखते-देखते नन्हकू चला गया। कोतवाली के सामने फिर सन्नाटा हो गया।

नन्हकू उन्मत्त था। उसके थोडे से साथी उसकी आज्ञा पर जान देने के लिए तुले हुए थे। वह नहीं जानता था कि राजा चेतसिंह का क्या राजनीतिक अपराध है? उसने कुछ सोचकर अपने थोडे से साथियों को फाटक पर गडबड मचाने के लिए भेज दिया। इधर अपनी डोंगी लेकर शिवालय की खिडकी के नीचे धारा काटता हुआ पहुंचा। किसी तरह निकले हुए पत्थर में रस्सी अटकाकर उस चंचल

डोंगी को उसने स्थिर किया और बंदर की तरह उछलके खिडकी के भीतर हो रहा। उस समय वहां राजामाता पन्ना और युवक राजा चेतसिंह से बाबू मनियार सिंह कह रहे थे – "आपके यहां रहने से, हम क्या करें, यह समझ में नहीं आता? पूजा-पाठ समाप्त करके आप रामनगर चली गयी होतीं, तो यह..."

तेजस्विनी पन्ना ने कहा – "अब मैं रामनगर कैसे चली जाऊं?"

मनियारसिंह दु:खी होकर बोले – "कैसे बताऊं? मेरे सिपाही तो बंदी हैं?"

इतने में फाटक पर कोलाहल मचा। राज-परिवार अपनी मंत्रणा में ऐसा डूबा था कि नन्हकूसिंह का आना उन्हें मालूम न हुआ। सामने का द्वार बंद था। नन्हकूसिंह ने एक बार गंगा की भार की ओर देखा – उसमें एक नाव घाट पर लगने के लिए लहरों से लड रही थी। वह प्रसन्न हो उठा। इसकी प्रतिक्षा में वह रुका था। उसने जैसे सबको सचेत करते हुए कहा – "महारानी कहां हैं?"

सबने घूरकर देखा – एक अपरिचित वीरमूर्त्ति। शस्त्रों से लदा हुआ देव!

चेतनसिंह ने पूछा – "तुम कौन हो?"

"राज-परिवार का एक बिना दाम का सेवक!"

पन्ना के मुंह से हलकी-सी एक सांस निकलकर रह गयी। उसने पहचान लिया। इतने वर्षों के बाद! वही नन्हकूसिंह।

मनियारसिंह ने पूछा – "तुम क्या कर सकते हो?"

"मैं मर सकता हूं। पहले महारानी को डोंगी पर बिठाइये। नीचे डोंगी पर अच्छे मल्लाह हैं। फिर बात कीजिये"। – मनियारसिंह ने देखा, जनानी ड्योढी का दरोगा राजा की एक डोंगी पर चार मल्लाहों के साथ खिडकी से नाव सटाकर प्रतीक्षा में है। उन्होंने पन्ना से कहा – "चलिये, मैं साथ चलता हूं"।

"और..." – चेतनसिंह को देखकर, पुत्र-वत्सला ने संकेत से एक प्रश्न किया। उसका उत्तर किसी के पास नहीं था। मनियारसिंह ने कहा – "तब मैं यहीं?" नन्हकूसिंह हंसकर कहा – "मेरे मालिक, आप नाव पर बैठें। जब तक राजा भी नाव पर न बैठ जायेंगे, तब तक सत्रह गोली खाकर भी नन्हकूसिंह जीवित रहने की प्रतिज्ञा करता है"।

पन्ना ने नन्हकू को देखा। एक क्षण के लिए चारों आंखें मिलीं, जिनमें जन्म-जन्म का विश्वास ज्योति की तरह जल रहा था। फाटक बलपूर्वक खोला जा रहा था। नन्हकू ने उन्मत्त होकर कहा – "मालिक! जल्दी कीजिये।"।

दूसरे क्षण पन्ना डोंगी पर थी और नन्कहूसिंह फाटक पर इस्टाकर के साथ। चेतराम ने आकर एक चिट्ठी मनियारसिंह के हाथ में दी। लेफि्टनेंट ने कहा – "आपके आदमी गडबड मचा रहे हैं। अब मैं अपने सिपाहियों को गोली चलाने रे नहीं रोक सकता"।

"मेरे सिपाही यहां कहां हैं साहब?" – मनियारसिंह ने हंसकर कहा। बाहर कोलाहल बढने लगा था।

चेतराम ने कहा – "पहले चेतसिंह को कैद कीजिये"।

"कौन ऐसा हिम्मत करता है?" – कडककर कहते हुए बाबू मनियारसिंह ने तलवार खींच ली। अभी बात पूरी न हो सकी कि कुबरा मौलवी वहां पहुंचे। यहां मौलवी साहब की कलम नहीं चल सकती थी, और न ये बाहर ही जा सकते थे। उन्होंने कहा – "देखते क्या हो चेतराम!"

चेतराम ने राजा के ऊपर हाथ रखा ही था कि नन्हकू के सधे हुए हाथ ने उसकी भुजा उडा दी। इस्टाकर आगे बढा, मौलवी साहब चिल्लाने लगे। नन्हकूसिंह ने देखते-देखते इस्टाकर और उसके कई साथियों को धराशायी किया। फिर मौलवी साहब कैसे बचते?

नन्हकूसिंह ने कहा – "क्यों, उस दिन के झापड से तुमको समझाया नहीं। ले पाजी!!" कहकर ऐसा साफ जनेवा मारा कि कुबरा ढेर हो गया। कुछ ही क्षणों में यह भीषण घटना हो गयी, जिसके लिए अभी कोई प्रस्तुत न था।

नन्हकूसिंह ने ललकार कर चेतसिंह से कहा – "आप देखते क्या हैं? उतरिये डोंगी पर!" उसके घावों से रक्त के फुहारे फूट रहे थे। उधर फाटक से तिलंगी भीतर आने लगे थे। चेतसिंह ने खिडकी से उतरते हुए देखा कि बीसों तिलंगों की संगीनों में वह अविचल खडा होकर तलवार चला रहा है। नन्हकू के चट्टान सदृश शरीर से गैरिक की तरह रक्त की धारा बह रही है। गुंडे का एक-एक अंग कटकर वहीं गिरने लगे। वह काशी का गुंडा था।

(जयशंकर प्रसाद की "गुंडा" नामक कहानी का एक अंश)

११. शब्दकोश की सहायता से अनुवाद करके कहानी को अपने शब्दों में सुनाइये।

Вопросы и ответы

Гаврик сидел на берегу, когда к нему подошел незнакомый человек и начал задавать вопросы.

— У тебя есть отец и мать?

— Нет.

— А с кем ты живешь?

— С дедушкой.

— Кто твой дедушка?

— Старик.

— Я понимаю, что он не молодой. Что он делает?

— Рыбу ловит.

— Значит, он рыбак?

— Рыбак.

— А ты что делаешь? Тоже рыбу ловишь?

— Я ему помогаю.

— Значит, вы вместе рыбу ловите?

— Да.

— А как вы ее ловите?

— Вечером ставим сеть, а утром вынимаем рыбу.

— Значит, вы выходите в море каждый день?

— Каждый.

— Утром и вечером?

— Нет.

— Почему ты говоришь “нет”? Вы выходите в море два раза в день?

— Нет.

— А когда? Утром?

— И вечером.

— Значит, вы выходите в море два раза в день? Ты почему правильно не отвечаешь на мои вопросы? Ты меня не понимаешь?

— Я еще маленький, — ответил Гаврик, а сам подумал, что этот человек не случайно пришел сюда и спрашивает обо всем.

— А как тебя зовут?

— Гаврик.

Человек подумал, что Гаврик и в самом деле очень маленький, и, чтобы подружиться с ним, а потом уже расспросить обо всем, сказал:

— Хочешь, я угощу тебя сладкой водой?

— Хочу! — ответил Гаврик.

Гаврик пил воду, а сам думал, как отвечать, если этот человек будет расспрашивать его о матросе Жукове.

— Скажи мне, — сказал человек, — вы вчера плавали за рыбой?

— Плавали.

— А пароход ты видел?

— Видел.

— А с парохода никто не прыгал?

Гаврик испугался, но не показал этого, а громко закричал:

— Прыгал! Прыгал! Я видел! Прыгнул и поплыл, а потом его взяли к себе люди из большой синей лодки!

— Какой лодки? У нее было название?

— Такая большая лодка, и называлась она “Соня”.

— “Соня”?

— Нет, по-моему, “Вера” или “Надя”.

— А ты меня не обманываешь? — строго спро-сил человек, не не стал ждать ответа, а быстро пошел к городу.

(Валентин Катаев, “Белеет парус одинокий”; отрывок)

१२. क्रिया के रूपों को समझते-समझाते हुए बातचीत को अपने शब्दों में सुनाइये।

सीता: तो आपने तय कर लिया है कि आप मेरे साथ नहीं चलेंगे?

नरेश: हां! क्यों जाऊं? तुम्हारे घर के लोग मेरा आदर ही नहीं करते। जब शादी करनी थी, तब सिर झुका लेते थे। अब बात नहीं पूछते। अगर मेरे पास एक कार होती या बढिया मकान होता तो अब मेरा आदर करते। लेकिन अब घर जाओ, तो सीधे मुंह कोई बात नहीं करता। कौन जाये ऐसी जगह?

सीता: यह सब आपका घमंड है। दुनिया में सब बीमारियों का इलाज है, मगर घमंड का कोई इलाज नहीं होता। न कोई आपका

तिरस्कार करता है, और न आपका आदर उतारता है। बल्कि आप ही जब वहां जाते हैं तो क्रुद्ध मुंह से बैठे रहते हैं। ऋाप सब से हंसकर बोलते, तो वे भी आपसे बात न करते?

नरेश: हां, लुनिया की सभी बुराइयां मुझी में तो है। तुम्हारे घर वाले सब दूध में धोये हैं। कभी तुम्हारे पापा मुझसे स्नेश से बोलते हैं? कभी उन्होंने मुझसे पूछा भी था कि बेटा बिज्नेस ठीक से न चले, तो चिंता न करना। हम सब आखिर किस दिन के लिए हैं? उन्हें चाहिए था कि मुझे बुलाते और व्यापार की बात करते। मन में डरते होंगे कि पैसे न मांग ले। कभी प्रतिदिन खाने के लिए न आ जाये। अपनी हैसियत का इतना ख्याल था, तो न करने मुझसे। देख लेते कोई गवर्नर।

सीता: आप तो आज लडने को तैयार बैठे हैं। बिना बात की बात करते हैं। आप तो रिश्तेदार हैं, हमारे यहां कोई ऐसा दिन नहीं जाता, जब बाहर के दो-तीन आदमी खाना न खाते हों।

नरेश: घास खाते होंगे बाहर के लोग। मुझे ही क्या खाना दिया जाता है? वही बीमारों वाला खाना - सब्जी और दल। उस दिन तो यह भी नहीं मिला। अगर मैं चला न आता तो खाना नहीं मिलता।

सीता: उस दिन तो आपने बिना किसी कारण के क्रोध दिखाया। सभी घूमने जा रहे थे, इललिए जल्दी खाने खाने लगे। इतने में आपके तेवर चढ गये। अगर उन्हें बाहर जाना न होता, तो आपको छोड देते?

नरेश: लेकिन बाहर जाने के लिए हमसे भी कहा होता। क्या हम उनके साथ न जाते? हमें साथ ले जाना चाहते तक न? या हम बैठ जाते तो उनकी कार खराब हो जाती?

सीता: आप भी कभी उनके साथ जाने के लिए तैयार होते तब न? आप तो कुछ कहने के पहले ही तेवर दिखाते हैं। आपको बुलाया होता, तो आप चल देते?

नरेश: इसका मतलब यह है कि कोई खाने के लिए मना करेगा, यह सोचकर खाने के लिए पूछो ही मत।

सीता: मुझसे तो पूछा था, बच्चों की पिकनिक थी, मैंने मना कर लिया। लेकिन आप नाराज होकर खाना-वाना छोडकर चले आये।

मैं दौडकर न आती, तो आपने मुझे भी वहीं छोड दिया होता। कितना अच्छा होता कि आप भी औरों की तरह रहते और मुझे अपने घर का सुख मिल जाता। आपका यह काम उन्हें कितना बुरा लगा होगा। इसी कारण से वे लोग भी नाराज रहते हैं।

नरेश: यह मेरी भूल है कि तुमसे शादी करके उन लोगों की बरबादी करने चला। मैंने तुमसे शादी न की होती, तो उन्हें गरीब वर के कारण से सिर नीचा न करना पडता। सब सोचते होंगे कि काश् मेरे बजाय किसी बडे आदमी से तुम्हारी शादी हुई होती और उनके घर का आदर भी बना रहता।

सीता: ऐसी बातें करते आप लज्जित तो नहीं होते? न जाना हो, तो मत जाइये! क्यों गाली देते हैं लोगों को?

नरेश: तुमने बात शुरू न की होती, तो मैं मुंह न खोलता। मैं जो हूं, अपने घर में सुखी हूं। क्यों जाऊं किसी के घर?

चुटकुले

१. मोहन: अरे! तेरे घर में आग लग गयी और तू यहां बैठा है!

सोहन: तुम तो कुछ नहीं समझता यार, चाबी मेरे पास है। कैसे आग लग सकती है?

२. पिता: बेटा! आज तुम कक्षा में कैसे रहे?

बेटा: पिताजी। आज मैं कक्षा में सबसे ऊंचा रहा।

पिता: क्या तुम अव्वल नंबर आये?

बेटा: नहीं। आज मैं सारा दिन कुर्सी पर खडा रहा।

३. बेटा: बाबूजी, क्रोध करना और बच्चों को मारना बुरी बात है न?

पिता: हां, बहुत बुरी बात है।

बेटा: तो यह लीजिये, मास्टर साहब ने आपके नाम चिट्ठी दी है।

चौथा पाठ

व्याकरण

Прошедшее совершенное статичное

Другим типам сложных слов в большей степени присущи признаки цельнооформленности, что проявляется в: 1) стирании грамматического значения первого компонента (घोडा-गाडी — *конная повозка* относится к женскому роду, хотя слово घोडा — *конь* мужского рода); это свойство более отчетливо проявляется при усеченных, грамматически "мертвых" основах: घुडसवार — *всадник*, हथगाडी — *ручная тележка*; 2) фиксированном порядке следования компонентов: बैंक निवेश — *банковская инвестиция* и निवेश बैंक — *инвестиционный банк*; 3) морфонологических особенностях при реализации правила *сандхи*: ग्रामोद्योग — *сельская промышленность*; 4) графическом облике сложного слова, которое пишется или слитно, или через дефис.

По структуре отношений между компонентами сложные слова могут быть: 1) сочинительными (сочетание равноправных компонентов): प्रश्नोत्तर — *дебаты (вопрос-ответ*), मां-बाप — *родители (мать-отец)*, दाल-रोटी — *пища (бобы-лепешка)*; 2) подчинительными (второй компонент является ведущим, лексически управляющим первым): विधान-निर्माता — *законодатель (закон-создатель)*, भ्रष्टाचार — *коррупция (испорченное поведение)*, गतिविधि — *действие (движения способ).*

В зависимости от выводимости значения сложного слова из значения составляющих его компонентов различаются эндоцентрические (выводимые) сложные слова: मंत्रिपरिषद — *совет министров*, शांतिप्रिय — *миролюбивый* и экзоцентрические (невыводимые) сложные слова: नीलकांत — *павлин (синешеий)*, कुकुरमुत्ता — *гриб (собака-моча).*

Аббревиатуры

Аббревиатуры, в результате которых создаются более короткие номинации, синонимичные исходному словосочетанию, представ-лены в хинди именами существительными, образованными из усеченных слов (иногда в сочетании с целым, неусеченным словом).

Различаются следующие структурные типы аббревиатур:

I. Инициальный тип сложносокращенных слов, которые подразделяются на несколько подтипов:

1) буквенные аббревиатуры: अ.च. - अशोक चक्र - *орден Ашоки*, प.ए. - पश्चिमी एशिया — *Западная Азия*;

2) звуковые аббревиатуры, состоящие из началь-ных звуков исходного словосочетания и произносимые как обычное слово: जद – जनता दल — *народная партия*, इजई - इस्लामी जम्हूरी इतेहाद — *исламский демократический союз*; в некоторых случаях аббревиатура не передает полного звукового состава исходного словосочетания: दक्षेस - दक्षिण एशिया क्षेत्रीय सहयोग संघ — *Ассоциация регионального развития стран Южной Азии*; к этим аббревиатурам примыкают сложносокращенные слова, заимствованные из английского языка, которые подразделяются на: **а)** аббревиатуры, состоящие из начальных звуков английских слов: आई-टी-सी — (*ITC – Indian Trade Corporation*) *Индий-ская торговая корпорация*, पि.एच-डी. — (*Ph. D – Doctor of Phyl.) доктор философии*, आई.एन.एस. — (*INS – Indian Navy Ship) корабль индийских ВМС*; **б)** аббревиатуры, произносимые как обычное слово: यूसिस — (*USIS – United States Information Service) Информационная служба Соединенных Штатов Америки*, *ЮСИС*; यूनो — *(UNO – United Nations Organisation) Организация Объединенных Наций, ООН*; **в)** ”хиндиизированные” аббревиатуры, произносимые как обычное слово, но в которых передается не звуковой состав отдельных букв, а их транскрибированное звучание: उल्फा — *(ULFA – United Liberation Front of Assam) Объединенный фронт освобождения Ассама*; सीटू — *(CITU – Centre of Indian Trade Union) Центр индийских профессиональных союзов* (и здесь аббревиатура может не передавать всего звукового состава слова: फिकी — *(FICCI – Federation of the Indian Chamberse*

of Commerce) Федерация индийских торгово-промышленных палат);

3) <u>буквенно-звуковые аббревиатуры</u>, состоящие как из начальных букв, так и начальных звуков исходного словосочетания: सजपा - समाजवादी जनता पार्टी — *народно-социалистическая партия*, करविद – कांग्रेस विधायक दल — *фракция ИНК в законодательном собрании (штата)*; здесь также встречаются аббревиатуры, заимствованные из английского языка: टेको — *(TECO – Tata electronic company Ltd.) компания "Tata электроник компани лимитид"*; इंका — *(INC – Indian National Congress) "Индийский национальный конгресс".*

2. <u>Слоговой тип</u> сложносокращенных слов, где аббревиатуры состоят из сочетаний начальных частей слов: रामो - राष्ट्रीय मोरचा — *национальный фронт*, संसोपा - संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी — *объединенная социалистическая партия.*

К этому типу относятся аббревиатуры, заимствованные из английского языка: इंटरपोल — *(INTERPOL) "Интерпол"*, इंकोस्पार — *(INCOSPAR – Indian National Committee for Space Research) Индийский национальный комитет по космическим исследованиям.*

3. <u>Смешанный слого-звуковой тип</u>, состоящий из начальных частей слов и из начальных звуков: विहिप – विश्व हिंदू परियाद — *Всемирный совет индусов*, द्रमुक – द्रविड मुन्नेत्र कषगम — *Прогрессивная федерация тамилов, ДМК.*

4. <u>Смешанный слого-словесный (буквенно-словесный) тип</u>, состоящий из начальной части слова (или начальной буквы слова) и цельного слова: वि.सभा – विधान सभा — *законодательное собрание*, प्रोनोट — *(promissory note) простой вексель*.

Аббревиатуры в хинди обладают опре-деленными грамматическими особенностями. Род этих образований определяется по последнему слову исходного образования: <u>हि.प्र.</u> स्वास्थ्य सेवाओं पर ८५ करोड खर्च करेगा (प्र - प्रदेश м.р.), और <u>इंका</u> तभी चुनाव मैदान में उतरना चाहेगी जब… (इंका – कांग्रेस ж.р.)

Род сложносокращенных слов, заимствованных из английского языка, которые, однако, не ассимилированы хинди, устанавливается по синонимичным им словам собственно хинди: औद्योगिक विकास में सी.एस.आई. आर. *(Council of scientific and*

industrial research) महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही है। (в хинди синонимом слова *council* является слово ж.р. परिषद). Аббревиатуры с ассимилированными словами сохраняют род этих слов: इस रैली में भाग लेने के लिए आई. पी. एफ. (इंडियन पिपुल्स फ्रांट) तैयार था।

Аббревиатуры с окончанием на आ перед послелогами не изменяются.

Аббревиатуры могут выступать в функции зависимого компонента словосочетания: जद सूत्रों के अनुसार उन्होंने प्रचार माध्यमों के जरिये भादपा-आरएसएस-विहिप गुट पर हमला किया — *Согласно источникам Народной партии, они через средства массовой инфор-мации обрушились на блок Индийской народной партии-РСС-Всемирного совета индусов*.

Аббревиатуры могут участвовать в процессе дальнейшего словообразования. Так, от отдельных аббревиатур с помощью суффикса ई могут образо-вываться имена прилагательные: इंका+ई=इंकाई — *член партии ИНК, "инковец"*.

Разновидностью аббревации является употребление (главным образом в разговорной речи) части словосочетания или сложного слова с тем же значением: गाडी *(поезд)* вместо रेलगाडी, फोन *(телефон)* вместо टेलीफोन, कार *(автомобиль)* вместо मोटरकार и т.д.

Аббревацию следует отличать от графического сокращения слова: दे. - देखिये, उदा. - उदाहरण, डा. - डाक्टर, रु. - रुपया.

पाठ

यशपाल

(जीवनी)

हिंदी के ख्यातिप्राप्त लेखक यशपाल का जन्म ३ दिसंबर सन् १९०३ ई. को एक पंजाबी परिवार में हुआ था। बचपन से ही वे बडे तेज बुद्धि तथा स्वतंत्र प्रकृति के बालक थे। अपने जिले के स्कूल में परीक्षापास करने के बाद उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए

उन्होंने लाहौर के नेशनल कालेज में प्रवेश किया। कालेज से बी.ए. पास कर वे सशस्त्र क्रांति के गुप्त संगठन के सदस्य बने और क्रांतिकारी आंदोलन में सक्रिय भाग लेने लगे। इन्हीं दिनों उन्होंने एक पुलिस अफसर की हत्या की और लाहौर से फरार हो गये तथा पुलिस के हाथ में आ नहीं पाये थे। असेम्बली पर बम गिराये जाने के बाद पुन: उनपर वारण्ट जारी हो गये। वे देहरादून में गये लकिन जल्दी ही मौका पाकर वापस देहली आ गये। वहां उन्होंने उन्हीं दिनों अंग्रेजी में प्रकाशित पुस्तक “गांधी-लेनिन” का हिंदी अनुवाद कर लिया। १९२२ ई. में पुलिस से मुठभेड हो जाने पर गोलियों का आदान-प्रदान करने के समय उनको गिरफ्तार कर लिया गया और १४ वर्ष की सख्त सजा हुई। ज्ेल में ही उनकी शादी हुई थी। सन् १९३८ ई. में उत्तर प्रदेश में जब कांग्रेस मंत्रिमंडल बना तो अन्य राजनीतिक बंदियों के साथ उनको भी मुक्त कर लिया गया। फिर यशपाल लखनऊ में रहने लगे। वहां उन्होंने “विप्लव” मासिक निकाला, जो थोडे ही दिनों में काफी लोकप्रिय हो गया। १९४१ई. में उनके गिरफ्तार हो जाने पर “विप्लव” बंद हो गया। विभिन्न जेलों में उन्हें पढने-लिखने का जो अवकाश मिला था, उसमें उन्होंने देश-विदेश के बहुत से लेखकों की कृतियों का अध्ययन किया। “पिंजरे की उडान” और “वो दुनिया” की कहानियां जेल में ही लिखी गयीं।

यों यशपाल में लिखने की प्रवृत्ति विद्यार्थी-काल से ही पायी जाती थी पर उनके क्रांतिकारी जीवन ने उन्हें अनुभवप्राप्त बनाया, विदेशी शासन से जूझने का बल दिया। विचारों की दृष्टि से वे मार्क्सवादी थे। राजनीतिक और साहित्यिक लोनों क्षत्रों में वे सदा क्रांतिकारी बने रहे और साहित्य के माध्यम से विचार-क्षेत्र में क्रांति करने का प्रयास करते रहे।

यशपाल कहानी, निबंध, नाटक, संस्मरणों के लेखक थे, पर पहले-पहल वे कहानीकार के रूप में हिंदी साहित्य में आये। उनके लगभग एक दर्जन कहानी-संग्रह प्रकाशित हैं और कुल मिलाकर उन्होंने ४३ पुस्तकें लिखीं। उनकी अधिकांश किताबों का अनुवाद अनेक भारतीय तथा बहुत सी विदेशी भाषाओं में हो चुका है। यशपाल की सब से अच्छी कृति “झूठा सच” उपन्यास है जिसमें

उन्होंने भारत के विभाजन संबंधी घटनाओं का सच्चा चित्रण किया है।

कहानीकार तथा उपन्यासकार की दृष्टि से यशपाल जो को मुंशी प्रेमचंद का उत्तराधिकारी माना जाता है पर अंतर यह है कि प्रेमचंद जी ने ग्रामीण जीवन पर अधिक लिखा जबकि यशपाल जी ने नागरिक जीवन का चित्रण किया है। इसके अतिरिक्त कार्य-काल भिन्न होने के कारण कार्य-दिशाएं भी भिन्न थीं। मुंशी प्रेमचंद भारतीय समाज की आलोचना ही करते थे जबकि यशपाल – मिलास के लिए उनकी कृति “देशद्रोही” लीजिये – जीवन का चित्रण करते हुए और वर्तमान भारतीय समाज की तीव्र आलोचना करते हुए समाजवादी व्यवस्था का आग्रह करते थे।

यशपाल का प्रधान उद्देश्य वर्तमान समाज की आर्थिक विषमताओं का चित्रण कर जनता में उनके विरुद्ध विद्रोह और संघर्ष की भावना जागृत करना था।

यशपाल

तूफान का दैत्य

जिस सीमा के आगे मनुष्यकी शक्ति और पहुंच नहीं जा सकती, वहीं से भगवान् और देवताओं का राज्य आरंभ हो जाता है। हिमालय पहाड की इतनी अधिक पूजा और मानता इसलिए है कि मनुष्य के लिए वह सुगम नहीं। हिमालय देवताओं की बस्ती है। हिमालय के दुर्गम पथों और संकरे दर्रों के परे जो प्रदेश है वह भी स्वर्गीय है, देवाताओं के योग्य है। वहीं की एक बात सुनिये:

घने बादलों के कारण ठीक जान नहीं पडता था कि सूरज अस्त हो गया या नहीं। सांझ हो चुकी थी। लोग खेतों से लौट आये थे। सारों में (बैल बांधने के छ्प्पर) चमर बैल (याक) सिर हिला-हिलाकर भूसी को रौंद-रौंदकर खा रहे थे। आने-जाने वाले मुसाफिर सराय में टिककर त्थिर के चूल्हों में आग जला चुके हैं।

बेमौसिम की धीमी-धीमी झडी लग रही थी। झरों में लोग कंबल के कपडे पहने आग पर धरे, कालिख की अनेक परत चढे हुए “समावार” (चाय पकाने के बर्तन) अपना सुरीला राग गुनगुना रहे थे। उनमें कढती हुई चाय की तीदी भाप की फुफकार फैलाकर, चारों ओर बैठे हुए क्लांत शरीरों को सांत्वना दे रही थी।

सूनी, तंग, हाथ-हाथ भर चौडी गलियों में लकडी और पत्थर की नीची, ढलवां छतों से निरंतर पानी की बूंदें गिर-गिरकर गलियों में बहती हुई वर्षा के जल की क्षीण धाराएं घरों के दरवाजों पर लगे कूडा-करकट और मल के ढेरों को क्षीण कर रही थीं।

"झामामूची" में पूरा सन्नाटा था। स्लेट और तख्तों की छतों पर वर्षा की बूंदों के गिरने के अतिरिक्त और कोई शब्ल कहीं सुनाई न देता था। चिमपनयां न होने के कारण छतों के किनारों से धुआं फूट-फूटकर बादल का एक विस्तृत आवरण छा गया था। उससे गांव की निस्तब्धता और भी गंभीर हो गयी थी। पहाड की ढलानों पर खडे, अपनी बाहें फैलाये वर्षा से गांव को बचाने का यत्न करने वाले वृक्ष भी चुप थे।

केवल एक शब्द सुनाई दे रहा था। गांव के किनारे बने काई की कई परतों से ढंककरहरे हो गये तथागत बुद्ध के मंदिर से पुजारी का डमरू गंभीर मंद स्वर में पद्मासन बांधे बुद्ध की मूर्त्ति के सम्मुख "ऊं मणि पद्मने हुं" गुंजार कर रहा था।

ठंडी और तेज हवा का एक झोंका आया। उसने आंधी का रूप धर लिया। वह अंधर बन गयाऔर फिर तूफान! आकाश से पत्थर पडने लगे। हृवा की तेजी से वे आडे तीरों की तरह चोट कर रहे थे मानो कुरुक्षेत्र के मैदान से कौरजों की और पाण्डवों की अट्ठारह और ग्यारह अक्षौहिणी सेनाएं झामामूची गांव पर बाण-वृष्टि कर रही हों। ओलों की कडाकाड मार से झामामूची मुखरित हो उठा।

फसल में दाना पड चुका था। भेडें ब्या चुकी थीं। ... फसल का क्या होगा? ... नयी ब्यायी भेडों और उनके ममनों का क्या होगा?...

गांव में हाहाकार मच गया। हू हू करती हुई तेज हवा छतों में घुसने लगी। बच्चे रोने लगे, कुत्ते भौंकने लगे। माताओं ने बच्चों को कंबलों में लपेट दिया। वे बाहर निकल छत को हवा में उड जाने से बचाने के लिए ऊपरपत्थर रख देना चाहती थीं परंतु बच्चे रो-रोकर उनसे लिपट जाते थे। गांव भर में कोहराम मच गया – "हा! तूफान का दैत्य!"

हाहाकार करते हुए लोग गलियों में निकल पडे। "पुंगपू, पुंगपू!" चिल्लाते हुए वे लोग तथागत के मंदिर की ओर दौडे। सब लोगों ने चिल्ला-चिल्लाकर मंदिर के पुजारी को तूफान के दैत्य का सामना करने के लिए पुकारा।

* * *

मंदिर के पुजारियों का काम तूफान और दूसरे भयानक दैत्यों से गांव की रक्षा करना ही है। यही उनकी सार्थकता है। घंटों तूफान के देव से लडकर ये लोग गांव की रक्षा करते हैं।

तीन बरस पहले, जब फूस में बरफ की आंधी आयी थी, पुंगपू रात भर तलवार और बरछा देकर तूफान से लडता रहा परंतु पार न पा सका। आखिर जब बरछी से पैने बरफ के खोंरों से लडते उसका चेहरा लहू-लुहान हो गया, उसके कंबल के कपडे पसीने से सराबोर हो टपकने लगे – वह बेहोश हो गिर पडा परंतु दैत्य का बल कम न हुआ। उस रोज मनुष्य की शक्ति तूफान के दैत्य को हरा न सकी।

पुंगपू हार मानकर टीले से नीचे उतर आये। सब फसल छाई में मिल गयी। सैकडों भेडें और बीसों चमर गायें मर गयीं। हफ्तों कोई मंदिर नहीं गया। किसी ने पुजारी को सीधा नहीं दिया। गांववाले पुजारी को क्रोध और वितृष्णा भरी तिरछी दृष्टि से देखकर मुंह फेर लेते।

जब पुजारी तूफान के दैत्य से लडकर गांव की रक्षा नहीं कर सकता तो उसे खिला-खिलाकर मोटा करने से लाभ? महीनों में गांववालों का क्रोध उतरा।

आज फिर पुंगपू की परीक्षा का दिन था। भय से उसका शरीर कांप रहा था। एक हाथ में लंबी तलवार और दूसरे में बरछा लेकर तूफान से लडने के लिए वह टीले पर चढने लगा। वह जानता था, दूसरी बार दैत्य से हारकर लौटने का अर्थ होगा – देवता पुंगपू से रुष्ट है, इस कारण गांव पर देवता का श्राप पड रहा है। यह उसके लिए मौत के मुंह में जाना था।

वीभत्स स्वर में तुमुल "हल-हल" ध्वनि कर बरछा घुमाते हुए वह चोटी की ओर दौड पडा। झामामूची के लोग भय से कांपते

हुए अपने घरों में लौट पुंगपू और तूफानी दैत्य के युद्ध के परिणाम की प्रतीक्षा करने लगे।

तूफान के भयंकर हू हू के बीच कभी-कभी पुंगपू की क्षीण ललकार भी सुनाई पड जाता थी। वह ललकार-ललकार कर तूफान पर बरछे और तलवार का प्रहार कर रहा था।

कुछ ही समय में पत्थर गिरने का शब्द सहसा थम गया। केवल हवा का जोर बाकी रह गया। कुछ देर में वह भी खत्म हो गयी। दरवाजों औरु छतों की भ्फांकों में चांद की उजली किरणें भीतर आने लगीं। तूफान से रक्षा पा सब लोग मकानों से बाहर निकल आये।

चारों ओर धुनी हुई रूई सी निर्मल, उजली बरफ के सिवा और कुछ दिखाई न देता था। उजली चांदनी में आंखें चौंधिया रही थीं। रहे-सहे बादल आकाश में उडे चले जा रहे थे। वे भी निर्मल उजली रूई के ढेर से जान पडते थे।

ग्रामवासी मंदिर के आंगन में एकत्र होने लगे। लोगों ने देखा, पुंगपू तलवार कंधे पर रखे और बरछे की लकडी को पत्थरों पर टेकता हुआ टीले पर से उतरकर आ रहा है। उसके चौडे चेहरे, माथे और चपटी नाक पर पसीनेकी लकीरें चांदनी में चमक रही थीं। उसकी छोटी-छोटी आंखों में विजय और आत्मविश्वास चमक रहा था। आंगन में एकत्र समुदाय ने कमर तक शरीर को भ्फुका उसका अभिवादन किया और अपनी भेंट उसके सामने रख दी। ग्रामवासी प्रसन्न थे:

“कितनी जल्दी पुंगपू ने तूफान के दैत्य के दांत खट्टे कर दिये! पुंगपू निश्चय ही भगवान् का प्रतिनिधि है, वह हमारे गांव की रक्षा करता है। दैत्य ने हानि बहुत पहुंचायी। परंतु पुंगपू ने हमारी रक्षा कर ली वरना दैत्य हम सब का नाश कर देता”।

पुंगपू ने बरछी उठाकर कहा: “आज तूफान के दैत्य को परास्त कर मैंने कह दिया है कि उसकी पूजा का भाग लाल जुआर का आटा, चमर गाय का मक्खन, भेड का मांस और नमक उसे हर अमावस और पूनों को भेंट कर दिया जाएगा। अब उसे गांव में आने की जरूरत नहीं”।

गांववाले ने श्रद्धा से सिर झुकाकर नियम से भेंट पहुंचाने की प्रतिज्ञा की।

* * *

तुन्हें क्या पुगपू की दैवी शक्ति में संदेह है? न हुए तुम झामामूची गांव में!”

नये शब्द

अंधड *м* вихрь; буря; ураган

अक्षौहिणी (सेना) *ж* 1) *миф.* “полная армия” *(сос-тоящая из четырех боевых единиц: боевых слонов, колесниц, кавалерии и пехоты; 21 870 слонов, 21 870 колесниц, 65 610 всадников, 109 350 пехотинцев);* 2) *перен.* “несметное войско”

अनुभवप्राप्त опытный; знающий; бывалый

अमावस *ж* день новолуния

असेंबली *ж* ассамблея; собрание; *зд.* законо-дательная ассамблея

अस्त **1.** 1) спрятавшийся; 2) исчезнувший; 3) за-шедший *(о светиле);* **2.** 1) закат, заход; 2) конец; смерть, гибель

आंधी *ж* вихрь; буря; ураган

आटा *м* мука *(грубого помола)*

आडा 1) поперечный; 2) косой; наклонный; диа-гональный

आत्मविश्वास *м* 1) уверенность в себе; 2) само-уверенность

आदान *м* приобретение, получение

आवरण *м* 1) покров; покрывало; 2) завеса, занавес; 3) [по]крышка

उजला 1) белый; 2) чистый; 3) яркий, светлый; 4) сверкающий, блестящий

उत्तराधिकारी *м* 1) несследник; 2) преемник

एकत्र вместе *(собравшийся)*

कडाकाड **1.** грохочущий; шумный, гулкий; **2.** *м* грохот, треск; шум, гул

कढना *нп* густеть, загустевать, становиться густым

करकट *м* 1) хлам, сор; 2) пустяк, ерунда, чепуха

कहानीकार *м* новеллист

काई *ж* 1) мох; 2) тина; 3)плесень; 4)патина, зелень *(на меди)*

कालिख *ж* 1) копоть; сажа; 2) позорное пятно; клеймо

कुत्ता *м* 1) кобель; 2) собака

कूडा *м* 1) мусор; отбросы; 2) бесполезная вещь; ерунда; чепуха

कोहराम *м* смятение, шум; паника

क्रांतिकारी **1.** революционный; **2.** *м* революцио-нер

क्लांत утомленный, усталый; измученный

खट्टा кислый; терпкий; едкий

खिलाना *п* 1) кормить; 2) угощать

खौंर *м зд.* крупинка; льдинка

गुंजार *м* 1) жужжание; гудение; 2) бормотание

गुतगुनाना **1.** *нп* 1) бормотать; 2) жужжать; гудеть; **2.** *п* мурлыкать, напевать

गुप्त **1.** тайный, секретный; подпольный; **2.** тай-но, секретно

चमर *м* як

चांदनी *ж* лунный свет

चित्रण *м* 1) рисунок, изображение; 2) обрисовка, описание

चिमनी *ж* 1) дымовая труба; 2) ламповое стекло

चिलम *ж* трубка *(курительная)*

चूल्हा *м* печь; очаг

चेहरा *м* лицо; облик

चौंधियाना *нп* слепнуть *(от света)*

छप्पर *м* крыша; навес

छाई *ж* 1) пепел, зола; 2) прах

जागृत пробудившийся, проснувшийся

जुआर *ж* 1) индийское просо; 2) маис

जूझना *нп* сражаться, воевать

झडी *ж* 1) затяжной дождь; мелкий дождь; 2) по-ток *(тж. перен.)*

झांका *м* 1) глазок; 2) щель

टपकना *нп* 1) капать; течь; струиться; 2) проте-кать; 3) падать, опадать *(о плодах);* 4) проявляться, выступать

टीला *м* 1) холм; возвышенность; курган; 2) на-сыпь

टेकना *п* 1) опираться; упираться; 2) хвататься, держаться

डमरू *м* маленький барабан *(в виде песочных часов)*

ढलवां *изм./неизм.* 1) наклонный; покатый; 2) ли-той

ढलान *ж* склон

तथागत *м* Татхагата *(один из эпитетов Будды; букв. "постигший истинную сущность")*

थिरछा 1) кривой *(о линии);* 2) косой, наклон-ный; поперечный

तुमुल **1.** 1) шумный; 2) воинственный; боевой; **2.** *м* воинственный клич

तूफानी 1) бурный; 2) сильный

थमना *нп* 1) останавливаться; задерживаться; 2) прекращаться

दर्रा *м* горный проход; ущелье

दाना *м* 1) зерно; зернышко; 2) прыщик; 3) буси-на; 4) зерно, хлеб

दुर्गम 1) труднопроходимый; неприступный; 2) трудный *(для понимания)*

देव *м* 1) бог; 2) дэв, демон

देशद्रोही *м* изменник родины, предатель

दैत्य *м* 1) демон, злой дух; 2) гигант, великан

दैवी 1) божественный; 2) случайный, внезапный

द्रोही **1.** 1) злобный; враждебный; 2) предатель-ский; 3) мятежный; **2.** *м* 1) враг; 2) предатель, измен-ник; 3) мятежник

धरना *п* 1) брать; принимать; 2) хватать; 3) ста-вить, класть; 4) держать, хранить; 5) надевать; одевать

धुनना *п* 1) трепать *(напр. хлопок);* 2) колотить, избивать; 3) повторять

ध्वनि *ж* звук, шум

निस्तब्धता *ж* 1) оцепенение, неподвижность; 2) мол-чание, безмолвие, тишина

नेशनल национальный

पंजाबी **1.** панджабский; **2.** *м* панджабец; **3.** *ж* панджабский язык

पद्मासन *м* поза лотоса

परत *ж* 1) складка; 2) слой; 3) лист *(бумаги, металла)*

परास्त побежденный, потерпевший поражение; разбитый

परे **1.** 1) по ту сторону; 2) отдельно; вдали; **2.** के ~ *послелог* 1) по ту сторону; 2) над; свыше

पहुंच *ж* 1) доступ; достигаемость; 2) поступле-ние; прибытие; подвоз; 3) понимание

पुजारी *м* 1) жрец; священник; 2) почитатель, по-клонник

पुलिस *ж* полиция

पूनों *ж* день полнолуния

पूस *м* пус *(десятый месяц индийского лунного календаря, соответствует декабрю-январю)*

प्रतिज्ञा *ж* 1) обещание; обязательство; 2) обет, клятва

प्रहार *м* удар

फरार 1) убежавший, сбежавший; 2) скрывшийся

फांक *ж* 1) кусок, ломоть; 2) щель, отверстие; 3) разрыв *(в облаках)*; просвет

फुफकार *ж* шипение

बंदी **1.** *м* 1) заключенный; арестант; узник; 2) пленный **2.** *ж* закрытие

बम *м* бомба, граната

बरछा *м* копье

बरछी *ж* 1) дротик; 2) копье

बस्ती *ж* 1) селение, поселок; 2) поселение

बाण *м* 1) стрела; 2) дротик

बुद्धि *ж* ум, разум

बूंद *ж* капля

बेहोश находящийся без чувств, потерявший сознание

ब्याना *п* рождать, рожать, приносить потомство *(о животных)*

भय *м* страх; опасение; боязнь

भूसी *ж* 1) солома; мякина; 2) корм, фураж

भौंकना *нп* 1) лаять; 2) болтать, нести чепуху

मंद 1) медленный, тихий; 2) слабый, ослабев-ший; 3) ленивый; 4)глупый; тупой

मक्खन *м* сливочное масло

मचना *нп* 1) возникать, подниматься; 2) про-исходить

मणि *ж* 1) драгоценный камень; 2) жемчужина

मल *м* 1) грязь, нечистоты; 2) испражнения; помет

मांस *м* мясо

मानता *ж* 1) обет; 2) поклонение

मार *ж* 1) избиение; 2) удар, ушиб

मार्क्सवादी **1.** марксистский; **2.** *м* марксист

मुखरित звучащий

मुठभेड *ж* 1) встреча; 2) столкновение, стычка; 3) рукопашная

मेमना *м* ягненок

याक *м* як

रुष्ट 1) недовольный; раздраженный; сердитый; 2) разъяренный

रोज **1.** 1) днем; 2) в день, за день; 3) ежедневно; **2.** *м* день

रौंदना *п* 1) топтать, растаптывать; 2) разрушать

लकीर *ж* 1) линия, черта; 2) полоса; 3) деление *(циферблата);* 4) колея

ललकार *ж* 1) вызов, боевой клич; 2) зов, призыв; 3) подбадривание

ललकारना *п* 1) бросать вызов; 2) кричать; 3) под-бадривать

लहू-लुहान *парн. сочет.*окровавленный

वरना иначе, в противном случае, не то, но

वाण *м* 1) стрела; 2) дротик

वारंट *м* ордер на арест

वितृष्णा *ж* 1) отвращение; 2) равнодушие, без-различие; 3) недовольство

विप्लव *м* мятеж; волнение

विषमता *ж* 1) неравенство; 2) трудность

वीभत्स 1) отвратительный; 2) жестокий; суро-вый; 3) свирепый

वृष्टि *ж* дождь

श्रद्धा *ж* 1) вера, доверие; 2) уважение, почтение

श्राप *м* проклятие

संघर्ष *м* 1) борьба; 2) соревнование; 3) кон-фликт

सजा *м* наказание

सन्नाटा *м* 1) тишина, безмолвие; 2) оцепене-ние, онемение *(от страха и т.п.)*

समाजवादी **1.** социалистический; **2.** *м* социалист

समुदाय *м* 1) скопление; 2) группа; толпа; кол-лектив; массы; 3) община

सम्मुख: के ~ *послелог* перед, напротив

सराबोर 1) совершенно мокрый, промокший; 2) пропитанный

सराय *м* 1) дом, жилище; 2) постоялый двор; караван-сарай

सशस्त्र вооруженный

सांझ *ж* вечер, сумерки

सांत्वना *ж* 1) утешение, успокоение; ободрение; 2) счастье

सार *м* коровник, хлев

सार्थकता *ж* 1) значимость, значение; смысл; 2) пригодность; целесообразность

सीधा *м* 1) сидха *(подношение божеству или священнослужителю);* 2) установленное вознаграж-дение

सुगम 1) легкопроходимый; 2) доступный; 3) про-стой

सुरीला мелодичный; гармоничный

सूना **1.** безлюдный, пустынный; **2.** *м* безлюдное место

सूरज *м* солнце

स्लेट *м* 1) сланец; 2) шифер

स्वर्गीय 1) небесный, райский; 2) покойный, умерший

हा *межд.* 1) о!, ох! 2) о!, ах!

हानि *ж* 1) гибель; 2) убыток, ущерб; 3) вред

हार *ж* 1) проигрыш *(в игре);* 2) поражение; разгром

हाकाकार *м* 1) аханье, оханье; 2) шум, волнение *(толпы);* 3) паника

हू-हू *звукоподр. м* вой, завывание

भौगोलिक नाम

देहरादून — г. Дехрадун

लाहौर — г. Лахор *(в Пакистане)*

निजी नाम

कुरुक्षेत्र — *миф.* "Курукшетра" *(букв. "поле Кауравов"; город в ш. Хариана, близ которого, по преданию, происходила описанная в "Махабхарате" битва между Кауравами и Пандавами)*

कौरव — *собст. миф.* кауравы (*представители рода Куру*)

पांडव — *собст. миф.* пандавы (*представители рода Панду*)

टिप्पणियां

१. **प्रवेश करना** — поступать; получать доступ.

२. **वारंट जारी करना** — выдавать ордер на арест.

३. **गोलियों का आदान-प्रदान** — перестрелка.

४. **उनको ... १४ वर्ष की सख्त सजा हुई** — Его приговорили к 14 годам строгого тюремного заключения.

५. **विचार-क्षेत्र** — область идеологии; область сознания.

६. **पहले-पहल** — *парн. сочет.* прежде всего, раньше всего.

७. Значительная часть существительных, обозначающих животных, не имеет парных слов для особей обоих полов. Родовая принадлежность подобных слов передается лексически с помощью слов **नर** *самец* и **मादा** *самка* (реже – बैल *бык* и गाय *корова*): मादा भेडिया — *волчица*, चमर बैल — *як*, चमर गाय — *ячиха*.

८. **झडी लगना** — зарядить *(о дожде)*.

९. **कंबल का कपडा** — накидка из одеяла *(одеяло с отверстием посередине; напоминает пончо)*.

१०. **दम खींचना** — делать затяжку *(при курении).*

११. **कालिख की अनेक परत चढे हुए** — со многими слоями копоти.

१२. **कढती हुई चाय** — *зд.* кипящий чай.

१३. **कूडा-करकट** — *парн. сочет.* 1) грязь, мусор, отбросы; 2) хлам.

१४. **बाहें फैलाना** — простирать руки; *зд.* раскидывать ветви.

१५. **पद्मासन बैठना** — сидеть в позе лотоса.

१६. **ऊं मणि पद्मने हुं** — О, сокровище, сидящее на лотосе *(обращение к Будде).*

१७. **रूप धरना** (**धारण करना, ग्रहण करना**) — принимать вид (форму).

१८. **बाण-वृष्टि करना** — осыпать дождем стрел.

१९. **दाना पडना** — наливаться *(о зерне).*

२०. В хинди является нормой опущение подлежащего вопросительных предложений, выраженного словом हाल *положение, состояние*, *напр*., फसल का क्या होगा? — *Что будет с урожаем?* (*букв. — Положение урожая какое будет?*).

२१. В некоторых устоявшихся выражениях переходное причастие совершенного вида может иметь не пассивное, а активное значение: नयी ब्यायी भेड — *недавно окотившаяся овца*, गोली खाया आदमी - *человек, получивший* (*букв.* “съевший”) *пулю*.

२२. В хинди счетные существительные могут выступать с показателем множественности и без послелогов: महीनों बीत गए — *прошли месяцы*, घंटों तूफान के देव से लडना, हफ्तों कोई मंदिर में नहीं गया।.

२३. **पार करना** — добиваться успеха; справляться с делом.

२४. **छाई में मिलना** — обращаться в прах; гибнуть.

२५. **मुंह फेरना** — воротить нос; относиться с презрением.

२६. **क्रोध उतरा** — гнев прошел.

२७. **मौत के मुंह में जाना** — попадать в лапы смерти, идти к собственной гибели.

२८. **“हल-हल”** — *зд.* прочь-прочь!

२९. **धुनी हुई रूई** — очищенный хлопок.

३०. **रहा-सहा** — *парн. сочет.* оставшийся, уцелевший.

३१. **एकत्र होना** — собираться.

३२. **दांत खट्टे करना** — 1) досаждать; 2) нано-сить поражение.

३३. **हानि पहुंचाना** — причинять вред, нано-сить ущерб.

३४. **नियम से** — *зд.* регулярно.

व्याकरण के अभ्यास

१. निम्नलिखित शब्दों की बनावट समझाइये।

अक्लमंदी, अखंडता, अछूतपन, अनुशासनहीनता, अपरिवर्त्तनशीलता, अयोग्यता, अर्द्धगोलाकार, अल्पसंख्यक, असंतोषजनक, असांप्रदायिकता, आत्मनिर्भरता, चित्रकला, देशद्रोही, देशभक्तिपूर्ण, दौडकूद, द्विवार्षिक, निरापराध, निर्धनता, प्रगतिशील, फूलगोभी, बदबूदार, भूगर्भशास्त्री, महासागर, रंगमहल, छात्रवृत्ति, शुभकामना, सूर्यास्त, पुनर्निर्माण, ग्रामोद्योग, विश्वस्तरीय, घुडसवार, बालोद्यान, कहानीकार।

२. अनुवाद कीजिये।

кинопромышленность, мировоззрение, автомобиль, зоопарк, электростанция, космонавт, аэроплан, библиотека, альпинист, полководец, землетрясение, премьер-министр, малочисленный, самоуверенность, миролюбивый, самоходный, четырехугольный, листопад, самообладание, лучник, снайпер, несчастье, бессильный, земной шар, национализм

पाठ के अभ्यास

१. पाठ का अनुवाल कीजिये।

२. निम्नलिखित शब्दबंधों का अनुवाद कीजिये।

ख्यातिप्राप्त कहानीकार, कालेज में प्रवेश लेना, बम गिराना, सशस्त्र विप्लव, तेज बुद्धि, गुप्त संगठन, संदेश गुप्त रखना, क्रांतिकारी आंदोलन, पुलिस अफसर, बस्ती से फरार होना, असेंबली पर बम गिराना, फरार पर वारंट जारी करना, पुलिस से मुठभेड

करना, विचारों का आदान-प्रदान, सख्त सजा देना, राजनीतिक बंदी, विद्यार्थी-काल, अनुभवप्राप्त क्रांतिकारी, मार्क्सवादी विचार, घटनाओं का सच्चा चित्रण करना, राजगद्दी का उत्तराधिकारी, कहानीकार का कार्य-काल, भिन्न-भिन्न कार्य-दिशाएं, देशद्रोही को सजा देना, आर्थिक विषमताएं, संघर्ष की भावना जागृत करना, तूफान का दैत्य, देवों का राज्य, देवताओं की बस्ती, दुर्गम पथ, संकरा दर्रा, स्वर्गीय प्रदेश, स्वर्गीय नेता, सुगम रास्ता, अस्ताचलगामी सूरज, शांत सांझ, भूसी रौंदना, सराय में टिकना, पत्थर के चूल्हों में आग जलाना, बेमौसिम की झडी, तंबाकू की चिलम से दम खींचना, कालिख की परत, सुरीला राग, राग गुनगुनाना, भाप की फुफकार, क्लांत शरीर, आत्मा को सांत्वना देना, सूनी गली, ढलवां छत, विस्तृत आवरण, चिमनियों से धुआं निकलना, गंभीर निस्तब्धता, पहाड की ढलान, काई की अनेक परतों से ढंका हुआ मंदिर, राग का गुंजार करना, आंधी का रूप धरना, आडी लकीर, हडाकाड मार, मेमना ब्याना, भयंकर हाहाकार, भारी कोहराम, हाहाकार करते हुए बाहर निकल पडना, मंदिर का पुजारी, विचार की सार्थकता, बर्फ की आंधी, बर्फ के खोंर, पसीने से सराबोर, बेहोश पडना, दैत्य हराना, टीले पर चढना, पुजारी को सीधा देना, तिरछी नजर से देखना, आदमी से मुंह फेरना, खिला-खिलाकर मोटा करना, देवता काश्राप, तुमुल ध्वनि करना, बरछा घुमाना, बरछी से छेदना, भय से कांपना, शत्रु पर प्रहार करना, तुमुल ललकार, शत्रु को ललकारना, चांद की उजली किरणें, उजली चांदनी, बरछे की लकडी को पत्थरों पर टेकना, चांदनी में चमकना, आत्मविश्वास की भावना, दैत्य को परास्त करना, जुआर का आटा, भेड का मांस, श्रद्धा से सिर झुकाना, दैवी शक्ति, चपटी नाक वाला चेहरा, छप्पर के नीचे चमर बांधना।

३. निम्नलिखित शब्दबंधों का अनुवाद कीजिये।

вооруженные силы, тайная встреча, панджабский революционер, революционная ситуация, сбежать из тюрьмы, попадать в руки полиции, сбрасывать бомбы на поселок, обмениваться делегациями, приговорить к тюремному заключению, освобождать политич-еских заключенных, марксистские идеи, описывать деревенскую жизнь, социалистический строй, ликви-дировать

социальное неравенство, пробуждать патриотические чувства, вести борьбу за свободу, труднопроходимое ущелье, легкодоступные знания, райский уголок, топтать ногами, ячье молоко, готовить пищу на очаге, несколько слоев копоти, напевать мелодию, шипение змеи, утешать усталого путника, стекать с покатой крыши, безлюдный поселок, капли дождя, тишина зимнего вечера, стоять на склоне горы, пшеничное зернышко, противостоять демону урагана, значимость события, окровав-ленное лицо, промокшая одежда, спускаться с холма, признавать поражение, смотреть презрительным взглядом, проклятье богов, белый снег, струйки пота, поклониться в пояс, почтительно слушать старших

४. निम्नलिखित शब्दों के हिंदी समानार्थक लिखिये।

буря, ураган (3); опытный (2); ассамблея, собрание (2); косой, наклонный (2); занавес (2); белый, чистый (2); собираться (3); сор, мусор (2); усталый (2); бормотать (2); як (2); печь, очаг (2); лицо (2); пробуждаться (2); сражаться, воевать (2); склон (2); останавливаться, прекращаться (2); бог (3); предатель (2); ставить, класть (2); звук (2); тишина (2); национальный (2); побежденный (2); удар (2); копье (2); ум, разум (2); стрела (3); страх (2); медленный, тихий (2); грязь (2); сердитый, злой (2); день (2); линия (2); вызывать на бой (2); в противном случае (2); восстание, мятеж (2); дождь (3); борьба (2); перед (2); вечер, сумерки (2); солнце (2); паника (2); жемчужина

५. अनुवाद कीजिये।

क. १)भारत की सशस्त्र सेना देश की रक्षा करती है। २)पंजाबी कहानीकार भारत भर में काफी मशहूर हैं। उनकी रकनाओं में न केवल पंजाब का सजीव चित्र है, वरन सिखों के समुदाय के रीति-रिवाजों का विस्तृत वर्णन है। ३)नौजवान यशपाल ने ब्रिटिश उच्चाधिकारियों की हत्या करने की साजिश में सक्रिय भाग लिया था। साजिश कामयाब न हुई और यशपाल के नाम वारंट जारी हुआ। ४)भारत में नेशनल असेंबली का नाम है लोकसभा। उसके अधिवेशनों में जनता के चुने हुए प्रतिनिधि भाग लेते हैं। आम तौर पर ये लोग काफी प्रसिद्ध तथा अनुभवप्राप्त होते हैं। ५)जो लोग कानून तोडना चाहते हैं उनको सजा पाना अनिवार्य होता है। कानून

उन्हीं के लिए भयंकर होते हैं जो उनका अतिक्रमण करते हैं। ६)भारत में अनेक ऐसे लेखक हैं जो ग्रामीण जीवन को आदर्श मानते हैं। उनमें प्रेमचंद का नाम पहले-पहल आ जाता है। ७)१८५७ के सिपाहियों के विप्लव ने राष्ट्रीय विद्रोह का रूप धर लिया। ब्रिटिश शासकों ने विद्रोहियों को देशद्रोही कहकर सख्त रूप से विप्लव को कुचल दिया। ८)सरकार चाहती है कि भारतीय समाज में आर्थिक विषमता का अंतर कम होता जाये। ९)साहित्य मानव में अनुरनग की भावनाएं जागृत करने का यत्न करता है। १०)दैत्यों के विरुद्ध संघर्ष करना पुजारियों का काम है। ११)युद्ध समाप्त होते ही सब बंदी मुक्त कर दिये गये।

ख. १)हिमालय पर्वत-शृंखला एशिया के पामीर पाठर की शाखा है। इह कश्मीर से लेकर आसाम तक तलवार के आकार में फैली है। बहुत ऊंचे होने के कारण हिमालय पर्वत सदा बर्फ से ढंके रहते हैं और कुछ संकरे दर्रों का छोडकर दुर्गम हैं। इसलिए उनकी बडी पूजी तथा मानता होती है। व्हां के लोग मानते हैं कि ऊंचे-ऊंचे पर्वतों पर तरह-तरह के देव और दैत्य रहते हैं क्योंकि बर्फ से ढंकी चोटियों तक साधारण मानव की पहुंच नहीं है। २)हिमालय में ऐसी जातियां रहती हैं जो पशुओं का पालन करती हैं। एंचे पठारों पर चमरों का पालन बहुत होता है। इसके कई कारण होते हैं। पहले तो याक ऊन व दूध देते हं, दूसरे वे माल लाने ले जाने में बडी सहायता देते हैं क्योंकि वे गहरी बर्फ पर से गुजर सकते हैं। सभी पर्वताराही दलों के साथ कुली तथा याक जाते हैं। वे सर्दी से बिलकुल नहीं डरते और सारों और छप्परों के नीचे बांधे या बेरोकटोक रहते हैं। याक भूसी को रौंद-रौंदकर चाव से खाते हैं। ३)सूरज के अस्त होने पर जब पहाडों में सांझ आ जाती है या बेमौसिम में जब सारे दिन झडी लगी रहती है मुसाफिर लोग सरायों में टिककर चूल्हों में आग जला देते हैं। चय बनाकर वे उसे कढी हुई पी लेते हैं जिससे क्लांत शरीरों को सांत्वना मिलती है। समावारों से चाय की तीखी भाप की फुफकार सुनाई पडती है और ऐसा लगता है कि समावार कोई सुरीला राग गुनगुना रहे हैं। ये समावार बहुत पुराने मालूम पडते हैं क्योंकि उनपर कालिख की अनेक परतें चढी हुई होती हैं। चय पीने के बाद अधिकांश यात्री

चिलम भरकर दम खींच रहे हैं। छतों के स्लेटों से निरंतर जल की बूंदें टपक रही हैं और ढलवां गलियों पर बह रही बारिश के जल की क्षीण धाराएं सरायों के द्वारों पर लगे कूडा-करकट तथा मल के ढेरों को क्षीण कर रही हैं। ४)सुबह को पहाडों में सन्नाटा छा जाता है। कुहरे का घना आवरण अविचल जान पडता है और इससे पहाडों की निस्तब्धता और अधिक गंभीर हो जाती है। पहाडों की ढलानों पर बांहें फैलाये दडे वृक्ष मानों इस निस्तब्धता की रक्षा कर रहे हों। ५)हिमालय पर्वत अपने पुराने मंदिरों के लिए प्रसिद्ध भी हैं। उनपर काई की अनेक परतें चढी हुई हैं। वहां के पुजारियों के डमरू मंद स्वर में किसी धार्मिक राग का गुंजार कर रहे हैं। प्द्मासन बांधे बुद्ध की मूर्त्ति के सम्मुख पद्मासन बांधे लोग “ऊं मणि पद्मने हुं” का मंत्र गुनगुना रहे हैं और तथागत बुद्ध की पूजा कर रहे हैं। ६)पहाडों में मौसम अक्सर बदलता है। सुबह से सब कुछ शांत जान पडता था, लेकिन अचानक ठंडी और तेज हवा के झोंके आ जाते हैं। आकाश से पत्थर पडने लगते हैं जो आडे तीरों की भांति पहाडों की ढलानों पर चोट कर रहे हैं। हवा के झोंके तेज होते जा रहे हैं और अंत में आंधी का रूप धर लेते हैं। पत्थर-वृष्टि और ओलों की कडाकाड मार से सारा वातावरण मुखरित हो उठता है और लगता है कि दो अक्षौहिणी सेनाएं जीवन-मरण की लडाई लड रही हैं जिसमें वाणों का स्थान पत्थर ले लेते हैं। सहसा कौरवों तथा पांडवों की यह लडाई थक जाती है और अंधड चला जाता है। आकाश पर सिर सूरज चमकने लगता है और चारों ओर फिर से सन्नाटा छा जाता है। ७)भारत के कुछ इलाकों में फसल में दाना पडने के साथ-साथ घर के पशु ब्याने लगते हैं। भेडों के मेमने बहुत सुंदर होते हैं, वे कूदते-उछलते हैं, इधर-उधर दौडते हैं और बडे चाव से अपनी माताओं का दूध पीते हैं। ८)जो कुत्ता भौंकता है वह काटता नहीं, जो चुप रहता है वही झपटकर काटता है। ९)कुरुक्षेत्र के युद्ध के समय बरछा, वाण तथा तलवार मुख्य हथियार थे। युद्धरत दोनों पक्ष एक-दूसरे पर बाण-वृष्टि करते थे। महाभारत के अनुसार इस महान् युद्ध में कौरवों की सेना परास्त हुई और पांडवों ने भगवान् कृष्ण की सहायता से अधिकांश कौरवों को मार डाला। १०)भारत में मंदिर प्राय: पहाड या टीले पर बना होता

है। मंदिर का पुजारी वेतन नहीं पाता, वश समुदाय की भेंटों या दक्षिणा पर रहता है, इसको सीधा भी दिया जाता है। पूजा करने वाले उसे आटा, दाल-रोटी, गाय-भैंस का दूध, मक्खन और सैकडों दूसरी चीजें भेंटस्वरूप दिया करते हैं। इसके बदले पुजारी उन लोगों को सभी मुसीबतों से बचाता है। लेकिन कभी-कभी देवता लोग पुजारी से रुष्ट हो जाते हैं और उसे दैवी शक्ति से वंचित करते हैं। त्ब लोग कहते हैं कि हमपर देवताओं का श्राप पडा है। ११)वीभत्स स्वरों में "हल-हल" की ललकार करते हुए वीर राजपूत मुगल सिपाहियों पर टूट पडते थे। शत्रुओं पर वे बरछे और तलवार के प्रहार करते थे। "हर-हर महादेव" की भयानक ललकारों से सारा वातावरण मुखरित हो उठता था। राजपूत हार नहीं मानते, वे शत्रुओं के सामने सिर हर्गिज नहीं झुकाते। उनके लिए मौत आत्मसमर्पण से बेहतर थी। जब वे देखते थे कि पराजय अनिवार्य है, वे अपने स्त्री-बच्चों को आग की भेंट करते थे और स्वयं लडाई में कूद पडते थे ताकि जूझते हुए मरें। पुजारी लोग सारी बस्ती में आग लगा देते और इस तरह सब कुछ छाई में मिल जाता था जिसके कारण शत्रु के हाथों में कुछ भी नहीं आता। १२)चांद की उजली किरणों में बर्फ से ढंकी चोटियां ऐसे चमकती थीं कि आंखें चौंधिया रही थीं। ढलानों पर पडी निर्मल बर्फ धुनी हुई रूई जैसी जान पडती थी।

६. अनुवाद कीजिये।

1. Высоко-высоко в Гималаях, на склонах гор можно увидеть маленькие деревеньки, которые отделены от внешнего мира труднопроходимыми горами и ущельями. Люди там живут по законам прошлых веков. Порой кажется, что жизнь там остановилась в каком-то странном оцепенении. Жители этих деревень обычно верят в богов, поклоняются им и приносят обильные дары. Они верят и в божественную силу жрецов.

2. В Индии в районе Гималаев рано заходит солнце и очень быстро наступает вечер. Затихают поля, замолкает скотина в хлевах, засыпают обитатели домов и только в караван-сараях усталые от дороги путники, сидя вокруг очага, ведут неторопливую беседу. Мелодично поет старый закоптелый самовар, из которого с шипением вырываются пары кипящего чая. Горячий чай приносит облегчение, и на душе становится спокойно. После чая люди

набивают табаком трубки и с наслаждением вдыхают его терпкий запах. На пустынных улицах слышится лишь лай собак. Но вскоре все погружается в тишину.

3. Изменчива погода в горах. Утром ярко светило солнце, на небе не было ни облачка, но вдруг налетел первый порыв холодного ветра, за ним другой, третий... Набежали тучи, брызнули первые капли дождя, и вот дождь уже льет как из ведра. По узеньким улочкам побежали потоки дождевой воды, размывая кучи нечистот и мусора. С дождем пришел и град. Крупные градины забили по черепичным и дощатым крышам, по намокшим садам и полям, поражая урожай и плодовые деревья. Испуганно закричали люди, залаяли собаки, заплакали дети, и через несколько мгновений паника охватила весь поселок. Налетел ураган. Сверху, как будто с неба полетели камни, разрушая дома, коровники, навесы для скота. На черном небе засверкали молнии. Но вдруг сквозь просвет в облаках проглянул первый луч солнца. Порывы ветра подхватили облака и унесли их с собой. На голубом небе вновь ярко засияло солнце. Люди успокоились и принялись устранять последствия урагана.

4. Лев Толстой — один из величайших писателей мира. Его первые повести сразу же поставили его в ряд крупнейших русских писателей.

Талант Толстого велик и многогранен. Его произведения охватывают почти все проблемы современной ему действительности. Толстой сам был участником многих событий, о которых писал.

Романы Толстого “Война и мир”, “Анна Каренина”, “Воскресенье” известны во всем мире. Переведены эти романы и на язык хинди.

Толстой известен не только как гениальный писатель, но и как философ-мыслитель. Религиозно-философские взгляды Толстого по-лучили признание в различных странах Запада и Востока. Толстой переписывался со многими выдающимися общественными деятелями, среди которых был и Махатма Ганди.

७. निम्नलिखित मुहावरोंका प्रयोग करके वाक्य बनाइये।

दम खींचना, बाह फैलाना, रूप धरना, पार पाना, दाना पडना, छाई में मिलना, मुंह फेरना, मौत के मुंह में जाना, दांत खट्टे करना, हानि पहुंचाना, एकत्र होना, झडी लगना।

८. निम्नलिखित वाक्यों को पूरा कीजिये।

१)घने बादलों के कारण ठीक जान नहीं पडता कि ...। २)सूनी, तंग, हाथ-हाथ चौडी गलियों में लकडी और पत्थर की नीची, ढलवां छतों से निरंतर ...। ३)गांव के किनारे बने काई की कई परतों से ढंककर हरे हो गये तथागत बुद्ध के मंदिर से ...। ४)हवा की तेजी से वे आडे तीरों की तरह चोट कर रहे थे मानो ...। ५)आखिर जब बरछी से पैने बर्फ के खौरों से उसका चेहरा लहू-लुहान हो गया, ...। ६)वह जानता था, दूसरी बार दैत्य से हारकर लौटने का अर्थ होगा ...। ७)दैत्य ने हानि बहुत पहुंचायी, परंतु ...। ८)पूंगपू ने बरछी उठाकर कहा: ...। ९)जब पुजारी तूफान के दैत्य से लडकर गांव की रक्षा नहीं कर सकता तो ...। १०)उसमें कढती हुई चाय की तीखी भाप की फुफकार, ...।

९. खाली जगहों में आवश्यक शब्द लिखकर रूसी में अनुवाद कीजिये।

१)आने-जाने मुसाफिर सराय में ... पत्थर के चूल्हों में आग जला चुके थे। २)बेमौसिम की धीमी-धीमी ... लग रही थी। ३)आग पर धरे, ... की अनेक परतें चढे हुए “समावार” अपना सुरीला ... गुनगुना रहे थे। ४)झामामूची में पूरा ... था। ५) ... न होने के कारण छतों के किनारों से धुआं फूट-फूटकर बादल का एक विस्तृत ... छा गया था। ६)उससे गांव की ... और भी गंभीर हो गयी थी। ७)उसने ... का रूप धर लिया। वह ... बन गया और फिर तूफान! ८)पहाड की ... से पत्थर पडने लगे। ९)ओलों की ... मार से झामामूची ... हो उठा। १०)भेडें ... चुकी थी। ११)गांव भर में ... मच गया। १२)सब फसाल ... में मिल गयी। १३)किसी ने पुजारी को ... नहीं दिया। १४)गांववाले पुजारी को क्रोध और ... भरी दृष्टि से देखकर मुंह फेर लेते। १५)... से उसका शरीर कांप रहा था। १६)कालेज में बी.ए. पास कर वे ... क्रांति के ... संगठन के

सदस्य बने और ... आंदोलन कें सक्रिय भाग लेने लगे। १७)... स्वर में तुमुल “हल-हल” ध्वनि कर ... घुमाते हुए वह चोटी की ओर दौड पडा। १८)दरवाजों औरु छतों की ... में चांद की उजली किरणें भीतर आने लगे। १९)उजली ...में आंखें ... रही थीं। २०)वह ललकार-ललकारकर तूफान पर बरछे और तलवार का ... कर रहा था। २१)ग्रामवासी मंदिर के आंगन में ... होने लगे। २२)उसके चौडे चेहरे, माथे और चपटी नाक पर पसीने की ... चांदनी में चमक रही थीं। २३)गांववालों ने ... से सिर झुकाकर नियम सेभेंट पहुंचाने की ... की। २४)कितनी जल्दी पुंगपू ने तूफान के दैत्य के दांत ... कर दिये! २५)... में चमर बैल ... को रौंद-रौंदकर खा रहे थे। २६)हिमालय पहाड की इतनी अधिक पूजा और ... इसलिए है कि मनुष्य के लिए वह ... नहीं। २७)और तख्तों की छतों पर वर्षा की ...के गिरने के अतिरिक्त और कोई शब्द कहीं सुनाई न देता था। २८)घरों में लोग कंबल के कपडे पहने आग के चारों ओर बैठे। त्बाकू की ... से दम खींच-खींचकर खांस रहे थे। २९)जिस सीमा से आगे मनुष्य की शक्ति और ... नहीं जा सकती, वहीं से भगवान् और देवताओं का राज्य आरंभ हो जाता। ३०)पुंगपू ... मानकर ... से नीचे उतर आया।

१०. निम्नलिखित सवालों का जवाब दीजिये।

1) Где и когда родился Яшпал? 2) Как протекало его детство? 3) Когда он начал принимать участие в революционном движении? 4) Что сделал он, участ-вуя в революционном движении? 5)Сколько раз полиция выдавала ордер на его арест? 6) Когда Яшпала освободили из тюрьмы? 7) Когда его аресто-вали в первый раз? 8) Когда и где начал писать Яшпал? 9) Какие произведения он обычно писал? 10) Почему Яшпала считают преемником Премчанда? 11) В чем состоит особенность его произведений? 12) В каком районе Индии происходили события рассказа “Демон бури”? 13) Почему Гималаи называют “обителью богов”? 14) Какая погода в Джхамамучи описывается в начале рассказа? 15) Чем занимались люди и животные? 16) Из какой посуды пили люди чай? 17) Какой была обстановка в Джхамамучи? 18) Какие звуки нарушали тишину в деревне? 19) С чем сравнивает Яшпал ураган, налетеший на Джхамамучи? 20)Что случилось с урожаем и скотом?

21) Почему в деревне поднялась паника? 22) Что делали люди и животные во время бури? 23) Почему люди пошли звать Пунгапу? 24) Кем был Пунгапу? 25) Чем занимался жрец в деревне? 26) Почему люди начали презирать Пунгапу? 27) Как сражался Пунгапу с демоном? 28) Чего на этот раз боялся Пунгапу? 29) Сумел ли Пунгапу победить демона бури? 30) Как приветствовали жители деревни Пунгапу? 31) Что велел принести Пунгапу жителям деревни? 32) Ве-рите ли вы в божественную силу Пунгапу?

११. अनुवाद करके अपने शब्दोंमें सुनाइये।

О плохом друге
(индийская сказка)

Как-то шакал сказал верблюду:

— Давай переплывем на другой берег. Там растет сладкий тростник.

Шакал не умел плавать, поэтому он сел на спину верблюду, и тот повез его через реку. Неподалеку было большое поле сахарного тростника. Верблюд стал есть тростник, а шакал в это время ловил рыбу на берегу.

После обеда шакал прибежал к верблюду, стал бегать по полю и кричать от удовольствия. Жители деревни услышали голос шакала, взяли толстые палки и побежали в поле. Как только шакал увидел людей, он быстро спрятался. А крестьяне увидели верблюда, который ел тростник, и начали бить его палками.

Верблюд с трудом убежал от людей. На берегу его встретил шакал и сказал:

— Пора уже домой.

— Пора, — ответил верблюд.

— Я прыгну тебе на спину.

— Прыгай, — разрешил верблюд.

Когда они немного отплыли от берега, верблюд спросил:

— Скажи, друг, почему ты так громко кричал? Разве ты не знал, что прибегут люди и начнут бить меня? Зачем ты это сделал?

— Не знаю, — ответил шакал, — не знаю. Просто у меня такая привычка: после обеда я люблю громко кричать.

— Ну тогда другое дело, — сказал верблюд. — Раз у тебя такая привычка, ты не виноват.

Доплыв до середины реки, где было глубоко, верблюд вдруг сказал:

— Послушай, мне хочется нырять!

— Что ты, что ты! — закричал шакал. — Здесь самое глубокое место на реке. Не делай этого! Зачем тебе нужно нырять?

— Не знаю, — ответил верблюд, — не знаю. Просто у меня такая привычка: после того как меня побьют палками, я люблю плавать и нырять.

Так верблюд и сделал: он нырнул, а когда вынырнул, то шакала на спине у него не было.

१२. शब्दकोश की सहायता से कहानी समझकर इसे रूसी और हिंदी में सुनाइये।

सत्याग्रह

गंधी जी के संचालन में कांग्रेस और खिलाफत ने आदेश दिया: सरकार से असहयोग किया जाये। अदालतों, सरकारी शिक्षा संस्थाओं का बहिष्कार किया जाये। सरकार-पुलिस-फौज की नौकरी हराम है। देश के अनेक चोटी के वकीलों प. मोतीलाल नेहरू, चितरंजन दास। भूलाभाई देसाई, राजगोपालाचार्य, डा. किचलू, डा. आलम ने वमालतें छोड दीं, अनेक साधारण स्थिति के वकीलों ने भी। कुछ ऊंचे पद के सरकारी नौकरों ने और हजारों मामूली लोगों ने सरकारी नौकियां छोड दीं। लाखों विद्यार्थी स्कूल-कालेज छोड सक्रिय आंदोलन में कूद पडे।

सत्याग्रह था – विदेशी माल और शराब के बहिष्कार के लिए। प्रयोजन था – विदेशी माल, खास तौर पर विदेशी कपडे की खपत रोककर ब्रिटेन पर आर्थिक दबाव डालना, शराब की बिक्री रोककर सरकार को शराब के कर की हानि पहुंचाना। जनता में विदेशी कपडे से घृणा फैलाने के लिए सार्वजनिक स्थानों में विदेशी कपडे की होली जलाना। विदेशी कपडे की बिक्री रोकने के लिए कांग्रेस और खिलाफत के स्वयंसेवक बजाजों की दुकानों के सामने धरना देकर विनयपूर्वक दुमानदारों को विदेशी माल न बेचने और ग्राहकों

को विदेशी माल न खरीदने के लिए समझाते। ग्राहकों के न मानने पर स्वयंसेवक उनका रास्ता रोकने के लिए दुकानों के सामने लेट जाते।

गंधी जी का आदेश था: सत्याग्रही स्वयंसेवक केवल विनय और सहिष्णुता से सत्याग्रह द्वारा ही दुकानदारों और ग्राहकों का हृदय परिवर्त्तन करके विदेशी कपडे और शराब की बिक्री को रोकें। परंतु कुछ ग्राहक, खास तौर पर पुलिस द्वारा सिखाकर भेजे लोग दुकानों के सामने लेटे सत्याग्रही स्वयंसेवकों को लांघकर या उनके शरीरों पर पांव रखकर दुकान तक पहुंच जाने का पराक्रम दिखाने को तैयार हो जाते। स्वयंसेवक सत्याग्रह की ऐसी अवज्ञा कैसे सह लेते! सत्याग्रह का प्रयोजन आवारा लोगों के पांव तले रौंदे जाना नहीं, विदेशी माल और शराक की बिक्री को रोकना था। सत्याग्रह की ऐसी पराजय का जनता पर क्या प्रभाव पडता! दुकानों के सामने लेटे हुए सत्याग्रही स्वयंसेवक अपने शरीर को लांघकर या रौंदकर जानेवालों के घुटने-पिण्डलियों के रोयें नोच-नोचकर उन्हें बिलखते-बिलबिलाते लौटा देते। सत्याग्रह या धरना की इस विद्या ने ही मजदूरों के हाथ पडकर "घेराओ" आंदोलन का रूप ले लिया।

सरकार ने घोषणा की: विदेशी कपडा और शराब बेचने वाले व्यापारियों के स्वतंत्रता से व्यवसाय कर सकने के नागरिक अधिकार की रक्षा सरकार का कर्त्तव्य है। सत्यग्रह द्वारा व्यापारियों को परेशान करने वाले स्वयंसेवकों को पुलिस मार-पीटकर भगा देने का यत्न करती। सत्याग्रही न मार से भागते, न पुलिस पर हाथ उठाते; निश्चल बैठकर निर्विरोध मार सह लेते। स्वयंसेवकों के सिर फट जाते, खून बह जाता। पुलिस स्वयंसेवकों को घसीटकर दूर फेंक देती। एनके शरीर छिल जाते। स्वयंसेवक लौटकर फिर दुकानों के सामने लेट जाते। पुलिस उन्हें हथकडियां पहनाकर जेल ले जाती। जनता में विदेशी माल और शराब के व्यापारियों के प्रति घृणा औ क्षोभ फैल जाता, सत्याग्रही स्वयंसेवकों के प्रति सराहना और सहानुभूति। गांधी जी द्वारा निर्देशित लडाई की नीति ही अहिंसात्मक संघर्ष का मार्ग था।

(*यशपाल के "मेरी तेरी उसकी बात" के उपन्यास से*)

१३. शब्दकोश की सहायता से अनुवाद करके अपने शब्दों में सुनाइये।

Подарок Грига

Композитор Эдвард Григ проводил осень в лесах около Бергена. Однажды он встретил в лесу маленькую девочку — дочь лесника. Она собирала в корзину еловые шишки.

— Как тебя зовут, девочка? — спросил Григ.

— Дагни Педерсен, — тихо ответила девочка.

Она ответила тихо не от испуга, а от смущения. Испугаться она не могла, потому что у Грига глаза были добрые и смеялись.

— Вот беда! — сказал Григ. — Мне нечего тебе подарить. У меня ничего с собой нет. Но я придумал, Дагни: я подарю тебе интересную вещь, но только не сейчас, а через десять лет!

Дагни, узнав, что подарок нужно ждать десять лет, чуть не заплакала от огорчения. А Григ прдолжал:

— Понимаешь, Дагни, я делаю подарки только взрослым. — Он погладил девочку по голове и пошел в сторону моря.

Прошли годы. В восемнадцать лет Дагни окончила школу. По этому случаю отец отправил ее в город погостить к своей сестре, которая работала в театре. Дагни часто ходила смотреть спектакли. Ей очень нравился театр.

Однажды тетя повела Дагни на концерт. Стояла теплая погода. Концерты проходили в городском парке под открытым небом.

Дагни впервые слушала симфоническую музыку. Девушке казалось, что она видит чудесные сны, один прекраснее другого.

Вдруг она вздрогнула от удивления и подняла глаза. Она услышала свое имя. Конферансье объявил:

— Сейчас будет исполнена музыкальная пьса Грига, посвященная Дагни Педерсен, дочери лесника, по случаю того, что ей исполнилось восемнадцать лет.

Дагни нагнулась и закрыла лицо лодонями. Сначала от волнения она ничего не слышала. Потом чудные звуки музыки проникли в ее сердце.

Да! Это был ее лес, ее родина! Ее горы, шум ее моря. Дагни плакала, плакала от счастья и благодарности.

А музыка звала за собой, говорила о том, как прекрасна жизнь.

(По рассказу Г.К. Паустовского)

१४. शब्दकोश की सहायता से कहानी को समझकर इसे रूसी और हिंदी में सुनाइये।

वाइसराय की गाडी के नीचे विस्फोट

अब वाइसराय की गाडी आने में पंद्रह मिनट से अधिक समय न हो सकता था। कोहरा-भरी वायु में अंधकार का कालापन कुछ कम होकर सफेदी बढ गयी थी परंतु ऐसे जैसे धुनी हुई रूई हवा में भर गयी हो। दस कदम दूर की झाडियां दिखाई न दे रही थीं। सोचा, यदि वाइसराय की गाडी के सामने लगा तीव्र प्रकाश भी दिखाई न दिया तो निश्चित स्थान पर गाडी का पहुंचना कैसे पता लगेगा? निश्चय किया, जैसे भी हो आहट से अनुमान लगाना होगा कि गाडी का इंजन निश्चित स्थान पर पहुंच रहा है।

दूसरी योजना थी कि इंजन के निश्चित स्थान पर पहुंचते ही इंजन के मुंह पर धक्के के रूप में विस्फोट किया जाये। इससे इंजन पटरी से नीचे गिर जाएगा; जैसे दो गाडियों के आमने-सामने भिड जाने पर होता है। मथुरा की ओर से फिर लाइन पर आहट सुनाई दी। आहट नयी दिल्ली की ओर बढती जा रही थी। कोहरे में आंखें फाड-फाडकर मैंने इंजन के साने लगा प्रकाश लेखने का यत्न किया। कुछ न दिखाई दिया। अब आहट के आधार पर ही ठीक समय पर बैटरी का बटन दबाना आवश्यक था। गाडी की आहट बिलकुल पास आ गयी। मैं सांस रोके, बटन पर हाथ रखे हपनी संपूर्ण चेतना को कानों में समेटे, आहट ठीक स्थान पर पहुंचने की प्रतीक्षा कर रहा था। मेरी समझ के अनुसार यह पाल आया और मैंने बटन दबा दिया।

बटन के दबते ही विस्फोट का भयंकर धडाका हुआ। मेरी कल्पना थी कि विस्फोट के शब्द के साथ ही गाडियों के आपस में भिडने और गडगडाहट से ढलान पर लुढकने का शब्द होगा। मेरी आशा और कल्पना के प्रतिकूल गाडी के नियमित रूप से, खूब तेज चाल से दौडते चले जाने की आहट नयी दिल्ली की ओर बढ गयी।

असफलता और निराशा से मेरा हृदय बैठ-सा गया। मेरा अनुमान है, निराशा के ऐसे ही धक्के से लोगों के हृदय की गति

बंद हो जाती होगी। मैं असफल, निराश, असहाय और भौचक खडा रह गया।

विस्फोटमें से गाडी के सही-सलामत गुजर जाने पर यही आशा थी कि लाइन के दोनों ओर कुछ-कुछ अंतर पर पहरे के लिए खडे पुलिस के आदमी मेरी ओर दौड पडेंगे। मैंने कंधे से लटकती पेटी से पिस्तौल निकालकर हाथ में साध लिया। दोनों पांवों के पंजे पर शरीर को तौला और आंखें फाड-फाडकर अपनी ओर आनेवालों को देखने की चेष्टा करने लगा।

लगभग एक मिनट इसी प्रकार गुजर गया। मन में विचार आया, मैं व्यर्थ ही पकडे जाने की प्रतीक्षा कर रहा हूं। चलना चाहिए।

मेटरसाइकिल की ओर चलते ही ख्याल आया, यह असम्भव है कि पकडने वाले न आयें। भागने का अर्थ होगा कि मेरी पीठ पर गोली लगे। मरना था तो पीठ पर गोली खाकर मरना अपमानजनक जान पडा। फिर खडा हो गया, बल्कि खूब याद आया है कि साहस से मुस्कराने की चेष्टा कर मन ही मन ललकारा – आओ, जिसे आना हो। डेढ-दो मिनट इसी अवस्था में बीत गये। न किसी के आने की आहट मिली, न कोई आता दिखाई दिया।

मैं मोटरसाइकिल की ओर चल पडा परंतु दो कदम उस ओर उठाकर पीठ पीछे देख लेता किकोई पीछा तो नहीं कर रहा। ऐसे ही पीछे देखता, आगे बढता सडक पर पहुंच गया।

मुझे देखते ही भागराम बोला, “कुछ नहीं हुआ?”

हाथ हिलाकर अपनी असफलता और निराशा प्रकट की।

“मसाला कम होगा”, भागराम ने अनुमान प्रकट किया।

“हो सकता है”, उत्तर दे दिया।

“लौटनेमें बहुत देर लगा दी, मैं परेशान था”, भागराम ने कहा, “न गोली चलने की आवाज आ रही थी न तुम्हीं आ रहे थे”।

मोटरसाइकिल चालू करने के लिए उसने स्टार्टर पर पांव मारा। एक बार, दो बार, बीस बार स्टार्टर परपूरी शक्ति के साथ पांव मारा। मैं हांफ गया। इंजन नहीं चलता। मैं एक ओर हट गया और भागराम ने चलाने की कोशिश की परंतु मोटरसाइकिल न चली।

भगराम ने विचार प्रकट किया कि सर्दी से इंजन जम रहा है, ण्केलने सेठीक हो जाएगा। इंजन को गेयर लगाकर दोनों ने मिलकर मोटरसाइकिल को कुछ दूर तक ढकेला। इसपर भी गाडी न चली। हम लोग गाडी को लगभगदो फर्लांग ढकेल ले गये, परंतु वह न चली।

हृम लोग बारी-बारी से गाडी को दिल्ली की ओर ढकेलते गये। जेल के सामने पहुंचकर मैंने गाडी ढकेलने के लिए भागराम को ही दे दी क्योंकि सडक पर आते-जाते लोग दिखाई देने लगे थे। हम लोग “फैज बाजार” में पहुंच गये। वहां कोतवाली के समीप ही एक मोटरसाइकिल ठकि करने का कारखाना था। एक व्यक्ति रजाई में सिकुडा कारखाने के बरामदे में पडा था।

भगराम ने उसे कडे स्वर में पुकारकर जगाया और बोला, “कप्तान साहब का मोटरसाइकिल खराब हो गया, इसे चालू करके रखो। आदमी आकर ले जाएगा”।

इसके बाल हमने चांदनी चौक में कुछ खाया और फिर सवार होकर गाजियाबाद पहुंचे।

(*यशपाल के “वे तूफानी दिन” से*)

चुटकुले

१. पिता – बेटा, अब तो उठो देखो, चिडियां भी दाना खोज रही हैं।

बेटा – पर मुझे अभी भूख नहीं लगी है।

२. पिता – बेटा, हाथी और घोडे में क्या फर्क है?

बेटा - घोडे की एक दुम होती है जबकि हाथी की दो दुमें होती हैं, एक आगे, एक पीछे।

३. डाक्टर ने रोगी से पूछा: “तुम्हें क्या बीमारी है?”

रोगी – “मुझे खाने के बाद भूख नहीं लगती”।

४. “हम हर तीसरे साल छुट्टियां मनाने बाहर जाते हैं”

”और बाकी दो साल क्या करते हैं?”

”पहले साल पिछली छुट्टियों के बारे में बातें करते हैं। और दूसरे साल आने वाली छुट्टियों के लिए योजना बनाते हैं।

छठा पाठ

व्याकरण

Падеж и падежные отношения

Падеж как морфологическая словоизменитель-ная категория прослеживается в хинди только у местоимений-существительных, где различаются следующие падежи: 1) прямой, равный словарной форме местоимения; 2) объектный, образуемый при-соединением падежного суффикса ए к косвенной форме местоимений ед. числа и аналогичного суффикса एं к такой же форме местоимений мн. числа: *मैं - मुझे, तू – तुझे, वह – उसे, यह – इसे; हम – हमें, तुम – तुम्हें, वे – उन्हें, ये – इन्हें* (местоимение *आप* формы объектного падежа не имеет); 3) послеложно-косвенный, образуемый присоединением простого послелога (кроме *ने*) к косвенной форме: *मुझ को, तुझ से, हम पर* (сложные послелоги присо-единяются своей именной частью к притяжательным местоимениям: *मेरे लिए, तुम्हारे बारे में, उसकी भांति*); 4) эргативный, образуемый присоединением послелога *ने* к прямой форме личных местоимений и косвенной форме остальных местоимений: *मैंने, उन्होंने, किन्हों ने.*

Имена существительные и другие субстантивы категорией падежа не обладают.

По своим словоизменительным возможностям все слова в хинди делятся на: 1) *изменяемые*, к которым относятся лексические единицы, состоящие из основы и изменяемого окончания आ (आं), и 2) *неизменяемые*, состоящие из одной основы. Перед послелогом изменяемые слова меняют окончание: *लडका – लडके को (पर, के लिए).* Словоформа *लडके* сама по себе никаких синтаксических отношений к другим словам не передает. Эти отношения проявляются только на уровне словосочетания и предложения: *लडके से लेना, लडके से आशा, लडके से दूर, लडके से सोया नहीं जाता.*

Слова, состоящие из одной основы, в ед. числе перед послелогами не изменяются: *लडकी – लडकी को, पिता – पिता के लिए, मेज – मेथ पर से.* Во мн. числе слова первой группы меняют окончание आ (आं) на ओं (показатель множественности), а слова второй группы присоединяют этот показатель к основе: *लडका – लडके को, बालक – बालकों को.*

Следует помнить, что слово с показателем множественности и многозначным послелогом также не выражает конкретных синтаксических отношений. Слово в звательной форме выступает изолированно от остальных компонентов предложения и не выражает никаких синтаксических отношений применительно к ним.

Таким образом, существительные и другие субстантивы не имеют противопоставления хотя бы двух изменяемых окончаний или изменяемых форм, несущих различное грамматические значение (*ср. русский: мальчик-мальчик<u>а</u>-мальчик<u>у</u>-мальчик<u>а</u>-мальчик<u>ом</u>-о мальчик<u>е</u>*).

Отсутствие такого противопоставления не позволяет усматривать в хинди категорию падежа.

Падежные отношения в хинди передаются с помощью различных послелогов на уровне словосочетания и предложения. Исключение составляют слова с послелогом деятеля ने, выступающие в функции субъекта предложения. Слова, согласно традиционной индийской грамматике, выражают следующие “глубинные падежи” (“падежные отношения”): 1) падеж деятеля, или именительный, который передается словарной формой падежа субстантива, а также формой его мн. числа: *लडके आये, लडकियां गयीं, मेज गोल है, किसान बोला, बहिनें रो पडीं*; 2) аккузативный, или объектный, в функции которого выступают: а) сло-варная форма (*आदमी देखना*), б) объектный падеж местоимений (*उसे देखना*), в) послеложно-косвенная форма субстантива или послеложно-косвенный падеж местоимения (*आदमी (उस) को देखना*); 3) дательный, в функции которого выступают; а) послеложно-косвенная форма субстантива или аналогичный па-деж местоимения: (*आदमी (उस) को देना*), б) объект-ный падеж местоимений (*उसे देना*); 4) инстру-ментальный, или творительный, в функции которого выступают послеложно-

косвенная форма субстантива или аналогичный падеж местоимений с послелогом *से: हाथ से मारना, मुझसे सोया नहीं जाता* или орудийными послелогами: *गाडी द्वारा लाना, पिता के हाथों मारना*; 5) отложительный, в функции которого употребляются те же словоформы, что и в инструментальном падеже, но только с одним после-логом *से: बालक से लेना, नगर से दूर*; 6) местный, в функции которого выступают аналогичные предыдущему "падежу" формы субстантивов и местоимений, но с послелогами *पर, में: मेज पर रखना, कमरे में घुसना.*

Кроме этих шести "падежей", иногда усматривают еще два падежа, не связанных отношением имени и глагола: 1) генетив, или родительный падеж, в функции которого выступают косвенные формы субстантивов с послелогом принадлежности *का: पिता का घर, राजा का महल* и 2) вокатив, или звательный падеж, представленный звательными формами субстантивов: *हे लडके, अरे लडको, हे बालक, अरे बालको.*

Предложение (обобщение)

Предложение в хинди представляет собой целостную единицу речи (высказывания) или особую синтаксическую конструкцию, оформленную грамматически и интонационно. Структурно предложение является синтаксическим комплексом, в котором отчетливо проявляются два или три главных компонента: субъект и сказуемое или субъект, подлежащее и сказуемое, расположенные в устоявшемся грамматическом порядке.

В зависимости от цели высказывания предложения могут быть повествовательными, вопросительными и восклицательными (побудитель-ными). Простое предложение представляет собой элементарную синтаксическую единицу, при этом нераспространенное предложение состоит из одних главных компонентов, которые могут расширяться, что обусловливается их способностью к расширению. На этой базе возникают простые распространенные предложения: *विश्वविद्यालय के एक प्रोफेसर ने किताबों की दुकान में एक दिलचस्प पुस्तक खरीद ली थी.*

Предложение может расширяться и в целом за счет различных обстоятельств, относящихся ко всему предложению: *इन दिनों मुझसे बडी भूल हुई.*

Сложное предложение представляет собой объединение двух и более простых предложений, что совершается как посредством союзов и союзных слов, так и в виде бессоюзного примыкания. При этом части сложного целого вступают между собой в определенные семантико-синтаксические отношения. В зависимости от средств связи и семантики сложные предложения делятся на сложносочиненные, состоящие из формально самостоятельных частей, и сложноподчиненные, представленные главной и придаточной частью. Отдельные типы этих предложение могут семантически перекрещиваться: *वह नहीं आया था इसलिएमैं भी नही) गया – चूंकि वह नहीं आया था इसलिए मैं भी नहीं गया.*

Ломка конструкции наблюдается на стыке номинативного и эргативного предложений (главным образом), объединенных в единое целое: *मैंने खाना खाया और चला गया, मैं आया और किताब खरीदी..*

Одно и то же структурное построение сложного предложения может иметь различную модальность: *(जब) बारिश होती तो हम काम पर नहीं जाते — (अगर) बारिश होती तो हम काम पर नहीं जाते* (реальный план, изъявительное наклонение, прошедшее время — нереальный план, условное наклонение).

पाठ

रांगेय राघव

(जीवनी)

हिंदी के विख्यात लेखक रांगेय राघव का जन्म १७ जनवरी १९२३ ई. में भरतपुर (राजस्थान) के नजदीक एक छोटे से गांव में हुआ था। उनके पिता काफी पढे-लिखे व्यक्ति थे जो अपने बेटे को अच्छी से अच्छी शिक्षा प्रदान करना चाहते थे। स्कूल की परीक्षा पास करके वे शिक्षा जारी रखने के लिए आगरा गये और वहां के

विश्वविद्यालय में प्रवेश किया औरु इसतहास एवं साहित्य के विभाग में पढने लगे। एम.ए. भी पास करके वे शांतिनिकेतन गये और रविन्द्रनाथ टैगोर द्वारा स्थापित “विश्वभारती” विश्वविद्यालय में दाखिल हुए। वहां उन्होंने पी-एच.डी. की उपाधि पाने के लिए शोधकार्य आरंभ किया जिसके परिणामस्वरूप निबंध लिखकर पी-एच.डी. प्राप्त की।

बीस साल से कम की अवस्था में रांगेय राघव लिखने लगे और मरते दम तक १३० से ज्यादा पुस्तकें लिखींजिनमें सामाजिक-ऐतिहासिक उपन्यास, नाटक, कविताएं, कहानियां और निबंध थे। उनके पहले ही उपन्यास “घरौंदे” ने पाठकों का ध्यान आकर्षित किया। जीवन की भीषण विकृति, समस्या एवं उलझनग्रस्त यथार्थता के चित्रण में उनके उपन्यास बडे सफल हैं। थोडे ही समय में उन्होंने अनेक उपन्यास लिखकर ख्याति प्राप्त कर ली है। उनके उपन्यासों के कथानक विविध भूमियों से लिये गये हैं जिनका वे सुंदर उद्घाटन करते हैं। वर्णन और चरित्र-चित्रण भी उनके बडे यथार्थऔर रोचक लगते हैं। उनके उपन्यासों में कुतूहल घटना और चरित्र दोनों ही द्वारा संपादित हुआ है। उनकी भाषा परिस्थिति और पात्र के अनुकूल चलती है। वार्तालाप स्वाभाविक हैं। उनके लिखे उपन्यासों में “मुर्दों का टीला”, “विषदपथ”, “सीधा-सादा रास्ता”, “बंदूक और वीणा”, “कब तक पुकारूं?” विशेष उल्लेखनीय हैं। रांगेय राघव के दो उपन्यास “मुर्दों का टीला” और “कब तक पुकारूं?” रूसी भाषामें अनूदित हुए हैं।

रांगेय राघव अच्छी कविताएं भी लिखते थे। सन् १९४३ ई. में उन्होंने स्तालिनग्राद की लडाई के सिलसिले में “अजेय खंडहर” नामक कविता लिखी।

रांगेय राघव अच्छे अनुवादक थे। उन्होंने शेक्सपियर के कई नाटकों का हिंदी में अनुवाद किया। उन्होंने प्रसिद्ध रूसी कवि मायाकोव्स्की की एक कविता “बायीं ओर मार्च करो” का अनुवाल भी किया।

रांगेय राघव ने अपना वैज्ञानिक कार्य भी जारी रखा और इतिहास तथा साहित्य संबंधी अनेक निबंध लिखे जिनमें “प्राचीन भारतीय परंपरा औरु इतिहास”, “काव्य, यथार्थवाद और प्रगति” “काव्य, कला और शास्त्र” विशेष उल्लेखनीय हैं।

रांगेय राघव काफी अच्छे चित्रकार भी थे। हिंदी में कालिदास की कविता "मेघदूत" अनूदित करके उन्होंने इससे संबंधी अनेक सुंदर चित्र भी खींच लिये।

स्वास्थ्य खराब होते जाने के कारण उन्हें आगरा छोडकरवापस राजस्थान में जाना पडा, परंतु बीमारी लाइलाज थी। १२ सितंबर १९६२ ई. को मुम्बई में रांगेय राघव का देहांत हुआ।

रांगेय राघव

ऐसे ही थे भारत में अंग्रेज

सुबह चाय पीते वक्त सूसन ने अपने पिता से कहा: "डैडी!"

"हूं"। बूढे ने टोस्ट खाते हुए कहा।

"डैडी, सुखराम कहता है कि यहां के किले में बहुत बडा खजाना है"।

वृद्ध हंसा। कहा: "यूरोप के रहने वाले सारे एशिया की धरती में खजाने ही खजाने देखते हैं"।

सूसन का मन छोटा हुआ। कहा: "डैडी!"

"तुम मालकिन हो। हुकूमत करने आयी हो"। बूढे ने अपनी पतली आंखों से देखते हुए कहा। वह लंबा-चौडा आदमी था। सिर के आगे के बाल गिर चुके थे, कुछ पके हुए बालों का एक दौंदा सामने रह गया, और फिर दानों कानों के ऊपर गुच्छे थे। ऐसा लगता था जैसे पकी हुई घास के बीच से सख्त धरती चिकनी-चिकनी दिखाई दे रही हो। उसकी भौं बराये नाम रह गयी थी। मुंह पर लाल रंग खरदरा-सा दिखता था। और उसके दांत पीले थे, नाक के बीच में गांठ पडती थी और फिर वह ऊपर के पतले होंठ पर झुक जाती थी। उसकी गर्दन मोटी थी। पुतलियों का रंग नीला था। बात करता था तो रुक-रुककर। वह महारानी विक्टोरिया के जमाने में जो शिक्षा-काल समाप्त कर चुका था, उसका जैसे उसपर अभी तक प्रभाव था।

सूसन नहीं समझी। पूछा: "उससे क्या हुआ?"

"वे गंवार देशी लोग हैं"। उसने कहा।

"पर किले में इतनी खौलत है!" सूसन ने कहा: "कि अगर हम उसे ले जा सकें तो सारा इंगलैंड हमारी तरफ देखने लगेगा"।

वृद्ध अब की बार नहीं हंसा। उसने गंभीरता से कहा: "फिर भी वह सीमित धन है। हिंदुस्तानकी उपजाऊ धरती का दाना-दाना दौलत है। उसे यहां का किसान जोतता है और हमारा खजाना साल के साल भरता है, सूसन!"

सूसन को उह विचार पसंद नहीं आया।

"तुमको सद्यतस् करनी चाहिए"। वृद्ध ने कहा।

"यह आदमी तो भला है"। सूसन ने कहा।

"ठीक है, पर हमारा गुलाम है। उसे बराबरी का दर्जा नहीं दिया जा सकता है। इंगलैंड का हर गरीब, हिंदुस्तान के बडे से बडे आदमी से भी ऊंचा दर्जा रखता है"।

सूसन को लगा कि अब जो उसके बाप ने सिर उठाया, तो इंगलैंड का झंडा फरफरा उठा।

बूढे ने फिर कहा: "सारी सभ्य दुनिया हमसे जलती है, अमेरिका के लोग जनतंत्र चिल्लाते हैं? क्योंकि वे अंग्रेजों के गुलाम थे। आज वे बनिये हैं, मगर व्यापारी ही नहीं, हम राजा भी हैं। हमने हिंदुस्तान को अपनी अक्ल और तलवार से दबाया है! तुम्हारा यह नौकर है, उसे कुत्ता बनाकर पालो। हिंदुस्तानी अच्छा होता है, पर उसे कभी यह महसूस न करने दो कि वह भी हमारा जैसा आदमी है, वरना फिर अदब उठ जाएगा। डर पैदा करो। इन लोगों के भीतर सामंतीय भावना है, स्वामिभक्ति है। वे नहीं जानते कि इससे आगे क्या है। शहरों में शिक्षा ने इन्हें चेतन कर दिया है। वहां के लोग सिर उठाते हैं। ये लोग हमारे आने से पहले भी गुलाम थे। हमने सिर्फ उसी को पक्का किया है। इनके पुराने स्वामी भी हमारे गुलाम हैं। रियासतों का क्या होगा? यह सब एक दिन अंग्रेजों के हाथ में आ जाएंगी!"।

सूसन ने आंखें फाडकर देखा। बूढे ने कहा: "हर अंग्रेज को देशभक्त बनना चाहिइ, वरना इंगलैंड का गौरव ही समाप्त हो जायेगा। क्या किया जाये? डलहौजी के बाद हमारे हाथ कट गये हैं। हम किसी को अब खतम नहीं कर सकते। पर इनमें ताकत नहीं है। कांग्रेस के

बढने के साथ ये सब राजा इतने कमजोर हो गये हैं कि हमारी तरफ देखतेहैं, हमसे उम्मीद करते हैं!"।

"क्यों?" सूसन ने पूछा।

"क्योंकि जनता इनके साथ नहीं हैं"।

"फिर भी तो ये अब भी बने ही हैं"।

"हम इन्हें खतम नहीं कर सकते, वैसे ये लोग खुद डरते हैं"।

बूढा हंसा। सुसन नहीं।

"फिर क्रांति क्यों नहीं होती?" सूसन ने पूछा।

"ओह लडकी!" बूढे ने कहा: "एसके लिए अक्ल चाहिए। इनपर भाग्य का भूत लदा हुआ है। मेरी बच्ची! यह यूरोप नहीं है, यह एशिया है, एशिया! ये गधे पिसते हैं पर इसी राज खानदान कोचाहते हैं। उधर, कांग्रेस मंत्रिमंडल बन गये हैं तो यहां भी परचूनिये सिर उठाने की कोशिश करते हैं। याद हैं, फ्रांस में जैसे दुकानदारों ने सिर उठाया था, ये लोग कभी ताकत में नहीं आ सकते। कभी नहीं। ये लोग जात-पांत मानते हैं और हम उसीका इस्तेमाल करते हैं"।

सूसन ने कहा: "लेकिन डैडी!"

बूढे ने प्रश्नवाचक दृष्टि से देखा।

सूसन ने कहा: "यह सब कब तक चलेगा?"

"जब तक इंगलैंड समुद्र का राजा है"।

"जर्मनी में हिटलर कितना बढ गया है"।

"वह जलता है"। बूढे ने कहा।

"मगर ताकत है!" सूसन ने जताया।

"अगर हम सफल हो गये तो हम जर्मनी और रूस को भिडा देंगे। दोनों आपस में लडकर मर जाएंगे। सब से बडा खतरा रूस है"।

"क्यों? वे भगवान् नहीं मानते!"

"नास्तिक हैं। वे यूरोनीय तो नाम के हैं, सूसन। वे भी असल में एशियाई ही हैं"।

"मैं अब बहुथ व्यस्त रहूंगा" वृद्ध ने कुरसी छोडकर कहा: "लेकिन तुमको मेरी और इंगलैंड की मर्यादा के अनुकूल रहना चाहिए"।

"मैं योग्य कनने का प्रयत्न करूंगी"।

“क्राइस्ट तुम्हें <u>मंगल देगा</u>” वृद्ध ने अत्यंत स्नेह से देखते हुए कहा।

(रांगेय राघव के “कब तक पुकारूं?” उपन्यास से)

नये शब्द

अजेय непобедимый

अनुवादक *м* переводчик

अनूदित переведенный

उपाधि *ж* титул, звание; степень

उलझनग्रस्त сложный, запутанный

कटना *нп* 1) быть разрезанным, быть распилен ным; 2) урезываться, уменьшаться, вычитаться; 3) про-ходить *(о времени)*

कथानक *м* 1) короткий рассказ; 2) сюжет, фабула

काव्य *м* 1) поэма, стихотворение; 2) литератур-ное произведение

कुतूहल *м* 1) любопытство, интерес; 2) любозна-тельность; 3) рвение, пыл

क्राइस्ट *м* Христос

खरदरा *दे.* खुरदरा

खानदान *м* 1) семья; род; 2) династия

खुरदरा 1) неровный, шероховатый; 2) сморщен-ный

गंभीरता *ж* 1) глубина *(тж. перен.);* 2) серьез-ность; 3) рассудительность

गंवार **1.** 1) деревенский; 2) невежественный, гру-бый; **2.** *м* 1) сельский житель; 2) некультурный чело-век

गधा *м* 1) осел; 2) простак; глупец; дурак

गांठ *ж* 1) узел; 2) узелок *(с вещами);* 3) сустав; 4) *зд.* горбинка

गुच्छा *м* 1) букет *(цветов);* 2) пучок; гроздь; 3) связка

घरौंदा *м* 1) игрушечный домик; 2) *перен.* карточ-ный домик

चरित्र *м* 1) характер, нрав; 2) поведение; 3) пер-сонаж, действующее лицо

चिकना 1) гладкий, ровный; 2) скользкий; 3) жир-ный, маслянистый

चित्रकार *м* художник, живописец

चेतन **1.** 1) одушевленный, живой; 2) разумный; 3) бдительный; **2.** *м* 1) душа; 2) разум; 3) сознание

जताना *п* 1) сообщать; 2) объяснять; 3) предосте-регать

जनतंत्र *м* 1) демократия; 2) республика

जात-पांत *ж* кастовое деление

जोतना *п* 1) запрягать, впрягать; 2) закладывать *(экипаж);* 3) пахать

टोस्ट *м/ж* тост; гренок

डैडी *м разг.* папа, папочка

दिखना *нп* 1) виднеться, казаться; 2) показы-ваться, появляться

दूत *м* 1) посланник; вестник; 2) посол; послан-ник

देशभक्त **1.** патриотический; **2.** *м* патриот

दौलत *ж* богатство; состояние

नास्तिक *м* безбожник, атеист

परचूनिया **1.** бакалейный **2.** *м* бакалейщик

पालना *п* 1) растить, воспитывать; 2) разводить, держать; 3) соблюдать, выполнять

पिसना *нп* 1) молоться, перемалываться; 2) раз-давливаться; лопаться; 3) калечиться; 4) страдать, мучаться

पुतली *ж* 1) кукла; марионетка; 2) зрачок; 3) красавица

प्रश्नवाचक вопросительный

फडफडाना *нп* 1) шуршать; шелестеть; 2) хло-пать *(о крыльях);* 3) трепетать на ветру, развеваться *(о флаге)*

फरफराना दे. फडफडाना

फाडना *п* 1) рвать, разрывать; раздирать; 2) колоть, раскалывать; 3) широко раскрывать глаза

बंदूक *ж* ружье; винтовка

बच्ची *ж* девочка; дочка

बनिया *м* 1) торговец, купец; 2) лавочник, бакалейщик; 3) стяжатель

बराये для, ради; ~ नाम номинально; для вида

भक्ति *ж* 1) поклонение, почитание; 2) верность, преданность

भाग्य *м* судьба, доля, удел

भिडाना *м* 1) сталкивать, стравливать; 2) со-единять

भूत *м* 1) все сущее; 2) прошедшее время; 3) злой дух, демон

भौं *दे.* भौंह (*चौथा पाठ*)

मर्यादा *ж* 1) предел, граница; 2) закон; правило; 3) порядочность; 4) престиж

मार्च *м* марш; походное движение

मालकिन (**मालिकिन**) *ж* хозяйка, владелица

मुर्दा **1.** мертвый **2.** *м* мертвец, покойник

मेघ *м* облако; туча

यथार्थता *ж* 1) правильность, верность; 2) истин-ность; 3) реальность

यथार्थवाद *м* реализм

लाइलाज неизлечимый

लोंदा (**लौंदा**) *м* ком, комок; *зд.* прядь

वार्तालाप *м* 1) разговор, беседа; 2) переговоры; 3) совещание; 4) диалог

विकृति *ж* 1) изменение; 2) ухудшение; 3) урод-ство; 4) болезнь

विविध различный, разнообразный

वीणा *ж* вина *(струнный щипковый инстру-мент)*

वृद्ध **1.** 1) старый; 2) мудрый; **2.** *м* старик

व्यापारी **1.** 1) торговый; 2) деловой; **2.** *м* торго-вец, купец

शोध *м* 1) очищение, рафинирование; 2) исправ-ление; 3) исследование

संपादित 1) отредактированный; 2) осуществлен-ный, выполненный

सख्ती *ж* 1) твердость, жесткость; 2) строгость, жестокость; 2) суровость

सामंतीय феодальный

हुकूमत *ж* 1) власть, господство; 2) государ-ственный строй, режим; 3) управление; 4) прави-тельство

होंठ *м* губа

टिप्पणियां

१. **एम.ए.** — *(от англ. M.A. — Master of Arts)* магистр гуманитарных наук *(вторая ученая степень выпускников индийских университетов).*

२. **पी-एच.डी.** — *(от англ. Ph.D. — Doctor of Philosophy)* доктор философии *(низшая ученая степень доктора в индийских университетах; соответствует степени кандидата наук в России).*

३. **शोधकार्य** — научно-исследовательская работа.

४. **मरते दम तक** — до последнего вздоха, до смертного часа.

५. **मन छोटा होना** — печалиться; разочаров-ываться.

६. **सिर उठाना** — 1) стоять с гордо поднятой головой; 2) поднимать голову, выступать против; 3) обретать уверенность в своих силах.

७. **स्वामिभक्ति** — почитание хозяина.

८. **पक्का करना** — закреплять, делать устой-чивым.

९. **आंख फाडकर देखना** — 1) всматриваться; 2) смотреть с удивлением; 3) смотреть с гневом.

१०. **हाथ कट जाना** — терять силу; стано-виться слабым.

११. **कांग्रेस** — *зд.* партия Индийский националь-ный конгресс.

१२. **बन जाना** — *зд.* кататься как сыр в масле.

१३. **राज खानदान** — *зд.* правящая династия.

१४. **कांग्रेस-मंत्रिमंडल** — правительства Конгрес-са *(имеются в виду провинциальные правительства, сформированные Национальным конгрессом перед Второй мировой войной).*

१५. Наряду с прямым употреблением форм прошедшего времени встречается их переносное, метафорическое употребление, при котором эта форма может передавать значение настоящего и будущего времени: तो अच्छा, मैं चला — *Ну, хорошо, я пошел (т.е. сейчас пойду)*. Подобное явление наблюдается и в условных предложениях, относящихся к будущему временному плану, где в

придаточной части употребляются формы прошед-шего времени: अगर हम सफल *हो गये* तो हम जर्मनी और रूस भिडा देंगे.

१६. **नाम का** — номинальный.

१७. **मंगल देना** — благословлять.

पाठ के अभ्यास

१. पाठ का अनुवाद कीजिये।

२. निम्नलिखित शब्दबंधों का अनुवाद कीजिये।

वैज्ञानिक उपाधि, उपाधि प्रदान करना, सम्मानित उपाधि, गंभीर शोधकार्य, शोध का क्षेत्र, भीषण विकृति, सामाजिक विकृतियों को दूर करना, यथार्थता का सच्चा चित्रण, उलझनग्रस्त समस्या, विविध क्षेत्र, यथार्थता से भागना, विचित्र कथानक, चरित्र-चित्रण, कुतूहल जागृत करना, अजेय सेना, रोचक वार्तालाप, समाजवादी यथार्थवाद, विदेशी दूत से वार्तालाप करना, रूसी में अनूदित करना, विख्यात चित्रकार, लाइलाज बीमारी, हिंदी काव्य का इतिहास, अनुभवी अनुवादक, बडे घर की छोटी मालकिन, देश पर हुकूमत करना, सामंतीय हुकूमत, बालों का लोंदा, चिकनी धरती, बराए नाम रहना, खुरदरी रोटी, गांठ खोलना, गांठ बांधना, नाक में गांठ, पतले होंठ, निचला होंठ, मोटे होंठ, आंख की पुतली, पुतलियों का रंग, गंवार बालक, दौलत बटोरना, घोडा गाडी में जोतना, खेत जोतना, जनता के साथ सख्ती करना, गौरव से सिर उठाना, भारत जनतंत्र, जनतंत्र घोषित करना, बनियों का राज, कुत्ता पालना, चेतन करना, आंख फाडना, भाग्य को रोना, भाग्य का फैसला करना, भूत से डरना, शाही खानदान, जात-पांत की व्यवस्था, प्रश्नवाचक चिंह, शत्रुओं को भिडाना, देश की मर्यादा, निर्धारित मर्यादा, सत्य जताना, जात-पांत का का विरोध करना, दौलत उडाना, सामंतीय भावना, कुल्हाडी से लकडी फाडना, नाखूनों से पेट फाडना।

३. निम्नलिखित शब्दबंधों का अनुवाद कीजिये।

присуждать ученую степень, социальные аномалии, устранять искривления в экономической политике, признавать истинность

существующего мира, провозглашать реализм в искусстве, удовлетворять любопытство, запутанный сюжет романа, дать правдивую зарисовку характеров, принимать разнообразные меры, заниматься научно-исследовательской работой, редактировать статью, переводная литература, вести диалог с властями, заниматься исследованием поэзии хинди, переводчик книги, выставка произведений индийских художников, сражаться до последнего вздоха, приумножать богатство, иностранное правление, прядь волос, пучок волос, седые волосы, пожухлая трава, жирная земля, горбинка на носу, деревенский мужик, обрабатывать поля, проявлять твердость, жестко обращаться с людьми, провозглашать республику, жить в царстве торгашей и лавочников, держать скотину, феодальные отношения, пробуждать сознание, закреплять существующее положение, рвать бумагу, разрывать когтями, смотреть широко раскрытыми глазами, быть творцом собственного счастья, верить в демонов и злых духов, королевская династия, девочка из хорошей семьи, бороться с кастовыми различиями, вопросительное слово, вопросительно посмотреть на друга, стравливать собак, убежденный атеист, престиж нации, положить предел насилию, чувство преданности

४. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थक लिखिये

нрав, характер (2); правление (2); старик (2); брови (2); губа (2); кукла, марионетка (2); богатство (2); республика (2); бакалейщик (2); выполнять, соблюдать (2); предел, граница (2); девочка (2); семья, род (2); номинальный (2); реальность (2)

५. निम्नलिखित शब्दों के विपरीतार्थक लिखिये।

познанный-непознанный, регулярный-нерегулярный, официальный-неофициальный, авторитетный-неавто-ритетный, любимый-нелюбимый, правда-неправда, удовлетворение-неудовлетворение, успешный-неус-пешный, равный-неравный, военный-гражданский, естественный-неестественный, принятие-непринятие, бедность-богатство, погода-непогода, порядок-бес-порядок, счастье-горе, счастье-несчастье, случай-происшествие, слабый-сильный, знание-незнание, выраженный-невыраженный, прямой-косвенный

६. अनुवाद कीजिये।

क. १)इस बात के बावजूद कि रांगेय राघव दक्षिण भारत के हैं, हिंदी पर उनका पूरा अधिकार है। उन्होंने सन् १९३६-३७ के आसपास लिखना शुरू किया, पर यह लिखा हुआ सन् १९४४ से पूर्व प्रकाश में नहीं आया। जब आया तो सारी साहित्यिक दुनिया को उन्होंने अपनी ओर एकदम आकर्षित कर लिया। वातावरण की गहराई तक पहुंचकर उसका यथार्थता रि रोचक और सशक्त चित्रण करना उनकी कला की विशेषता है। २)"कब तक पुकारूं?" उपन्यास में राजस्थान के देहाती जीवन का रोचक चित्रण किया जाता है। उपनिवेशी समाज द्वारा जो लोग गंवार समझे जाते थे असल में दया और शिष्टाचार की दृष्टि से सभ्य कहे जाने वाले स्वामियों से कितना बेहतर साबित हुए थे। ३)भारत की विभिन्न प्रयोगशालाओं में विविध शोधकार्य किये जाते हैं। ४)वैज्ञानिक उपाधि प्राप्तकरने के लिए विश्वविद्यालय में शोधनिबंध प्रस्तुत करना चाहिए। ५)आर्थिक विषमताओं तथा सामाजिक विकृतियों को दूर करना किसी भी हुकूमत का सर्वप्रथम कर्त्तव्य है। ६)जिन साहित्यिक रचनाओं का कथानक यथार्थता पर निर्भर करता है वे रोचक और लोकप्रिय साबित होती हैं। ७)चरित्रों का सजीव चित्रण किसी भी साहित्यिक कृति की लोकप्रियता का आधार है। ८)रोचक वार्तालाप किसी भी फिल्म के लिए आवश्यक होता है। ९)इस खबर को सुनकर हमारा कुतूहल जाग उठता है। १०)उसका चरित्र हमें अच्छा नहीं लगता। ११)उन्होंने अनेक भूमियों को देखा, अनेक जमीनों की सैर की। १२)उलझनग्रस्त यथार्थता किसी भी रोचक और कुतूहल घटनाओं भरे उपन्यास के कथानक से समृद्ध होती है। १३)इस बात के सिलसिले में विविध उपाय किये गये हैं। १४)सुबह को भारतीय लोग रोटी खाते हैं और विलायती लोग चाव से टोस्ट खाते हैं। १५)सारा परिवार घर की मालकिन का राज महसूस करता है। १६)व्यापारी के रूप में आने वाले अंग्रेज कुछ देर बाद देश की हुकूमत करने लगे। १७)पेड पर फलों का बडा और सुंदर गुच्छा लटका है। १८)सिर पर बाल बराए नाम रह गये हैं। १९)जिस नाक के बीच में गांठ पडती है उसे रोमन नाक कहते हैं। २०)पूर्वमें लोगों की आंखों की पुतलियां आम तौर पर काली होती हैं। २१)कहते हैं कि देश की सब से बडी दौलत उसकी जनता

ही है। २२)जमीन उन लोगों को सौंप दी जानी चाहिए जो उसको जोतते हैं। २३)पुराने जमाने में दासों को सख्ती से दबाया जाता था। २४)जब मामूली लोग सिर उठाने की कोशिश करने लगते हैं तो शासक लोग बहुत नाराज होते हैं। २५)२६ जनवरी १९५० को भारतीय जनतंत्र घोषित हुआ। २६)दुकानदारों में बनिये भी होते हैं, परचूनिये भी होते हैं। २७)शाही खानदानों के वंशजों को यह कैसा अच्छा लगेगा जब परचूनिये सिर उठाकर हुकूमत की बागडोर हाथ में लेने का प्रयत्न करें। २८)हमने एक जंगली कुत्ते को पालने का साहस किया। २९)रूस देश में सामंतीय हुकूमत बीसवीं सदी तक मौजूद रही। ३०)युद्ध के परिणामस्वरूप देश के हाथ कट गये। ३१)भारत में जात-पांत आदिकाल से होती आयी है। ३२)इस औरत के दो बच्चियां हैं। ३३)उसने एक रोचक कथा जतायी। ३४)दो देशों को आपस में भिडाकर लाभ उठाने की चाल कब से शासकों को ज्ञात है। ३५) क्राइस्ट का नाम लेकर एक दूसरे को मंगल देना यूरोपीय लोगों का पुराना रिवाज है।

ख. वलेन्तीन कताएव

(१८९७-१९८६)

प्रख्यात रूसी लेखकों में वलेन्तीन कताएव का नाम रखा जा सकता है। उनकी पहली कविता १९१० में प्रकाशित हुई थी। कताएव ने ओदेसा आर मास्को के समाचारपत्रों व पत्रिकाओं में काम किया, वह कहानियां, निबंध। कताएं लिखते रहे।

समाचारपत्रों में काम करके भावी लेखक ने जीवन की विस्तृत सामग्री इकट्ठी की।

तीसरे व चौथे दशक में कताएव ने नाटकों के क्षेत्र में प्रवेश किया और उन्होंने “करोडों दु:ख” (१९३१), “फूलों का रास्ता” (१९३४) आदि नाटक लिखे जिनमें उन दिनों के जीवन की विकृतियों की तीव्र आलोचना की गयी थी।

उन्हीं वर्षों में कताएव ने देश में हो रही प्रक्रियाओं को बेहतर ढंग से समझने के लिए देश का बहुत दौरा किया तथा भिन्न-भिन्न लोगों से मिले। निर्माण-कार्य के विशाल विस्तार से वह बहुत प्रभावित हुए। उन्होंने लिखा: “मेरे लिए यह बडे सुख और आदर की बात थी

कि मैं संसार के एक विशालतम कारखाने की नींव रखने तथा पहली भट्टी का निर्माणकरने का दृश्य देख पाया...”। इसके बारे में कताएव ने एक उपन्यास “समय, आगे बढो!” (१९३२) लिखा।

१९३६ में कताएव ने “अकेला पाल (парус) सफेद-सा दिखाई देता है” उपन्यास लिखा। अपने बचपन के संस्मरणों के आधार पर उन्होंने १९०५ के क्रांतिकारी ओदेस्सा, “पोत्येम्किन” जहाज पर हुए विद्रोह, गाव्रिक और पेत्या नाम के दो किशोर ओदेस्सावासियों के चरित्र की गठन की कहानी सुनायी। “अकेला पाल सफेद-सा दिखाई देता है” उपन्यास से कताएव ने चार उपन्यासों की माला आरंभ की। पहले उपन्यास के आधार पर एक अच्छी फिल्म बनायी गयी थी।

बाल के सालों में कताएव ने अनेक छोटे-बडे उपन्यास लिखे जिनको लेकर वह कई औपचारिक पुरस्कारों से सम्मानित थे।

७. अनुवाद कीजिये।

1) В этом университете ведутся разнообразные научно-исследовательские работы. 2) Сюжет этого романа очень занимателен. 3) Для получения ученой степени необходимо выполнить исследовательскую работу. 4) Современное общество пытается бороться со многими своими болезнями. 5) Не один, даже самый занимательный сюжет не может сравниться с реальностями современного мира. 6) Есть люди, которые могут разрешить самые запутанные проблемы. 7) Этот русский поэт был одним из лучших переводчиков английской поэзии. 8) Русский художник Рерих много лет жил в Индии. 9) За последние годы много произведений индийских авторов были переведены на русский язык. 10) Социалистический реализм был одним из направлений в современной литературе. 11) Непобедимая армия Наполеона была разгромлена в России. 12) В XУП веке Россия направила своих послов ко двору Великих Моголов. 13) Ему пришлось разорвать бумагу на несколько кусков. 14) Этот роман содержит интересное описание людских характеров. 15) Интересная книга пробуждает любознательность у детей. 16) Раньше рак считался неизлечимой болезнью. 17) Правление Великих Моголов продолжалось примерно 300 лет. 18) Хозяйка весьма жестко обращалась со своими слугами. 19) Спереди осталась

только одна прядь седых волос. 20) Чернозем, или черные почвы относятся к разряду “жирных” земель. 21) Он сел на плоский камень. 22) У него практически не было бровей. 23) Он связал всю одежду в узел. 24) На веревке виднелось несколько узелков. 25) Из-за погоды у старика болели все суставы. 26) В Панджабе можно встретить людей с голубыми глазами. 27) За несколько лет торговли бакалейщик приумножил свое богатство. 28) В этом районе подняла голову организованная преступность. 29) Индийская республика по численности населения занимает второе место в мире. 30) Во всем мире есть люди, которые занимаются разведением собак. 31) Многие люди до самой старости смотрят на мир широко раскрытыми глазами. 32) Как говорят индийцы, что написано на роду, то и будет. 33) Во всем мире простые люди боятся “человека с ружьем”, который несет смерть в их дома. 34) Вина считается национальным индийским музыкальным инстру-ментом. 35) Кастовые различия тормозят социально-экономическое развитие страны. 36) Стравливать народы было одной из целей колониальной политики. 37) Патриоты постоянно заботятся о престиже своей страны. 38) Впервые конгрессистские правительства были образованы в некоторых провинциях Индии перед Второй мировой войной. 39) Занимательный сюжет является основой успеха любого литера-турного произведения. 40) Да благословит нас всех Господь!

८. निम्नलिखित मुहावरों का प्रयोग करके वाक्य बनाइये।

मन छोटा होना, सिर उठाना,आंख फाडकर देखना, बन जाना, हाथ कट जाना, मंगल देना.

९. निम्नलिखित वाक्यों को पूरा कीजिये।

१)इनके उपन्यासों में कथानक ...। २)उनके उपन्यासों में ...। ३)स्वास्थ्य खराब होते जाने के कारण ...। ४)रांगेय राघव ने अपना वैज्ञानिक कार्य ...। ५)एम.ए. भी पास करके ...। ६)हर अंग्रेज को देशभक्त ...। ७)सारी सभ्य दुनिया ...। ८)और उनके दांत पीले थे ...। ९)हिंदुस्तानी अच्छा होता है, पर ...। १०)सिर के आगे के बाल ...।

१०) खाली जगहों में आवश्यक शब्द लिखकर अनुवाद कीजिये।

१)जीवन की भीक्षण ... समस्या एवं ...यथार्थता के चित्रण में उनके उपन्यासबडे सफल हैं। २)उसकी भौं ... ... रह गये। ३)उनके उपन्यासों में ... घटना और ... दोनों ही द्वारा संपादित हुआ। ४)ऐसा लगता था जैसे पकी हुई घास के बीच से सख्त धरती ... ... दिखाई दे रही हो। ५)इन लोगों के भीतर ... भावना है, ... है। ६)और उसके दांत पीले थे, नाक में बीच में ... पडती थी और फिर वह ऊपर के पतले ... पर झुक जाती थी। ७)सूसन को लगा कि अब जो उसके बाप ने सिर उठाया, तो इंगलैंड का झंडा ... उठा। ८)शहरों में शिक्षा ने इन्हें ... कर दिया है। ९)लेकिन तुमको मेरी और इंगलैंड की ...के अनुकूल रहना चाहिए। १०)इनपर ... का भूत लदा हुआ है। ११)अगर हम सफल ओ गये तो हम जर्मनी और रूस को ... देंगे। १२)उधर, कांग्रेस-मंत्रिमंडल बन गये हैं तो यहां भी ... सिर उठाने की कोशिश करते हैं। १३)... अब की बार नहीं हंसा। १४)पर किले में इतनी ... है! १५)मुंह पर लाल रंग ...-सा दिखता था। १६)... का रंग नीला था। १७)ये ... पिसते हैं पर इसी राज ... को चाहते हैं। १८)वे यूरोपीय तो ... ... हैं, सूसन। १९)हर अंग्रेज को ... बनना चाहिए, वरना इंगलैंड का गौरव समाप्त हो जायेगा। २०)सिर के आगे के बाल गिर चुके थे, कुछ पके बालों का एक ... सामने रह गया था, और फिर दोनों कानों के ऊपर ... थे। २१)आजवे ... हैं, मगर ... ही नहीं, हम राजा भी हैं। २२)तुम्हारा यह नौकरहै, उसे कुत्ता बनाकर ...। २३)हमने सिर्फ उसी का ... किया। २४)तुम ... को। हुकूमत करने आयी हो। २५)सारी दुनिया हमसे ... है, अमेरिका के लोग ... चिल्लाते हैं? क्योंकि वे अंग्रेजों के गुलाम थे।

११. शब्दकोश की सहायता से कहानी समझकर एसे रूसी और हिंदी में सुनाइये।

ऐसे हैं बौरहे

चांदनी आड में आ गयी थी। रास्तों पर छायाएं ऐसे निकल आयी थीं, जैसे अब उन्हें डर भी नहीं था। आकाश में बादल फिर घुमड रहे थे। धीरे-धीरे चांदनी छिप गयी और अंधियारा छा गया। पानी भी बरसने लगा।

बूंदे मोटी हो गयीं। गिरतीं और रोर भरतीं। ऐसा लगता था जैसे पानी नहीं, अब ठंड पतली होकर बरस रही थी।

बौहरे के पांव कीचड में फचक-फचक करने लगे थे। हर बार पांव रखने पर उसे लगता जैसे पांवों के नीचे से चिकने कीडे सरक जाते हों। उंगलियों के बीच से निकलती कीच उसे हिला-हिला देती।

लेकिन उसे जैसे एक ही लगन थी। क्या सोच रहा था वह! सारा अतीत एक भयानकर उजगर-सा पडा था, अपनी लंबी लपेटों में उसे निकल जाने को आतुर-सा फुफकार उठता था।

वह मोड पर चारों ओर देखकर मुड गया। नहीं, कोई नहीं था। इस समय किसे पडी थी कि बाहर रहता। कुत्ते भी जाने कहां जा छिपे थे कि कोई नहीं भूंका।

अब वह घर के पीछे था। हा, माधो का ही मकान था। बौहरे ने आहट ली। सब ओर सन्नाटा-सा खिंचा था। वह पास चला गया।

जेंगरा (बछडा) चुप था। भोला-सा मुंह झुकाये। बौहरा सोचने लगा। यह उसके मन में क्या था? गाय ने उसे देखा तो हिली नहीं। बौहरे ने देखा जैसे मनुष्य से डरना इस पशु से सीखा नहीं था। वह अपनी अधमुंदी आंखें लिये बैठी रही।

बौहरे के हाथ कांप उठे।

वह माधो का ही तो मेहमान है? क्या उसके लिए ऐसा करना ठीक होगा? वह सोचने लगा। आखिर उसका अपना भी तो कोई धरम था? क्या यह असल में पाप ही नहीं था?

उसके पांवों में कुछ लगा।

बौहरे ने पांव पीछे खींच लिया! क्या कहीं कोई भयानक वस्तु तो नहीं थी वहां ... यह क्या था!

चीज नहीं हिली-डुली। बौहरे ने उठा ली। कपडा! किसका था यह! बिजली चमकी। बौहरे ने देख दिया।

रामदास का अंगोछा!

यह यहां किस तरह पडा रह गया। गीला-सा तो है, खगर कीचड अधिक नहीं लगी है। उसने मन ही मन में दुहराया – यह यहां कैसे पडा रह गया...

अचानक बिजली-सी कौंध गयी। आकाश में चमकने वाली भी पिने पीछे भयानक कालापन छोड गयी थी, और मस्तिष्क में चमकने वाली इसने भी अपने पीछे एक डरावनी स्याही-सी फैला दी। बौहरे का मन कठोर हो गया।

उसने अंगोछा खोल लिया।

फिर एक बार उसके हाथ अपने-आप कांपउठे। उसे लगा जैसे कोई उसके भीतर ही से तिरस्कार-भरी दृष्टि से देख रहा था। लेकिन बौहरे ने उसे ढूंढा तो वह गायब हो गया। तब वह उसे पानी में खींच ले चला।

बोलने का मौका नहीं था? क्योंकि आहट होने से जाग पड जाने का भय था।

गाय हिली पर बोली नहीं।

बाहर पानी की अनवरत वर्षा हो रही थी। बौहरे ने बछडे को पानी की ओर खींचा। पानी लगते ही पशु ने मुंह मोड लिया।

अब बछडा जाना नहीं चाहता था। परंतु बौहरे के लिए एक-एक मिनट भारी हो रअन था। अत: देर करने में उसे स्वयं डर मालूम दे रहा था।

अब वह खींच ले चला उस मूक पशु का। तूफान में एक बार वह गया का बच्चापुकार उठा – अम्बा... पर मां नहीं समझी? क्योंकि उसने तो मनुष्य पर आज तक विश्वास करना सीखा था।

आगे खड्‌डा था। पानी अब बह-बहकर नीचे तेज नाले की तरह गडगडाता बह रहा था। खेतों की ऊंची मुंडों के नीचे कटाव से गिली मिट्टी बडी आवाज करके गिर जाती थी। वह देश्य देखने में भयानक लगता था। हठात् बौहरे का मन जैसे विषाक्त हो गया। रामदास जैसे हंस रहा था। अब वह सहन नहीं कर सका...

उसने जेंगरा ऊपर से धकेल दिया।

एक बार फिर मां के लिए पशु शब्द उठा, और फिर बहते पानी में, या पत्थरों पर बछडा...

आवाज की छटपटाहट सुनाई दी। अब सांस खिंच रही होगी। गोघात! बौहरे ने प्रतिहिंसा से कहा – परमेसुर! नरक तो वैसे ही बदा ही था! एक और सही। पर उसका तो गरब नहीं रह पाएगा।

(रांगेय राघव के “आग की प्यास” उपन्यास से)

१२. शब्दकोश की सहायता से कहानी समझकर इसे हिंदी में सुनाइये

Гаврик

В это же утро другой мальчик, по имени Гаврик, проснулся от холода. Он спал на берегу моря, положив под голову плоский камень, накрывшись дедушкиным пиджаком. Конечно, он мог спать вместе с дедушкой в хибарке, там было тепло и мягко, но Гаврику больше нравилось ночевать прямо на брегу моря.

Ему было так холодно, что он понял, что больше не заснет. Тогда он встал и пошел к хибарке.

Хибарка стояла в тридцати шагах от моря, на небольшой горке. Она была сделана из разных деревянных остатков: старых досок, кусков от лодок, ящиков. На крыше лежала земля, на которой росли помидоры.

Когда была жива бабушка Гаврика, она каждый год красила хибарку, чтобы не было видно, как они бедно живут. Но бабушка умерла уже три года назад, и теперь хибарку никто не красил. Матери и отца у Гаврика тоже не было. У него был только дедушка и старший брат.

Дедушка уже встал. Он ходил вокруг дома и искал помидоры. Помидоров было мало — только восемь. Остальные они уже съели.

Дедушка и внук не поздоровались и не пожелали друг другу доброго утра. Но это было не потому, что они не любили друг друга. Они были большими друзьями. Просто день не обещал им ничего, кроме тяжелого труда, а есть было нечего.

— Надо ехать за рыбой? — спросил Гаврик, смотря в море.

— Надо ехать, — ответил дедушка. Он взял в хижине небольшой кусок вчерашнего хлеба, попил воды, и они пошли к лодке.

Сегодня им обязательно надо было наловить рыбы, потому что несколько дней погода была очень плохая, рыба не ловилась, а денег у них уже не было ни копейки. Вчера вечером погода стала хорошей, и они поставили сеть. Сегодня надо было вынуть из нее рыбу, отнести ее в город для продажи, а вечером опять поставить сеть. Но и сегодня

рыбы было мало. Дедушка и внук доставали ее из сети, и Гаврик смотрел на проходящий мимо пароход.

Нужно было работать быстро, чтобы отнести рыбу в город...

(Из романа В.Катаева "Белеет парус одинокий")

१३.रूसी में शब्दकोश की सहायता से अनुवाद कीजिये।

जाति और पेशा

अब्दुल ने चिंता से सिर हिलाया। नहीं, यह पट्टी उसी की है। वह रामदास को उसपर कभी भी कब्ज नहीं करने देगा। श्याम जब मरा था तबवह मुझे कह गया था। रामदास तो उस वक्त नहीं था। उसका क्या हक है? आया बडा हिंदू बनकर। उस वक्त कहां चला गया था? अब देखो तो हाथ में लट्ठ उठा-उठाकर दिखाता है। मैं कचहरी में ले जाऊंगा इसको।

उसके शरीर पर इक मैली-सी मिरजई और कटि के नीचे घुटनों तक ऊंची धोती। वह बैठा-बैठा हुक्का गुडगुडा रहा था। इधर जो नाज महंगा बिकता है, उसके पास कुछ रुपया जमा हो गया है। वह अब किसी से क्यों दबे? और उसने भौं सिकोडकर गंभीरता के साथ एक बार जोर का कश लगाया और फिर अपने कैंची से कटे बालों पर हाथ फेरा। जब मुंह से धुआं छोडा तो उसका हाथ दाढी को सहला रहा था।

उसके बच्चे बाहर धूल में खेल रहे थे। उन्हें किसी की भी क्या फिक्र। साथ ही में रामदास के बच्चे थे। एक बच्चा धूल में पैर देकर ऊपर से मिट्टी थोपकर घर बनाने की काशिश कर रहा था। जब चिलम बुझ गयी वह उठा। पत्नी को आवाज दी और कह दिया कि वह संभावत: देर में लौटेगा। पत्नी कुछ नहीं समझ सकी। अपने इन्हीं विचारों में मग्न वह बाहर चला दिया।

दो मील चलकर वह वकील साहब के यहां पहुंचा तो उसने देखा: वकील साहब को एक मिनट की भी फुरसत नहीं, किंतु जब वह पास जाकर सलाम करके बैठ गया तो उसे पता चला कि वह सिर्फ गवाहों की भीड थी जिन्हें वकील साहब कल का बयान रटा रहे थे। वह चुपचाप प्रतीक्षा करता रहा। जब बयानखत्म हो गया,

उन्होंने एक गवाह से सुना। उसकी गलतियों को ठीक किया और संतुष्ट होकर कहा – “ठाकुरों को उस गांव में कोई नहीं हरा सकता। अब जाओ”।

वकील साहब की आंखों में एक तीक्ष्णता थी जिससे उन्होंने शीघ्र ही अब्दुल को भांप लिया। उनका काम ही यह था। उन्होंने उससे कहा – “अरे बहुत दिन बाद दिखाई दिये। इधर तो आना ही छोड दिया था”। फिर हंसकर कहा – “वकील और डाक्टर दूर ही रहें यही अच्छा है”।

वे धार्मिक आदमी थे। सुबह अंधेरे ही उठकर भजन-पूजन समाप्त कर लेते और फिर सांसारिक कामों में लग जाते। छुआछूत का पूरा ख्याल रखते। जब बच्चे सुबह पढने लगते वे उपने मुवक्किलों से बाते करते हुए उनपर भी नजर रखते कि कोई बेकार ही पेंसिल छाल-छीलकर तो समय नष्ट नहीं कर रहा है। पडोस के खां साहब से उनके पिता के समय में बहुत मेल-जोल था। किंतु अब आना-जाना तो नहीं, बच्चे अलबता साथ खेलते हैं। उनका सिर्फ सलाम-दुआ का रिश्ता है और कुछ नहीं। वे मुसलमान। ये हिंदू। अब पडोस से सब व्यवहार बंद हो चुका था। वकील साहब की सदा यही कोशिश रहती कि कैसे भी हो खां साहब यहां से उखडे तो मैं मध्यस्थ बनकर मकान किसी भी शरणार्थी को दिला दूं और बीच में जो अपना हो उसे प्राप्त करूं।

श्यामा की भूमि पर अब्दुल का वह हब जमाना कतई नापसंद रहा पर उनको क्या? उन्हें तो पैसा मिलना चाहिए।

उन्हेंने कागज पर बहुत कुछ लिखा और बोला – केस पेचीदा है। जबानी किसी ने कुछ कह दिया, उसे साबित करना कठिन काम है। और कोई लिखा-पढी है?”

“होती तो क्या बात थी” उन्होंने स्वयं कहा, क्योंकि अब्दुल खाली आंखों से देख रहा था। उन्होंने जोर देते हुए कहा – “और तुम्हारी अड पड गयी है”। अब्दुल ने सिर हिलाकर स्वीकार किया – “हां, अड पड गयी है। जमीन तो ऐसी कोई बहुत नहीं, पर रामदास जीत गया तो अब्दुल सदा के दिए दबकर रहेगा। ऐसा कैसा हो सकता है?”

(*रांगेय राघव की “जाति और पेशा” कहानी से*)

१४. शब्दकोश की सहायता से कथा समझकर इसे रूसी और हिंदी में सुनाइये।

सिंह की खाल ओढे हुए गधा

किसी बनिये के एक गधा था। उस गधे पर बोझा लादकर घूम-फिरकर व्यापार करता था। वह जहां पहुंचकर, गधे की पीठ पर से सामान उतार, उसे सिंह की खाल पहना, खेतों में चरने छोड देता।

गधा खेतों में चरकर पेट भर लेता और इसके बाद खाल उतार देता।

एक दिन रखवालों ने सोचा कि यह सिंह रोज हमारे खेतों का नुकसान करता है, इसका कोई उपाय करना चाहिए।

उन्होंने सब गांववालों को इस बात की खबर दी।

गांव के लोग अपने-अपने हथियार ले, शंख फूंकते, ढोल बजाते और चीखते-चिल्लाते खेतों की ओर चले। खेतों में पहुंचकर सिंह को देख वे जोर-जोर से चिल्लाने लगे।

हथियार लेकर आते हुए इतने आदमियों को देख सिंह बना हुआ गधा डर गया और उसने रेंकना शुरू कर दिया।

गधे की आवाज सुनकर गांववाले कहने लगे – "अरे! न यह सिंह है, न शेर, न चीता, यह तो सिंह की खाल पहने हुए दुष्ट गधा है जो हमारे खेतों को खा गया है"।

यह कहकर उन लोगों ने लाठी, भाले और पत्थरों से मार-मारकर गधे की हड्डी-पसिलियां तोड दीं।

गधे के मालिक को जब इसका पता चला तो वह गधे से कहने लगा – "हे गधे! आखिर तू गधा ही रहा। बोलने के बारण ही तेरी यह दशा हुई। यदि तू अपनी जीभ को वश में रखता तो सदा हरे-हरे खेत चरता रहता!"

(*जातकों की एक कथा*)

चुटकुले

१. अखबार के दफ्तर में फोन आया। कोई कह रहा था, "आज मेरी पत्नी ने एकसाथ तीन बच्चों को जन्म दिया है"

संपादक जी शायद ठीक से समझ नहीं पाये, बोले “कृपा करके एक बार फिर से”।

वह आदमी परेशान होकर बोला, “नहीं, नहीं, अब नहीं!” और उसने फोन बंद कर दिया।

२. राम – अरे भाई श्याम! बंदरगाह किसे कहते हैं?

श्याम – जहां बहुत से बंदर इकट्ठे रहते हैं।

३. पिता – बेटा, जरा सडक पर ठीक से चला करो, नहीं तो कोई गाडीवाला तुम्हारे ऊपर से गाडी निकाल ले जाएगा।

पुत्र – तो गाडी मेरा क्या लेगी, मेरे ऊपर से न जाने कितने हवाई जहाज निकल चुके हैं।

सातवां पाठ

व्याकरण

Сложносочиненное предложение

Данный тип предложения образуется в хинди сочетанием предложений на основе сочинительной связи. Все составные предложения здесь формально равноправны и характеизуются разветвленной системой отношений, в формировании которых, помимо целей высказывания и сочинительных (главным образом) союзов, участвуют некоторые типизированные структуры с определенным соотношением лексико-грамматических категорий сказуемого (время, наклонение, вид, аспект действия – состояния), а также различные “полевые сигнализаторы”.

Функциональная равноправность не означает, однако, того, что здесь отсутствует внутренняя обусловленность составных компонентов, что порождает их соответствующее структурное построение. Полностью самостоятельными могут быть лишь “обратимые” предложения, где возможна перестановка составных частей: उसकी आंखेंबंद थीं और वह सो रहा था – वह सो रहा था और उसकी आंखें बंद थीं, बिजली चमक उठी और बारिश शुरू हुई - बारिश शुरू हुई और बिजली चमक उठी. В остальных предложениях расположение последующего предложения бывает обусловленным: बादल गरजने लगे और बच्चे भय से रोने-चिल्लाने लगे. Более того, в предложениях с противительными, следственными и градационными союзами расположение частей сложного целого является фиксированным.

По характеру отношений сложносочиненные предложения делятся на:

1. *Соединительные*, которые, в свою очередь, подразделяются на:

1) временные с отношениями: а) одновремен-ности: क्रोध के मारे उनका शरीर कांप रहा था और माथे पर बीसों तेवर पड गये थे; б) последов-ательности: बूढी मर चुकी थी और उसकी टूटी झोंपडी

की जगह एक ऊंची इमारत बन गयी थी।, बम फट गया और वह बेहोश हो गया।;

2) причинно-следственные: मनुष्य की प्रकृति सब जगह प्राय: समान रूप से काम करती हैं, और इसलिए अनेक भाषाओं में परस्पर मिलते-जुलते भाव वाले मुहावरे भी पाये जाते हैं;

3) модально-оценочные: घर सारे नगर में बदनाम हो जाएगा और संभव है कि अन्य लोग भी छोड भागें।.

2. *Противительные*, которые подразделяются на:

1) противительно-уступительные: मैंने कई जगहों में नौकरी का यत्न किया, मगर कहीं सफलता न हुई।;

2) противительно-ограничительные: वह मरने को तैयार थे, परंतु मृत्यु उनके निकट न आती थी;

3) модально-оценочные: अभी जज साहब ने फैसला नहीं सुनाया, लेकिन मुझे विश्वास है, मुक्त हो जाएगी;

4) противительно-условные: तुम लोग हट जाओ, वरना मैं गोली चलाऊंगा।.

3. Разделительные: देवी माता की कृपा है अथवा आपके देवताओं के प्रभाव का फल है।, या तो वह किसी सारे काम में फंस गये या जिन लोगों ने सहायता का वचन दिया पलट गये।.

4. *Сопоставительные*: निर्मला तो चिंतासागर में गोता लगा रही थी और सीता मीठे सपने देख रही थी।, राम से भूल हो सकती है, पर अशोक से भूल नहीं नहीं होती।.

5. *Присоединительные*: आप विद्वानों का ऐसा नियंत्रण रख सकते हैं, पर यह नियंत्रण केवल पुस्तकों पर हो सकता है।, दुकानदार ने तब माना जब राम ने तीसरे दिन बाकी रकम की चीजें लौटा देने का वचन किया और यह भी उसकी दया ही थी।, यह हरा-भरा पौधा जल गया, केवल उसकी छाई रह गयी।.

6. *Следственные*: सब दुकानदार मुंशी को जानते थे, अतएव मुंशी जी ने सिर झुका लिया।.

7. *Градационные*: इस बस्ती में केवल कुत्ते और सूअर ही नहीं बसते बल्कि आपकी तरह के हाथ-मुंहवाले आदमी भी बसते हैं।.

पाठ

कौतुक बनारसी

(जीवनी)

बंगला के कथाकर परशुराम की अनोखी सूझ-बूझ की परंपरा एवं अद्भुत ढंग से कहानी कहने की कला को आगे बढाने वाले "कौतुक" बनारसी का जन्म २४ सितंबर सन् १९२३ को वाराणसी जिले के एक गांव में हुआ।आप संगीतकुशल पं. आदित्य नारायण मिश्र के एकमात्र पुत्र हैं। सन् १९४३ में साप्ताहिक "आज" में पत्रकार के रूप में आपनेसाहित्यिक जीवन का प्रारंभ किया और शास्त्रीय संगीत, व्यंग्यचित्रकला तथा हास्य अभिनय में गहरी दिलचस्पी रखते हुए लेखन-कार्य में लगे रहे।

कौतुक बनारसी हिंदी के आधुनिक हास्य और व्यंग्य लेखकों में विशिष्ट स्थान रखते हैं। आपको एक प्रसिद्ध हास्यरस के कवि के रूप में हिंदी जगत् भलीभांति जानता है। विगत वर्षों में आपनेअपनी सैकडों कविताओंसे सहस्रों की भीड को कवि-सम्मेलनों में हंसाया है। जब तब रेडियो द्वाराआपकी कविताओं ने श्रोताओं का अच्छा मनोरंजन किया है। काशी के साहित्यिक एवं सांस्कृतिक जीवन को सप्राण बनाये रखने का श्रेय कौतुक बनारसी को भी है। अनेक साहित्य। संगीत, नाट्य संस्थाओं के मूल को सींचने में आप अनेक वर्षों से लगे हुए हैं।

वाराणसी के एक प्रतिष्ठित जमींदार एवं व्यवसायी घराने में जन्म लेकर भी आप सदैव स्वतंत्रजीवन के अभ्यासी रहे हैं। दैनिक "आज", "संसार", "तरंग" जेसे प्रचारित पत्रों के संपादन में योग देते हुए आपने अपना लेखन-कार्य प्रारंभ किया और आज भी निरंतर आपकी लेखनी से हास्य-सृष्टि हो रही है। देश के अनेक विशिष्ट लोग आपको इसलिए भी निकट से जानते हैं कि आपका देश के प्रसिद्ध भविष्यवक्ताओं में भी नाम है। आके ज्योतिषहास्त्र संबंधी अनुसंधानों का मूल्य भविष्य में विशेष रूप से आंका जाएगा।

कौतुक बनारसी

युद्ध...यानी लडाई...यानी मुंहचुथौवल

युद्ध।

यानी लडाई।

यानी मुंहचुथौवल।

तीनों शब्द एक दूसरे के अडोस-पडोस में ही रहते हैं। बिरादरी भी एक ही है। सभी बाभन हैं। सभी गोरे और चिकने मुंहवाले हैं।

युद्ध शब्द में एक धमाचौकडी का-सा आनंद आता है। लडाई में कुछ मुर्दापन अधिक है। हां, मुंहचुथौवल में अवश्य "थ" का बोध होता है और थ से थप्पड का निर्माण हुआ है।

युद्ध जिस देश न हो, समझ लीजिये। उस देश में खून में गरमी नहीं है। गरमी होगी भी तो चाय की तरह। चाय की गरमी से शरीर में पांच मिनट के लिए गरमी भले आ जाय, जोश नहीं आ सकता।

सिज देश में युद्ध न हो, बस लडाई होती रहे तो समझना चाहिए कि वहां के लोगों में दम नहीं है। युद्ध करने के लिए ताकत चाहिए। लडाई तो हम आप सडक पर चलते हुए भी कर लेते हैं।

जिस देश में सिर्फ मुंहचुथौवल होती है, वहां के लोग लखनऊ के पहलवानों जैसे होते हैं। धोती ढीली करके पसीना-पसीना हो जाते हैं, पर "रंडहो-पुतहो बंद नहीं करते। मुंहचुथौवल से अच्छी लडाई, लडाई से अच्छा युद्ध।

वह जाति कभी वीर जाति नहीं कही जा सकती, जिसमें युद्ध करनेकी शक्ति न हो। एक बार तिब्बत में कई सौ बरस तक युद्ध न हुआ, जब टिम्बकटू के बादशाह ने तिब्बत पर चढाई की, तब लोग मानसरोवर में जा डूबे। वह ता कहिये पास ही में कैलाश रि शंकर भगवान थे, नहीं तो पूरी जाति का ही लोप हो जाता, और टिम्बकटू के राजा से शंकर भगवान ने युद्ध किया। युद्ध में शंकर भगवान विजयी हुए और राजा को गणेष जी के लिए अपनी लडाई देनी पडी। यह कथा प्रामाणिक है और बंबई म्युजियम के श्री परमेश्वरीलाल गुप्त ने एक बार इसे मुझे बतलाया था।

घर में युद्ध नहीं होता, अधिकतर मुंहचुथौवल होती है। बात आगे बढी और पतिपत्नी में अधिक जोश आता तो एक हलकी-फुलकी लडाई हो जाती है।

युद्ध करने की जगह मैदान है। घास का मैदान हो तार अधिक अच्छा। मगर वह सर्वत्र इफरात मिलता नहीं। इसलिए लोग पथरीली जमीन पर भी युद्ध कर लेते हैं। ज्यादातर युद्ध रेगिस्तान में हुए हैं। इसलिए सिद्ध यही होता है कि युद्ध के लिए आबोहवा उष्ण, धरती रेतीली और भूमि समतल हो तो बढिया।

लडाई के लिए विशेष प्रतिबंध नहीं है। सब जगह हो सकती है। शास्त्रों में कना किया है कि लोगों को पानी में कभी लडाई न करनी चाहिए। पानी के बाहर आप सर्वत्र लडाई कर सकते हैं। दफ्तर में बाडे बाबू से, घर पर श्रीमती जी से, सिनेमा हाल में टिकट चेकर से, क्लास में मास्टर से और राजनीति में सरकार से।

बडे बाबू से, अफसर से या ऊंचे अधिकारी से मुंहचुथौवल आपने की नहीं कि गये। बस लडाई कीजिये। एकांत में दो चार घूंसे दीजिये। आप देखेंगे कि आपका सम्मान पहले से अधिक बढ गया है।

घर पर श्रीमती जी से लडिये मत। यहां लडाई मना है। फिर केस हाथ से निकल जाएगा। सिर्फ जरूरत पडने पर मुंहचुथौवल कीजिये। आनंद भी आयेगा और शारीरिक नुकसान भी न होगा। पर आफत तो यह है कि कुछ चंडबाक किस्म की श्रीमतियां लडाई अधिक पसंद करती हैं और आव देखती हैं न ताव, पतियों की नाक तोडकर रख देती है।

रेल के डिब्बे में, खेल के हाल में ज्यादातर लडाई ही माक देती है। ऐसी जगहों में लडाई खत्म होने पर रुकना सरासर गलती है। नौ दो ग्यारह हो जाना चाहिए।

क्लास में भलीभांतिन लडाई ही चल समती है न मुंहचुथौवल ही, दोनो हालत में आप स्टूल पर खडे कर दिये जाएंगे। इसलिए मनचाहा करने के लिए लंबी भोथरी धारवाली छुरी रखनी चाहिए। राह में एकांत में मास्टर को दिखा दीजियेर सारा काम बन जाएगा। वह आपसे इस जन्म की कौन कहे, उस जन्म में भी नहीं बोलेगा।

युद्ध में भाग लेने वाले को वीरगति मिलती है। इसलिए वीरगति प्राप्त करने के लिए यअ जरूरी है कि हर पट्ठा नौजवान युद्ध में अवश्य जाये। अमेरिका नै अभी हाल में ही ऐसे लाखों नौजवानों को वीरगति प्राप्त करने के लिए युद्ध में भेजा था, वीरगति प्राप्त करने के लिए आजकल बहुत उपाय करना पडता है। भील की तरह आसमान में उड-उडकर बम गिराने वाले जहाज तैयार कराने पडते हैं और उन्हें आदमियों की देह पर दौडाना पडता है। सभी देश चाहें कि ऐसी वीरगति प्राप्त कर लें, तोउनके लिए संभव नहीं है।

रूस धर्म नहीं मानता, इसलिए उसका वीरगति पर कोई विश्वास नहीं है। वह इसीलिए युद्ध के पक्ष में नहीं है। पर अमेरिका के लिए वीरगति प्राप्त करना जरूरी जान पडता है। वह युद्ध क॰ मांग कर रहा है और दूसरे देश ऐसे हैं कि तैयार नहीं होते।

युद्ध ने बुद्ध जैसा महात्मा पैदा किया। जो युद्ध नहीं चाहता वह बुद्ध हो जाता है। न चाहने पर बहुत थोडे से परिपर्त्तन से वह आदमी बुद्ध हो जाता है। यानी पहले जहां "य" लिखा होता है, "ब" लिख दिया जाता है।

लडाई चाहने से गांभी जैसा महात्मा पैदा हुआ। यदि लडाई न चलायी गयी होती तो गांधी जैसा महात्मा न पैदा हुआ होता। इसलिए कभी-कभी लडाई का महत्व बढ जाता है। मुंहचुथौवल से जिन्ना पैदा हुए। मुंहचुथौवल में कम ताकत नहीं, पर महात्मा नहीं पैदा हो सकते। हां, दस-बीस मिस्टर अवश्य पैदा हो सकते हैं।

इसलिए है पाठको, जिन्ना बनना चाहते हो तो मुंहचुथौवल करो, गांधी जी बनना चाहते हो तो लडाई और बुद्ध बनना चाहले हो तो युद्ध से सौ योजन दूर भागो। आज की दुनिया बुद्धिहीन बहुत पैदा कर रही है, बुद्ध एक भी नहीं। और यही कारण है कि युद्ध होते जा रहे हैं। बोलो तो एक बार जोर से महात्मा बुद्ध की जाये।

नये शब्द

अडोस-पडोस *парн. сочет.* **1.** по соседству; **2.** *м* 1) соседство; 2) окрестность

अनोखा редкий, удивительный, необычный

अभ्यासी привыкший; приучившийся

आफत *ж* 1) несчастье, беда; 2) горе

इफरात *ж* 1) излишек, избыток; 2) изобилие

उष्ण **1.** 1) горячий; 2) пылкий; **2.** *м* жаркое время года, лето

एकांत **1.** 1) пустынный, безлюдный; 2) одинокий; 3) уединенный; **2.** *м* 1) пустынное место; 2) одиночес-тво; 3) уединение

कथाकार *м* 1) рассказчик; сказитель; 2) новеллист

कुशल **1.** 1) умелый, искусный; 2) благополучный; 3) здоровый; **2.** *м* 1) умение, искусность; 2) благопол-учие

केस *м* судебное дело

कौतुक *м* 1) удивление, изумление; 2) любопыт-ство

गलती *ж* ошибка, неточность

घराना *м* 1) семья; род; 2) родовитая семья

घूंसा *м* 1) кулак; 2) удар кулаком

चंडबाक острый на язык; *зд.* воинственный, драчливый

चढाई *ж* 1) подъем, восхождение; 2) повышение; 3) нападение, атака; 4) подношение

चील *ж* коршун

चेकर *м* контролер

जोश *м* 1) кипение; 2) возбуждение, азарт; 3) пыл, энтузиазм

ज्योतिष *м* 1) астрология; 2) астрономия

डूबना *нп* 1) тонуть, погружаться; 2) нырять; 3) заходить *(о солнце)*

दैनिक **1.** 1) дневной; 2) повседневный, ежеднев-ный; 3) поденный; **2.** *м* 1) ежедневная газета; 2) днев-ной заработок

दौडाना *п* 1) гнать, погонять; 2) передвигать

धमा-चौकडी *ж парн. сочет.* 1) суматоха, возня; 2) шум, крики; 3) потасовка, драка

धार *ж* 1) поток, струя; течение; 2) лезвие, острие

धोती *ж* дхоти *(мужская одежда в виде спускающейся до колен набедренной повязки)*

नाट्य *м* 1) игра на сцене; 2) представление

नुकसान *м* 1) убыток, урон; 2) вред

पट्ठा *м* 1) юноша; парень; 2) мускул; 3) сухо-жилие

पड़ोस *м* 1) соседство; 2) окрестность

पति *м* 1) хозяин; 2) муж, супруг; 3) глава, лидер

पथरीला 1) каменистый; 2) твердый как камень

प्रचारित 1) распространенный; 2) пропагандир-уемый

प्रामाणिक 1) доказанный; 2) достоверный, точный; 3) стандартный

फुलका **1.** легкий, воздушный; **2.** *м* 1) лепешка; 2) волдырь; нарыв

बंगला **1.** бенгальский; **2.** *м* бунгало; **3.** *ж* бен-гальский язык

बाभन *м* 1) брахман; 2) бхумихари *(член одно-именной касты)*

बिरादरी *ж* 1) братство; 2) каста; община; 3) род-ство

बुद्धिहीन глупый, неразумный

बोध *м* 1) знание; понимание; 2) представление

भविष्यवक्ता *м* предсказатель, прорицатель

भोथरा тупой, затупленный

मनचाहा 1) своенравный, своевольный; 2) произ-вольный

महात्मा **1.** великий духом; **2.** *м* 1) махатма, вели-кий человек; 2) святой

मिस्टर *м* господин, мистер *(тж. ирон.)*

मुंहचुथौवल *ж* драка; потасовка *(букв. “царапание лица”)*

मुर्दापन *м* смертность

म्युजियम *м* музей

योजन *м* 1) соединение, смешение; 2) ёджана *(мера длины, равная 8 км.)*

रंडहो-पुतहो *зд.* “бабья свара” *(с тасканием за волосы и т.п.)*

राजनीति *ж* (государственная) политика

रेतीला песчаный

लेखनी *ж* 1) перо *(для письма);* 2) ручка; 3) кисть *(художника)*

लोप *м* 1) гибель; 2) исчезновение; 3) отсутствие

विजयी **1.** 1) победивший; 2) победный, победо-носный; **2.** *м* победитель

वीरगति *ж* 1) славная гибель на поле боя; 2) *хинд.* виргати *(райское блаженство, обретаемое героем, павшим смертью храбрых)*

व्यंग्य *м* 1) сатира; 2) иносказание; 3) сарказм; насмешка

व्यवसायी **1.** 1) ремесленный; 2) профессиональ-ный; **2.** *м* 1) предприниматель; бизнесмен; 2) коммер-сант; 3) ремесленник

शारीरिक 1) телесный; 2) физический

श्रोता *м неизм.* слушатель

सप्राण живой, одушевленный

सम्मान *м* 1) уважение, почитание; честь; 2) по-чести

सरासर *парн. сочет.* 1) от начала до конца; 2) це-ликом, полностью; 3) явно

सहस्र тысяча

सींचना *п* 1) орошать; поливать; 2) смачивать, мочить; 3) окроплять

सूझ-बूझ *ж парн. сочет.* 1) ум, разум; 2) по-нимание, разумение

सृष्टि *ж* 1) порождение; 2) возникновение; 3) со-зидание, сотворение

स्टूल *м* табурет

हास्य *м* 1) смех; 2) шутка; 3) юмор

हास्यरस *м лит.* хасьяраса, или юмористи-ческое настроение

भौगोलिक नाम

टिम्बकटू — г. Томбукту (Тимбукту) *(в африкан-ском государствеве Мали; зд. ирон.)*

मानसरोवर — *о.* Мансаровар *(в северной части Гималаев; считается индусами священным)*

निजी नाम

गणेष — *миф.* Ганеш *(слоноголовый бог мудрос-ти; сын бога Шивы)*

जिन्ना — Мухаммед Али Джинна (1876-1948), первый генерал-губернатор Пакистана

शंकर — *миф.* Шанкар *(один из эпитетов бога Шивы)*

टिप्पणियां

१. **शास्त्रीय संगीत** — классическая индийкая музыка.

२. **हास्य-अभिनय;** — комедийное представление, комедия.

३. **दिलचस्पी रखना (लेना)** — интересоваться.

४. **भलीभांति** — хорошо; детально.

५. **सप्राण बनाना** — оживлять, вдыхать жизнь.

६. **नाट्य संस्था** — театральное общество.

७. **मूल खींचना** — стоять у истоков; организ-овывать.

८. **मूल्य आंकना** — оценивать значимость, оценивать важность.

९. **चिकना मुंह** — красивое лицо.

१०. Деепричастия несовершенного и совершенного вида, а также деепричастие пред-шествующего действия могут сочетаться с частицей **भी**, передавая уступительное значение: लडाई तो हम आप सडक पर चलते हुए भी कर लेते हैं।, एक पंजाबी आदमी लोगों के रोकते-रोकते भी भीड चीरकर डैडी के पासतक आ पहुंचा।, उन्होंने उसे देखकर भी न देखा।, वह मरकर भीमरी नहीं थी।.

११. **धोती ढीली करना** — бояться, пугаться, поджимать хвост.

१२. **पसीना-पसीना होना** — покрываться потом от страха.

१३. **हलका-फुलका** — *парн. сочет.* 1) легкий, слабый; 2) поверхностный.

१४. **घूंसा देना (मारना, लगाना, जमाना)** — наносить удары кулаком, надавать тумаков.

१५. **केस हाथ से निकल जाएगा** — дело примет дурной оборот.

१६. **आव देखा न ताव** — не думать о послед-ствиях; бросаться очертя голову.

१७. **नाक तोडना** — сильно избивать; расквас-ить нос.

१८. **काम देना** — применяться, использоваться.

१९. **नौ दो ग्यारह होना** — убегать.

२०. **स्टूल पर खडा करना** — ставить на стул *(вид наказания в школе).*

२१. **मनचाहा करना** — делать, что душе захочется; чинить произвол.

२२. **वीगगति प्राप्त करना** (**पाना**) — пасть смертью храбрых на поле брани.

२३. **लडाई** (**युद्ध**) **चलाना** — вести бой (сра-женье, войну).

पाठ के अभ्यास

१. पाठ का अनुवाद कीजिये।

२. निम्नलिखित शब्दबंधों का अनुवाद कीजिये।

म्युजियम के अडोस-पडोस में रहना, अनोखी सूझ-बूझ, ग्रामीण जीवन का अभ्यासी व्यक्ति, आफत में पडना, आफत का मारा, अपने सिर पर आफत लाना, बडी इफरात में भेजना, उष्ण कटिबंध, एकांत स्थान में, एकांत में रहना, एकांत में वार्तालाप करना, सम्मानित कथाकर, कुशल कथाकर, कुशल समझना, केस जीतना, कौतुक दिखाना, गलती सुधारना, अच्छे घराने का आदमी, पेड (देश) पर चढाई करना, जोश में आना, जोश ठंडा करना, चिंता में डूबना, नदी में डूब मरना, दैनिक जीवन, दैनिक समाचारपत्र, दैनिक वेतन, घोडा दौडाना, तलवार की धार, नाट्य-कला, नुकसान पहुंचाना, नुकसान भरना, दो हजार रुपये का नुकसान, हमारे पडोस में, पथरीली मिट्टी, नगर में प्रचारित समाचार, प्रामाणिक शब्दकोश, बंगले में रहना और बंगला बोलना, बिरादरी से बाहर करना, बुद्धिहीन राजनीति, भोथरी धार, मनचाही कीमतें, सक्रिय राजनीति बरतना, रेतीली मिट्टी, जाति का लोप, अक्षर का लोप, विजयी देश, विजयी सेना, व्यंग्य-चित्र, शारीरिक दंड, शारीरिक शिक्षा, शारीरिक बल, रेडियो का श्रोता, वृद्धों का सम्मान करना, सैनिक सम्मान के साथ, सरासर असत्य बोलना, सहस्रों में आना, खेत सींचना, अपनी सूझ-बूझ के अनुसार कार्य करना, प्रकृति की सृष्टि, हास्य-कथा, हास्य चित्र, हास्य लेखक।

३. निम्नलिखित शब्दबंधों का अनुवाद कीजिये।

находиться по соседству, опасное соседство, необычный ум, удивительное событие, привыкать к жизни в тропиках, производить необходимые товары в изобилии, построить дом в уединенном месте, известный российский новеллист, искусный художник, проигрывать судебное дело, пробуждать любопытство, совершать ошибку, ошибка в подсчете, молодой человек из хорошей семьи, ударить кулаком, совершать восхождение на гору, нападать на противника, билетный контролер, работать с энтузиазмом, отрицать астрологию, утонуть в бурном море, заниматься повседневной работой, затачивать лезвие, нож с тупым лезвием, сценическая площадка, причинять вред, восполнять ущерб, идеальный муж, каменистая земля, пропагандируемая доктрина, классическая музыка, развлекать слушателей, смешить зрителей, телесное повреждение, достоверный рассказ, мелкая стычка, жить в бунгало на берегу моря, индийская община в Москве, неразумное решение, предсказатель при шахском дворе, произвольное требование, политика “открытых дверей”, агрессивная политика, стоять на песчаном берегу, профессиональная ассоциация, физический труд, орошать сухое поле, современное понимание романа, сотворение мира, писатель-юморист, писатель-сатирик

४. निम्नलिखित शब्दों के हिंदी समानार्थक लिखिये।

удивительный, необычный (2); несчастье, беда (3); го-рячий (2); пустынный, безлюдный (2); новеллист (2); ошибка (2); семья; род (2); нападение, атака (3); тело (3); повседневно (2); поток, течение (2); убыток, урон (2); легкий, невесомый (2); брахман (2); община (2); музей (2); песчаный (2); ручка *(для письма)* (2); деловой, профессиональный (2); живой (2); уважение, почет (2); тысяча (2); созидание, творение (2); любо-пытство (2)

५. अनुवाद कीजिये।

१. १)उसने व्यंग्य-कथा लिखने की परंपरा को आगे बढाया। २)हास्य-लेखक की सूझ-बूझ बहुत अनोखी होती है। ३)बंगला के

कथाकर भारतीय साहित्यमें विशेष स्थान रखते हैं। ४)रवीन्द्रनाथ ठाकुर संगीतकुशल व्यक्ति थे क्योंकि वे बहुत अच्छा संगीत लिखते थे। ५)व्यंग्य देश की विकृतियों को साफ-साफ दिखाता है। ६)किसी भी नेता द्वारा भाषण करते समय सहस्रों की भीड जमा हुआ करती है। ७)उन्होंने थके-मंदे समाजके जीवन को सप्राण बनाने की कोशिश की। ८)“शांतिनिकेतन” के मूल को सींचने का श्रेय रवीद्रनाथ ठाकुर को है। ९)“टाटा” भारत में एक प्रख्यात व्यवसायी घराना है। १०)वह देहाती जीवन का अभ्यासी है। ११)उनकी लेखनी से अनेक अव्वल दर्जे के उपन्यास लिखे गये हैं। १२)भारत में ब्रह्मा को संसार का सृष्टिकर्त्ता कहते हैं। १३)भारत में ज्योतिषशास्त्र काफी लोकप्रिय है। १४)भारत में बिरादरी बंद समाज के बराबर होती है। १५)यह खबर सुनते ही घर में घमा-चौकडी मच गयी। १६)मुंहचुथौवल के समय थप्पड ही काम में आने लगती हैं। १७)इस आदमी में जोश नहीं है, सदा चुप ही रहता है। १८)जोश में आकर वह घूंसे मारने लगा। १९)धोती अधिकतर मरदाना पोशाक है, इसके अनेक फेशन होते हैं। यह कहा जा सकता है कि प्रत्येक राज्य में अलग-अलग बिरादरियों के लोग धोती अपने ढंग से बांध लेते हैं। २०)धोती ढीली करने का अर्थ है डर जाना या डरकर भागना। २१)यह सरोवर बहुत खतरनाक है। इसमें अनेक दोग डूब मरे। २२)इतिहास के दौरान युरोप में अनेक जातियों का लोप और अनेक जातियों का उदय हुआ। २३)भारत के लोग अनेक युद्धों में विजयी हुए। २४)हलकी-फुलकी लडाई का मतलब है दो-चार थप्पड लगाना, बस। २५)ऐसा माल इफरात में नहीं मिल सकता है। २६)युद्ध या तो पथरीली या रेतीली धरती पर किया जा सकता है। २७)देश की राजनीति बरतना एक कला है। २८)कुछ लोग एकांत में रहना पसंद करते हैं। भारत में ऋषि-मुनि प्राय: एकांत स्थानों में रहते हैं। २९)उनका अंतिम संस्कार सैनिक सम्मान से हुआ था। ३०)जो लोग वृद्धों का आदर नहीं करते उनका बाल में सम्मान भी नहीं होगा। ३१)इस सौदे के फलस्वरूप हमें नुकसान उठाना पडा। ३२)उसको नैतिक नुकसान पहुंचाया गया। ३३)जैसा पति, वैसी पत्नी। ३४)आफत अकेली नहीं आती। ३५)भोथरी कुल्हाडी से लकडी काटना बहुत मुश्किल होता है। ३६)नगर के हर एक इलाके पर किसी विशेष चील का अधिकार

होता है। ३७)देह पर अधिकार जमाना इतना कठिन नहीं होता जितना मन पर। ३८)प्रत्येक व्यक्ति से गलती हो सकती है, आवश्यक है कि गलती दुबारा न की जाये। ३९)हिंदी में मिस्टर के लिए अपना ही शब्द है श्रीमान्। ४०)बुद्ध से बुद्धि पैदा होती है, युद्ध से बहुत बुद्धिहीन उत्पन्न होते हैं।

२. मिखाईल जोश्चेंको

(१८९५-१९५८)

निखाईल मिखाईलोविच जोश्चेंको ने बीसवीं सदी के तीसरे दशक के शुरू में साहित्य में प्रवेश किया था जब नये मानव की गठन की समस्या विशेषकर गंभीर रूप से सामने आयी थी। प्रथम विश्वयुद्ध, क्रांति और गृहयुद्ध से गुजरे आदमी का विस्तृत जीवन-अनुभव लेकर जोश्चेंको साहित्य में आये व्यंग्य लेखक की हैसियत से। क्रांति के बाद के कठिन समय में लागों के सामने पैदा हुई जीवन की समस्याओं को ही उन्होंने अपनी सृष्टि का विषय बनाया और सर्वप्रथम एक आम, साधारण व्यक्ति के जीवन का चित्रण किया जिसका चेतन जीवन की एकदम नयी प्रणाली के अनुसार नहीं बदल पायी थी।

जोश्चेंको का यह विश्वास था कि व्यंग्य और हास्य में समाज की विकृतियों से छुटकारा पाने की प्रबल शक्ति होती है। १९२२ में जोश्चेंको की पहली पुस्तक “श्रीमान् नजार इल्यीच सीनेब्रूखोव की कहानियां” प्रकाशित हुई। जोश्चेंको की प्रतिभा की मौलिकता – उनके विशेष प्रकार के पात्र और उनके भाग्य – इस पहली पुस्तक में ही प्रकट हो गयी। ये वे पात्र हैं जो बराबर हास्योत्पादक परिस्थितियों में आ फंसते हैं क्योंकि ठीक तरह से खुद समझ नहीं पाते कि उनके इर्द-गिर्द क्या हो रहा है। जोश्चेंको के छोटे-छोटे व्यंग्य लेख और हास्य कथाएं बहुत लोकप्रिय हुए क्योंकि वे जीवन जैसे सच्चे थे।

चौथे दशक में उनके “मिशेल सिन्यागिन”, “एक जीवन की कथा” और “नीली पुस्तक” छोटे उपन्यास प्रकाशित हुए जिनमें मानव के सुख के लिए, सर्वाधिक विकसित और सामाजिक-नैतिक दृष्टि से योग्य व्यक्ति के लिए संघर्ष के प्रश्न अधिक गंभीर रूप में उठाये गये।

पांचवें दशक के अंत में जोश्चेंको की बाल-कृतियां प्रकाशित हुईं। इनकी विशेषता यह है कि जोश्चेंको बच्चों को उपदेश नहीं देते,

बल्कि सीधे-सादे ढंग से ही जटिल नैतिक समस्याओं पर विचार करते हैं।

६. अनुवाद कीजिये।

1) Писателем обычно становятся люди с необыч-ным умом, которые весьма своеобразно видят все то, что происходит вокруг нас. 2) Михаил Зощенко раз-вивал традиции русских сатириков, пытавшихся в своих произведениях показать пороки человеческого общества. 3) Воплощение юмора на сцене является одной из труднейших задач театрального искусства. 4) Он занимается изучением роли сатиры в живописи. 5) Многие знатоки музыки пришли послушать му-зыку этого композитора. 6) Во время состязания поэтов собираются толпы зрителей и слушателей. 7) Выступления юмористов и сатириков оживили атмосферу этого городка. 8) Многие русские купцы стояли у истоков картинных галерей разных городов России. 9) Лев Толстой принадлежал в старинному роду Толстых, которые на протяжении нескольких веков верно служили России. 10) Александр Пушкин начал свою писательскую деятельность будучи в юношеском возрасте. 11) Он привык к свободной жизни жителя гор. 12) Перу этого писателя принад-лежит много юмористических рассказов. 13) Астро-логия является одной из древнейших наук, которая выступала в роли предсказателя человеческих судеб. 14) Индийская классическая музыка плохо поддается восприятию европейцев. 15) Он родился в мусуль-манской общине этого города. 16) В комнату вошел светлолиций человек с красивым лицом. 17) ”Мы жили по соседству, встречались много раз...”. 18) Он с жаром принялся за эту работу. 19) В некоторых семьях между мужем и женой иногда случаются пота-совки. Порой победителями здесь оказываются женщины. 20) На эту миролюбивую страну напали враги. 21) Исчезновение этого народа произошло в древние времена. 22) Небольшие стычки часто перерастают в войны. 23) Песчаная почва хороша для производства картофеля. 24) Существует мнение, что политика — грязное дело. 25) Государственная поли-тика в области образования состоит в повседневной заботе о будущем поколении. 26) Драться на кулаках было любимым развлечением на Руси. 27) В обществе с хорошими моральными устоями моло-дежь всегда уважает старших. 28) Во

время пота-совки ему нанесли телесные повреждения. 29)В рус-ском языке есть выражение: “Пришла беда — отворяй ворота”, поскольку беда никогда не приходит одна. 30) Не думая о последствиях, он сильно ударил его кулаком. 31) Почувствовав опасность, он незаметно исчез. 32) В школе нужно обладать большой физической силой, чтобы делать все, что захочется, не обращая внимания на других учеников. 33) Обыч-но люди не забывают тех, кто пал смертью храбрых на поле боя. 34) Тупым ножом трудно что-либо резать. 35) Он опаздывал и поэтому гнал лошадей. 36) Убыток оценивается в сотни миллионов рупий. 37) Его сосед был искусным врачом. 38) Живя в тропиках, людям приходится преодолевать большие трудности. 39) Каждый человек иногда нуждается в одиночестве. 40) Неразумные решения часто приводят к ссорам.

७. निम्नलिखित मुहावरों का प्रयोग करके वाक्य बनाइये।

दिलचस्पी रखना, मूल सींचना, धोती ढीली करना, पसीना-पसीना हो जाना, घूंसा देना, आव देखना न ताव, काम देना, नाक तोडना, वीरगति प्राप्त करना, लडाई चलाना।

८. निम्नलिखित वाक्यों को पूरा कीजिये।

१)सन् १९४३ में साप्ताहिक “आज” में …। २)विगत वर्षों में आपने …। ३)दैनिक “आज”, “संसार”, “तरंग” जैसे प्रचारित …। ४)जिस देश में युद्ध न हो …। ५)एक बार तिब्बत में कई सौ बरस तक …। ६)पर आफत तो यह है …। ७)अमेरिका ने अभी हाल में ही …। ८)वह तो कहिये पास ही में …। ९)दफ्तर में बडे बाबू से …। १०)इसलिए हे पाठको, …।

९. खाली जगहों में आवश्यक शब्द लिखकर अनुवाद कीजिये।

१)आपको एक प्रसिद्ध … के रूप में हिंदी जगत भलीभांति जानता है। २)जब तब रेडियो द्वारा आपकी कविताओं ने … का अवश्य मनोरंजन किया है। ३)वाराणसी के एक प्रतिष्ठित जमींदारों एवं … … में जन्म लेकरभी आप सदैव स्वतंत्र जीवन के अभ्यासी रहे हैं। ४)लडाई में कुछ … अधिक है। ५)युद्ध ने बुद्ध जैसा … पैदा किया।

६)युद्ध में भाग लेने वाले को ... मिलती है। ७)घर में युद्ध नहीं होता, अधिकतर ... होती है। ८)मगर वह सर्वत्र ... मिलता नहीं। ९)एकांत में दो-चार ... दीजिये। १०)आनंद भी आयेगा और शारीरिक ... भी न होगा। ११)राह में ... में मास्टर को दिखा दीजिये, सारा काम बन जाएगा। १२)इसलिए वीरगति प्राप्त करने के लिए यह जरूरी है, कि हर ... नौजवान युद्ध में अवश्य जाये। १३)यह कथा ... है और बंबई ... के श्री परमेश्वरीलाल गुप्त ने एक बार इसे मुझे बतलाया था। १४)युद्ध शब्द में एक ...-... का-सा आनंद आता है। १५)तूफानी तरंगों के कारण वह समुद्र में ... मरा। १६)ऐसी जगहों में लडाई खत्म होने पर रुकना सरासर ... है। १७)इसलिए लोग ... जमीन पर भी युद्ध कर लेते हैं। १८)धोती ढीली करके पसीना-पसीना हो जाते हैं, पर ...-... बंद नहीं करते। १९)दोनों हालत में आप ...पर खडे कर दिये जायेंगे। २०)इसलिए ... करने के लिए लंबी ... धारवाली छुरी रखनी चाहिए।

१०. शब्दकोश की सहायता से कहानी का अनुवाद करके इसे रूसी और हिंदी में सुनाइये।

एक परीक्षार्थी की डायरी

आज सुबह तीन बजे ही अलार्म घडी बजने लगी। नींद तो मेरी खुल गयी, लेकिन मैं चुपचाप लिहाफ ओढे पडा था। घडी घनघना रही थी कि बाबू जी और अम्मा जी की नींद खुली। उन्होंने देखा कि मैं तो सो रहा हूं। बाबू जी चिल्लाये – “भोंदू सुबह हो गयी, उठो ..., पाठ याद करों” मैं अब भी पडा रहा। उधर बाबू जी सो गये और इधर फिर से मैंने खर्राटे लेना शुरू किया। जब सोकर उठा तो देखता हूं कुल ९ बजकर साढे सताइस सेकेंड हुए हैं। हाथ-मुंह धोकर स्कूल की तरफ चला।

रास्ते में खयाल आया कि आज तो हिंदी की परीक्षा है। सो रहीम करीम के दोहे याद करता, संज्ञा-क्रिया-सर्वनाम-विशेषण-क्रियाविशेषण-अवयव आदि व्याकरण के देवी-देवताओं के नाम जपता साढे दस बजे स्कूल पहुंचा। दर्जे में देखता हूं पोंगा पंडित बडी-बडी आंख क्रोध से

लाल किये बैठे मेरी राह देख रहे हैं। परचा बंट चुका था। लडके सवाल हल कर रहे थे। मुझे देखते ही पोंगा पंडित तडप उठे। किसी तरह चिरौरी-बिनती कर पाया था कि निगाह हिंदी के परचे पर गयी।

उलट-पलट चारों ओर से देखा, कोई भी चीज ऐसी नजर नहीं आयी जो मेरे मतलब की हो। समझ बेचारी बहुत पहले ही साथ छोड बैठी है। परचा पढना शुरू किया। कुल सात सवाल थे। कोई भी चार सवालों पर जवाब लिखता था। पहला सवाल था तुलसीदास जी ने रामायण क्यों लिखी। अब आप ही बताइये? यह भी कोई सवाल में सवाल है। पोंगा पंडित से ही कोई पूछता कि आपका नाम पोंगा पंडित क्यों रखा गया था, हमारा नाम भोंदू क्यों रखा गया तो क्या जवाब मिलेगा। बहरहाल वह सवाल तो मैंने छोड दिया।

दूसरा सवाल कुछ पेचीदा था। उसमें पूछा गया था कि कबीरदास जी कपडा ज्यादा बुनते थे या कविता ज्यादा लिखते थे। मैंने जवाब दिया – बराबर-बराबर। मतलब, ये जुलाहे के घर में पाले-पोसे गये थे, सो अपना पेट पालने के लिए कपडा बुनते थे और दुनिया की भलाई के लिए कविता लिखते थे।

ऐसे ही टेढे-मेढे सवाल थे। रात में मेरी नींद पूरी हुई न थी, मैं चौथे सवाल का जवाब लिखते-लिखते सो गये।

सोते-सोते मैं देखने लगा था सपना। सपने में देखा एक बडा उम्दा घोडा मुझे मिल गया है और मैं उसे सरपट दौडा रहा हूं। नदी-नाले समुद्र पहाड सबको पार करता हुआ वह घोडा थोडी ही देर में हवा से बातें करने लगा। मेरा घोडा हवा में उड ही रहा था कि देखा एक छोटा-सा हवाई जहाज चला आ रहा है। मैंने हवाई जहाज को रोकने का इशारा किया। हवाई जहाज का पायलट था कोई समझदार आदमी। वह मेरे पास आ गया। मैं घोडे को रोक तो सकता नहीं था, सो उछलकर चाहा कि हवाई के भीतर पहुंच जाऊं। जैसे ही मैं उछाला कि मेरी नींद खुल गयी और देखता हूं मैं जमीन पर कुर्सी समेत लुढक गया हूं। स्याही की दावात मेरे ऊपर गिर गयी है और मैं नीलाम्बर हो गया हूं।

दो-तीन आदमी मुझे उठाया, तब तक तीसरा घंटा भी खत्म हुआ। कापी छीन ली गयी। तीन ही सवाल कर पाया था। पता नहीं पास हो

सकूंगा या नहीं। अगर हिंदी में मैं फेल हुआ तो बडी बेइज्जती होगी। सोच रहा हूं कल पोंगा पंडित के घर जाकर सही सिफारिश करूं। शायद कुछ नम्बर दे दें। निकल जाऊंगा। पर अभी तो हिसाब, अंग्रेजी और जुगराफिया की परीक्षा बाकी है...।

भगवान्, तुमने मुझे बनाया तो फिर स्टूडेंट बनाने की क्या जरूरत पडी थी और अगर स्टूडेंट ही बनाना था तो कुछ बुद्धि-दिमाग भी दे दिया होता। वैसे मैं पूरी कोशिश करूंगा, आगे तुम्हारा ही भरोसा है।

(*कौतुक बनारसी के "कलम की कमाई" कहानी-संग्रह से*)

११. शब्दकोश की सहायता से कहानी का अनुवाद करके इसे हिंदी में सुनाइये।

Дед Щукарь

Дед Щукарь, который вчера пересолил кашу, решил, что должен приготовить что-нибудь вкусное. Он пошел в деревню, пере-ночевал там, а утром по пути обратно спрятался около дома крестьянина Краснокутова и стал ждать. План у деда Щукаря был очень прост. Он хотел украсть курицу, сварить кашу с курятиной для всей бригады. И тогда его начнут уважать и любить.

Щукарь прятался и ждал уже полчаса, но куры не подходили туда, где он сидел. Тогда он начал их тихо звать.

Старик Краснокутов, который был недалеко, услышал Щукаря и увидел, как он схватил курицу за ногу и спрятал в мешок.

Краснокутов вышел к Щукарю и спросил:

— Кур воруешь?

Щукарь испугался и выронил из рук мешок с курицей и сказал:

— Здравствуйте, Афанасий Петрович!

— Здравствуй. Значит, кур воруешь?

— Я шел мимо, — начал Щукарь, — и увидел такую красивую курицу, что мне захотелось посмотреть на нее поближе. Я много прожил, но таких красивых еще не видел.

Краснокутов ответил:

— Не обманывай! Кур в мешке не разглядывают. Говори, зачем хотел украсть?

И Щукарь рассказал ему, что хотел сварить кашу с курятиной для всей бригады. К его удив-лению, Краснокутов не рассердился, а наоборот, сказал, что для бригады может дать еще одну курицу.

Очень довольный Щукарь поймал еще одну курицу и быстро пошел в бригаду.

Через два часа каша уже была готова. Единственное, чего боялся Щукарь — это того, что каша будет невкусной, потому что воду он взял из пруда, в котором росла трава. Но все ели кашу и очень хвалили. А бригадир Любишкин сказал:

— В жизни не ел такой вкусной каши. Спасибо тебе от всей бригады!

Каша быстро кончалась. Некоторые уже начали доставать со дня куски куриного мяса. Вот тогда случилось то, что навсегда испортило карьеру деда Щукаря... Любишкин достал кусочек мяса, посмотрел на него и побледнел.

— Что это такое? — спросил он у деда.

— Наверное, куриное крылышко, — спокойно ответил дед.

— Крылышко? Посмотри сюда1

— Братцы! — закричал Аким Бесхлебнов. — Мы лягушку съели!

Одна из женщин, закрыв лицо руками, убежала. Мужчины засмеялись, а возмущенный Аким закричал:

— Какой может быть смех! Бей Щукаря!

Любешкин тоже не выдержал. Он схватил в руки ложку и закричал:

— Я красный партизан, а ты меня лягушками кормишь?

Щукарю показалось, что в руках у Любешкина нож, и он бросился бежать...

(Из романа М.А.Шолохова “Поднятая целина”)

१२. शब्दकोश की सहायता से कहानी को समझकर इसे रूसी और हिंदी में सुनाइये।

हमारे गांधीजी पूरे मजाकिया थे

शत्रु को हृदय में कैद करो

दिल्ली में गांधीजी अपनी प्रार्थना-सभा में उदाहरण के रूप में एक घटना का वर्णन करते हुए कहा – “मीरआलम नामक एक व्यक्ति था। वह *सरहदी गांधी* के देश का था। जैसे ये पहाड-से हैं (श्रोताओं में हंसी) वह इनसे भी ऊंचा था। पहले वह मेरा मित्र था। पठान भोले होते हैं और इसी कारण वे बादशाह हैं। मीरआलम को किसी ने बहका दिया कि गांधी ने पंद्रह हजार पौंड जनरल स्मट्स से ले लिया है और कौम को बेच डाला है। बस, एक दिन वह मेरा दुश्मन बनकर आया। उसके हाथ में बडी-सी लाठी थी और उसपर शीशे की मूठ लगी थी। उसने मेरी गर्दन पर वह लाठी मारी। मैं गिर गया। नीचे पत्थर का फर्श था। मेरे दांत टूट गये। पर ईश्वर की इच्छा थी इसलिए मैं मरा नहीं, बच गया। मीरआलम को दो तीन अंग्रेजों ने जो उसी रास्ते से जा रहे थे, पकड लिया। लेकिन मैंने यह कहकर उसे छुडवा दिया कि “वह बेचारा बहकावे में आ गया है कि मैं लालची हूं, यह सुनकर इस फौजी पठान का खून खौल उठा और यह मुझे मारने को उद्यत हो गया तो कोई आश्चर्य की बात नहीं है”। और इस तरह मीरआलम को मैंने सदा के लिए अपने हृदय में कैद कर लिया। वह फिर मेरा मित्र बन गया।

सरहदी गांधी – गफ्फार खान, जो उत्तर-पश्चिमी सरहदी प्रांतमें अंग्रेजों के उपनिवेशी शासन के विरुद्ध लड रहे थे।

माता की सीख

सरदार वल्लभभाई पटेल ने गांधीजी से कहा – अखबारों में छपा है कि लार्ड लिनलिथगो ने अपने भाषण की नकल भाषण के पहले आपके पास भेल दी थी। वह केवल देखने के लिए थी या परिवर्त्तन के लिए।

गांधीजी ने जवाब दिया – यह बिलकुल झूठी बात है। उसमें सुधार या परिवर्त्तन की आवश्यकता नहीं, उसे तो फाडकर फेंक देना चाहिए।

सरदार ने मुस्कुराकर कहा – पर आपको तो सभी देवों को एक साथ राजी करना भी अच्छी तरह आता है। अगर किसी लेख में आपने वायसराय के भाषण का कुछ अंशों का समर्थन किया है तो उसी में श्री जयप्रकाश और सोशलिस्टों की प्रशंसा भी की है।

गांधीजी हंसकर जवाब दिया – ठीक है। यह बात मुझे मां ने सिखायी है। वह मुझे वैष्णव और शैव दोनों मंदिरों में जाने के लिए कहती थीं, और जब मेरा विवाह हुआ। उस समय तो हिंदू मंदिरों के साथ ही एक फकीर की दरगाह पर भी जाना पडा था।

मैं बनिया होते हुए भी नहीं डरता

पहली जून को दिल्ली की प्रार्थना-सभा में गांधीजी ने विनय का उदाहरण देते हुए बतलाया कि प्रार्थना के लिए जब बादशाह खान को बुलाने हेतु “मनु” गयी तो उन्होंने कहा – मुझे प्रार्थना-सभा में देखकर किसी हिंदू के दिल पर चोट पहुंच सकती है, इसलिए मैं वहां नहीं जाऊंगा। यह सुनकर मैंने उससे कहलाया – आप तो पहाड जैसे हैं। मैं बनिया होकर नहीं डरता, तो आपको क्या डर है?

यह सुनते ही सारी सभा खिलखिलाकर हंस पडी।

(*कौतुक बनारसी*)

१४. शब्दकोश की सहायता से जातकों की कहानी को समझकर इसे रूसी और हिंदी में सुनाइये।

सिंह और गीदड

कोई सिंह एकपर्वत की गुफा में रहता था।

एक दिन अपनी गुफा से बाहर झांककर उसने देखा बि तालाब के किनारे एक हिरन कोमल-कोमल घार चर रहा है।

हिरन को देखते ही सिंह पर्वत के ऊपर से कूदा और उसने हिरन को पकडना चाहा। लेकिन हिरन छलांग मारकर भाग गया।

सिंह अपना वेग न रोक सकने के कारण दलदल में जा फंसा। बहुत कोशिश करने पर भी वह बाहर न निकल पाया। अपने पैरों को जरा भी इधर-उधर न हिला सकने से इसी हालत में उसे एक सप्ताह बीत गया।

आठवें दिन वहां से एक गीदड शिकार के लिए जा रहा था। सिंह को देखते ही वह डर के मारे भागने लगा।

गीदड को भागता देखकर सिंह ने उसे बुलाकर कहा – "हे गीदड। तू डर मत। देख! मैं इस दलदल में फंस गया हूं। तू मुझे यहां से किसी तरह निकाल"।

गीदर सिंह के पास जाकर बोला – "हे सिंह। मैं तुझे इस कीचड से निकाल दूंगा, लेकिन मुझे डर है कि बाहर आते ही कहीं तू मुझे खा न जाये"।

सिंह ने कहा – "गीदड! मैं तुझे विश्वास दिलाता हूं कि मैं तुझे कोई नुकसान न होने दूंगा"।

गीदड ने सिंह के चारों पैरों के पास की थोडी-थोडी कीचड हटाकर पानी आने के लिए नालियां बना दीं। जब कीचड नरम हो गयी तो गीदड सिंह के पास पहुंचकर बोला – "स्वामीजी, जरा जोर लगाइये"।

गीदड ने सिंह के पेट में टककर मारी। सिंह उछालकर दलदल के बाहर आ गया और जमीन पर खडा हो गया।

थोडी देर सिंह ने आराम किया। उसके बाद तालाब में उतरकर उसने अपने शरीर की कीचड धोयी। फिर उसने एक भैंस का शिकार कियाऔर उसके मांस को गीदड के सामने रखकर कहने लगा – "मित्र! खाओ"। दोनों ने मिलकर मांस खा लिया।

फिर सिंह गीदड के निवास-स्थान पर गया। वह गीदड और गीदडी को अपने घर लिवा लिया और अपनी गुफा के पास ही उन्हें दूसरी गुफा रहने को दे दी।

सिंह गीदड को साथ ले रोज शिकार के लिए जाता और जंगल में पशुओं को मारता। दोनों मिलकर मांस खाते और फिर सिंहनी और गीदडी को लाकर देते।

एक दिन सिंहनी के मन में आया – "सिंह गीदड, गीदर्डा और उनके बालबच्चों को बहुत चाहता है। क्यों न मैं इन्हें डरा-धमकाकर यहां से भगा दूं"।

एक बार जब सिंह गीदड के साथ शिकार के लिए गया हुआ था, सिंहनी गीलडी को डांटकर कहने लगी – "हे गीदडी। तू यहां क्यों रहती है? क्यों अपने घर नहीं चली जाती?"

गीदड के वापिस आने पर गीदडी ने यह बात गीदड से कही। उसने कहा – "स्वामीजी! हम लोगों को यहां रहते-रहते बहुत दिन हो गये हैं। कहीं ऐसा न हो कि किसी दिन यह सिंह हमें मारकर खा जाये। इसलिए चलिये, हम लोग अपने घर लौट चलें"।

गीदडी की बात सुनकर गीदड ने सिंह से कहा – "स्वामीजी! हम लोग आपके पास बहुत दिन रहे। बहुत समय तक एक साथ रहने से प्रीति कम हो जाती है। इसलिए आप हमें घर जाने की आज्ञा दीजिये"। यह कहकर गीदड ने सिंह को सब बातें कह सुनायीं।

गीदड की बात सुनकर सिंह को बुरा लगा। वह सिंहनी के पास जाकर बोला – "भद्रे तुम्हें याद है, बहुत दिन हुए मैं शिकार को गया था और इस गीदड और गीदडी के साथ आठवें दिन लौटा था?"

"हां स्वामीजी खूब याद है। कितनी चिंता मेंमेरे वे दिन कटे थे!"

"तू जानती है, मैं सात दिन तक क्यों नहीं आया?"

"नहीं स्वामीजी! मैं नहीं जानती"।

"भद्रे! देख! जब मैं हिरन को पकडने दौडा तो दलदल मैं जा फंसा। सात दिन तक बिना कुछ खाये-पीये मैं वहीं पडा रहा। ऐसे संकट के समय इस गीदड ने मेरी जान बचायी। याद रख भद्रे! जो मित्र के धर्म का पालन करता है, वह मित्र कभी कमजोर नहीं माना जाता"।

सिंहनी को अपने स्वामी की कात समभते देर न लगी। उसने गीदडी से जाकर क्षमा मांगी, और फिर सब हिल-मिलकर रहने लगे।

चुटकुले

१. पप्पू – पिताजी, कुछ पैसे दे दीजिये।

पिता – क्यों बेटा, क्या जरूरत है पैसों की?

पप्पू – आज मुहल्ले में आम सभा होगी, मैं भी कुछ आम खरीदूंगा।

२. अध्यापक – मोहन, यदि तुम्हारी मां तुम्हें पचास पैसे दें और तुम्हारे भाई को एक रुपया तो क्या होगा?

मोहन – मुंहचुथौवल!

३. शिक्षक – तुमने घर का काम किया?

छात्र – जी हां।

शिक्षक – शाबाश! लाओ देखें।

छात्र – जी, वह तो घर पर ही है

शिक्षक (क्रोध से) - घर पर क्यों है?

छात्र – जी, घर के लिए मैं कल आटा, दाल, चावल, चाय आदि खरीद लाया था। घर का और भी बहुत काम किया।

आठवां पाठ

व्याकरण

Простое предложение (обобщение)

Простое предложение в хинди является конструкцией, состоящей из сказуемого (предиката) и зависящих от него имен (именных групп), которые находятся в определенном грамматическом отноше-нии к сказуемому и располагаются перед ним, что приводит к образованию "рамочной" конструкции предложени, где в левой крайней позиции находится субъект, а в крайней правой — сказуемое.

Беспослежный субъект выступает в функции субъектного подлежащего предложения и регулярно координируется со сказуемым. Таким образом формируется *номинативная конструкция предложения*. В простом нераспространенном предложении при сказуемом, выраженном непереходной формой глагола, предложение состоит из двух компонентов: *субъектного подлежащего* и *сказуемого* (राम आता-आया आयेगा-आये). При сказуемом, выраженном переходной формой глагола, предложение состоит из трех обязательных компонентов: *субъектного подлежащего*, *расширителя сказуемого* (объекта, или прямого дополнения) *и сказуемого* (राम सपना देख रहा है, सीता किताब खरीदेगी, मैं सवाल पूछूं).

При послеложном, или маркированном субъекте сказуемое, выраженное переходным глаголом, координируется с подлежащим предложения (राम ने सपना देखा, सीता को किताब खरीदनी पडी, उससे शराब नहीं पी जाती, सीता के लडकी थी), и все предложение становится трехкомпонентным.

Если сказуемое представлено непереходными формами глагола, конструкция становится *бесподлежащной*, и сказуемое выступает в фиксированной (застывшей) форме 3 лица ед. числа мужск. рода (राम को जाना है, सीता से सोया नहीं जाता). Такое построение имеют *эргативная, пассивная, дативная, субъектно-возвратная, субъектно-посессивная и субъект-нолокативная конструкции.*

Номинативная конструкция в нераспространенном предложении с точки зрения главных компонентов всегда двухкомпонентна. Сами компоненты могут быть представлены одной как одной словоформой, так и несколькими словоформами. Сказуемое здесь выраается следующими словоформами:

1. Причастием (со связкой и без): आदमी सोता है, राम आया, बर्फ पडती थी, राम और सीता आये हैं, लडका सो गया. При сказуемых, выраженных несовершенным причастием, выступает субъектное подлежащее *процессивного состояния*, а при сказуемых, выраженных совершенным причастием (только непереходным), — субъектное подлежащее *результативного состояния.*

2. Личным или лично-причастным глаголом (формы простого будущего, а также формы повелительного наклонения и простая форма сослагательного наклонения): राम आयेगा, तू बोल, मैं आऊं. Здесь выступает субъектное подлежащее *предполагаемого (потенциального) действия.*

3. Спрягаемой личной связкой ह, при которой, как правило, присутствует обстоятельство места: गांव में मंदिर है, (वहां) कौन है Здесь выступает субъектное подлежащее *наличия (экзистенциальный субъект).*

4. Аналитическим продолженным причастием (как правило, со связкой): मैं जा रहा हूं, वह लिख रहा था, वे सो रहे होंगे. Здесь выступает субъектное подлежащее *действия,* или *процесса.*

5. Адъективом (в широком плане, включая санскритские отпричастные прилагательные, совершенные деепричастия, причастия постоянного качества с морфемой वाला): घर अच्छा है, किताब मेरी थी, जहाज भारत में निर्मित है, वह पिये हुए था, गाडी आने वाली है. Здесь выступает субъектное подлежащее *состояния.*

6. Адвербом (включая адвербиальные комплексы): भाई अच्छी तरह से है. Сюда же входят сказуемые, выраженные адъективно-адвербиальными словами типа दूर, नजदीक: घर दूर है, जंगल नजदीक है. В первом случае здесь выступает субъектное подлежащее *состояния*, во втором — субъектное подлежащее *носителя признака.*

7. Обстоятельственной именной формой: पानी सुराही में है, नदी पहाड के पीछे है. Здесь выступает субъектное подлежащее *нахождения.*

8. Оценочной именной формой: राम मजे में है, हम खतरे में हैं. Здесь выступает субъектное подлежащее *состояния.*

9. Именной формой действия: देश तरक्की पर है. Здесь выступает субъектное подлежащее *состояния.*

10. Определительной (квалификативной) имен-ной формой: पिताजी डाक्टर हैं, भेडिया हिंसक पशु है. Здесь выступает *квалификативное* субъектное подлежащее.

11. Числительным (квантификатором): हम पांच हैं, पानी बहुत है. Здесь выступает *количественное* субъектное подлежащее.

Эргативная конструкция с точки зрения главных компонентов всегда *трехкомпонентна*, поскольку состоит из субъекта действия, объектного (циклического) подлежащего и сказуемого: लेखक ने किताब लिखी. В функции субъекта здесь выступают преимущественно личные имена или местоимения, хотя могут употребляться и другие лексические единицы: आधे पेट खाने ने समय से पहले उसके चेहरे पर लकीरें बना दी थीं — инфинитив, तेरी धीरे-धीरे ने तो जान खा डाली — наречие.

При маркированном объекте конструкция формально оказывается бесподлежащной, и сказуемое здесь выступает в застывшей форме: मैंने एक आदमी को देखा. Объектное подлежащее может развертываться в придаточное предложение. В этом случае сказуемое также выступает в застывшей форме: उसने कहा कि नहीं जायेगा.

Пассивная конструкция также трехкомпоентна, однако здесь может опускаться не объектное подлежащее, которое всегда присуттвует, а субъект действия, который, тем не менее, бронирует свое место: (मजदूरों द्वारा) घर बनाया गया. И здесь при маркированном объекте конструкция формально оказывается бесподлежащной: सरकार द्वारा उसको राज्यपाल नियुक्त किया गया.

Дативная конструкция структурно состоит из субъекта, выраженного, главным образом, личным именем с послелогом को или местоимением в объектном падеже, циклического подлежащего, представленного различными эмоционально окрашенными (аффективными) словами, и бытийной связки ह: राम को खुशी थी, मुझे अफसोस है. Вместо связки могут выступать отдельные глаголы: राम को कपडा अच्छा लगा, अशोक को मोटर की आवाज सुनाई दी.

Другую разновидность данной конструкции составляют инфинитивные предложения должен-ствования, которые при непереходном инфинитиве являются двухкомпонентными, а при переходном — трехкомпонентными: राम को जाना पडा, राम को किताब खरीदनी पडी.

Субъектно-возвратная конструкция в зависимости от переходности или непереходности причастия подразделяется на двухкомпонентную (при непереходном причастии) и трехкомпонентную (при переходном причастии): राम से सोया नहीं जाता, राम से शराब नहीं पी जाती. Послеложный субъект данной конструкции, как правило, не опускается. Опускаться, бронируя при этом свое место, может циклическое подлежащее: मुझसे तो कहा नहीं जाता.

Субъектно-посессивная конструкция всегда трехкомпонентна, так как состоит из субъекта, циклического подлежащего и сказуемого. Субъект, маркированный послелогами обладания, представлен главным образом личными именами. В функции подлежащего выступают предметы обладания (одушевленные и неоду-шевленные): बडे आदमियों के पास धन है, हमारे यहां भी ऐसे वन थे, सीता के लडकी हुई थी.

Субъектно-локативная конструкция также всегда трехкомпонентна, так как состоит из субъекта, выраженного одушевленным именем с послелогом में, циклического подлежащего, представленного, главным образом, абстрактным именем сущест-вительным, и сказуемого: सीता में ईर्ष्या नहीं थी, राम में साहस कहां.

Инфинитивная конструкция занимает в простом предложении особое место. Здесь место субъекта и сказуемого занимают *топик*, представленный инфинитивом и передающий старую информацию, и *комментарий,* состоящий из словесного комплекса “имя + глагол” и передающий новую информацию. При этом сказуемое согласуется не с инфинитивом, а с прилегающим к нему именем: उसका न चुना जाना मेरी पराजय थी.

Все главные компоненты указанных конструкций могут расширяться, что образует распространенное простое предложение.

पाठ

चतुरसेन शास्त्री

(जीवनी)

आचार्य चतुरसेन शास्त्री का जन्म बुलंदशहर जिले के अंतर्गत चांदोख ग्राम में सन् १८९१ ई. में हुआ था तथा इनकी मृत्यु सन् १९६० ई. में हुई। इनकी प्रारंभिक शिक्षा गुरुकुल सिकंदराबाद में हुई थी। ग्यारह वर्ष की अवस्था में ये घर से भागकर वाराणसी पहुंचे और वहां इन्होंने व्याकरण और साहित्य का अध्ययन किया। इसके पश्चात् इन्होंने “जयपुर संस्कृत कालेज” में आयुर्वेद और साहित्य का अध्ययन किया। फिर ये लाहौर के एक कालेज में आयुर्वेद के अध्यापक नियुक्त हुए। परंतु अपने स्वच्छंद विचारों के कारण शीघ्र ही वहां से अलग होकर स्वतंत्र रूप में वैद्यक करने लगे।

शास्त्रीजी बडे ही कर्मठ और समर्थ लेखक थे। इनकी प्रकाशित रचनाओं की संख्या सौ के अधिक से है और अनेक रचनाएं अभी अप्रकाशित हैं। इनका उपन्यास-लेखन काल काफी विस्तृत है। इन्होंने सन् १९२५ के आस-पास से लिखना प्रारंभ किया था।इनके कई उपन्यास बडे प्रसिद्ध हैं, जैसे “वैशाली की नगर वधू”, और “सोमनाथ”। शास्त्री जी के उपन्यासों में कथा-संगठन, दृश्य-चित्रण और चरित्र-चित्रण सभी सुंदर हैं। इन्होंने अनेक उपन्यास लिखे हैं जिनमें मुख्य हैं: “हृदय की परख”, “हृदय की प्यास”, “आलमगीर”, “दो किनारे”, “वैशाली की

नगर वधू", "सोमनाथ"। उपन्यास के क्षेत्र में इनकी कला का उतरोतर विकास हुआ है और ये आज भी गतिमान लेखक हैं।

इनकी प्रतिभा बहुमुखी थी। इन्होंने धर्म, इतिहास, राजनीति, आयुर्वेद, रसायन, गृहविज्ञान, बालशिक्षा आदि अनेक विषयों के ग्रंथ लिखे हैं और गद्य की प्राय: सभी विधाओं का सफल प्रयोग किया है। हिंदी-साहित्य में इनकी ख्याति कथा-साहित्य के कारण है। ऐतिहासिक आधार पर लिखी हुई इनकी कहानियां बहुत ही आकर्षक और सजीव हैं। इन कहानियों में चरित्र-विकास और रस-परिपाक की सिद्धि हुई है।

शास्त्रीजी की गद्य शैली प्रवाहपूर्ण, प्रांजल और सशक्त है। विषय के अनुसार शैली में विविधता का समावेश होता रहता है। कहानियों में कवित्व की छटा भी मिलती है। इनके गद्य-गीत मर्मस्पर्शी हैं।

चतुरसेन शास्त्री

निर्णायक क्षण

डंका बजते और नरसिंह फूंकते हुए प्रधान तुर्क सेनापति मऊिद हाथियों पर पुल बनाने की सामग्री लेकर खाई में घुसा। दो सौ हाथियों पर मोटी-मोटी लोहे की जंजीरें, भारी-भारी रस्से, छोटे-बडे तख्ते और पुल बनाने की आवश्यक सामग्री थी। हाथियों की आड लेकर हजारों बढई अपने-अपने औजार पीठ पर बांध, बडी-बडी लोहे की ढालों के नीचे सिर छिपाये चल रहे थे। उनके पीछे अपने बलूची घुडसवारों के बीच कसा हुआ अमीर अपनी हरी पगडी पर पन्ने का तुर्रा पहने, अपनी लाल दाढी को फर्राता हुआ आगे बढा। उसके पीछे बाणों का मेह बरसाते असंख्य योद्धा मशकों पर, हाथियों पर और घोडों पर तैरते बढे चले आ रहे थे। जैसे वे भूमि पर ही हों।

अभी सूरज ढलने लगा था। उसकी तिरछी पीली किरणें अमीर की तलवारों में पीली चमक उत्पन्न कर रही थीं। सेना गगनभेदी "अल्लाहो-अकबर के नारे बुलंद करती हुई बरसाती नदी के प्रवाह की भांति बढी चली आ रही थी। मृत्यु और विपत्तियों को खेल समझने के अभ्यस्त तुर्किस्तानी पार्वत्य प्रदेश के वे बर्बर सैनिक किसी भी बाधा को बाधा न समझ दुर्द्धर्ष तेज से चले आ रहे थे। उनके आगे विजयी

महमूद था जिसे अपनी सतर्कता, साहस, योजना और युद्ध-नेतृत्व पर पूरा भरोसा था।

सिंहद्वार पर जूनागढ के राव की चौकी थी। वे अपने दस हजार सैनिकों के साथ इस आती हुई विपत्ति का सामने करने को अग्रसर हुए। अभी तक युद्ध में इनका मोर्चा अक्षुण्ण था। उन्होंने झटपट दूसरे मोरचों पर सावधानी से रहने के संदेश भेजे और कठिन युद्ध के लिए तैयार हो गये। संकट के क्षण को उन्होंने समझ लिया था। क्षण-क्षण में अन्य मारचों के समाचार उन्हें कमल रहे थे। आधे दिन से भी अधिक काल तक जो उनके नेत्रों के सम्मुख खून की होली खेली गयी थी उसे देखते हुए भी अब तक अचल-अभंग रहे थे। अब उनकी बारी थी। सोरठी योद्धाओं ने तलवार खींच ली। राव ने सैनिकों को संबोधन करते हुए कहा, “भाया, यह जीवन का अमर साका है, याद रखना। जहां तुम्हारे पैर हैं, वहां से आगे तुम्हारे जीते जी शत्रु के चरण इस देवधान को अपवित्र न करने पाएं”।

सोरठी योद्धा गरज उठे। और उन्होंने एकबारगी ही कोट से बाणों का मेह बरसाना शुरू किया। देखते ही देखते मध्य द्वार के सम्मुख शत्रु उतरने लगे। वे तीरों से बिंध-बिंधकर घायल चीत्कार कर और घूम-घूमकर गिरने लगे। परंतु उनकी चीत्कार “अल्लाहो-अकबर” और “हर-हर महादेव” के घोर नाद में व्याप्त होने लगी। मरे हुए सैनिकों का स्थान दूसरे सैनिक तुरंत लेते। एक घोडा गिरता तो दूसरा घोडा आता। मुर्दों से खाई पट गयी। पर मुर्दों और अधमरों को चरणों से रुंधते हुए दूसरे बर्बर सैनिक धंसे ही चले आ रहे थे। अब पुल बनाने वाले इस तट पर आकर पुल के रस्से कोट की दीवारों में लगाने का प्रयत्न कर रहे थे। उनपर ऊपर से बडे-बडे पत्थर लुढकाये जा रहे थे। सिंहद्वार पर शत्रुओं के दल-बादल एकत्र हो रहे थे। यह देख राव ने अपने हजारों योद्धाओं को बडे-बडे पत्थरों से द्वार को भीतर से पाट देने का आदेश दिया था। बडे-बडे पत्थर इधर-उधर के मकानों, मंदिरों और चबूतरों से उखाड-उखाडकर द्वार पर ढेर किये जा रहे थे। इधर भारी-भारी पत्थरों से चटनी होकर महमूद के योद्धा मर रहे थे।

परंतु आज जैसे प्राणों का किसी को मोह ही न था। खाई में और खाई के बारह मुर्दों का टील लग रहा था – फिर भी शत्रुदल टिड्डी-दल की भांति बढता ही आ रहा था।

अब द्वार पर हाथियों की टक्कर लगने लगी। आठ मस्त हाथी सूंड से भारी-भारी शहतीर ले द्वार को ठेलने लगे। उनके कंधों पर बैठे महावत निर्दयता से उनके कान की जड में अंकुश बींध रहे थे और हाथी चिंघाडते हुए बडे-बडे शहतीरों से सिंहद्वार के लौह जटित फाटक पर आघात कर रहे थे।

उधर पुल भी खाई पर फैल गया। और इधर-उधर तैरते हुए योद्धा उसपर चढकर दौडने लगे। अब ऊपर से उनपर खौलता हुआ तेल और जलती हुई लकडियां फेंकी जाने लगीं। बडे-बडे लकडी के कुंदों में तेल और गंधक से तर कपडा लपेटकर आग लगाकर उन्हें हाथियों पर फेंका गया। गंधक की गंध से घबराकर हाथी चिंघाडते हुए पीछे हटकर खाई में जा गिरे। इसी समय शत्रुओं ने सिंहद्वार में आग लगा दी।

कोट में भय की लहर व्याप गयी। इसी क्षण कोट के अंतरायण से गगनभेदी नाद सुन पडा: “अल्लाहो-अकबर”। राजपूत योद्धा आश्चर्यचकित हो भीतर की ओर देखने लगे। जो कुछ देखा उसे देख भय से वे चिल्ला उठे, न जाने कहां कैसे धरती फोडकर अंतरायण में शत्रु घुस आये थे। कोई कुछ न समझ सका।

(*“सोमनाथ” उपन्यास से*)

नये शब्द

अंकुश *м* 1) анкуш *(палка с железным крюком для управления слоном);* 2) претеснение, угнетение; 3) власть; контроль

अंतरायण *м* внутреннее помещение

अग्रसर 1) идущий впереди; 2) передовой

अचल 1) неподвижный, недвижимый; 2) твер-дый, непоколебимый

अधमरा полумертвый

अपवित्र нечистый, оскверненный

अप्रकाशित 1) неосвещенный, темный; 2) неопуб-ликованный, неизданный

अभंग 1) неразбитый, целый; 2) нерушимый

अभ्यस्त 1) заученный; 2) натренированный; 3) привыкший, привычный

असंख्य бесчисленный, неисчислимый

आकर्षक 1) притягивающий; 2) притягательный; 3) чарующий

आघात *м* 1) удар; 2) *лингв.* ударение; 3) убий-ство

आचार्य *м* 1) наставник; 2) преподаватель; про-фессор *(тж. звание; ставится перед именем)*

आयुर्वेद *м* Аюрведа *(сборник древне-индийских трактатов по медицине);* 2) традиционная индий-ская медицина

आलमगीर *м* 1) покоритель вселенной; 2) один из эпитетов могольского императора Аурангзеба

आश्चर्यचकित удивленный, изумленный, пораженный

उतरोतर **1.** прогрессивный; поступательный; **2.** 1) все больше и больше; 2) все дальше и дальше; 3) постепенно

एकबारगी 1) одновременно; 2) внезапно, неожиданно

औजार *м* инструменты; орудия *(труда)*

कर्मठ 1) активный, деятельный; 2) искусный, умелый

कवित्व *м* поэтичность

कसना **1.** *нп* 1) затягиваться, быть туго стянутым; 2) быть туго набитым **2.** *п* 1) связывать, увязывать; 2) затягивать

कुंदा *м* 1) бревно; колода; 2) приклад *(ружья);* 3) колодка *(арестанта)*

खौलना *нп* кипеть

गंध *ж* 1) запах, аромат; 2) духи

गंधक *ж хим.* сера

गगनभेदी 1) очень высокий; 2) оглушительный, громоподобный

गतिमान 1) движущийся; 2) подвижной, динамичный

गद्य *м* проза

गीत *м* песня; гимн

गुरुकुल *м* гурукул *(индуистское религиозно-светское учебное* заведение)

गृहविज्ञान *м* домоводство

घबराना **1.** *нп* 1) беспокоиться, волноваться; 2) быть в растерянности; **2.** *п* 1) беспокоить, волно-вать; 2) приводить в растерянность

घायल раненый

घोर 1) страшный, ужасный; 2) частый, густой; 3) глубокий, крепкий; 4) очень большой

चटनी *ж* приправа, соус

चबूतरा *м* 1) платформа, помост; 2) терраса; площадка

चमक *ж* 1) блеск, сверкание; 2) роскошь, великолепие

चिंघाडना *нп* 1) кричать; 2) трубить *(о слоне)*

चीत्कार *м* 1) крик; 2) стон

चौकी *ж* 1) сторожевой пост, пикет, застава; 2) стража, караул

छटा *ж* 1) блеск, сверкание; 2) великолепие

जंजीर *ж* 1) цепь *(тж. перен.);* 2) дверная цепочка

जटित инкрустированный

झटपट быстро, тотчас; моментально

टक्कर *ж* 1) столкновение; 2) конкуренция; борьба

टिड्डी *ж* саранча

ठेलना *п* толкать; подталкивать

ढलना *нп* 1) стекать; течь, литься; 2) заходить, садиться *(о светилах);* 3) принимать форму

ढाल *ж* щит

तुर्क *м* 1) тюрк; 2) турок

तुर्किस्तानी туркестанский

तुर्रा *м* 1) челка, чуб; 2) конец тюрбана, поднятый вверх; 3) султан, плюмаж; 4) хохолок, гребень *(у птиц)*

तेज *м* 1) тепло; 2) жар; пыл; 3) блеск, сверка-ние; 4) сила, мощь

दल-बादल *м* 1) скопление облаков; облачность; 2) несметные полчища

दुर्द्धर्ष 1) непокоримый; 2) непобедимый; 3) могучий, сильный

देवधाम *м* святое место

धंसना *нп* 1) вязнуть, погружаться; 2) вдавлив-аться, вминаться

नरसिंघा (नरसिंहा) *м* труба; рог

नाद *м* 1) голос; 2) звук; 3) крик; 4) грохот

नारा *м* лозунг, призыв

निर्दयता *ж* безжалостность, беспощад-ность, жестокость

नेत्र *м* 1) глаз; 2) взор, взгляд

पगडी *ж* 1) тюрбан; чалма; 2) взятка

पटना *нп* 1) наполняться, заполняться; 2) схо-диться характерами, дружить

पन्ना *м* изумруд

परख *ж* 1) проверка, испытание; 2) исследова-ние

परिपाक *м* 1) приготовление *(пищи);* 2) перевар-ивание *(пищи);* 3) созревание; 4) умение, искусность

पाटना *п* 1) заполнять, засыпать; 2) закладывать, заделывать; 3) насыщать рынок

पार्वत्य 1) горный; 2) гористый

प्रवाह *м* 1) поток, течение; 2) русло; 3) ход *(событий);* 4) электрический ток

प्रवाहपूर्ण 1) текущий; 2) плавный *(о речи)*

प्रांजल 1) ясный, понятный; 2) правдивый; 3) чистый *(о языке)*

फर्राना *п* 1) размахивать; 2) развертывать, поднимать

फूंकना *п* 1) дуть; 2) играть *(на духовом инструменте);* 3) раздувать *(пламя);* 4) проматывать, пускать на ветер

फोडना *п* 1) ломать; 2) разбивать, раскалывать; 3) прорывать; пробивать насквозь; 4) раскрывать *(тайну)*

बढई *м* 1) плотник; 2) каста плотников

बरसाना *п* 1) поливать; 2) осыпать; 3) провеивать

बलूची **1.** белуджский; **2.** *м* белудж; **3.** *ж* белуд-жский язык

बहुमुखी 1) многоликий; 2) разносторонний, многогранный

बारी *ж* 1) очередь, очередность; 2) смена

बिंधना *нп* быть пронзенным

बींधना *п* 1) прокалывать, пронизывать, проты-кать; 2) втыкать, вонзать

भरोसा *м* 1) вера, уверенность; 2) надежда

भाया *м* братец *(обращение)*

मर्मस्पर्शी 1) разрывающий душу; 2) причиня-ющий муки

मशक *ж* 1) мех, бурдюк; 2) кожаное ведро

मस्त 1) пьяный; 2) безумный; 3) погруженный в дела; 4) возбужденный

महावत *м* погонщик слонов

मेंह (मेह) *м* дождь

मोह *м* 1) заблуждение, ошибка; 2) очарование; 3) любовь; 4) горе, печаль

योद्धा *м* 1) воин, боец; солдат; 2) *перен.* борец

रसायन *м* 1) химия; 2) алхимия

रस्सा *м* толстая веревка, канат; трос

राव *м* 1) рао *(князь; мелкий князь);* 2) феодал

रुंधना *п* 1) топтать, растаптывать; попирать; 2) разрушать

लुढकाना *п* 1) катить, скатывать; 2) опрокиды-вать; 3) расплескивать

वधू *ж* 1) невеста; 2) новобрачная; 3) невестка

विद्ध 1) пронзенный, проколотый; 2) ране-ный

विधा *ж* 1) способ, метод; 2) жанр *(литера-туры, искусства)*

विपत्ति *ж* 1) несчастье, беда, горе; 2) затруднение

वैधक **1.** относящийся к традиционной индийской медицине; **2.** *м* традиционная индийская медицина

व्यापना *нп* 1) широко распространяться; 2) широко проникать

व्याप्त 1) широко распространившийся; 2) раздавшийся *(о звуке)*

शहतीर *м* балка; стропило

संकट *м* кризис

संबोधन *м* зов, обращение

सतर्कता *ж* 1) аргументированность; 2) осторож-ность, бдительность

समर्थ 1) способный, могущий; 2) сильный, могучий

समावेश *м* 1) вход, вхождение, проникновение; 2) введение, включение

साका *м* 1) слава, известность; 2) памятник славы; 3) подвиг; 4) случай, момент

सिंहद्वार *м* главный вход

सूंड *ж* 1) хобот слона; 2) хоботок *(насекомого)*

सोरठी саураштриец, житель Саураштры

स्वच्छंद 1) своевольный; 2) строптивый, непо-корный; 3) независимый

भौगोलिक नाम

जयपुर — г. Джайпур *(административный центр ш. Раджастхан)*

वैशाली — *ист.* г. Вайшали *(исчезнувший город, где по преданию родился Махавир; предположи-тельно находился в округе Музаффарпур, ш. Уттар Прадеш)*

सामनाथ — *ист.* Сомнатх *(древний город на южном побережье п-ва Катхиявар в ш. Гуджарат; известен своим храмом со статуей Шивы)*

निजी नाम

महमूद — *ист.* эмир Махмуд Газневи (970-1030) — правитель государства Газневидов с 998 г.; совершил 17 походов в Северную Индию.

टिप्पणियां

१. **वैधक करना** — заниматься традиционной индийской медициной.

२. **नगर वधू** — храмовая танцовщица.

३. **कथा-संगठन** — построение сюжета, сюжето-сложение.

४. **गतिमान लेखक** — *зд.*“читаемый писатель.

५. **कथा-साहित्य** — эпическая литература.

६. **रस-परिपाक** — эмоциональная насыщен-ность.

७. **गद्य-गीत** — стихотворение в прозе.

८. **आड लेना** — укрываться; прибегать к защите; прикрываться.

९. **“अल्लाहो-अकबर** — Аллах велик *(боевой клич мусульман)*.

१०. **खून की हाली खेलना** — разыгрывать кровавую драму.

११. **तलवार खींचना** — обнажать саблю.

१२. Именно-глагольное сочетание **संबोधन करना** *(обращаться)* может функционировать и как аналитический глагол. В этом случае он присоединяет беспослеложный объектный расширитель или расширитель с послелогом को.

१३. **जीते जी** — при жизни.

१४. **देखते ही देखते** — а) на глазах, на виду; б) моментально, тотчас.

१५. **“हर हर महादेब”** — “Круши все, Великий Бог” *(боевой клич индусов)*.

१६. **ढेर करना** — складывать в кучу.

१७. **चटनी होना** — быть истолченным; быть раздавленным в лепешку.

१८. **“मुर्दों का टीला लग रहा था”** — росла гора трупов.

१९. **टिड्डी-दल** — стая саранчи.

२०. **“हाथियों की टक्कर लगने लगी”** — началась атака слонов.

२१. **लौह जटित** — *зд.* обитый железными листами.

पाठ के अभ्यास

१. पाठ का अनुवाद कीजिये।

२. निम्नलिखित शब्दबंधों का अनुवाद कीजिये।

विजित जनता पर अंकुश लगाना, देश अंकुश में रखना, अग्रसर गति, अचल संपत्ति, अपनी बात पर अचल होना, अधमरा योद्धा,

अपवित्र भोजन, मंदिर अपवित्र करना, अप्रकाशित लेख, अभंग दोस्ती, अभ्यस्त अपराधी, बढई के काम में अभ्यस्त होना, असंख्य सेना, आकर्षक व्यक्तित्व, आकर्षक चेहरा, फाटक पर आघात करना, दर्शन कन आचार्य, पडोसियों को आश्चर्यचकित करना, उतरोतर उन्नति, उत्पादन के औजार, खेती के औजार, कर्मठ व्यक्ति, कथा में कवित्व की छटा, टाई कसना, कसकर बांधना, लकडी का कुंडा, खौलता हुआ दूध, फूलों की गंध, गगनभेदी नारा, गतिमान सभ्यता, गतिमान सिद्धांत, गीत गाना, राष्ट्रीय गीत, लोगों को घबराना, घायल जवान, घायल हाथ, योद्धा को घायल करना, युद्ध में घायल हो जाना, चटनी बनाना, घोर रूप, घोर अंतर, घोर युद्ध, घोर निर्धनता, सीमेंट का चबूतरा, सोने की चमक, बिजली की चमक, चिंघाडकर बोलना, भय से चीत्कार करना, पुलिस की चौकी, सीमा चौकी, मंदिर में मूर्त्ति की छटा, दरवाजे की जंजीर, बंदी की जंजीरें, झटपट टूट पडना, पत्थर से टक्कर खाना, टिड्डियों की तरह झपटना, गाडी ठेलना, ठेलकर कमरे से बाहर करना, देश की ढाल, देवधाम को अपवित्र करना, धंसती भूमि, नरसिंहा फूंकना, “गरीबी हटाओ” का नारा, नारे लगाना, नारों की गडगडाहट के बीच, पशुओं के प्रति निर्दयता, निर्दयता दिखाना, नेत्र-रोग, पगडी बांधना, प्रेम की परख, माल की परख करना, परख-काल, अनुभव का परिपाक, देशों के बीच खाई पाटना, बाजार को माल से पाटना, पार्वत्य दर्रा, समय का प्रवाह, शब्दों का प्रवाह, नदी के प्रवाह में बहना, चूल्हा फूंकना, संपत्ति फूंकना, अंडा फोडना, कुल्हाडी से सिर फोडना, फूल बरसाना, गोलियां बरसाना, लाठियां बरसाना, बहुमुखी प्रगति, बारी बारी से, तीर से बींधना, झूठा भरोसा, मित्र पर भरोसा करना, मर्मस्पर्शी नाद, मस्त नेत्र, मस्त हाथी, मोह के मारे आदमी, पुराना योद्धा, रस्से पर लटकना, पहाड से बर्फ लुढकना, गेंद लुढकना, वधूको घर लाना, बरछे से विद्ध, घोर विपत्ति, विपत्ति भोगना, छत पाटने के लिए शहतीर, लोहे का शहतीर, गंभीर (भारी) संकट, संकट का सामना करना, आर्थिक संकट, सभा को संबोधन करना, समर्थ अधिकारी, स्वच्छंद कविता, स्वच्छंद गति, स्वच्छंद प्रेम।.

३. निम्नलिखित शब्दबंधों का अनुवाद कीजिये।

протыкать уши слона погонным крюком, внутренние помещения форта, приобретать недвижимое имущество, полумертвый от горя, осквернять святое место, неизданная книга, нерушимый союз народов, привыкший к холоду человек, притягательная сила искусства, наносить удары по главным воротам крепости, изучать санскрит под руководством наставника, интересоваться традиционной индийской медициной, орудия труда, плотницкие инструменты, строго соблюдающий религиозные предписания священник, восторгаться поэтичностью языка, затягивать узел, ударить прикладом, кипеть от злости, громоподобный голос, динамичный народ, писать прозой, патриотическая песня, специалист по домоводству, уносить раненых с поля боя, раненое сердце, яростное сопротивление, сверканье молний, душераздирающий крик, крик о помощи, совершать нападение на сторожевой пост, железная цепь, столкновение двух игроков, щит и меч революции, хохлатая птица, жар души, трубить в рог, боевой лозунг, проявлять жестокость в отношении мирных жителей, испытание верности, насыщать рынок продовольственными товарами, плыть против течения, проматывать деньги, работать плотником, разносторонний талант, уверенность в будущем, возбужденный слон, очарование красотой, искусный воин, изучать химию, закреплять с помощью троса, скатывать камни с горы, основные литературные жанры, индустриальный кризис, кризис жанра, ликвидировать кризис, соблюдать бдительность, строптивая невеста

४. निम्नलिखित शब्दों के हिंदी समानार्थक लिखिये।

целый, нерушимый (2); привыкший (2); удар (3); традиционная индийская медицина (2); одновре-менно (2); искусный, умелый (2); кипеть (2); запах (2); песня (2); беспокоиться, волноваться (2); страшный, ужасный (2); крик (2); блеск (2); быстро, тотчас (2); тепло, жар (2); глаз (2); непобедимый (2); взятка (2); расследование (2); поток, течение (3); ясный, понят-ный (2); ломать, разбивать (2); разносторонний (2); вера, уверенность (2); пьяный (2); дождь (3); заблуждение, ошибка (2); распространенный (2); осторожность (2); сильный, могучий (4); вход, вхождение (2); своевольный (2)

५. निम्नलिखित शब्दों के विपरीतार्थक लिखिये।

आगे, ऊपर, भंग, अपराधी, प्रबल, गंदा, सुगम, परिणाम, ज्ञात, द्वितीय, आदर, नित्य, नियमित, औपचारिक, प्रिय, योग्य, संतोष, समान, सांप्रदायिक, सैनिक, स्वाभविक, प्रकाश, स्वीकार, आदि, ऊंच, उदय, जीवन, मित्र, सुख, मान, एक, मौसम, दया, राजा, माता, आदान, झोंपडी, दिन, विजय, मीठा, तेजर अधिक, धूप, सुबह, गरमी, प्रत्यक्ष, दूर, बंधन, लाभ, क्रिया, अनुकूल, कठिन, पति, उत्तर, एकत्र, मधुर, प्रकट, जन्म, जटिल, देव, गुण, मिथ्या, भूत।

६. अनुवाद कीजिये।

१. १)हाथी को चलाने के लिए महावत बार-बार अंकुश मारता रहा। २)वह अपने बच्चों पर अंकुश रखे रहा। ३)शत्रु का सामना करने के लिए घुडसवारों का एक दल अग्रसर हुआ। ४)वह अपनी बात पर अचल है। ५)महाजन लोग अचल संपत्ति ग्रहणकरने के सपने बराबर देखते रहते हैं। ६)खाई में एक अधमरा योद्धा पडा था। ७)उसने गंदे हाथों से मेरा खाना अपवित्र कर दिया। ८)इस लेखब की अनेक रचनाएं अप्रकाशित रहीं। ९)भीषण लडाई के चलते उसका दल अभंग बच गया। १०)मृत्यु के अभ्यस्त बर्बर योद्धा मरे हुओं की परवाह न करते हुए अग्रसर होते चले जा रहे थे। ११)असंख्य शत्रुओं ने टिड्डी दल की भांति देश पर चढाई की। १२)इस आकर्षक दृश्य ने मरा ध्यान खींच लिया। १३)इसका चेहरा काफी आकर्षक लगता है। १४)उसने शत्रु की ढाल पर जोर से आघात किया। १५)आचार्य किशोरीदास वाजपेयी ने हिंदी भाषा का निराला व्याकरण लिखा। १६)यह खबर सुनकर वह आश्चर्यचकित हुए बिना नहीं रह सका। १७)अपनी बेजोड कला से उन्होंने श्रोताओं को आश्चर्यचकित किया। १८)इस विचार की उतरोतर उन्नति पिछ्ली सदी में हुई। १९)वह इस विषय में उतरोतर धंसता गया। २०)प्रथ्येक पुरुष को औजारों से काम लेना जानना चाहिए। २१)इसको कसकर पकडे रखो। २२)भारत में खौला पानी ही पीना चाहिए। २३)फूलों से अच्छी गंध आती है। २४)जो लेखक गद्य लिखते हैं उन्हें गद्य-लेखक कहते हैं। २५)इस संगीतज्ञ ने बहुत अच्छा और मधुर गीत लिखा। २६)इस समस्या से हम बहुत घबरा उठे। २७)बच्चा ठीक

समय पर घर नहीं आया जिससे मां जी बहुत घबरायीं। २८)लडाई ने हमें घबरा दिया। २९)सिपाही ने एक किसान को घायल कर दिया। ३०)घायलों को अस्पताल में ले जाया गया। ३१)सूरज की तेज चमक से हम चौंधियाये-से रहे। ३२)खतरे या भय के मारे हाथी चिंघाडते हैं। ३३)दर्द के मारे रोगी चीत्कार कर रहा था। ३४)उन्हें चौकी की रक्षा करने का हुक्म दिया गया। ३५)खिलाडियों में टक्कर हो गयी। ३६)टक्कर में दोनों मारें टूट-फूट गयीं। ३७)टिड्डियां फसलों को नष्ट कर देती हैं। ३८)पुलिस ने भडि को ठेलकर बाहर कर दिया। ३९)मूर्त्ति ढल गयी है। ४०)दिन ढल गया। ४१)उसकी उम्र ढल गयी। ४२)नियमित सेना देश की ढाल है। ४३)उसके चेहरे पर एक विशेष तेज था। ४४)मेरे पैर में कांटा धंस गया। ४५)यह बात मेरे मन में धंस गयी। ४६)तट धंस रहा है। ४७)हवा में गगनभेदी नारा गूंज उठा। ४८)प्राचीन काल में तुर्कों की बर्बर निर्दयता के बारे इतिहास की पुस्तकों में पढा जा सकता है। ४९)नेत्ररोग का इलाज आसान नहीं होता। ५०)पगडी पहने एक बूढा हमारे पास आया। ५१)गड्ढा पट गया। ५२)बाजार फलों से पट गया। ५३)मेरी उससे नहीं पटती। ५४)युद्ध चरित्रों की परख करती है। ५५)शब्दों के इस प्रवाह को रोकना संभव नहीं था। ५६)उसने सारी संपत्ति फूंक डाली। ५७)मां जी ने दूध का बोटल फोड डाला। ५८)पुलिस ने लाठियां बरसाना शुरू किया। ५९)अगली बारी किसकी है? ६०)तुम अपनी बारी चूक गये। ६१)हमें उसकी सहायता का भरोसा है। ६२)वह भरोसे का आदमी है। ६३)मस्त हाथी बडा खतरनाक होता है। ६४)मां जी बच्चे के प्रति के मोह में फंस गयीं। ६५)गेंद मेरी ओर लुढकाओ। ६६)देश बडे संकट में पड गया है। ६७)भूचाल से उत्पन्न संकट के कारण हमको बडा नुकसान उठाना पडा। ६८)सभा को संबोधन करते हुए मंत्री ने नयी योजना का ढांचा प्रस्तुत किया। ६९)मैं ऐसा काम करने में समर्थ नहीं हूं। ७०)स्वच्छंद प्रेमका सिद्धांत एक जमाने में काफी लोकपिंय था।

२. चेंगीज आइत्मातोव

विश्व साहित्य में ऐसे कलाकार हैं जिनके नाम देश से बाहर दूर-दूर तक प्रसिद्ध हैं। किर्गीज लेखक चेंगीज आइत्मातोव ऐसे भी लेखक हैं। उनका जन्म १९२८ ई. में तालास नदी के तट पर शेकेर गांव में

हुआ था। बचपन से ही उन्होंने किसानों का जीवन देखा, वह उनकी जरूरतों, खुशियों और मुसीबतों से परिचित थे। येही लोग आइत्मातोव की कृतियों के पात्र हो गये।

कथा-साहित्य ने औरु सर्वप्रथम रूसी साहित्य ने तथा किर्गीज लोकसाहित्य ने आइत्मातोव का एक व्यक्ति और लेखक के रूप में गठन किया।

पिछ्ले दशकों में आइत्मातोव ने "मैदानों और पर्वतों की कहानियां" लिखीं जिनमें "पहला अध्यापक", "वह मेरे दिन की रानी", "ऊंट की आंख", "मां का मैदान" कहानियां हैं। बाद में "सफेद जहाज", सागर के किनारे-किनारे दौडता कुता" लंबी कहानियां और "सदियों से लंबा एक दिन" उपन्यास प्रकाशित हुए।

कथानक की दृष्टि से ये कृतियां गंभीर और यथार्थ जीवन से भरी हैं। अपनी जनता के जीवन, उसके रीति-रिवाज और उन परिवर्त्तनों का चित्रण करते हुए जो जो किर्गीजस्तान में हुए थे आइत्मातोव साथ ही नैतिक और दार्शनिक समस्याएं भी उठाते हैं। वह ऐसे सक्रिय लोगों में जो जीजन के जोश से भरे हैं, जीवन की बुराइयों के प्रति उदासीन नहीं होते, जो संसार और इसमें बसे लोगों के भावों के सौंदर्य को समझते हैं खास तौर पर रुचि लेते हैं।

आइत्मातोव की किताबें ७० से ज्यादा देशों में प्रकाशित हुई हैं। उन्हें अनेक पुरस्कार मिले हैं।

"जमीला" कहानी में लेखक सुख के लिए किर्गीज औरत के संघर्ष का चित्रण करते हैं। वह संसार के सौंदर्य, मनुष्य की प्रतिभा और मातृभूमि से प्रेम के गीत गाते हैं। "जमीला" गीतों का गीत है, अबाध प्रेम की कहानी है, जीवन जैसे सुंदर प्रेम की कहानी।

७. अनुवाद कीजिये।

1) В Индии анкуш используют для того, чтобы погонять слонов. 2) Во внутренних помещениях крепостей находятся личные покои их владельцев. 3) Самые большие трудности выпадают на долю тех, кто шагает впереди. 4) Он продал все свое недвижимое имущество и уехал из города. 5) Я увидел полумертвого от страха человека.

6) Завоева-тели обычно оскверняют храмы, принадлежащие другой вере. 7) В библиотеке был обнаружен неизданный роман писателя прошлого века. 8) На южные районы страны обрушились бесчисленные стаи саранчи. 9) Кино — искусство прекрасное, могучее и притягательное. 10) Слоны, крепко обхватив хоботом бревна, наносили удары по крепостным вротам. 11) Аюрведическая медицина была известна до рождества Христова. 12) Я очень удивился, встретив его в Индии. 13) Он приобрел плотницкий инстру-мент. 14) Из сада доносился запах цветов. 15) Маль-чик долго не возвращался, и мать начала волноваться. 16) Не нужно волновать больного. 17) В последней войне отец был тяжело ранен. 18) Мавзолей стоит на высокой платформе. 19) В этой битве столкнулись две силы. 20) Наш лозунг очень прост: труд — обязателен для всех. 21) Все знают, что жестокость порождает жестокость. 22) Войны храбро сражались в горном проходе. 23) Протрубив в рог, он вызвал противника на бой. 24) Туча пролилась дождем. 25) Многогранный талант этого человека всегда притягивал к нему много друзей. 26) ”Паду ли я, стрелой пронзенный, иль мимо пролетит она”. 27) При-шла его очередь получать квартиру. 28) Даже в самых сложных ситуациях не нужно терять уверенность. 29) Послышался раздирающий душу крик. 30) В южных странах бурдюк является основным сосудом для хранения воды и вина. 31) Во время гона слоны бывают особенно опасны. 32) Анкуш — основное орудие погонщиков слонов. 33) Все считают, что химия является наукой будущего. 34) На Руси существует обычай катать яйца с горы. 35) Беда пришла, отворяй ворота. 36) В стране разразился экономический кризис. 37) Только смелые люди способны совершать подвиги. 38) Жестокая битва разгорелась у главных ворот. 39) Строптивый человек всегда вступает в конфликт с обществом. 40) Всегда трудно плыть против течения.

८. निम्नलिखित मुहावरों का प्रयोग करके वाक्य बनाइये।

आड लेना, खून की होली खेलना, तलवार खींचना, जीते जी, देखते ही देखते, ढेर करना, चटनी होना, टक्कर लगना, वैधक करना।

९. निम्नलिखित वाक्यों को पूरा कीजिये।

१)परंतु अपने स्वच्छंद विचारों के कारण ...। २)उपन्यास के क्षेत्र में ...। ३)हाथियों की आड लेकर हजारों बढई ...। ४)उनके कंधों पर

बैठे महावत ...। ५)आधे दिनसे भी अधिक काल तक ...। ६)उनके पीछे अपने बलूची घुडसवारों के बीच ...। ७)इसी क्षण अंतरायण से ...। ८)जहां तुम्हारे पैर हैं ...। ९)दो सौ हाथियों पर ...। १०)यह देख राव ने ...।

१०. खाली जगहों में आवश्यक शब्द लिखकर अनुवाद कीजिये।

१)इसके पश्चात् इन्होंने “जयपुर संस्कृत कालेज” में ... और साहित्य का अध्ययन किया। २) इन कहानियों में चरित्र-विकास और ...-... दोनों की सिद्धि हुई है। ३)उपन्यास के क्षेत्र में उनकी कला का ... विकास हुआ है और ये आज भी ... लेखक हैं। ४)शास्त्री जी की ... शैली प्रवाहपूर्ण, ... और सशक्त है। ५)कहानियों में ... की छटा भी मिलती है। ६)अभी सूरज ... लगा था। ७)सिंहद्वार पर जूनागढके राव की ... थी। ८)इनके गद्य-गीत ... हैं। ९)सोरठी ... गरज उठे। १०)उनपर ऊपर से बडे-बडे पत्थर ... जा रहे थे। ११)यह देखकर राव ने अपने हजारों योद्धाओं को बडे-बडे पत्थरों से द्वार को भीतर से ... देने का आदेश दिया था। १२)परतु आज जैसे प्राणों का किसी को ...ही न था। १३)अब द्वार पर हाथियों की टक्कर लगने लगी। १४)आठ ... हाथी सूंड से भारी-भारी शहतीर ले द्वार को ... लगे। १५)... की गंध से ... हाथी चिंघाडने हुए पीछे हटकर खाई में जा गिरे। १६) अब ऊपर से उनपर ... हुआ तेल और जलती हुई लकडियां फेंकी जाने लगीं। १७)कोट में भय की लहर ... गयी। १८)खाई में और खाई के बाहर मुर्दों का टीला लग रहा था – फिर भी शत्रुदल ... दल की भांतिबढती ही आ रहा था। १९)अब उनकी ...थी। २०)उनके आगे विजयी महमूद था – जिसे अपनी ..., साहस योजना और युद्ध-नेतृत्व पर पूरा ... भरोसा था। २१)वे अपने दस हजार सैनिकों के साथ इस आती हुई ... का सामना करने को ... हुए। २२) ... ही ... मध्य द्वार के सम्मुख शत्रु उतरने लगे। २३)वे तीरों से बिंध-बिंधकर घायल ... कर और घूम-घूमकर गिरने लगे। २४)सिंहद्वार पर शत्रुओं के ...-... एकत्र हो रहे थे। २५)और अब एनहोंने एकबारगी ही कोट से बाणों का ...बरसाना शुरू किया।

११. निम्नलिखित सवालों का अनुवाद करके इनका हिंदी में जवाब दीजिये।

1) Где и когда родился Чатурсен Шастри? 2) Какое он получил образование? 3) Чем он занимался после окончания учебы? 4) Когда он начал писать? 5) Чем отличаются романы Чатурсена Шастри? 6) Какие произведения этого писателя наиболее известны? 7) Чем отличается творческий талант писателя? 8) В чем состоит особенность прозы Чатурсена Шастри? 9) Кем был эмир Махмуд Газневийский? 10) Сколько раз он нападал на Индию? 11) Что делали войска тюркского полководца Масуда? 12) Среди каких войск находился сам эмир? 13) Как он выглядел? 14) Как переправлялись войска Махмуда через ров? 15) Как наступали туркестанские воины? 16) Кто охранял главные ворота крепости? 17) Что сказал джунагарский князь своим воинам? 18) Как воевали воины из Саураштры? 19) Как строился мост через ров? 20) Как сражались защитники крепости? 21) Как укрепляли главные ворота крепости? 22) Кто и как атаковал ворота? 23) Что бросали на слонов со стен крепости? 24) К чему это привело? 25) Что случилось внутри крепости?

१२. शब्दबोश की सहायता से कहानी को समझकर इसे रूसी और हिंदी में सुनाइये।

कठिन अभियान

ईद का दरबार करके अमीर ने दूसरे दिन भोर में ही कूच किया।

कूच का यह दृश्य भी अद्भुत था। उस दिन सब नगर-बाजार बंद थे। लोग भाव-भरी आंखों से इस विजेता का यह अभियान देख रहे थे। आतुर माताएं आंखों में आंसू और आंचल में आशीरर्वाद भरे पुत्रों का अज्ञात देश की ओर जाते देखने खडी थीं। कुल-वधुएं गोद में अबोध शिशुओं को और धडकते हृदयों को हाथ से दबाये प्रिय पति को देख रही थी। मस्जिदों में मुल्ला उच्च स्वर से दुआ पढ रहे थे।

कटकका विस्तार बहुत था। पचपन हजार मर मिटने वाले तुर्क सवार नंगी तलवारें चमचमाते पिघले हुए लोहे की नद की भांति बढे चले जा रहे थे। दस हजार मर मिटने वाले ममलुक योद्धा कीमती अरबी घोडों पर सवार एक जीवित दुर्ग बनाकर चल रहे थे। इसके

बाद बुखारे के बीस हजार ऊंटों पर चालीस हजार सधे हुए तीरंदाज थे। डेरा-तम्बूवाले, मार्ग-दर्शक, मार्ग-संशोधक, तेली, तम्बोली, बावर्ची, साईस, मल्लाह, दुकानदार, वेश्यएं, लौंडे, दरवेश, मुल्ला, साई आदि की गिनती न थी।

मंजिल पर मंजिल मारता अमीर का यह कटक डेरा इस्माईल खां के उस ओर के पहाडों की तलहटी में आ पहुंचा। ये पहाडियां अति विकट, दुर्गम और निर्जन थीं। उनके शिखर बारहों मास बर्फ से ढंके रहते थे। ग्रीष्मकाल में जब बर्फ पिघलता तो दर्रे को चीरता हुआ और वहां के यात्रियों को अपने में लपेटता हुआ चला जाता था। शीतकाल में वहां इतनी ठंड पडती थी कि मनुष्य के शरीर का रक्त ही जम जाता था। परंतु महमूद के अनुभवी मस्तिष्क के कारण उसकी सेना का बहुत कुछ इस कष्ट से बचाव हो गया। इसके दो कारण थे, एक तो अभी वर्षा ॠतु समाप्त ही हुई थी और शीतकाल नहीं आया था, कडी ठंड नहीं पडी थी। बर्फ जमने से पहले ही उसकी सेना ने घाटी पार कर ली थी। दूसरे, उसकी सेना के सभी योद्धा उस शीत-बर्फ और कठिनाई के अभ्यस्त थे।

गाडियां और दूसरे वाहन इस तंग दर्रे को पार नहीं कर सकते थे, इसलिए महमूद ऊंट, खच्चर और घोडों ही से काम लिया था। उसने निर्विघ्न इस दर्रे को पार कर लिया। यहां से दर्रे के आस-पास के खूंखार कबाइली पठानों के दल-बादल सुलतान की सेना में मिलते गये। जैसे नदी में बहाव आता है, उसी भांति अमीर का कटक दिन-दिन वृद्धि पाता हुआ अटक के कूल पर आ टिका।

सिंधुनद भारतीय सीमा पर महानदी है। इसका विस्तार देखकर इसे नदी न कहकर नद कहते हैं।

अमीर ने सिंधुनद के उस पार दो दिन विश्राम किया।

तीसरे दिन भोर होते ही नद पार करने की हलचल प्रारंभ हो गयी। कछुवे और बेडे नद में डाल दिये गये। बोझा ढोने वाले ऊंट और भारवाही पलटन पार उतरने लगे। घोडों पर, मशकों पर, बेडों पर, नावों पर साहसिक योद्धा तैर-तैरकर पार उतरने लगे। दिन भर नदी पार करने का क्रम चलता रहा। सायंकाल के समय अमीर अपने मंत्रियों एवं सेनापतियों के साथ नदी पार होने का दृश्य देखने तीर पर

आया। दूसरे दिन मध्याह्न काल होते-होते संपूर्ण लश्कर भारत भूमि पर निर्विरोध उतर गया। इस बर्बर डाकू का इस भांति निर्विरोध उस पार उतर जाना और भारत का निश्चिंत पडे सोते रहना एक आश्चर्य की बात थी।

नद के इस पर अमीर कन लश्कर विश्राम करने लगा। समय और ऋतुअति सुहावनी थी। वन में हिरन, मोर और दूसरे सहज शिकार बहुत थे। सुलतान के सरदारों ने अमीर से शिकार की आज्ञा चाही। सुलतान ने कुछ क्षण चुप रहकर कहार "दुश्मन का शिकार ही हमारा सच्चा शिकार है। वही समारा सब से प्रथम कर्त्तव्य है। सच्चे शिकार को छोडकर बेकसूर हिरनों और परिंदों को मारने से क्या लाभ। यह सब मुझे पसंद नहीं। चलो बहादुरो, कूच करो, फतह करो और सुर्खरूही हासिल कर दीनो-दुनिया खुशहाली हासिल करो"। इसके बाद अमीर ने तत्काल कूच करने का हुक्म दे दिया। खूंटों पर हथोडों की चोटें पडने लगीं। पलक मारते ही वह मायानगर अदृश्य हो गया। और ऊंटों, अश्वों, खच्चरों और पैदलों की अटूट कतार महासर्प की तरह रेंगती हुई भारत भूमि पर अग्रसर हुई, जैसे विजयी योद्धा किसी बिना द्वार के दुर्ग में घुस रहा हो।

(*चतुरसेन शास्त्री के "सोमनाथ" उपन्यास से*)

१३. शब्दकोश की सहायता से कहानी का अनुवाद करके इसे हिंदी में सुनाइये।

Джамиля

Мы поздно возвращались со станции. Данияр ехал первым.

Хорошо было ехать, смотреть на спины лошадей, слушать ночные звуки. Джамиля ехала впереди меня. Она смотрела по сторонам и что-то тихо пела. В такую ночь невозмлжно молчать, в такую ночь хочется петь!

И она запела. Голос у нее был звонкий, она знала много песен, пела их просто и красиво, так что ее приятно было слушать.

Вдруг она закончила песню и крикнула Данияру:

— Данияр, спой что-нибудь. Умеешь?

— Пой ты, Джамиля, пой, — ответил Данияр. — Я слушаю тебя очень внимательно.

А Джамиля снова запела.

Зачем она попросила его петь? Наверное, она хотела поговорить с ним, потому что через некоторое время она снова крикнула:

— А скажи, Данияр, ты любил когда-нибудь? — И засмеялась.

Данияр ничего не ответил.

У маленькой речки, пересекавшей дорогу, лошади пошли тише. Когда мы проехали через нее, Данияр неуверенно запел:

“Горы мои, сине-белые горы!

Земля моих дедов, моих отцов!”

Неожиданно он закашлялся, но следующие две строчки пропел глубоким сильным голосом:

“Горы мои, бело-синие горы!

Колыбель моя!”

Тут он снова замолчал, как будто испугался чего-то.

Но даже в этом неуверенном пении было что-то необыкновенно взволнованное, и голос у него был хороший.

— Почему же ты не пел раньше? Пой, пой еще! — закричала Джамиля.

Мы выезжали из гор в долину. Оттуда дул ветер. Данияр снова запел. Начал он так же неуверенно, несмело, но потом его голос стал сильным, наполнил собой горы, его песне ответило эхо.

Больше всего меня удивило, какая страсть была в его песне. Если бы я мог повторить песню Данияра! В ней почти не было слов, но и без слов она раскрывала большую человеческую душу. Ни до, ни после я не слышал такой песни. Она не была похожа ни на киргизские, ни на казахские, но в ней было и то и другое. Музыка Данияра состояла из лучших мелодий двух родных народов, получилась прекрасная, неповторимая песня. Это была песня гор и степей.

Я слушал и удивлялся: “Так вот он какой, Данияр! Кто бы мог подумать!”

Я понял, почему он любил одиночество, почему прислушивался к неинтересным для других звукам, почему иногда вдруг загорались его глаза. Это был глубоко влюбленный человек. И он был влюблен не просто в другого человека. Это была какая-то другая, огромная любовь к жизни, к земле. Да, он хранил эту любовь в себе, в своей

музыке, он жил ей. Равнодушный человек не смог бы так петь, даже если бы у него был хороший голос.

Долго пел Данияр. Тихо слушала его августовская ночь. И даже лошади давно уже шли совсем медленно, как будто боялись, что он замолчит...

Скоро я уехал учиться.

В академию, куда я поступил после худо-жественного училища, я привез свою дипломную работу — это была картина, о которой я так давно мечтал.

Нетрудно догаться, что на этой картине изображены Данияр и Джамиля. Они идут по широкой степной дороге. Перед ними светлая степь.

Я смотрю на картину и слышу голос Данияра. Он зовет меня в путь. Значит, мне тоже пора идти. Я пойду по степи в свой аил, я найду новые краски для своих картин!

Пусть в каждой моей картине звучит песня Данияра!

Пусть в каждой моей картине бьется сердце Джамили!

(Из повести Чингиза Айтматова “Джамиля”)

१४. शब्दकोश की सहायता से कहानी समझकर इसे रूसी और हिंदी में सुनाइये।

धरमपुर का महाराजा

हमारा ख्याल है कि श्रीमान् का नाम है महाराज मदनसिंहजू देव। काफी बडी रियासत है, जिसकी सालाना आमदनी लाखों नहीं करोडों की है। महाराज के अधीन बीस लाख, ग्यारह हजार, नौ सौ निन्यानवे लोग बसते हैं।

सिपाही युद्ध के जमाने तक धरमपुर राज्य की अपनी खास सेना भी थी, और उस सेना ने सन् ५७ में विद्राहियों के विरुद्ध जैसा लोहा लिया था, वह रियासत के इतिहास में रक्ताक्षरों या स्वर्णाक्षरों में लिखा है।

अनेक अंग्रेज इतिहासकारों का मत है कि धरमपुर के राजा हमेशा ही सनकी हुआ करते हैं, यद्यपि सनकी होना इस देश क्या सारे संसार के नरेशों के लिए कोई अनहोनी बात नहीं।

जो हो! महाराज मदनसिंहजी के प्रपिता राजा शत्रुघ्नसिंह की सनक के बारे में किसी इतिहास-लेखक ने अपनी पुस्तक में एक विचित्र कहानी लिखी है। लिखा है:

महाराज शत्रघ्नसिंह नित्य सवेरे उष:काल से पूर्व ही उठकर राजमहल के पूर्वीय भाग के एक छज्जे पर बैठा करते थे। उस छज्जे से धरमपुर नगर की सभी सडकें और गलियां बखूबी नजर आती थीं।

और एक दिन सबेरे महाराज उठे ही थे कि आवाज सुनाई पडी – "तेल लो! तेल ताजे तिल का!"।

"हैं!" महाराजा झिझके, "सबेरे-सबेरे तेली की आवाज! पहरे पर कौन है?"

"आज्ञा, धर्मावतार!" ड्योढीदारों के सरदार ने महाराज को नमस्कार किया।

"यह तेली उठ-भोर मेरे महल के नीचे शोर मचा रहा है। पकड लाओ बदमाश को!"

महाराज के सामने आते ही और उनका रुद्र रूप देखते ही तेली की दुम से तेल निकल गया। गरीब के होश के फाखते उड गये।

उधर महाराज शत्रुघ्नसिंह परउस तेली का कुछ और ही प्रभाव पडा। सर खुजलाकर, कुछ सोचकर महाराज ने बार-बार नीचे से ऊपर तक उसको ध्यान से देखा – "क्यों रे तेली!"

"दुहाई अन्नदाता की! माफ कीजिये सरकार! तेली हूं तो क्या हुआ, उदार राजा की सडकें सक के लिए हैं। मुझे सरकार मालूम नहीं था कि दीनानाथ इतने तडके उठ जाते हैं। क्या करूं, पेट के लिए भार उठते ही तेल बेचने निकलता हूं"।

"पहले यह बतला", सहज तीव्र स्वर से महाराज बोले। उधर तेली पुन: कांप उठा। "पहले यह बतला तू मुझे पहचानता है?"

"क्यों नहीं मालिक, कौन सेवक अपने अन्नदाता और स्वामी को न पहचानेगा! हुजूर मेरे मां-बाप हैं, देवता और परमेश्वर हैं"

"अरे मूर्ख!" मुस्कराये महाराज, "चापलूसी क्यों करता है! क्या मैं तुझको खाये जाता हूं? देख, सच-सच बतला, कभी तू मुझसे कुश्ती लडा था? क्या है तेरा नाम? जग्गू तेली न?"

"हां-हां जग्गू! में गरीब हूं, गरीब के तीन नाम – झूठा, पाजी, बेईमान। सरकार से कुश्ती लडने की तकदीर मेरी कहां! अलबता, जब धर्मावतार छोटे थे, तब राज्य के अखाडे में मैं भी जोर किया करता था"।

"जोर ही नहीं, एक दिन तू मुझसे लडा भी था। ए कौन है पहरे पर? इस तेली को पांच हजार रुपये अभी दिलाओ"।

"नहीं हो सरकार!" तेली जग्गू गिडगिडाया, "इस मुंह के लिए मसूर की दाल नहीं। इतने रुपये पाने से मेरी लुगैया रांड का दिमाग उडन-खटोले पर उडने लगेगा। गंजी कबूतरी के लिए महल न बनवाओ सरकार! नहीं तो तेलिन मेरी कमजोर मुट्ठी के बाहर हो जायेगी। फिर न तो वह हुक्का ताजा करेगी और न कोल्हू के बैल का पानी पिलायेगी। दुहाई गरीब-परवर की! मुझको गरीब ही रहने दीजिये"।

"अरे जग्गू!" ताज्जुब से महाराज बोले, "तेरी रानी भी है? तब पांच हजार से क्या होगा! अरे कौन है? इस तेली को पहास हजार रुपया अभी दो! यह मेरा बाल-सखा है"।

"दुहाई, दुहाई धर्मावतार की। अमीर मुझे न बनाइये। नहीं तो मेरी जिंदगी की राह में कांटे बिछ जायेंगे, लेकिन तेलिन बेकही हो जायेगी, बच्चे अपजा पैतृक व्यापार भूल जायेंगे। कुल-धर्म से गिरने से मेरा नाश हो जाएगा सरकार! रहम दीजिये!"

"अरे कौन है पहरे पर?" पुन: तेज आवाज दी महाराज ने, "जग्गू तेली मेरे बचपन का दोस्त! हा-हा-हा-हा – भारी शैतान है! पहले बोला अकेले हैं, फिर फुसफुसाया तेलिन रानी भी है, और अब कहता है तेलचट्टे... इसके बच्चे भी हैं। पचास हजार में यह क्या खायेगा, क्या अपनी रानी को संवारेगा, और क्या खर्चेगा बच्चों की ब्याह-बेरखी में। इसको पांच लाख रुपये! हे कौन है! मेरे दोस्त जग्गूराम को पांच लाख रुपये अभी दो"।

और वह तेली उसी वक्त लाखोंपति बना दिया गया।

अंग्रेज इतिहासज्ञ के कथनानुसार धरमपुर के वर्त्तमान महाराज के परदादा श्रीमान् शत्रुघ्नसिंहजू देव ऐसे झक्की या उदार या विचित्र महापुरुष थे।

(*पांडेय बेचन "उग्र" के "सरकार तेरी आंखों में" उपन्यास से*)

१५. हितोपदेश की कहानी रूसी और हिंदी में सुनाइये।

खरगोश और हाथियों की कहानी

एक बार की बात है, वर्षा न होने के कारण हाथियों का एक दल बहुत व्याकुल हुआ। हासथयों ने अपने नेता के पास जाकर प्रार्थना की, "स्वामी? छोटे-छोटे जंतुओं के नहाने तक के लिए पानी नहीं रहा है, और बिना नहाये हमारा जीना कठिन हो गया। बताइये हम क्या करें?"

यह सुनकर हाथियों के नेता ने उन्हें एक तालाब दिखा दिया।

हाथी रोज इस तालाब पर स्नान करने लगे।

उस तालाब के किनारे कुछ खरगोश रहा करते थे। हाथियों के वहां रोज आने से खरगाशों के छोटे-छोटे बच्चे उनके पैरों के नीचे आकर कुचल जाते।

खरगोशों ने सोचा, "पानी पीने के लिए हाथियों का यह दल रोज यहां आता है, लेकिन इस तरह तो हमारा वंश ही मर-मिटेगा"।

यह सुनकर विजय नाम के एक बूढे खरगोश ने कहा, "आप लोग चिंता न करें। मैं इसका कोई उपाय करूंगा"।

बूढे खरगोश ने सोचा, "किसी तरह हाथियों के नेता से बातचीत करने का अवसर ढूंढना चाहिए"।

यह सोचकर वह एक पहाड की चोटी पर जा बैठा।

उधर सेआते हुए हाथियों के राजा ने उससे पूछा, "तू कौन है? कहां से आया है?"

"मैं खरगोश हूं। भगवान चंद्रमा ने मुझे आपके पास भेजा है"।

"क्या काम है?"

"चंद्रमा ने मुझे अपना दूत बनाकर भेजा है। उन्होंने संदेश दिया है – "हे हाथियों के राजा, चांद सरोवर की रक्षा करने वाले खरगोशों

को कुचलकर तुमने अच्छा नहीं किया। इनकी मैंने बहुत समय तक रक्षा की है, इसलिए मेरा नाम शशांक (यानी चंद्रमा) पडा है"।

संदेश सुनकर हासथयों का नेता कहने लगा, "शशांक महाराज, मुझे क्षमा करें। मैंने बिना सोचे-समझे ऐसा किया, आगे से ऐसा न करूंगा"।

खरगोश – यदि ऐसी बात है तो आप उस तालाब तक मेरे साथ चलें, जहां भगवान शशांक क्रोध से कांप रहे हैं, और उनसे क्षमा मांगे।

तालाब में चंद्रमा की छाया देखकर हाथियों के नेता ने उसे प्रणाम करके प्रार्थना की, "देव, अनजाने में मुझसे अपराध हो गया है। क्षमा करें। मैं आगे से कभी ऐसा न करूंगा"।

इतना कहकर हाथियों का नेता हाथियों को लेकर वहां से चला गया।

टिप्पणी: खरगोश – заяц; **शशांक** का शाब्दिक अनुवाद है "*खरगोश की आकृति लेने वाला*", क्योंकि संस्कृत भाषा में शश का अर्थ है खरगोश।

चुटकुले

१. घर में नया बच्चा हुआ। उससे चार साल बडी लडकी ने पूछा, "यह कहां से आया है?"

मांने उसका कौतुक शांत करते हुए बताया, "भगवान के घर से"।

चार-पांच दिन के बाद उसने पडोसियों के पूछने पर उन्हें बताया, "अब समझ में आया कि यह नन्हा हमारे पास कैसे आया"।

"कैसे?"

"दिन-भर रोता रहता था, इसलिए उसे भगवान के घर से निकाल दिया गया"।

२. एक साहित्यिक सज्जन ने एक सभा में भाषण करते हुए कहा, "इस समय यदि विश्व में अच्छे से अच्छा नाटककार, कहानी-लेखक, उपन्यासकार, कवि, विचारक और निबंधकार हैं तो वे हैं मेरे विरोधी साहित्यिक!"

श्रोताओं की तालियों की गडगडाहट से हाल गूंज उठा। तालियां बंद हो जाने के बाद इन्होंने आगे कहा: “यह मेरा नहीं, बल्कि मेरे विरोधी की बात है”।

३. डगलस नामक अमरकिी सेनेटर का राष्ट्रपति लिंकल्न से घोर द्वेष था। एक दिन कांग्रेस में भाषण करते हुए डगलस ने लिंकल्न के बारे में कहा, “मैं वह दिन भूला नहीं हूं जब लिंकल्न शराबखाने में काम किया करते थे”।

लिंकल्न ने तुरंत इसका उत्तर दिया, “मैं भी वह दिन भूला नहीं हूं और मुझे यह भी याद है कि डगलस मेरे पास शराब खरीदने आया करते थे। यद्यपि मैं आज इस दुकान में काम नहीं करता हूं लेकिन डगलस का वहां जाना अभी भी जारी है”।

नौवां पाठ

व्याकरण

Сложноподчиненное предложение

Данное предложение образуется в хинди сочетанием предложений на основе подчинительной грамматической связи. Предложение, предопре-деляющее характер связи, является главным, а предложение, реализующее эту связь, относится к придаточному. По средствам связи различаются предложения с *союзным* и *относительным* подчинением. Относительное подчинение вводится союзными словами. Союзное подчинение представлено предложениями с синтаксическими союзами कि (*что*) и ताकि (*чтобы*), имеющими только грамматическое значение, и предложениями с семантическими союзами (जब, अगर, यदि, चाहे, क्योंकि), обладающими как грамматическим, так и лексическим значением.

Сложноподчиненное предложение делится на *двучленное* и *одночленное*. В первом типе придаточное относится ко всему главному пред-ложению и является, таким образом, *прифразовым*. Во втором типе придаточное относится к отдельному слову в составе главного предложения и его можно рассматривать как *присловное*. Двучленные предло-жения вводятся семантическими союзами, а одночленные – синтаксиче-скими (कि, ताकि) или относительными местоимениями (जो, जैसा, जितना). Наиболее отчетливо подчинительные отношения прослеживаются в одночленных предложениях. В двучленных предложениях эти отношения представ-ляются ослабленными, поскольку по характеру отношений подчинительная связь может граничить с сочинительной: चाहे वह सोता था परंतु सब कुछ सुन रहा था — подчинительная связь и वह सोता था परंतु सब कुछ सुन रहा था — сочинительная связь.

В структуре сложноподчиненного предложения формальное выражение получают различные виды смысловых отношений: определительные, обстоя-тельственные, изъяснительные, причинные,

условно-следственные, уступительные, целевые, срав-нительные, временные и некоторые другие.

Прифразовые предложения формально различаются по союзам. Они подразделяются на придаточные:

1) *времени* (расчлененные союзы и союзые слова जब ... तब, ज्यों ही ... त्यों ही, जैसे ही ... वैसे ही и т.д.): जब वह जाग उठा तो शाम हो गयी – शाम हो गयी थी जब वह जाग उठा।;

2) *меры и степени, образа действия* (союзы и союзные слова कि, मानों, जैसे (कि), जितना (क), जैसे в сочетании с коррелирующими соотносит-ельными местоимениями): मैं इतना घबराया कि कुछ बोल न सका, मैंने ऐसे किया जैसे तुमने कहा था, राम जितना मजबूत था श्याम इतना ही कमजोर।;

3) *пояснительные* (союзы यानी, अर्थात): अनेक लोग चले गये यानी वे इस दृश्य को देखना नहीं चाहते थ।;

4) *причинные* (союзы क्योंकि, चूंकि, इपिलए ... कि): हम घूमने नहीं गये क्योंकि बाहर बारिश शुरू हुई - वह इसलिए घूमने नहीं गया कि बाहर बारिश शुरू हुई - चूंकि बाहर बारिश शुरू हुई मैं घूमने नहीं गया।;

5) *следственные* (союз यहां तक कि): रोग बढ गया यहां तक कि सांस लेना मुश्किल हो गया।;

6) *сравнительные* (союзы मानों, जैसे, गोया): नदी बढी हुई थी मानों सागर हो, वह आंखें बंद किये हुए था जैसे कुछ सोच रहा हो।;

7) *сопоставительные* (условные союзы अगर, यदि и некоторые другие): अगर उसे कोई चीज प्यारी थी तो वह थी उसकी लडकी, मुझे रामायण पसंद थी जब कि उसे महाभारत।;

8) *присоединительные* (союзное слово जो): वह रोने लगाजो उसके लिए स्वाभाविक नहीं था, वह दिन-रात एक करके मजूरी करता था जिससे परिवार को कोई दिक्कत नही) थी।;

9) *условные* (расчлененные союзы अगर/यदि ... तो, जो ... तो): अगर बारिश न होती तो हम घूमने जाते – हम घूमने जाते अगर बारिश न होती।;

10) *уступительные* (союзы यद्यपि, अगरचे, गोकि, हालांकि, चाहे): यद्यपि बारिश हो रही थी फिर भी हम घूमने गये, तुम चाहे जो कहो मैं वहां अवश्य जाऊंगा।;

11) *целевые* (союзы (ता)कि, इसलिए कि): मैंने दरवाजा बंद किया ताकि धूप अंदर न आये, आप इसलिए नहीं आये कि मुझे दु:ख हो।.

Присловные придаточные предложения подразделяются на следующие типы:

1) *присубстантивно-относительный*: उसने ऐसा घर खरीदा जो बहुत सुंदर था, कभी-कभी ऐसा अवसर आता है जब निश्चय लेना पडता है, वह ऐसे स्थान पर रहेगा जहां नदी होगी, वहां ऐसा मकान नहीं है जैसा मुझे चाहिए, उसमें इतनी ताकत नहीं थी जितनी पहलवान को जरूरी है।;

2) *приместоименно-субстантивный*: जिन लोगों को मैंने बुलाया था वे नहीं आये, जितने पैसे तेरे पास हैं उनको मुझे दें, जितने मुंह उतनी बातें, जैसा नाम वैसी दुकान।;

3) *приглагольно-изъяснительный*: मैं चाहता हूं कि वह आये, इनका कहना है कि लडाई होगी, मैंने सोचा कि वह नहीं आयेगा।;

4) *местоименно-соотносительный*: जो होना था वह हो चुका, उसने जितना कमाया उतना ही फूंक दिया, उसकी दशा वैसी बुरी है जैसी मैं सोचता था।;

5) *приместоименно-союзный*: वह ऐसा गिरा कि चोट लगी, वह इतना खुश था मानो इनाम मिल गया हो।.

Из этой классификации придаточных предложений выпадают предложения, занимающие позиции подлежащего или сказуемого, тождествен-ных подлежащему и сказуемому простого предложения, т.е. так называемые придаточные *подлежащные* (मालूम नहीं कि वह कब आयेगा, मुझको लगता है कि बारिश होने वाली है) и *сказуемые* (मैं वही हूं जो तेरी मृत्यु चाहती हूं). Структурно-семантически они принадлежат к присловным предложениям, но отличаются от них тем, что придаточное не определяет (не раскрывает) значение слова в главном предложении, а замещает его.

डा. गंगा प्रसाद विमल

(जीवनी)

कहानी, उपन्यास, कविता और आदोभना के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाले डा. गंगा प्रसाद विमल का जन्म ३ जून १९३९ को उत्तरकाही में हुआ। इलाहाबादमें एम.ए. और बाद में डाक्टरेट करने के बाद से ये दिल्ली विश्वविद्यालय के जाकिर हुसैन कालेज में काम करने लगे। साथ ही वे कई पत्रिकाओं के संपादन मंडल के सदस्य रहे। नौवें दशक के उत्तरार्द्ध में वे केंद्रीय हिंदी निदेशालय का निदेशक नियुक्त किये गये थे और इसी पद पर उन्होंने हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए बहुथ बडा योगदान किया। विमल जी ने विश्व के अनेक देशों का कई बार भ्रमण किया। उन्होंने अनेक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लिया तथा विदशी विश्वविद्यालयों में भारतीय साहित्य पर व्याख्यान दिये।

डा. गंगा प्रसाद विमल को अपने ही ढंग की कहानियां लिखने के कारण विशेष ख्याति मिली। उनकी कहानियों के अनुवाद भारतीय भाषाओं के अतिरिक्त अंग्रेजी, रूसी, फ्रांसीसी? इतालवी आदि भाषाओं में हुए और सराहे गये। ये कहानियां अनेक विश्वप्रसिद्ध पत्रिकाओंमें प्रकाशित हुई हैं तथा अनेक बार विदेशों में प्रसारित हुई हैं। उनके दो उपन्यास के अंग्रेजी अनुवाद अमरीका के एक विश्वविद्यालय के शैक्षिक कार्यक्रम के अंतर्गत सम्पन्न हुए हैं।

उनकी प्रकाशित कृतियों में कई कहानी-संग्रह हैं (“अपने से अलग”, “कहीं कुछ और”, “इधर-उधर”, “बाहर न भीतर”), दो-चार उपन्यास (“मृगांतक”, “मिराज”) जिनका अंग्रेजी अनुवाद हुआ, कई आलोचनाएं हैं (“प्रेमचंद, समकालीन कहानी का रचना विधान”, “अज्ञेय का रचना संसार”, “मुक्तिबोध का रचना संसार”, “आधुनिक सहंदी कहानी”) और दो-तीन काव्य संकलन (“विजय”, “बोधिवृक्ष”) औरु एक नाटक भी है: “आज नहीं कल”।

विमल जी ने कई विदेशी भाषाओं से हिंदी में अनुवाद भी किये हैं।

डां गंगा प्रसाद विमल रूस का बहुत बडा मित्र हैं। उन्होंने रूस का भ्रमण किया और अनेक रूसी लेखकों तथा विद्वानों से मिले।

डा. गंगा प्रसाद विमल

बच्चा

हवेली की किसी मंजिल से गिरकर बच्चा सीधे दालान के बीचों-बीच आ गिरा था। जब तक लोग देखें तब तक उसके मुंह से निकले खून की धारियां इधर-उधर बहने लग गयी थीं। असहाय और गिरने के आघात से बेहोश बच्चे का सिर एक तरफ लुढक गया था। कोई दौडकर आया था और उसने सिर्फ बच्चे का मुंह कपडे से ढक दिया था।

धमाके को सुनकर लोग <u>अंदाजा</u> ही नहीं <u>लगा</u> पाये कि क्या हुआ? लेकिन बहते खून और बच्चे को उलटा पडा देख जल्दी ही भीड जमा हो गयी।

जिसने भी सुना, वह उसी ओर भागा आया। हवेली की हर मंजिल के कर दरवाजे से दौडकर आती औरतों का हजूम <u>पल-भर में ही</u> जैसे बच्चे के चारों ओर जमा हो गया था। सिसकती, चीखती औरतों की आवाजों के बीच कुछ भी सुनाई नहीं पड रहा था।

औरतों को देखकर घर, पडोस के जो थोडे मर्द वहां इकट्ठे हो गये थे वे जल्दी ही वहां से हट गये थे। हट ही नहीं गये थे बल्कि जैसे कहीं गुम हो गये थे। और <u>रात की पहले पहर</u> तक अपनी ही दुनिया में अकेली रहने वाली औरतों को हवेली के हर घर का रहस्य मालूम था। यही काम था जिसे वह दिन-भर करती थीं। घर के मर्द लोग व्यापार या दुकानों की नौकरियों के लिए सुबह निकल जाते तो रात को सिर्फ सोने के लिए ही घर लौटते।

आज की घटना में जो दो-एक मर्द वहां पहले दिखाई दे रहे थे, वे बीमार या बेकार लोग थे और औरतों के सामने से हट जाने का <u>शिष्टाचार निभाना</u> उनके लिए जरूरी था।

थोडी ही देर में दालान भर गया था। औरतें बैठ गयी थीं और विलाप करने लग गयी थीं। व्ह एक सामूहिक संकीर्तन जैसी स्थिति थी। कुछेक औरतें अपनी गोद में छोटे बच्चे भी लिपटाये हुए थीं।

कितनी देर वे लोग सामूहिक विलाप में डूबी रही होंगी इसका तो कोई विवरण इस कहानी में जुटाना मुश्किल है परंतु इतना जरूर था कि वह दुर्घटना दुपहर के करीब हुई थी जब सब औरतें अपना चौका-बर्तन समेटकर अपनी निंदा-गोष्ठी में बैठ जाती थीं। अब यह जैसे उठने का समय था। उठने के समय का कोई यंत्रचालित अहसास था कि तब लयबद्ध उस विलाप में अचानक विराम पडा।

“किसका छोकरा?” किसी औरत ने सवाल किया।

“पता नहीं किसका बच्चा है?” दूसरी ने उत्तर दिया।

“नेकर तो नानकचंद जैसी लगती है”।

“ना री, मेरा बच्चा तो ये रहा”, लंबी-सी एक औरत ने अपने बच्चे का सिर सहलाते हुए कहा, जो उसके पास ही बैठा था।

इतनी देर बाद उन औरतों का ख्याल आया कि बच्चा किसका है। घंटों विलाप करने के बाद और एकलय वहां बैठे रहने के बाद अचानक उनमें खलबली मच गयी। हर कोई अपने बच्चे की तलाश में निकल पडी। कुछ जिनके बच्चे बडे-बडे थे और शहर में नहीं थे या बांझ औरतें अभी वहां बैठी हुई थीं। बच्चे के बिलकुल पास बैठी औरतें हालांकि अभी भी सिसक रही थीं, लेकिन झुंड-ही-झुंद औरतों को उठने-बैठने देखकर वे सिसकियों के बीच कुनमुनाकर पडोसिन से कुछ पूछ भी लेती थीं।

धनादन अपने बच्चों को लेकर हवेली की औरतें फिर दालान में लोट आयीं और एक-दूसरी को अपना बच्चा दिखाकर तसल्ली से फिर बैठ गयीं और रोने का उपक्रम करने लगीं।

”अब तो वह मर गया होगा?” एक खडी औरत ने जैसे सबको संबोधित करते हुए कहा।

और मरने की यह बात सुनते ही बैठी हुई भीड में जैसे हलचल हुई और रोने का काम फिर शुरू हो गया।

“मामचंद की पिता आज जल्दी आयेंगे। मैं घर चलूं और रात का खाना तैयार करूं”। अपनी पडोसिनको सुनाती हुई ठिगने कद की एक

औरत उठी और हवेली में अपने घर की ओर चल दी। देखा-देखी दो-तीन औरतें दूसरों को सुना कुछ कहती हुई उठने लगीं कि तभी हवेली के दरवाजे से गठे हुए जिस्म की उक अधेड औरत अंदर आयी और जोरों से दहाड मारकर रोने लगी।

"अरी, मैं जरा बाजार क्या गयी थी कि मेरा नाथमल गिर पडा"। और वह बैठी औरतों को धकियाती हुई बीच में उस जगह पहुंचने की कोशिश करने लगी जहां मरा हुआ बच्चा पडा था।

"तेरा नाथमल तो भई पंद्रह साल का है", एक औरत खडी होकर बोली। बेलते हुए उसने घूंघट उठा लिया तो देखा कि वह साठ साल की झुर्रियों-भरे चेहरेवाली औरत थी। "वह बच्चा तो छह-सात साल का लगता है"।

नाथमल की मां बीच में ही रुक पडी। उसका घूंघट सिर की तरफ खिसक आया था। उसके चेहरे से लगता था जैसे उसे कोई आकस्मिक-सी चीज मिली है। और धम्म से जमीन पर बैठ गयी।

"आपने तो मेरी जान बचा ली सासूजी। वरना मैं तो मर ही गयी थी"। उसने बूढी औरत को संबोधित किया जो अपना घूंघट पूरी तरह चेहरे के नीचे तक झुलाने की कोशिश कर रही थी।

ऋब रुदन रुका हुआ था और हर दूसरे कान में कोई कुछ-न-कुछ फुसफुसा रहा था।

"धनमल की औरत तो न आयी होगी यहां?" एक चपल-सी आवाज ने पूछा।

"उसके तो भाई बच्चा नहीं है न?"

"तो क्या हुआ? मातम मनाने न आ सकती थी क्या?"

"ना पता चला होगा"।

"बस री बस। अरी चली गयी होगी अपने "यार" के साथ"। "यार" का शब्द इस फुसफुसाअट में कहा गया था कि चारों ओर फैल गया था। लगा जैसे घूंघटों के भीतर के चेहरे हंसी में दमक आये हों। फिर रोना रुका रहा। कामकाजी औरतें किसी-न-किसी बहाने से खिसकती रहीं। जिन औरतों को खबर बाद में मिली थी वे रोती हुई भीड की उस बैठक में घुसतीं और फिर तसल्ली की सांस लेकर वहां की बातचीत में शामिल हो जातीं।

ऋब वहां सिर्फ यही समस्या थी कि बच्चा किसका है?

"बडा बुरा हुआ"। अनेक औरतों ने यह वाक्य दुहराया पर किसी ने जानने की कोशिश में लडके के मुंह का कपडा नहीं हटाया कि उसकी शकल क्या है और वह किसका बच्चा है। डाक्टर को बुलाने या उसे उठाकर कहीं छाया में रखने की सूझ जैसे हवेली की उन असंख्य औरतों में आयी ही नहीं।

"मुझे तो भाई उन्होंने तीन तोले बाजूबंद दिया है"।

"सोना तो बडा महंगा है न?"

औरतों में फिर वे ही बातें चल पडीं जो उनकी दिन-दुपहर की गप्प-गोष्ठियों में होती थीं।

"लो आ गयी मास्टर परेश की बीवी", तो लोगों की आंखें एकदम मुख्य दरवाजेकी ओर जा लगीं। हाथ का पर्स हिलाती घूंघटविहीन एक औरत दरवाजे से दाखिल हो रही थी। सारी हवेली में वही एक महिला थी जो घूंघट नहीं निालती थी। और उसके बारे में ज्यादातर औरतें आपस में जो बातचीत करती थीं उसका सार इतना ही था कि "न रूप न रंग, खुले मुंह भी चले तो क्या"।

"क्या हुआ?" मास्टर परेश की श्रीमती ने मुंह से कुछ नहीं कहा लेकिन सिर्फ अपनी मुद्रा से जाहिर किया।

"ऊपर से गिरकर किसी का बच्चा मर गया"।

"किसका बच्चा?" श्रीमती परेश ने पूछा।

"यही तो घंटों से पता नहीं चल रहा"।

"मर गया बेचारा"। और मरने का जिक्र आते ही जैसे औरतों के आंसू पिछल आये। मंद गति से मातम चालू हो गया था।

श्रीमती परेश धडधडाती हुई ठीक बीच में पहुंची और लेटे बच्चे को देख बोली, "मेरा अंदाजा है कि यह सबरी धोबिन का लडका है"।

धोबिन का लडका ... भीड में सन्नाटा छा गया। औरतें हडबडाहट में उठने लग गयीं।

"बेचारा मर गया", श्रीमती परेश के कहने पर भी कोई औरत रोने और मातम के लिए नहीं रुकी।

कुलीन और श्रीमंत किस्म की औरतें जैसे घूंघट के बीच ही नाक-भौंह सिकोड रही थीं। धोबिन के बच्चे के लिए वे नहीं रुक सकती थीं उसे छूने का तो सवाल ही नहीं उठता था।

धीरे-धीरे दालान खाली हो गया। खून की धारियां सूख गयी थीं और वहां मक्खियां मंडरा रही थीं।

नये शब्द

अंदाजा *м* 1) предположение, догадка; 2) оценка

अधेड пожилой; средних лет

अरी *межд.* эй! *(обращение к женщине)*

असहाय беспомощный, беззащитный

अहसास *м см.* एहसास

आकस्मिक 1) неожиданный, внезапный; 2) слу-чайный

उत्तरार्द्ध *м* вторая, другая половина

उपक्रम *м* 1) приготовление, подготовка; 2) на-чало, начинание; 3) предисловие, введение

एकलय гармонично, в полной гармонии

एहसास *м* ощущение, чувство

कामकाजी 1) деловой; 2) трудящийся; работа-ющий; работящий

कुनमुनाना *нп* плакать, хныкать

कुलीन **1.** 1) знатный, родовитый; 2) аристо-кратический; **2.** *м* аристократ

खलबली *ж* 1) волнение, возбуждение; 2) беспо-койство, тревога

गठना *нп* 1) соединяться, связываться; 2) быть хорошо сложённым

गप (गप्प) *ж* 1) болтовня; 2) вздор, чепуха; 3) слухи, сплетни

गुम 1) пропавший, исчезнувший; 2) скрытый, невидимый

घूंघट *м* гхунгхат *(конец сари, которым женщины прикрывают лицо)*

चपल 1) живой, подвижный 2) непоседливый; 3) нетерпеливый; 4) капризный

चौका *м* чаука *(место приготовления пищи)*

जाहिर явный, очевидный, видимый

जिक्र *м* 1) воспоминание, память; 2) упомина-ние

जिस्म *м* 1) тело, организм; 2) *физ.* тело

जुटाना *п* 1) соединять; 2) прикреплять, прижи-мать; 3) накапливать

झुंड*м* 1) толпа; 2) стадо; косяк; стая; рой; 3) шайка, банда

झुर्री *ж* морщина, складка

झुलाना *п* 1) качать, раскачивать; 2) укачивать *(ребенка)*

ठिंगना (ठगना) низкорослый, невысокий

डाक्टरेट *ж* докторская степень

ढंकना (ढकना) *п* 1) покрывать, закрывать; 2) скрывать, утаивать

तसल्ली *ж* утешение, успокоение

तोला *м* тола *(мера веса, равная примерно 12 г)*

दनादन 1) быстро, живо; 2) беспрерывно, непрестанно

दमकना *нп* 1) блестеть, сверкать; 2) полыхать *(о пламени);* 3) разгораться *(о костре)*

दहाड *ж* 1) рев, рычание; 2) вопль; рыдание; 3) боевой клич

दालान *м* 1) веранда; 2) вестибюль; 3) галерея; 4) место перед домом

देखा-देखी **1.** 1) при виде; 2) по примеру, в под-ражание; **2.** *ж* 1) встреча с глазу на глаз; 2) подражание

धकियाना *п* 1) толкать; отталкивать; подталки-вать; 2) толчком сбивать с ног

धडधडाना *нп* шуметь, грохотать

धमाका *м* 1) громыхание, грохот; 2) звук выс-трела (взрыва)

धम (धम्म) *ж* шум

धारी *ж* 1) черта, линия; 2) полоса *(на ткани);* 3) жилка; прожилка; 4) *зд.* струйка

धोबिन *ж* 1) прачка; 2) жена прачки-дхоби

ना не, нет

निदेशालय *м* дирекция; управление; директорат

निभाना *п* 1) выполнять, исполнять; 2) продол-жать *(работу и т.п.)*

पडोसिन *ж* соседка

पर्स *м* 1) кошелек; 2) сумка

पल *м* миг, мгновение, момент

पहचान *ж* 1) узнавание; распознание; 2) при-мета, отличительная черта; 3) знание; знакомство

पहर *м* пахар *(промежуток времени, равный трем часам, восьмая часть суток)*

प्रसार *м* распространение

प्रसारित 1) распространенный; 2) расширенный; 3) переданный по радио *или* телевидению

फुसफुसाना *нп* шептать, говорить шепотом

फुसफुसाहट *ж* 1) шепот; 2) разговор шепотом

बहाना *м* 1) предлог, отговорка; 2) причина, мотив

बांझ **1.** 1) бесплодная; 2) яловая; **2.** *ж* 1) бес-плодная женщина; 2) яловая корова

बाजूबंद *м* наручный браслет

बेकार **1.** 1) бесполезный, напрасный; 2) непот-ребительный; излишний; 3) недействительный; 4) без-работный; **2.** бесполезно, напрасно, тщетно; **3.** *м* безработный

बोधिवृक्ष "бодхиврикша" *(смоковница священная {Ficus religiosa}, растущая в г. Гайя, сидя под которой Будда получил прозрение)*

भई *м* брат, братец (*обращение; тж. и к женщинам*)

भ्रमण *м* 1) круговое движение, вращение; 2) посещение; 3) заграничная поездка; 4) путешествие

मंडराना *нп* 1) летать кругами, кружить; 2) бро-дить, ходить вокруг; 3) нависать *(об угрозе)*

मक्खी *ж* 1) муха; 2) прицельная мушка

मातम *м* оплакивание; скорбь; траур

मिराज *ж* мираж

मुद्रा *ж* 1) печать, штамп, штемпель; 2) монета; 3) деньги; 4) выражение лица; 5) поза; 6) жест

मृगांतक *м* гепард

यंत्रचालित механический; приводимый в движение машиной

रहस्य **1.** скрытый, тайный; **2.** *м* тайна, секрет

री *межд.* эй! *(обращение к подруге)*

रुदन *м* плач, рыдание

लयबद्ध гармоничный, стройный *(о мелодии)*

लिटाना (**लेटाना**) *п* 1) класть, укладывать; 2) валить, сваливать

लुढकना *нп* 1) катиться, скатываться; 2) сос-кальзывать; 3) срываться, падать

विराम *м* 1) остановка; 2) отдых; 3) пауза; 4) *линг.* вирам; 5) *линг.* точка

विलाप *м* 1) жалоба; 2) громкий плач, рыдание

विवरण *м* 1) комментирование, толкование; 2) изложение, описание; 3) отчет

विहीन лишенный *(в составных словах)*

व्याख्यान *м* 1) высказывание; 2) выступление, речь; 3) лекция

शक्ल *ж* 1) наружность, внешний вид; 2) выра-жение лица; 3) форма

श्रीमंत 1) почтеннейший *(перед именем);* 2) богатый

संकलन *м* 1) собирание; накапливание; 2) соб-рание, коллекция; 3) составление *(напр. словаря);* 4) компиляция *(тж. произведение)*

संकीर्तन *м* 1) прославление; 2) воспевание

संपन्न 1) выполненный, завершенный; 2) бога-тый; 3) наделенный, обладающий *(в составных сло-вах)*

संबोधित позванный, окликнутый

समकालीन **1.** 1) одновременный; 2) современ-ный; **2.** *м* современник

समेटना *п* собирать, подбирать

सराहना **1.** *п* восхвалять, прославлять, возвели-чивать; **2.** *ж* восхваление, прославление

सहलाना *п* 1) растирать *(руку, ногу);* 2) ласково поглаживать, гладить

सार *м* 1) суть, сущность; 2) содержание, смысл; 3) конспект

सासू *ж* матушка, свекровушка *(обращение)*

सिकोडना *п* 1) сжимать, стягивать; 2) покрывать морщинами, морщить

सिसकना *нп* всхлипывать

सिसकी *ж* всхлипывание

सूझ *ж* 1) понимание, соображение; 2) идея, мысль

हजूम *м* толпа

हडबडाहट *ж* торопливость, поспешность

हलचल *ж* 1) шум, гам; 2) суматоха, беспорядок; 3) смятение, паника; 4) активность, деятельность

हवेली *ж* 1) каменный дом, особняк; 2) *зд.* мно-гоквартирный дом

भौगोलिक नाम

उत्तरकाशी — Уттаркаши (*ш. Уттаранчал)*

निजी नाम

अज्ञेय — литературный псевдоним индийского писателя Саччидананда Хирананда Ватсьяяна *(см. следующий урок)*

जाकिर हुसैन — Закир Хусейн (1897-1969), третий президент Индии (1967-69)

मुक्तिबोध — Гаджанан Мадхав Муктибодх (1917-1964), поэт, писатель, литературный критик

टिप्पणियां

१. **डा.** — *сокр. от* डाक्टर *(ставится перед именем и указывает на то, что данное лицо имеет ученую степень "доктора философии").*

२. **डाक्टरेट करना** — получать степень доктора философии.

३. **केंद्रीय हिंदी निदेशालय** — Центральный директорат хинди *(правительственная организация при Министерстве развития*

людских ресурсов; занимается пропагандой и распространением хинди в Индии и за ее пределами).

४. व्याख्यान देना — читать лекцию.

५. रचना विधान — построение литературного произведения, композиция.

६. रचना संसार — творческий мир, творчество.

७. अंदाजा जमाना — а) предполагать, строить догадки; б) оценивать.

८. पल भर में ही — в мгновение ока.

९. रात का पहला पहर — промежуток време-ни от шести до девяти часов вечера.

१०. शिष्टाचार निभाना — проявлять вежливо-сть, соблюдать правила приличия.

११. विवरण जुटाना — подробно излагать, опи-сывать в подробностях.

१२. चौका (बर्तन) समेटना — убирать посуду после еды.

१३. निंदा-गोष्ठी — *ирон.* семинар по перемы-ванию костей.

१४. “विराम पडा” — наступила пауза, подо-шел конец.

१५. झुंड के (की) झुंड — толпами; в большом количестве.

१६. दहाड मारना — рыдать, плакать навзрыд.

१७. घूंघट उठाना — поднимать конец сари, открывая лицо.

१८. घूंघट झुलाना — натягивать конец сари на лицо.

१९. मातम मनाना — соблюдать траур; выра-жть скорбь.

२०. बहाने से — под предлогом.

२१. सूझ आना — приходить на ум, входить в голову.

२२. उन्होंने — они *(в Северной Индии женщи-ны говорят о мужьях в 3 лице мн. числа).*

२३. गप्प-गोष्ठी — *ирон* .семинар по болтовне.

२४. घूंघट निकालना — *см.* घूंघट झुलाना

२५. न रूप न रंग — “ни рожи, ни кожи”.

२६. “आंसू पिघल आयें” — вновь потекли слезы.

२७. **धडधडाता हुआ** — а) с шумом; б) стреми-тельно; в) отважно, смело.

२८. **नाक-भौंह सिकोडना** — а) проявлять недо-вольство; б) брезговать.

पाठ के अभ्यास

१. पाठ का अनुवाद कीजिये।

२. निम्नलिखित शब्दबंधों का अनुवाद कीजिये।

परिणाम से अंदाजा लगाना, अंदाजा करना, अंदाजे से बताना, अधेड उम्र का आदमी, असहाय अवस्था में छोडना, असहाय बच्चा, आकस्मिक घटना (जांच), जून के उत्तरार्द्ध में, एहसास करना, यंत्रचालित अहसास, कामकाजी औरत, कुलीन ब्राह्मण (पुरुष), पेट में खलबली एहसास करना, गठा हुआ शरीर, घूंघट वाली औरत, चपल लडका (नेत्र), चौका-बर्तन साफ करना, जाहिर तौर पर, दुर्घटना का जिक्र करना, रुपया (लोगों को, साधन) जुटाना, भेंडों (पेडों) का झुंड, लोगों के फुंड, चेहरे पर झुर्रियां, पालना (बच्चे को) झुलाना, ठिंगना आदमी, ठिगने कद की औरत, घूंघट से मुंह ढकना, सत्य ढकना, बच्चे को तसल्ली देना, शेर की दहाड, दूसरों की देखादेखी करना, पीछे (औरत को) धकियाना, धमाके के साथ फटना, धम्म से गिरना, खून की धारियां, काली धारी, अपना कर्त्तव्य निभाना, प्रतिज्ञा निभाना, पर्स खोना (हिलाना), मेरी पहचान का आदमी, घोडे की पहचान, लडके की पहचान बताना, धर्म का प्रसार करना, संस्कृति का प्रचार-प्रसार, रेडियो पर वार्तालाप प्रसारित करना, पडोसिन के कान में खबर फुसफुसाना, हलकी फुसफुसाहट, झूठा (बनावटी) बहाना, बीमारी का बहाना करना, बांझ भूमि, बेकार मशीन (आदमी, काशिश), बेकार बैठना, बेकारों का झुंड, तीर्थस्थानों का भ्रमण करना, विदेशी मुद्रा, चेहरे पर गंभीर मुद्रा, सहज मुद्रा में बैठना, गहरा रहस्य, प्रकति के रहस्य, रहस्य खोलना, बच्चे को पलंग पर लिटाना, लंबा विराम, दो दिन का विराम, विराम चिह्न, विधवा का विलाप, बच्चे की मौत पर

विलाप करना, झूठा विवरण, विस्तृत विवरण देना, रोचक व्याख्यान, किताब की शक्ल, आलमी की शक्ल में दैत्य, शीशे में अपनी शक्ल देखना, पूरा संकलन, कहानियों का संकलन, प्रतिभासंपन्न, साधनसंपन्न, संपन्न देश, समकालीन समाज (साहित्य), पुस्तकें समेटना, लेखक की प्रतिभा सराहना, लेखक के गुणों की सराहना करना, पैर सहलाना, कहानी (विषय) का सार, भौंहें सिकोडना, चुपके-चुपके सिसकना, दूर की सूझ, मौलिक सूझ, हडबडाहट में मेज पर पुस्तक छोडना, भारी हलचल, हलचल मचाना, पुरानी हवेली।

३. निम्नलिखित शब्दबंधों का अनुवाद कीजिये।

строить догадки, давать оценку обстановке, проявлять заботу о старых и пожилых людях, защищать беззащитных людей, неожиданное известие, во второй половине прошлого века, испытывать чувство радости, деловой мир, знатный воин, пропавший человек, закрывать лицо концом сари, непоседливый ребенок, сказать нетерпеливым голосом, убирать посуду после еды, выражать мнение, первое упоминание об этом писателе, мускулистое тело, накапливать ресурсы, стадо слонов, глубокие морщины, раскачивать качели, человек невысокого роста, закрыть лицо платком, находить утешение в детях, сверкать на солнце, отталкивать людей, падать с грохотом, ткань с белыми полосами, выполнять работу, нести бремя забот, потерять кошелек, исчезнуть в мгновение ока, отличительная черта этого животного, расспрос-транение индуизма, передавать по радио, шептать на ухо, уйти под ложным предлогом, яловая корова, бесполезная идея, союз безработных, совершать зарубежную поездку, кружить над городом, скорбь по умершим, поза в танце, иностранная валюта, раскрывать тайны природы, укладывать ребенка в колыбель, ставить точку в конце предложения, дать свое толкование событий, человек приятной наружности, собрание сочинений писателя, современная русская литература, собирать лежащие на полу вещи, прославлять подвиги героев, растирать руку, понять суть современных событий, морщить нос

४. अनुवाद कीजिये।

१)मैं दूरी का अंदाजा ठीक-ठीक नहीं लगा सका। २)अंदाजे से बताया जा सकता है कि आने वाले वर्ष में फसल अच्छी होगी। ३)वह अधेड उम्र का आदमी था। ४)बूढे लोग अक्सर असहाय होते हैं। ५)उससे मेरी आकस्मिक भेंट हो गयी। ६)हम आकस्मिक मिल गये। ७)मुझे इसका एहसास है। ८)खिलौना न पाकर बच्चा बराबर कुनमुना रहा था। ९)भारत में कुलीन ब्राह्मण का विशेष आदर होता है। १०)लोगों में खलबली मच गयी, ११)पेट में खलबली है। १२)पहलवानों के गठे हुए जिस्मबहुत सुंदर लगते हैं। १३)कहते हैं कि गप मारना औरतों का काम है। १४)मेरा जूता गुम है। १५)मैंने चाबियों का गुच्छा गुम कर दिया। १६)भारत में बहुत-सी औरतें घूंघट निकालती हैं। १७)हमारे यहां एक घूंघटवाली औरत आ गयी। १८)ये बातें जाहिर करती हैं कि समस्या काफी जटिल है। १९)जाहिर है कि वह आज नहीं आयेगा। २०)हम अभी-अभी आपका जिक्र कर रहे थे। २१)इस मामले का सिकी से जिक्र मत करना। २२)उसने सब चीजों को जुटा लिया। २३)देश के सभी संसाधनों को जुटाना सरकार का सर्वप्रथम कर्त्तव्य है। २४)एक जंगल में हाथियों का झुंड रहता था। २५)चेहरे पर गहरी झुर्रियां पड गयी हैं। २६)हमने देखा कि वधू पालना झुला रही है। २७)यह ठिंगनीलडकी थी। २८)औरत ने अपना सिर ढक लिया। २९)उसका मुंह घूंघट से ढंका था। ३०)मुझे उसके काम से पूरी तसल्ली है। ३१) यह काम तसल्ली से करो। ३२)शेर ने भयानक दहाड मारी। ३३)उसकी देखादेखी औरत भी चली गयी। ३४)दूर से धमाके की आवाज सुनाई दी। ३५)कोई जिस्म धम्म से जमीन पर गिर पडा। ३६)धोबिन कपडे लायी है। ३७)उसने अपना वचन निभाया। ३८)मेरी उससे काई जान-पहचान नहीं है। ३९)अपने लडके की काई भी पहचान बताओ। ४०)दिन-रात में आठ पहर होते हैं। ४१)सम्राट् अशोक ने बौद्धधर्म का बडा प्रसार किया। ४२)वह बहाने बनाने लगा। ४३)बीमारी का बहाना करके वह काम पर नहीं गया। ४४)धर्म के बहाने अनेक अपराध किये गये थे। ४५)वह दो महीने से बेकार है। ४६)उससे कोई आशा रखना बेकार है। ४७)उसका सारा परिश्रम बेकार गया। ४८)हमारे ऊपर बडा खतरा मंडराया। ४९)घर के ऊपर पक्षी मंडरा रहे हैं। ५०)मक्खियां पतझड के समय अंडे देती हैं। ५१)नगर भर में

मातम छा गया। ५२)उनके यहां मातम है। ५३)विदेशी मुद्रा के भंडार में वृद्धि हुई। ५४)भरतनाट्यम में अनेक विशेष मुद्राएं होती हैं। ५५)उसके स्वास्थ्य का रहस्य क्या र्ह? ५६)इस रहस्य का पता लगाना बहुत आवश्यक है। ५७)यह घटना रहस्य बनी रही। ५८)कमरे से किसी औरत का रुदन सुनाई पडा। ५९)इस लयबद्ध विलाप में अचानक विराम पडा। ६०)नर्स ने मरीज को फंग पर लिटाया। ६१)गेंद मेज के नीचे लुढक गया। ६२)पहाड से पत्थर लुढकते हैं। ६३)वह परीक्ष में लुढक गया। ६४)लंबे विराम के बाद वह उठकर चला गया। ६५)बेचारी मां बच्चे की मौत पर विलाप करती रही। ६६)उसने घटना का विस्तृत विवरण दिया। ६७) प्रोफेसर वर्मा ने चित्रकला पर एक रोचक व्याख्यान दिया। ६८)मैं उसे शक्ल से जानता हूं। ६९)इनाम की शक्ल में उसको कम्प्यूटर मिला। ७०)मेरे पास प्रेमचंद की रचनाओं के कई संकलन हैं। ७१)दोनों देशों ने एक आर्थिक संधि संपन्न की। ७२)जापान आर्थिक दृष्टि से संपन्न देश है। ७३) प्रेमचंद और चतुरसेन शास्त्री समकालीन हैं। ७४)अशोक, अपनी किताबों को समेट लो। ७५)धोबिन ने कपडे समेट लिये। ७६)सभा में लेखक के गुण सराहे गये। ७७)उसने भौंहें सिकोडीं। ७८)बच्चा जोर से सिसक रहा था। ७९)हडबडाहट में वह पुस्तकें वहीं छोड गयी। ८०)लोगों में हलचल मच गयी।

५. निम्नलिखित मुहावरों का प्रयोग करके वाक्य बनाइये।

अंदाजा लगाना, पल भर में ही, शिष्टाचार निभाना, विवरण जुटाना, चौका-बर्तन समेटना, विराम पडना, खलबली मचना, झुंड के झुंड, दहाड मारना, घूंघट उठाना, घूंघट निकालना, मातम मनाना, झूठे बहाने से, सूझ आना, न रूप न रंग, नाक-भौंह सिकोडना।

६. निम्नलिखित वाक्यों को पूरा कीजिये।

१)हवेली की हर मंजिल के हर दरवाजे से ...। २)श्रीमती परेश धडधडाती हुई ...। ३)आज की घटना में ...। ४)कितनी देर वे लोग ...। ५)बच्चे के बिलकुल पास बैठी ...। ६)जिन औरतों का खबर बनद में मिली थी ...। ७)और उसके बारे में ज्यादातर औरतें ...।

८)देखादेखी दो-तीन औरतें ...। ९)अनेक औरतों ने ...। १०)दनादन अपने बच्चों का लेकर ...।

७. इस लेख का लिखित अनुवाद कीजिये।

वसीली शुक्शिन
(१९२९-१९७४)

प्रकृति ने वसीली मकारोविच शुक्शिन को बहुमुखी प्रतिभा दी। वह अच्छे कलाकार, निर्देशक और फिल्मकथा-लेखक थे। शुक्शिन की लिखी फिल्मकथाओं पर अनेक फिल्में जिन में वह निर्देशक और कलाकार भी थे बनीं जो देश-विदेश में बहुत लोकप्रिय हुईं। इनमें "है ऐसा जवान" (१९६८ में वेनिस में एक फिल्म-उत्सव में प्रथम पुरस्कार), "ल्युबाविनों का अंत", आपका बेटा और भाई", "अद्भुत लोग", "अंगारों का पेड" उल्लेखनीय हैं। १९७४ में "मैं आपको आजादी देने को आया हूं।" नाम का एक बडा उपन्यास प्रकाशित हुआ जिसका मुख्य पात्र १६७०-७१ के किसान-विद्रोह का नेता स्तेपान राजिन है। लेखन-कार्य ही शुक्शिन को सब से अधिक प्रिय था और जीवन के अंतिम वर्षों में वह यही सोच रहे थे कि दूसरे सब काम छोडकर पूरी तरह इसी कार्य में लग जायें। शुक्शिन ने कुछ लंबी कहानियां लिखीं जिनमें "अंगारों का पेड", "दृष्टिकोण", "कामकाजी लोग", "और सुबह को वे लोग जाग उठे" प्रमुख हैं। उन्होंने दो-तीन दर्जन कहानियां भी लिखीं। एनके दो कहानी-संग्रह "देहाती लोग" और "वहां ... दूर" प्रकाशित हुए।

उनकी अधिकांश कहानियों के पात्र ट्रैक्टर-चालक, मोटर-चालक, मजदूर, किसान और अन्य ऐसे लोग हैं जिनका काम जमीन या खेत से संबंधित है। परंतु शुक्शिन ज्यादातर आदमी के व्यवसाय में नहीं बल्कि उसकी मौलिकता में, उसकी कर्त्तव्य-निष्ठा और उसकी आत्मसम्मान की मर्मस्पर्शी भावना में रुचि लेते हैं। शुक्शिन जीवन को सजा-संवारकर नहीं दिखाते, लेकिन इसमें वह कुछ ऐसी काव्यसंबंधी, उज्जवल और निर्मल बात देखने की कोशिश अवश्य करते हैं जो

सच्चे मानव का आधार होती है। साथ ही शुक्शिन समझते हैं कि यह संसार आदर्श का नहीं है, कि इसमें भले-बुरे कन अनवरत संघर्ष चलता है। इसी कारण से उनके पात्र जीवन के मौलिक प्रश्नों का उत्तर खोजते हैं, सच्चे सुख का रहस्य समझने का प्रयास करते हैं। शुक्शिन के पात्र अपने ढंग से निराले लोग हैं, अपने आध्यात्मिक गुणों की दृष्टि से बडे प्रतिभासंपन्न लोग हैं। शुक्शिन उत्कृष्ट और उदार मानव के लिए आवाज उठाते हैं।

८. निम्नलिखित शब्दों के हिंदी समानार्थक लिखिये।

предположение, догадка (3); неожиданный, внезап-ный (3); чувство, ощущение (2); плакать (3); про-павший (2); явный, очевидный (3); тело (4); низко-рослый (2); лицо (3); собирание (2); обращаться к (2); собирать, подбирать (2); похвала (2); хвалить (2); суматоха, тревога (2); деловой (2); толпа (2); блестеть, сверкать (2); грохотать (2); грохот (2); не, нет (3); миг, мгновение (2); распространение (2); путешествие (3); тайна, секрет (2); плач (2); форма, вид (2); лишенный (2)

९. खाली जगहों में आवश्यक शब्द लिखिये।

१)नौवें दशक के ... में वे केंद्रीय हिंदी ... का निदेशक नियुक्त किये गये। २)श्रीमती परेश ... हुई ठीक बीच में पहुंची। ३)विमल नी ने विश्व के अनेक देशों का ... किया। ४)औरतों में फिर वे ही बातें चल पडीं जो उनकी दिन-दुपहर की ...-गोष्ठियों में होती थीं। ५)ये कहानियां अनेक बार रेडियों से ... हुए। ६)उसने बूढी औरत को ... किया जो अपना घूंघट पूरी तरह चेहरे के नीचे तक ... की कोशिश कर रही थी। ७)“यार” शब्द इस ... में कहा गया था कि वह चारों ओर फैल गया था। ८)मुझे तो भाई उन्होंने तीन ... का ... बनवा दिया है। ९) ... को सुनकर लोग अंदाजा ही नहीं लगा पाये कि क्या हुआ? १०)औरतें बैठ गयी थीं और ... करने लग गयी थीं। ११)उठने के समय का कोई ... अहसास था कि तब ... उस विलाप में अचानक विराम पडा। १२)श्रीमती ने मुंह से कुछ नहीं कहा लेकिन सिर्फ अपनी ... से जाहिर किया। १३)औरतें ... में उठने लग गयीं। १४)खून की धारियां सूख गयी थीं और वहां ... मंडरा रही थीं। १५)

... और श्रीमंत किस्म की औरतें जैसे घूंघट के बीच ही नाक-भौंह ... रही थीं। १६)और मरने का ... आते ही जैसे औरतौं के आंसू पिघल आये। १७)उसके चेहरे से लगता था जैसे उसे कोई ...-सी चीज मिली है। १८) ...की किसी मंजिल से गिरकरबच्चा सीधे ... के बीचों-बीच आ गिरा था। १९) ... औरतें किसी न किसी ... से सिसकती रहीं। २०)सारी हवेली में एक महिला थी जो ... नहीं निकालती थी। २१)हाथ का ... हिलाती घूंघट... एक औरत दरवाजे से दाखिल हो रही थी। २२)"तो क्या हुआ? ... मनाने न आ सकती थी क्या?" २३)हवेली के दरवाजे से ... हुए जिस्म की एक ... औरत अंदर आयी और जोरों से ... मारकर रोने लगी। २४)आज की घटना में जो दो-एक मर्द वहां पहले दिखाई दे रहे थे बीमार या ... थे। २५) ..., चीखती औरतों की आवाजों के बीच कुछ भी सुनाई नहीं पड रहा था।

१०. निम्नलिखित सवालों का हिंदी में अनुवाद करके इनका जवाब दीजिये।

1) Где и когда родился Ганга Прасад Вимал? 2) Где и какое он получил образование? 3) В каких учреждениях он работал? 4) Что он сделал, работая директором в Центральном директорате хинди? 5) Чем особенно он прославился как писатель? 6) На какие языки мира переведены его произведения? 7) Как знакомились за пределами Индии с работами этого писателя? 8) В каких литературных жанрах работает господин Вимал? 9) Бывал ли он в России? 10) Почему собрались женщины во внутреннем дворике большого дома? 11) Откуда они прибежали? 12) Что случилось с женщинами при виде выпавшего из окна мальчика? 13) Что в это время делали мужчины? 14) Чем занимались мужчины дома? 15) Когда они обычно возвращались домой? 16) Когда произошел этот несчастный случай? 17) Чем в это время обычно занимались женщины? 18) О чем они говорили между собой, сидя возле упавшего мальчика? 19) Кто отправился на поиск своих детей? 20) Что сделали женщины, разыскавшие своих детей? 21) Почему они снова начали плакать? 22) Почему некоторые женщины начали уходить из внутреннего дворика? 23) Почему разрыдалась пожилая женщина? 24) О чем дальше говорили женщины? 25) Как выглядела жена учителя

Пареша? 26) В чем состояла ее особенность? 27) Что о ней говорили женщины дома? 28) Что рассказали ей женщины? 29) Чьим сыном оказался умерший мальчик? 30) Какова была реакция женщин? 31) Что потом произошло возле дома?

११. शब्दकोश की सहायता सेकहानी को समझकर इसे रूसी और हिंदी में सुनाइये।

काकी

उस दिन बडे सवेरे जब श्यामूकी नींद खुली तब उसने देखा, घर भर कुहराम मचा हुआ है। उसकी काकी उमा एक कंबल पर नीचे से ऊपर तक कपडा ओढे हुए भूमि-शयन कर रही है और घर के सब लोग बडे करुण स्वर में विलाप कर रहे हैं।

द्योग जब उमा को श्मशान ले जाने के लिए उठाने लगे, तब श्यामू ने बडा उपद्रव मचाया। लेगों के हाथों से छुंटकर वह उमा के ऊपर जा गिरा और बोला – काकी तो सो रही हैं। उन्हें इस तरह उठाकर कहां लिये जा रहे हो? मैं न ले जाने दूंगा।

लोगों ने बडी कठिनता से उसे हटा पाया। काकी के अग्नि-संस्कार में भी वह न जा सका। एक दासी राम-राम करके उसे घर पर ही संभाले रही।

यद्यपि बुद्धिमान गुरुजनों ने उसे विश्वास दिलाया कि उसकी काकी उसके मामा के यहां गयी है, परंतु असत्य के आवरण में सत्य बहुत समय तक छिपा न रह सका। आसपास के अन्य अबोधबालकों के मुंह सेही वह प्रकट हो गया। यह बात उससे छिपी न रह सकी कि काकी और कहीं नहीं, ऊपर राम के यहां गयी है। काकी के लिए कई दिन तक लगातार रोते-रोते उसका रुदनता क्रमश: शांत हो गया, परंतु शोक शांत न हो सका। जिस तरह वर्षा के अनंतर एक ही दो दिन में पृथ्वी के ऊपर का पानी अगोचर हो जाता है, परंतु भीतर तक उसकी आर्द्रता बहुत दिन तक बनी रहती है, उसी प्रकार वह शोक उसके अंतस्तल में जाकर बस गया। वह प्राय: हकेला बैठा-बैठा शून्य मन से आकाश बी ओर ताका करता।

एक दिन उसने ऊपर एक पतंग उडती देखी। न जाने क्या सोचकर उसका हृदय एकदम खिल उठा। विश्वेश्वर के पास जाकर बोला – काका, मुझे एक पतंग मंगा दो। अभी मंगा दो।

पत्नी की मृत्यु के बाद से विश्वेश्वर बहुत अन्यमनस्क से रहते थे। अच्छा मंगा दूंगा – कहकर वे उदास भाव से बाहर चले गये।

श्यामू पतंग के लिए बहुत उत्कंठित हो उठा। वह अपनी इच्छा किसी तरह न रोक सका। एक जगह खूंटी पर विश्वेश्वर का कोट टंगा था। इधर-उधर देखकर उसने उसके पास एक स्टूल सरकाकर रखा और ऊपर चढकर कोट की जेबें टटोलीं। उनमें से एक चवन्नी निकालकर वह तुरंत वहां से भाग गया।

सुसिया दासी का लडका – भोला, श्यामू का समवयस्क साथी था। श्यामू ने उसे चवन्नी देकर कहा – अपनी जीजी से कहकर गुपचुप एक पतंग और डोर मंगा दो। देखो। खूब अकेले में लाना, कोई जान न पाये।

पतंग आयी। एक अंधेरे घर में उसमें डोर बांधी जाने लगी। श्यामू ने धीरे से कहा – भोला, किसी से न कहो तो एक बात कहूं?

भोला ने सिर हिलाकर कहा – नहीं, किसी से न कहूंगा। श्यामू ने रहस्य खोला, कहा – मैं यह पतंग ऊपर राम के यहां भेजूंगा, इसे पकडकर काकी नीचे उतरेगी। मैं लिखना नहीं जानता, नहीं तो इसपर उका नाम लिख देता।

भोला श्यामूसे अधिक समझदार था। उसने कहा – बात तोबडी अच्छी सोची, परंतु एक कठिनता है: यह डोर पतली है। इसे पकडकर काकी उतर नहीं सकती। इसके टूट जाने का डर है। पतंग में मोटी रस्सी हो तो सब ठीक हो जाये।

श्यामू गंभीर हो गया, मतलब यह बात लाख रुपये की सुनायी गयी है। परंतु कठिनता यह थी कि मोटी रस्सी मंगायी कैसे जाये? पास में दाम हैं नहीं और घर के जो आदमी उसकी काकी को बिना दया-माया के तला आये हैं, वे उसे इस काम के लिए कुछ देंगे नहीं। उस दिन श्यामू को चिंता के मारे बडी रात तक नींद नहीं आयी।

पहले दिन की ही तरकीब से दूसरे दिन फिर उसने विश्वेश्वर के कोट से एक रुयिा निकाला। ले जाकर भाले को दिया और बोला – देख

भोला, किसी को मालूम न होने पाये, अच्छी-अच्छी रस्सियां मंगा दे। एक रस्सी ओछी पडेगी। जवाहिर भैया से एक कागज पर "काकी" लिखवा रखूंगा। नाम की चित रहेगी तो पतंग ठीक उन्हीं के पास पहुंच जाएगी।

दो घंटे बाद प्रफुल्ल मन से श्यामू और भोला अंधेरी कोठरी में बैठे-बैठे पतंग में रस्सी बांध रहे थे। अकस्मात् शुभकार्य में विघ्न की तरह उग्रमूर्त्ति धारण किये हुए विश्वेश्वर वहां आ घुसे, भोला और श्यामू को धमकाकर बोले – तुमने हमारे कोट से रुपया निकाला है?

भाला सकपकाकर एक ही डांट में मुखबिर बन गया। बोला – श्यामू भैया ने रस्सी और पतंग मंगाने के लिए निकाला था।

विश्वेश्वर ने श्यामू को दो तमाचे जडकर कहा – चोरी सीखकर जेल जायेगा! अच्छा, तुझे आज अच्छी तरह समझाता हूं। यह कहकर दो-चार थप्पड और जडकर पतंग फाड डाली। ज्ब रस्सियों की ओर देखकर उन्होंने पूछा – ये किसने मंगायीं?

भोले ने कहा – इन्होंने मंगायी थीं। कहते थे, इनसे पतंग तानकर काकी को राम के यहां से नीचे उतारेंगे।

विश्वेश्वर एक क्षण के लिए हतबुद्धि होकर खडे रह गये। उन्होंने फटी हुई पतंग उठाकर देखी। उसपर एक कागज चिपका था, जिसपर लिखा हुआ था – "काकी"।

सियारामशरण गुप्त

*(**गुप्त जी** का जन्म सन् १८९५ में चिरगांव (झांसी) में हुआ और मृत्यू हुई २९.३.१९६३। आपको हिंदी, संस्कृत, बंगला, मराठी, गुजराती और अंग्रेजी का उच्च ज्ञान था। श्री सियारामशरण गुप्त हिंदी के एक प्रसिद्ध कवि थगा कलाकार थे। आपने उपन्यास और कहानियां भी लिखी हैं।)*

१२. शब्दकोश की सहायता से कहानी को समझकर इसे हिंदी में सुनाइये।

Осенью

Паромщик Филипп Тюрин дослушал последние известия по радио, потом оделся потеплее и пошел к парому.

Паромщиком он был давно. Во время войны его ранило в голову, работать плотником он больше не смог и пошел паромщиком.

Был конец сентября, дул холодный ветер, было холодно. Люди здоровались с Филиппом и шли по своим делам.

На реке дул сильный ветер. Изредка выг-лядывало осеннее солнце. Филипп сплавал на другой берег и обратно, перевез тех, кто больше всего спешил. Дальше он работал уже спокойнее и медленнее. Тут Филипп начал думать про свою жизнь. Про то, как у него в молодости получилось с женитьбой. У них в деревне была девушка Марья Ермилова. Красавица, круглолицая, веселая. О такой невесте можно было только мечтать. Филипп очень любил ее, и Марья его тоже любила. Они хотели пожениться. Но Филипп начал работать с комсомольцами. Филиппу нравилось, что комсомольцы боролись против старых деревенских обычаев. А Марья не хотела против них бороться, потому что ее родители были богатыми крестьянами.

Из-за этого Филипп с Марьей расстались... Марью тогда увезли из деревни. Ее отдали замуж за богатого парня из другой деревни...

Подплывая к другому берегу, он увидел машину и людей возле нее. Филипп сразу понял, что это за машина, и кого она везет. Покойника.

“Кто же умер? — думал Филипп. — Наверное, из какой-нибудь далекой деревни, потому что я ничего не слыышал. Только почему же оттуда везут? Наверное, человек умер не дома, и его везут хоронить в родную деревню”.

Паром подплыл ближе к берегу, и Филипп узнал Павла, Марьиного мужа. И вдруг Филипп понял, кого везут. Марью везут.

Паром остановился, машина въехала на паром. Филипп подошел к машине и заглянул в нее. И заболело сердце: да, это Марья.

Поплыли. Филипп вел паром и думал: “Марьюшка, Марья”. Самый дорогой для него человек плывет с ним в последний раз...

Паром переплыл реку. Филипп смотрел на машину... Никогда в своей жизни он не думал о том, что будет, если Марья умрет. Ни разу не думал. Он не был готов к ее смерти.

Когда машина начала съезжать с парома, Филипп подумал, что он что-то должен сделать. Ведь ее сейчас увезут. Навсегда.

“Нужно попрощаться, — понял он. — Нужно посмотрерть на нее в последний раз”. Ведь это его горе! Его Марья!

Вся долгая жизнь стояла перед ним. Все самое главное, самое нужное, чем он жил... Филипп не замечал, что он плачет...

Машина уехала. Вот теперь его жизнь будет другой: он привык, что на земле есть Марья. Если было трудно, он вспоминал ее. Как же он будет жить теперь?

Филипп быстро сошел с парома. Рядом стояла машина. Филипп подошел к шоферу.

— Догони вон ту машину!

— Зачем?

— Надо!

Шофер посмотрел на Филиппа, ничего больше не спросил, и они поехали. Пока ехали по деревне, шофер несколько раз смотрел на Филиппа.

— Это твои родственники? — спросил он.

Филипп ничего не ответил. Он смотрел на машину. Отсюда виден Марьин гроб.

- Обогнать? — спросил шофер.

- Обгони... И я сойду.

Обогнали первую машину. Остановились. Филипп вышел на дорогу и поднял руку. Он не знал, что скажет, когда машина остановится. Ему хотелось посмотреть еще раз на Марью. Это было нужно, важно. Нельзя было, чтобы ее просто увезли, и все кончилось...

Машина остановилась.

Филипп залез в нее.

— Павел... — сказал он и не узнал своего голоса. — Разреши мне попрощаться с Марьей.

Павел встал и шагнул к нему. Филипп увидел его лицо. Глаза, которые были грустными, теперь вдруг стали злыми.

— Иди отсюда! — негромко сказал Павел. И толкнул Филиппа в грудь.

Филипп смотрел на Павла и ничего не понимал.

— Пусть уходит! — совсем зло говорил Павел. — Пусть он уходит отсюда! Уходи!

Филипп слез с машины. Теперь он тоже зло смотрел на Павла.

— Нельзя строить свою жизнь на чужом несчастье, — сказал Филипп. — Ты думал, что будешь жить с ней хорошо? Зачем ты женился, когда знал, что она любит меня?

— Перестаньте! — рассердился молодой мужчина в машине. — Сейчас нельзя ссориться!

Машина уехала. Филипп медленно пошел назад.

“Марья, — думал он, — Марья! Вот как все в жизни бывает. Не знал Павел с тобой радости. Не любила она тебя, Павел...”

Плохо было Филиппу.

“Как теперь жить? — думал он. — Теперь надо доживать свою жизнь и собираться вслед за Марьей. Ничего уже нельзя вернуть...”

Ветер кончился. Небо совсем стало чистым. Светило солнце, но было холодно. Осень. Осенью тепло не бывает.

(по рассказу В.М.Шукшина “Осень”)

१३. शब्दकाशे की सहायता से कहानी को समझकर इसे रूसी और हिंदी में सुनाइये।

द्यस वर्ष बाद

ब्रह्मपुत्र नदी के किनारे जो घने जंगल दूर तक छाये हुए हैं, उनमें एक शिकारी रहता है। इस समय तक संपूर्ण बंगाल में अंग्रेजों का अखंड राज्य कायम हो चुका है, मगर इन जंगलों में उसी शिकारी का एकाधिपत्य है। इस शिकारी का मानव जाति से कोई संबंध नहीं। इसकी प्रजापशु है – हिंसक और शाकाहारी दोनों। बंगाल भर के छोटे-छोटे शिकारी इस ब्रह्मपुत्र के शिकारी को अपना देवता मानते है, यद्यपि उनमें से कभी किसी ने उसे देखा तक नहीं। यह शिकारी एक लंबा-चौडा जवान है। बिलकुल अकेला रहता है। कपडे नहीं पहिनता। सिर्फ एक बडे बब्बर शेर की खाल को अपनी कमर के चारों ओर लपेटे रहता है। कोई नहीं जानता कि उसका जन्म कहां हुआ था। बंगाल भर में उसके संबंध की अनेक घटनाएं प्रसिद्ध हैं। लोगों में मशहूर है कि वह शेर पर सवारी करता है। जंगाली हाथी अपनी सूंडों से उसका तिलक करते हैं और वन के पक्षी इधर-उधर से फल बटोरकर उसके लिए भोजन ला देते हैं।

उसके संबंध में जो किंवदंतियां सुनी जाती हैं, मालूम नहीं उनमें से कितनी गलत या कितनी सही हैं। परंतु एक बात बिल्कुल ठीक है, वह यह है कि शिकारी फिरंगियों का दुश्मन है। उसके सिर पर सदैव एक ताज रहता है। यह ताज मनुष्य की हड्डियों से बना होने पर भी बहुत सुंदर है।

बरसात का मौसम अभी शुरू ही हुआ था। संध्या का समय था। ब्रह्मपुत्र नही पूरे वेग से बह रही थी। नदी के किनारे, एक ऊंचे टीले पर वह शिकारी चुपचाप खडा था। टीले पर नरम-नरम दूर्वा उगी हुई थी। आसपास के वृक्षों पर पक्षी चहचहा रहे थे। जंगल में जानवर चिल्ला रहे थे। वह शिकारी बंदूक के मुंह पर अपनी हथेली टेककर, एकटक, नदी में उठने वाली बडी-बडी लहरों की तरफ देख रहा था।

सहसा उसे दूर पर किसी कुत्ते के भौंकने की आवाज सुनाई दी। वह चौंककर सतर्क हो गया। कुत्तों का भौंकना अभी तक जारी था। शिकारी समझ गया कि आज फिर किसी मजेदार घटना की संभावना है। वह बंदूक हाथ में संभालकर शीघ्रता से उसी ओर चल दिया। थोडी दूर जाकर शिकारी कुत्तों की भों-भों ध्वनि के साथ किसी स्त्री के रोने की आवाज भी उसके कानों में पडी। शिकारी न जाने क्यों बिल्कुल अधीर हो उठा। उसमें असाधारण स्फूर्त्ति आ गयी।

कुछ देर में उसे दिखाई दिया कि जंगल के एक भाग को साफ करके दो-तीन बडे तंबू डाले गये हैं। इन तंबुओं के सामने एक फिरंगी धीरे-धीरे टहल रहा है। उसके पीछे, तंबुओं के दरवाजों पर, कोई खानसामे पांच-छः शिकारी कुत्तों को संभाले हुए खडे हैं। शिकारी बहुत अधिक सतर्कता से आगे बढा। उसे दिखाई दिया कि उस फिरंगी की ओट में एक भारतीय महिला बंधी हुई पडी है। एक क्षण तक वृक्षों की ओट से उस महिला की ओर देखते रहकर शिकारी सहसा उछल पडा। न जाने इतना अधिक अधीर वह कैसे बन गया। बिजली की गति से वह उस स्थान पर जा पहुचा। बंदूक की तीन-चार गोलियां चलाकर शिकारी ने उस फिरंगी को वहीं पर ठंडा कर दिया। इसके बाद उस महिला के निकट पहुंचकर वह बडी व्यग्र आवाज में चिल्लाया, “मोहिनी!”

शायद वर्षों के बाद वह शिकारी आज पहली बार किसी मनुष्य से बोला था।

बंदिनी गोलियों की आवाज सुनकर और भी अधिक डर गयी। अब अचानक अपना नाम सुनते ही वह चौंक उठी। अगले ही क्षण शिकारी को उसने जैसे पहचान लिया। वश अत्यधिक उल्लास भरे स्वर में पुकार उठी, "अज्जी"

शिकारी ने उस बंदिनी महिला का अपनी बलिष्ठ भुजाओं मे उठा लिया और तुरंत ही वायुवेग से वह जंगल में प्रविष्ट हो गया।

यह सब कांड सिर्फ एक ही मिनट में हो गया।

अचानक यह गडबडझाला देखकर कैंप के नौकरों में भगदड मच गयी थी। उन्होंने और कोई उपाय न देखकर अपने कुत्तों को इस शिकारी पर छोड दिया। एक-दो ने उसपर गोलियों का फायर भी किया। परंतु उस शिकारी को न तो कोई गोली लग गयी और न शिकारी कुत्ते पकड सके।

इसके बाल किसी कोनहीं मालूम कि अजित और मोहिनी कहां जाकर रहने लगे।

दो-चार दिन के बाद कलकत्ते के सरकारी रजिस्टरों में यह दर्ज किया गया – "गोलपाडा के कलेक्टर मिस्टर फाक्स ब्रह्मपुत्र के एक असभ्य शिकारी के हाथों से एक भारतीय महिला को छुडाने गये थे, परंतु वहां धोखे से मार डाले गये"। मिस्टर फाक्स कंपनी के असाधारण हितचिंतक थे। पिछले बरसों में मिदनापुर जिले में कंपनी की आय बढा देने का श्रेय भी इन्हीं को था।

इन सरकारी रजिस्टरों में जो कुछ चाहे लिखा रहे, पशिचम की तरफ से आकर गोलपाडा के गांव-गांव में तपस्विनी-सी बनकर घूमने वाली सुंदरी मोहिनी को फिरंगी साहब के नौकर किस उद्देश्य से पकड ले गये थे।

(चंद्रगुप्त विद्यालंकार की "भय का राज्य" कहानी से)

*(**चंद्रगुप्त विद्यालंकार** का जन्म पशिचमी बंगाल के एक आर्यसमाजी जमींदार के परिवार में हुआ। उनकी शिक्षा एक गुरुकुल में कुई। १९३१ में वे दैनिक "जन्मभूमि" के संयुक्त संपादक नियत हुए। १९३२ से १९४७ तक उन्होंने लाहौर से "विश्व साहित्य ग्रंथमाला" का संपादन*

और संचालन किया। १९४८ से १९५४ तक वे भारत सरकार द्वारा प्रकाशित “विश्व दर्शन” के संपादक रहे और १९५५ से “आजकल” का संपादन कर रहा था। ये कहानी, नाटक और उपन्यास के प्रामाणिक आलोचक भी माने जाते हैं।)

१४. जातकों की एक कहानी को समझकर इसे रूसी और हिंदी में सुनाइये।

शेर और चिता

किसी जंगल में एक शेर और चिता रहते थे। दोनों में बडी दोस्ती थी। एक दूसरे से बिना पूछे वे कोई काम न करते थे।

एक गीदड उन दोनों की सेवा किया करता था। गीदड उनके बचे हुए मांस के टुकडे को खाता और आराम से पडा रहता।

एक दिन गीदड ने सोचा – “मैंने सब पशुओं का तो मांस खाया है, लेकिन शेर और चीते का मांस आज तक नहीं चखा। क्यों न मैं कोई ऐसी तरकीब करूं जो इन दोनों में लडाई हो जाये। जब ये दोनों आपस में लड मरेंगे तो फिर बडे मजे से मैं इनका मांस खाऊंगा”।

यह सोचकर गीदड शेर के पास पहुंचा। थोडी इधर-उधर की बात करके गीदड कहने लगा – “महाराज! मालूम होता है आप में और चीते में कुछ झगडा हो गया है। देखिये, वह कह रहा था कि मेरे सामने तो शेर कुछ भी नहीं”।

शेर ने सोचा, यह बेफिक्रा हम लोगों में लडाई कराना चाहता है। उसने गीदड को डांट देकर आंखों से ओझल होने का हुक्म दिया।

अगले दिन गीदड चीते के पास पहुंचा। चीते से उसने कहा – “महाराज!, शेर कह रहा था कि चीता तो मेरे सामने कुछ भी नहीं”।

गीदड की बात सुनकर चीते को बुरा लगा। शेर के पास जाकर उसने पूछा – “मित्र! क्या तुम मेरे बारे में गीदड से कुछ कहा है?”

शेर ने उत्तर दिया – “देखो मित्र! गीदड ने मेरे पास आकर भी ऐसी ही बातें की हैं। देखो, जो बिना सोचे-समझे दूसरों की बात पर विश्वास कर लेता है, वह अपना मित्र खो देता है। जो अपने मित्र के दोष ढूंढता रहता है वह मित्र नहीं है। मित्र तो उसे कहते हैं जिसकी

गोद में सिर रखकर आराम से ऐसे ही सोया जा सकता है, जैसे पुत्र अपनी मां की गोद में सोता है"।

शेर की बात सुनकर चीते को अपनी गलती मालूम हो गयी। उसने अपने मित्र से क्षमा मांगी और उस दिन से दोनों की दोस्ती और भी पक्की हो गयी।

हां, गीदड वहां से दुम दबाकर भाग गया!

चुटकुले

१. "आप कब उठते हैं?"

"जब सूर्य की किरणें मेरे कमरे में प्रवेश करती हैं"।

"तब आप काफी जल्दी उठ जाते होंगे?"

"मेरे कमरे का रुख पश्चिम की ओर है"।

२. दुमानदार-"अब तो मैं इस काम से ऊब गया हूं। अब तो मैं पुलिस में सेवा करूंगा"।

"क्यों?"

"वही ऐसी जगह है जहां ग्राहक ही हमेशा गलती पर होता है"।

३. "इस तरह सडक के बीच में टैक्सी खडी होने का क्या मतलब है?" रास्ता चलते हुए एक यात्री ने टैक्सी ड्राइवर से कहा।

"लेकिन अभी तो आपकी मेम साहब ने कहा था, "रुक जाओ, आगे न बढना"।

"तुम अपना काम करो, वे तुमसे बात नहीं कर रही थीं"।

दसवां पाठ

व्याकरण

Бессоюзные сложные предложения

В данном типе предложений предикативные центры соединены в единое смысловое и структурное целое с помощью *интонации*, без участия каких-либо формальных скреп, т.е. союзов и союзных слов. Сама интонация подразд-ляется на четыре ритмико-мелодических вида: 1) интонация перечисления, 2) интонация сопоставления, 3) интонация обуслов-ленности, 4) интонация пояснения.

По характеру взаимоотношений своих частей бессоюзные сложные предложения (БСП) могут быть *однотипными*, части которых взаимосвязаны и направлены друг на друга, и *разнотипными*, части которых связаны отношениями соподчиненности, где вторая часть так или иначе характеризует первую.

Предложения *первой* группы отличаются тождественностью их структурной организации, что проявляется в оформлении как их сказуемых, так и их лексическом наполнении. Здесь можно различить следующие структурно-семантические типы БСП:

Перечислительные БСП. Здесь между частями БСП проявляются отношения одновременности и последовательности.

При выражении отношений *одновременности* данные предложения характеризуются: 1) интонацией перечисления, 2) открытой структурой, 3) отно-сительно свободным порядком следования частей, 4) координацией форм времени, вида и наклонения, 5) наличием повторяющегося обстоятельственного расширителя: कभी गिरता था, कभी चोट खाता था, कभी उसका कपडा कांटों में उलझता था।, बरामदे में एक दुकान थी, एक कोठरी में खाना बनता था, दूसरी कोठरी में बर्तन रखे हुए थे।.

При выражении отношений *последовательнос-ти* порядок следования частей БСП является закрепленным: उसने उसे पत्र लिखा,

वह तीसरे दिन पहुंच गया।, बारह बज गये थे, मित्रों ने रसोई तैयार कर ली होगी, मेरा इंतजार कर रहे होंगे।.

Сопоставительные БСП характеризуются: 1) интонацией сопоставления, 2) закрытой структур-ой, 3) относительно свободным порядком следов-ания частей, 4) координацией модальновре-менного плана, 5) параллелизмом структуры обеих частей, 6) возможной неполнотой второй части или обеих частей: मेरा काम काम करना है, आपका काम काम देखना है।, प्यासा कुएं के पास जाता है, कुआं प्यासे के पास नहीं जाता।.

К предложениями *второй* группы относятся БСП с разнотипными частями. Здесь вторая часть дополняет, поясняет, раскрывает содержание первой части. Сами части лишены структурного тождества. В данную группу входят БСП обусловленности и пояснительные БСП.

БСП обусловленности характеризуются: 1) интонацией обусловленности, 2) закрытой струк-турой, 3) закрепленным порядком следования частей, 4) координацией модально-временного плана, 5) возможностью употребления во второй части частицы-союза तो, 6) семантической и структурной близостью к сложноподчиненным предложениям с придаточными условия или уступки, что подтверждается следующими примерами:

Предложения с условным значением. Отличительной чертой этих предложений является употребление форм сослагательного наклонения: कर्महीन खेती करे, बैल मरे या सूखा पडे।, पति का पत्नी पर बस न चले, सब कुछ भाड में जाये।.

Наряду с сослагательным наклонением здесь могут выступать и другие наклонения: तू भी रानी, मैं भी रानी, कौन भरे कुएं का पानी।, बंधा हुआ घोडा खूंटी से खुल गया, उसे कौन रोक सकता है।.

Частица-союз तो на стыке частей предложения усиливает условное значение: मियां-बीवी राजी तो क्या करेगा काजी “Муж и жена согласны, то судьи здесь не властны”; मन चंगा तो कोठरी में गंगा “Душа в порядке, то дом в достатке”.

Предложения с уступительным значением. В обусловленной части этих предложений сообщается о том, что совершается вопреки

условию обуслов-ливающей части: सारी रात खडी ठिठुरती रही, किसी ने भीतर न जाने दिया।, एक सप्ताह हो गया, राम का कहीं पता नहीं।.

Пояснительные БСП характеризуются: 1) интонацией пояснения, 2) закрытой структурой, 3) преимущественно закрепленным порядком следования частей, 4) кординацией модально-временного плана, 5) наличием в первой части слов, значение которых поясняется, 6) семантической близостью к сложноподчиненным предложениям с придаточными причины и следствия, изъяснительными и присоединительными (последние могут быть синонимичными и присоединительным сложносо-чиненным предложениям), что подтверждается следующими примерами:

а) субститут придаточных причины – कोई दिल से तो काम करना नहीं चाहता, सब मुफ्त में नाम कमाना चाहते हैं।, दीनानाथ ने खिडकी बंद कर दी, उनके लिए यह दृश्य भी असह्य था।,

б) субститут придаточных следствия – चवालों की बोझाई तो बंद थी ही, नावें बेकार पडी रहती थीं।, वह बंगला में न जा सका, तांगा सामने से निकल गया।,

в) субстститут придаточных изъяснительных, в которых первая часть представлена специфическим набором слов, аналогичных союзному сложноподчиненому предложению; вторая часть здесь может раскрывать содержание компонентов, отсутствующих в первой части, к которым относятся:

* объект – कहते हैं, घाट उनकी जमीन पर है।,

* субъект – लगा, रुबीना सो नहीं रही...।,

* определение – आशा है, अगले महीने मेरी बदली गुजरात को हो जायेगी।,

* обстоятельство – मैं ज्यादा नहीं चाहता, बस एक लाख नकद हो।,

г) субститут придаточных присоединительных, где вторая часть раскрывает не какой-либо компонент первой, а относится ко всей первой части. Здесь прослеживаются две разновидности:

1) вторая часть раскрывает внутренний смысл содержания первой части: कुंती ने उसके गोरे सुंदर मुख की ओर देखा, उसके शरीर में सनसनी-सी दौड गयी — *Кунти посмотрела на его светлое красивое лицо, по ее телу пробежала дрожь*;

2) вторая часть передает только дополнительное сообщение о первой, которая представляет собой самостоятельное высказывание; вторая часть открывается местоимениями ऐसा и यह, обобщающими содержание первой: और भिखारी झूठ बोलता हो ऐसी बात नहीं।, इतनी गलती तुम से कैसी हुई, यह मेरी समझ में नहीं आता।

पाठ

अज्ञेय

(जीवनी)

"अज्ञेय" का पूरा नाम श्री सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यान है। इनका जन्म ७ मार्च १९११ ई. को कसिया (जिला गोरखपुर, उत्तर प्रदेश) में हुआ था। इनके पिता प्रसिद्ध पुरातत्ववेता डा. हीरानंद कर्तारपुर (पंजाब) के निवासी थे। अपने काम के कारण उन्हें भारत के विभिन्न प्रांतों में रहना पडा था। इसी कारण "अज्ञेय" का कई प्रांतों में शिक्षा पाने का सुअवसर मिला है। आपने इंटर चेनाई (तब मद्रास) से तथा बी.एस.-सी. सन् १९२९ में पंजाब में किया। सन् १९३० में एम.ए. में पढते समय वे क्रांतिकारी आंदोलन में पड गये। कई वर्ष जेल में रहे। इनकी पहली कहानी सन् १९२४ में प्रयाग को स्काउट पत्रिका "सेवा" में छपी थी। जेल से छूटने के बाद आप कई पत्रों के संपादक रहे। "विशाल भारत" और "सैनिक" उनमें प्रमुख हैं। इसके बाद आल इंडिया रेडियो में डिक्शनरी बनाने का काम करते रहे। दूसरे महायुद्ध में आपने आसाम की सीमा पर काम किया था। बाद में वे अनेक पत्र-पत्रिकाओं का संपादन कर रहे थे। यात्रा आपको बहुत प्रिय है।

"अज्ञेय" कहानीकार, उपन्यासकार, नाटककार, कवि, आलोचक होने के अतिरिक्त मूर्त्तिकला में भी दक्ष हैं। वे सचमुच कलाकार हैं तथा भाव और भाषा दोनों के शिल्पी हैं।

"अज्ञेय" मौलिकता प्रदर्शित करने वाले लेखकों में अग्रगण्य हैं। इनकी कहानियां बौद्धिकता प्रधान होते हुए भी काव्यात्मक हैं। ये मनोवैज्ञानिक परंपराके उन कहानीकारों में हैं जिनके पात्र प्रतीक हैं। "अज्ञेय" जी को जीवन की छोटी से छोटी घटना भी प्रेरणा दे सकती है। इनकी कहानी के लिए घटनाओं का विस्तृत ढांचा आवश्यक नहीं है।

अज्ञेय जी कहानियों में सामाजिक चेतना को प्रकट करना चाहते हैं। सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र की अनेक स्थितियों को इन्होंने तीव्र रूप में प्रकट किया है। विषय और शैली की दृष्टि से ये उत्कृष्ट कलाकार हैं परंतु इनकी कहानियां साधारण व्यक्तियों के बीच में लोकप्रिय नहीं हो सकती हैं। उनके लिए एक पृष्ठभूमि चाहिए। उनके कहानी-संग्रह हैं: "कोठरी की बात", "परंपरा", "शरणार्थी", "विपथगा" आदि। आधुनिक कहानी क्षेत्र में इनका विशिष्ट स्थान है।

उपन्यास के क्षेत्र में भी अज्ञेय जी का ऐसा ही विशिष्ट नाम है। उनकी विशेष ख्याति उनके उपन्यास "शेखर: एक जीवनी" से हुई। यह एक क्रांतिकारी उपन्यास है। इसका विषय जन्म से लेकर मृत्यु तक विस्तृत है। उपन्यास के क्षेत्र में यह एक नया प्रयोग है जो प्रयोगवादी अज्ञेय के लिए सहज है। अनेक लोगों के विचार से यह एक अहंवादी उपन्यास है। परंतु वास्तव में यह उपन्यास आत्मकथा है। इसमें जीवन के संबंध में विशिष्ट दृष्टिकाणों का चित्रण हुआ है। अज्ञेय का दूसरा उपन्यास है "नदी के द्वीप"। यह भी इनकी महत्वपूर्ण कृति है। अज्ञेय एक प्रतिभासंपन्न लेखक हैं। इनपर आधुनिक युग के बुद्धिवाद और प्रतीकवाद का प्रभाव है।

अज्ञेय की रचनाओं का अनेक भाषाओं में अनुवाद हुआ है।

अज्ञेय

शत्रु

ज्ञान को एक रात सोते समय भगवान् ने स्वप्न-दर्शन दिये, और कहा – "ज्ञान, मैंने तुम्हें अपना प्रतिनिधि बनाकर संसार में भेजा है। उठो, संसार का पुनर्निर्माण करो"।

ज्ञान जाग पडा। उसने देखा, संसार अंधकार में पडा है और मानव-जाति उस अंधकार में पथभ्रष्ट होकर विनाश की ओर बढती चली जा रही है। वह ईश्वर का प्रतिनिधि है, तो उसे मानव-जाति को पथ पर लाना होगा, अंधकार से बाहर खींचना होगा, उसका नेता बनकर उसके शत्रु से युद्ध करना होगा।

और वह जाकर चौराहे पर खडा हो गया और सबको सुनाकर कहने लगा – "मैं मसीह हूं, पैगम्बर हूं। भगवान् का प्रतिनिधि हूं। मेरे पास तुम्हारे उद्धार के लिए एक संदेश है"।

लेकिन किसी ने उसकी बात नहीं सुनी। कुछ उसकी ओर देखकर हंस पडते, कुछ कहते, पागल है; अधिकांश कहते, यह हमारे धर्म के विरुद्ध शिक्षा देता है, नास्तिक है। उसे मारो। और बच्चे उसे पत्थर मारा करते।

* * *

आखिर तंग आकर वह एक अंधेरी गली में छिपकर बेठ गया और सोचने लगा। उसने निश्चय किया कि मानव-जाति का सब से बडा शत्रु है धर्म, उससे लडना होगा।

तभीपास कहीं से उसने करुण क्रंदन की आवाज सुनी। उसने देखा, एक स्त्री भूमि पर लेटी है। उसके पास एक बहुत छोटा-सा बच्चा पडा है जो या तो बेहोश है या मर चुका है, क्योंकि उसके शरीर में किसी प्रकार की गति नहीं है।

ज्ञान ने पूछा – "बहन, क्यों राती हो?"

उस स्त्री ने कहा – "मैंने एक विद्यार्थी से ब्याह किया था। जब लोगों को इसका पता चला, तब उन्होंने उसे मार डाला और मुझे निकाल दिया। मेरा बच्चा भूख से मर रहा है"।

ज्ञान का निश्चय और दृढ हो गया। उसने कहा – "तुम मेरे साथ आओ, मैं तुम्हारी रक्षा करूंगा"। और उसे उसने साथ ले लिया।

ज्ञान ने भर्म के विरुद्ध प्रचार करना शुरू किया। उसने कहा – "धर्म झूठा बंधन है। परमात्मा एक है, अबाध है और धर्म से परे है। धर्म हमें सीमा में रखता है, रोकता है, परमात्मा से अलग रखता है, अतः हमारा शत्रु है"।

लेकिन किसी ने कहा – "जो व्यक्ति परायी और बहिष्कृत औरत को अपने साथ रखता है, उसकी बात हम क्यों सुने? वह समाज से पतित है, नीच है"।

तब लोगों ने उसे समाजच्युत करके बाहर निकाल दिया।

* * *

ज्ञान ने देखा कि धर्म से लडने के पहले समाज से लडना है। जब तब समाज पर विजय नहीं मिलती, तब तक धर्म का खंडन नहीं हो सकता।

तब वह इसी प्रकार प्रचार करने लगा – वह कहने लगा – "ये धर्म ध्वजी, ये पुंगी-पुरोहित, मुल्ला, ये कौन हैं? इन्हें क्या अधिकार है हमारे जीवन को बांध रखने का? आओ, हम इन्हें दूर कर दें, एक स्वतंत्र समाज की रचना करें, ताकि हम उन्नति के पथ पर बढ सकें"।

तब एक दिन विदेशी सरकार के दो सिपाही आकर उसे पकड ले गये, क्योंकि वह वर्गों में परस्पर विरोध जगा रहा था।

* * *

ज्ञान जब जेल काटकर बाहर निकला, तब उसकी छाती में इन विदेशियों के प्रति विद्रोह धधक रहा था। यही तो हमारी क्षुद्रताओं को स्थायी बनाये रखते हैं, और उससे लाभ उठाते हैं। पहले अपने को विदेशी प्रभुत्व से मुक्त करना होगा, तब... और वह गुप्त रूप से विदेशियों के विरुद्ध लडाई का आयोजन करने लगा।

एक दिन उसके पास एक विदेशी आदमी आया। वह मैले-कुचैले, फटे-पुराने खाकी कपडे पहने हुए था। मुख पर झुर्रियां पडी थीं, आंखों में एक तीखा दर्द था। उसने ज्ञान से कहा – "आप मुझे कुछ काम दें, ताकि मैं अपनी रोजी कमा सकूं। मैं विदेशी हूं। आपके देश में भूखा मर रहा हूं। कोई भी काम मुझे दें, मैं करूंगा। आप परीक्षा लें। मेरे पास रोटी का टुकडा भी नहीं है"।

ज्ञान ने खिन्न होकर कहा – "मेरी दशा तुमसे अच्छी नहीं है। मैं भी भूखा हूं"।

वह विदेशी एकाएक पिघल-सा गया। बोला – "अच्छा, मैं आपके दु:ख से दु:खी हूं। मुझे अपना भाई समझें। यदि आपस में सहानुभूति

हो, तो भूखे मरना मामूली बात है। परमात्मा आपकी रक्षा करे। मैं आपके लिए कुछ कर सकता हूं"।

* * *

ज्ञान ने देखा। देशी-विदेशी का प्रश्न तब उठता है, जब पेट भरा हो। सबसे पहले शत्रु तो यह भूख ही है, पहले भूख को जीतना होगा, तभी आगे कुछ सोचा जा सकेगा...

और उसने भूख के लडाकों का दल बनाना शुरू किया, जिसका उद्देश्य था अमीरों से धन छीनकर सबमें समान रूप से वितरण करना, भूखों को रोटी देना इत्यादि। लेकिन जब धनिकों को इस बात का पता चला तो उन्होंने एक दिन चुपचाप अपने चरों द्वारा उसे पकडवा मंगाया और एक पहाडी किले में कैद कर दिया। वहां एकांत में वे उसे सताने के लिए नित्य एक मुट्ठी चबैना और एक लोटा पानी दे देते, बस।

धीरे-धीरे ज्ञान का हृदय ग्लानि से भरने लगा। जीवन उसे बोझ-सा जान पडने लगा। निरंतर यह भाव उसके भीतर जगा करता कि मैं, ज्ञान, परमात्मा का प्रतिनिधि इतना विवश हूं कि पेट भर की रोटी का प्रबंध मेरे लिए असंभव है? यदि ऐसा है, तो कितना व्यर्थ है यह जीवन, कितना छूंछा, कितना बेमानी!

एक दिन वह किले की दीवार पर चढ गया। बाहर खाइ़ में भरा हुआ पानी देखते-देखते उसे एकदम से विचार आया, और उसने निश्चय कर लिया कि वह उसमें कूदकर <u>प्राण खो देगा</u>। परमात्मा के पास लौटकर प्रार्थना करेगा कि मुझे इस भार से मुक्त करो। मैं तुम्हारा प्रतिनिधि तो हूं, लेकिन ऐसे संसार में मेरा स्थान नहीं है।

वह स्थिर-मुग्ध दृष्टि से खाई के पानी में देखने लगा। वह कूदने को ही था कि एकाएक उसने देखाश्र पानी में उसका प्रतिबिंब झलक रहा है और मानो कह रहा है–"बस, अपने आपसे लड चुके?"

* * *

ज्ञान समझकर रुक गया। फिर धीरे-धीरे दीवार से नीचे उतर आया और किले में चक्कर काटने लगा।

और उसने जान लिया कि जीवन की सबसे बडी कठिनाई यही है कि हम निरंतर आसानी की ओर आकृष्ट होते हैं।

नये शब्द

अग्रगण्य первоклассный; наилучший

असंभव невозможный; невероятный

अहंवाली **1.** 1) высокомерный, надменный; 2) эгоцентрический; **2.** *м* 1) гордец; 2) эгоцентрик

आत्मकथा *ж* автобиография

आलोचक *м* 1) обозреватель; 2) критик

इंटर *м* (*сокр. от* Intermediate examination) *разг.* экзамен, предшествующий экзамену на степень, предэкзамен

करुण **1.** 1) трогательный; 2) печальный, скор-бный; **2.** *м* печаль, скорбь

काव्यात्मक поэтический

कुचैला 1) одетый в грязное платье; 2) грязный

कैद *ж* заключение в тюрьму

क्रंदन *м* плач

क्षुद्रता *ж* 1) ничтожность; малость; 2) низость, подлость

खंडन *м* 1) разбивание; разрушение; 2) опровер-жение; 3) нарушение

खाकी **1.** цвета хаки; **2.** *м* военная форма

खिन्न 1) удрученный, опечаленный, расстро-енный; 2) озабоченный

ग्लानि *ж* 1) утомление, усталость; 2) безраз-личие; 3) отвращение

चबैना *м* поджаренное зерно

चर *м* 1) шпион; разведчик; 2) посланец

चेतना *ж* 1) разум; 2) сознание; сознательность; 3) чувство; 4) мышление

चौराहा *м* перекресток

छूंछा (छूछा) 1) порожний, пустой; 2) пустой, бессодержательный

जगना *нп* 1) пробуждаться, просыпаться 2) быть бдительным

जगाना *п* будить, пробуждать

झलकना *нп* 1) блестеть, сверкать, сиять; 2) *перен.* проглядывать, явствовать

डिक्शनरी *ж* словарь

दक्ष сведующий; опытный

दु:खी печальный, грустный

धधकना *нп* полыхать, пылать

धनिक **1.** богатый; **2.** *м* богач

ध्वजी **1.** несущий знамя; **2.** *м* знаменосец

नाटककार *м* драматург

पतित 1) упавший, свалившийся; 2) опустив-шийся, павший

परमात्मा *м* бог, всевышний

पराया 1) чужой, посторонний; 2) принадлежащий другому

पहाडी **1.** 1) горный, живущий в горах; 2) гористый, холмистый; 3) горный; **2.** *м* горец; **3.** *ж* 1) холм, сопка; 2) язык пахари

पुंगी *м* священник; жрец

पुनर्निर्माण *м* 1) восстановление; 2) перестрой-ка, реконструкция

पुरातत्ववेता *м* 1) археолог; 2) специалист по древней истории

पुरोहित *м* жрец

पृष्ठभूमि *ж* 1) фон, задний план; 2) *перен.* об-становка; 3) предыстория

पैगम्बर *м* пророк

प्रतिबिंब *м* 1) отражение; 2) тень

प्रतीकवाद *м* символизм

प्रयोगवादी экспериментальный

बहिष्कृत 1) изгнанный; 2) исключенный; 3) бай-котированный

बुद्धिवाद *м* 1) рационализм; 2) интеллектуализм

बेमानी бессмысленный, абсурдный, вздорный

बौद्धिकता *ж* 1) интеллектуальность; 2) мудрость

मनोवैज्ञानिक **1.** психологический; **2.** *м* психолог

मसीह *м* Мессия; Христос

महायुद्ध *м* мировая война

मुख *м* 1) рот; 2) лицо; 3) передняя часть; 4) отверстие *(сосуда и т.п.)*

मुग्ध 1) глупый, тупой; 2) очарованный

मुट्ठी *ж* 1) кулак; 2) горсть, пригоршня

मुल्ला *м* 1) мулла; 2) учитель

रोजी *ж* 1) ежедневное пропитание; 2) средства к существованию; 3) занятие

लडाका **1.** 1) воинственный; 2) боевой; **2.** *м* воин; борец

विनाश *м* 1) разрушение, уничтожение; 2) ис-требление, убийство, гибель

विपथगा *ж* порочная; падшая

व्यर्थ **1.** 1) бесполезный, напрасный, тщетный; 2) бессмысленный, бесцельный; **2.** 1) напрасно, зря, тщетно; 2) бессмысленно, бесцельно

शरणार्थी *м* беженец

सुअवसर *м* удобный случай, благоприятная возможность

स्काउट *м* 1) разведчик; 2) бойскаут

स्थिर 1) неподвижный; 2) недвижимый; 3) ста-бильный, устойчивый

स्वप्न *м* 1) сон, сновидение; 2) мечта, греза

भौगोलिक नाम

प्रयाग — г. Аллахабад (*ш.* Уттар Прадеш)

टिप्पणियां

१. **बी. एस-सी.** — *(от англ.* B. Sc. — Bachelor of Science*)* бакалавр естественных наук.

२. **आंदोलन में पडना** — принимать участие в движении.

३. **स्वप्न-दर्शन देना** — посещать во сне.

४. **पथभ्रष्ट** — сбившийся с пути, вставший на неправильный путь.

५. **पथ पर लाना** — наставлять на истинный путь.

६. **तंग आना** — а) расстраиваться, переживать; б) беспокоиться, волноваться; в) уставать.

७. **समाजच्युत करना** — изгонять из общества.

८. **धर्मध्वजी** — ханжа, лицемер; *зд.* шарлатан от религии.

९. **जेल काटना** — отбывать срок тюремного заключения.

१०. **मैला-कुचैला** — *парн. сочет.* грязный, замызганный.

११. **फटा-पुराना** — *парн. сочет.* ветхий, полу-истлевший.

१२. **रोजी कमाना** — зарабатывать на жизнь.

१३. **प्राण खो देना** — расставаться с жизнью.

पाठ के अभ्यास

१. पाठ का अनुवाद कीजिये।

२. निम्नलिखित शब्दबंधों का अनुवाद कीजिये।

अग्रगण्य आलोचक, अबाध व्यापार, असंधव कार्य, अहंवादी रचना, अहंवादी व्यक्ति, गांधी जी की आत्मकथा, आत्मकथा लिखना, निष्पक्ष आलोचक, इंटर परीक्षा, इंटर पास करना, करुण कहानी, उम्र की कैद, सख्त कैद, काव्यात्मक भाषा, काव्यात्मक कथा, क्रंदन करना, व्यक्ति की क्षुद्रता, सरकारी खंडन, घोषणा का खंडन, सिपाही की खाकी, खाकी कपडा, ग्लानि अनुभव करना, सामाजिक (राजनीतिक) चेतना, चौराहे पर खडा होना, छूछा घडा। छूंछे हाथ, छूछा व्याख्यान, रुचि जगाना, दक्ष कर्मचारी, दक्ष कार्य, अग्रगण्य नाटककार, पतित अवस्था, पतित लोग, पराया माल, पारायी संपत्ति, पराया देश, पहाडी किला, पहाडी मैदान, पश्चिमी पहाडियां, ऊंची पहाडी, पहाडी पर चढना, कारखाने का पुनर्निर्माण, चरित्र का पुनर्निर्माण, अर्थव्यवस्था का पुनर्निर्माण करना, घटना की पृष्ठभूमि, पृष्ठिभूमि में रहना, जल में चांद का प्रतिबिंब, आइने में अपना प्रतिबिंब देखना, समाज से बहिष्कृत करना, बेमानी सुझाव, घडे का मुख, संगीत से मुग्ध करना, आंखों पर मुग्ध, बंद मुट्ठी, मुट्ठी भर, आदमी की रोजी छीनना, लडाका लडका, लडाका सिपाही, नगर का विनाश, संपत्ति का विनाश करना, विनाश के साधन,

आम विनाश हथियार, व्यर्थ का झगडा, शरणार्थियों की समस्या, पडोसी देश के शरणार्थी, सुअवसर हाथ से न जाने देना, सुअवसर की खोज करना, स्काउटों की प्रतिज्ञा, अनुभवी स्काउट, स्थिर संपत्ति, स्थिर आधार, स्थिर वृद्धि, भयानक स्वप्न, विचित्र स्वप्न, स्वप्न देखना।

३. निम्नलिखित शब्दबंधों का अनुवाद कीजिये।

первоклассный драматург, безграничный простор, эгоцентрический роман, написать автобиографию, литературный критик, печальная история, поэтический перевод, грязная, замызганная рубашка, ничтожность усилий, помещать опровержение в газете, делать опровержение, рубашка цвета хаки, испытывать отвращение, заключить шпиона в тюрьму, проповедовать новое мышление, принимать во внимание общественное сознание, пустая жизнь, пустые заботы, пробуждать политическое сознание, опытный врач, печальная новость, опустившийся человек, чужая сторона, чужой человек, горный проход, гористая местность, восстановление разрушенной экономики, реконструкция здания, на фоне недавних событий, на заднем плане сцены, отражение минувших событий, психологическое описание характеров, Первая мировая война, очарованный природой человек, собрать пригоршню камней, зарабатывать на жизнь, уничтожение врага, напрасные хлопоты, использовать удобный случай, отряд бойскаутов, движение бойскаутов, стабильные цены, неподвижные воды реки, видеть сладкие сны

४. निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद कीजिये।

१)हमारे लिए अब जाना असंभव है। २)इतनी ऊंची पहाडी पर चढना असंभव-सा मालूम पडता है। ३)उसने अपना इंटरपास कर लिया। ४)अपराधी को दो साल की कैद हुई। ५)उसे उम्र भर की कैद भोगनी पडी। ६)दूर से किसी का क्रंदन सुनाई पडा। ७)मुझे उसकी क्षुद्रता पर बडा अफसोस हुआ। ८)समाचारपत्र में सरकारी खंडन प्रकाशित हुआ। ९)वह मुझसे खिन्न था। १०)मां जी चिंता के कारण खिन्न थीं। ११)मेरा मन ग्लानि से भरा था। १२)इसके करुण क्रंदन से मेरा दिल फटा जा रहा था। १३)एक मुट्ठी चबैने से कौन जीवित बच सकेगा। १४)राजा ने अपने आलोचकों को चरों द्वारा पकडवा लिया। १५)वह

अपनी चेतना खो चुका है। १६)वह अपने छूछे जीवन से ग्लानि अनुभव करने लगा। १७)लडकी जग गयी। १८) हमें सुबह सवेरे जगाया गया। १९)कहीं दूर में प्रकाश झलकता है। २०)उनकी बातों से झलकता है कि वह हम से खिन्न है। २१)यह समाचार सुनकर मैं दुःखी हुआ। २२) उसकी आलोचना ने हमें काफी दुःखी किया। २३)आग धधक उठी। २४)उसमें क्रोध की आग धधक रही थी। २५)पानी में चांद का प्रतिबिंब झलक रहा है। २६) ऐसा ही परमात्मा ने चाहा। २७) पराये देश में पराये लोग उसे बराबर दुःखी बनाते रहे। २८)पहाडियों के साथ-साथ नदी बहती है। २९)पहाडियों की भाषा पहाडी है। ३०)देश भर में बडे पैमाने पर पुनर्निर्माण का कार्य आरंभ हुआ। ३१)पुरोहित ने विवाह-संस्कार किया। ३२)प्रतीकवाद साहित्य की एक प्रवृत्ति है। ३३)जाति से बहिष्कृत व्यक्ति पतित एवं नीच समझा जाता है। ३४)ईसा मसीह ईसाइयों का परमात्मा है। ३५)हम उसकी आवाज से मुग्ध थे। ३६)वह मेरी मुट्ठी में है। ३७)भूचाल के कारण सारे नगर का विनाश हुआ। ३८)मेरी आशा व्यर्थ ही हुई। ३९)वह व्यर्थ में पकडा गया था। ४०)इस कैम्प में स्काउटों का प्रशिक्षण किया जाता है।

५. निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद कीजिये।

1) Такие писатели, как Агьея, принадлежат к выдающимся представителям индийской литературы. 2) Бог безграничен и постоянен. 3) Сделать это казалось невозможным, но все невозможное когда-нибудь становится возможным. 4) Эгоцентрические личности часто изгоняются из общества, которому не нравятся люди, думающие только о себе. 5) ”Автобио-графия” — одно из лучших произведен-ий, написанных М.К. Ганди. 6) Опытный и искусный критик всегда способствует развитию литературного процесса. 7) В Индии для получения диплома необходимо сдать промежуточный экзамен. 8) ”Нет повести печальнее на свете, чем повесть о Ромео и Джульете”. 9) Он пишет красивым поэтическим языком. 10) Передо мной стоял опустившийся человек, одетый в рваную и грязную военную форму. 11) Преступник был заключен в тюрьму. 12) Отбыв тюремное заключение за кражу чужого имущества, он покинул страну. 13) ”Ярославна горько плачет в Путивле, на крепостной стене”. 14) Всем была очевидна ничтожность этой идеи, но никто не

осмелился опровергнуть ее. 15) Одежда цвета хаки очень популярна среди индийских служащих четвертого класса. 16) Узнав о смерти известного драматурга, мы очень опечалились. 17) Поджа-ренные зерна часто бывают единственной пищей бедняков. 18) Перед мировой войной шпионы весьма активно начинают работать в чужих странах. 19) Общественное сознание является одним из важных факторов успешного экономического развития страны. 20) Пустая жизнь очень часто является результатом плохого культурного развития. 21) Задача критиков — прбуждать общественное сознание. 22) ”Печален я: со мною друга нет”. 23) В очаге ярко полыхло пламя. 24) Раньше в русской армии перед боем была специальная команда: “Знаменосцы — вперед!”. 25) Так случилось по воле Всевышнего. 26) В этой комнате много вещей, принадлежащих другому человеку. 27) На горных вершинах Гималаев всегда лежит снег. 28) Многие горцы Индии говорят на языке пахари. 29) Перестройка фабрики позволит увеличить выпуск продукции. 30) И по сей день археологи ведут раскопки в Мохенджо-Даро и Хараппе. 31) Жрец-пурохит всегда участвует в различных семейных цере-мониях. 32) Эти события происходили на фоне дальнейшего усиления центральной власти. 33) Он увидел свое отражение в воде озера. 34) Символизм был особенно популярен в России в начале XX века. 35) Изгнанный из касты никогда не сможет в нее вернуться. 36) Он был очарован ее красотой. 37) ”Гибель богов” — так назывался роман извест-ного писателя. 38) Заставлять его учиться было бесполезным занятием. 39) Он упустил благо-приятную возможность победить в этом соревно-вании. 40) Эта валюта занимает устойчивые позиции на международном рынке.

६. निम्नलिखित शब्दों के हिंदी समानार्थक लिखिये।

наилучший (2); грязный (3); плач (3); разум (4); просыпаться (2); блестеть, сверкать (3); словарь (2); опытный, искусный (2); богатый (3); бог, Всевышний (3); горный (2); священник, жрец (3); изгнанный (2); мировая война (2); лицо (4); средства к существо-ванию (2); разрушение, гибель (2); бесполезный (2); удобный случай (2); неподвижный (2); сон, мечта (2)

७. निम्नलिखित वाक्यों को पूरा कीजिये।

१)उपन्यास के क्षेत्र में ...। २)वह ईश्वर का प्रतिनिधि है, ...। ३)वह कूदने को ही था ...। ४) कुछ उसकी और देखकर हंस पडते ...। ५)विषय और शैली की दृष्टि से ...। ६)निरंतर यह भाव ...। ७)उसने देखा, एक स्त्री ...। ८)और उसने जान लिया ...। ९)तब एक दिन विदेशी सरकार ...। १०)और उसने भूख के लडाकों का ...।

८. निम्नलिखित मुहावरों का प्रयोग करके वाक्य बनाइये।

आंदोलन में पडना, स्वप्न-दर्शन देना, पथभ्रष्ट होना, पथ पर लाना, तंग आना, समाजच्युत करना, धर्मध्वजी, जेल काटना, रोजी कमाना, प्राण खो देना।

९. खाली जगहों में आवश्यक शब्द लिखिये।

१)इनके पिता प्रसिद्ध ... डा. हीरानंद कर्तारपुर (पंजाब) का निवासी थे। २)इनकी कहानियां ... प्रधान होते हुए भी काव्यात्मक हैं। ३)धीरे-धीरे ज्ञान का हृदय ... से भरने लगा। ४)उपन्यास के क्षेत्र में यह एक नया प्रयोग है जो ... अज्ञेयके लिए सहज है। ५)वह ...-... दृष्टि से खाई के पानी में देखने लगा। ६)परंतु वास्तव में यह उपन्यास ... है। ७)यदि ऐसा है, तो कितना ... है यह जीवन, कितना ..., कितना ...। ८)इनपर आधुनिक युग के ... और ... का प्रभाव है। ९)अच्छा, मैं आपके दु:ख से ... हूं। १०)वह मैले-..., फटे-पुराने ... कपडे पहने हुए था। ११)जब तक समाज पर विजय नहीं मिलती, तब तक धर्म का ... नहीं हो सकता। १२)... एक है, ... है और धर्म के परे है। १३)जो व्यक्ति ... और ... औरत को अपने साथ रखता है, उसकी बात हम क्यों सुनें? १४)उठो, संसार का ... करो। १५)ज्ञान ने ... होकर कहा। १६)यही तो हमारी ... को स्थायी बनाये रखते हैं, और उससे लाभ उठाते हैं। १७)तभी पास कहीं से उसने ... क्रंदन की आवाज सुनी। १८)अनेक लोगों के विचार से यह एक ... उपन्यास है। १९) ये ... परंपरा के उन कहानीकारों में हैं, जिनके के पास प्रतीक हैं। २०)वह समाज से ... है, नीच है।

१०. कहानी का लिखित अनुवाद कीजिये।

वसीली बेलोव

(जन्म १९३२)

वसीली इवानोविच बेलोव की रचनाएं रूसी साहित्य की उस धारा में आती है जिसे आलोचकों ने "देहाती गद्य-साहित्य" का नाम दिया है। बेलोव आज-कल के गांव की समस्याओं पर विचार करने वाले तथा देहाती जीवन का चित्रण करने वाले पहले लेखकों में हैं। किसान का बेटा होने के कारण वह उन सब बातों में सक्रिय रुचिलेते हैं जो उनकी जन्मभूमि – वोलाग्दा प्रदेश में - हो रही हैं।

वह अपनी जन्मभूमि के बारे में कविताएं लिखते हैं। १९६१ में उनका काव्य-संग्रह "जंगल से घिरा मेरा छोटा-सा गांव" प्रकाशित हुआ था। लेकिन बेलोव के गद्य-साहित्य ने उन्हें अधिक लोकप्रिय बनाया है। इसमें उन्होंने आज-कल के गांव और उसके दैनिक जीवन की गहरी जानकारी और बडी साहित्यिक दक्षता दिखायी है।

बेलोव पहली नजर में सरल चीजों से काव्य-रस निकालना जानते हैं। उनके पात्रों की रोजाना जरूरतें और इनका दैनिक जीवन लेखक का ध्यान आकर्षित करता है। उनकी कृतियों "रोज का काम", "बढई की कहानियां" में ऐसी समस्याएं प्रस्तुत की गयी हैं।

अपने उपन्यास "पूर्ववेला" ("Накануне") में बेलोव ने ऐतिहासिक घटनाओं को वियष-वस्तु बनाया है। लेखक परिवारसंबंधी समस्याओंमें भी रुचि लेता है। इनको लेकर उन्होंने "डाक्टर स्पाक के अनुसार पालन-पाषण" छोटा उपन्यास लिखा। १९७९ में बेलोव ने "सामंजस्य। लोक-सौंदर्य-बोध के निबंध" नामक संग्रह लिखा जिसमें उन्होंने रूसी लोक संस्कृति का अनुकरण किया।

बेलोव के उपन्यास और "लोक-सौंदर्य-बोध" संबंधी निबंधों का एक ही उद्देश्य है रूसी राष्ट्रीय स्वभाव की विशिष्टताओं को और स्वभाव के उदय के स्रोतों को दिखाना। १९८१ में लेखक को देश के राजकीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

११. निम्नलिखित सवालों का हिंदी में अनुवाद करके इनका जवाब दीजिये।

1) Когда и где родился Агьея? 2) Кем был его отец? 3) Какое образование получил Агьея? 4) За что он был заключен в тюрьму? 5) Когда был напечатан его первый рассказ? 6) Какие журналы редактировал Агьея? 7) Чем он занимался на Всеиндийском радио? 8) Где находлся Агьея в годы Второй мировой вой-ны? 9) Какой роман прославил Агьею? 10) В чем состоит особенность этого романа? 11) Что оказало влияние на второй роман Агьеи “Острова на реке”? 12) Что отличает рассказы Агьеи? 13) Почему его рассказы могут оказаться непопулярными среди простых людей? 14) Что приснилось во сне Гьяну? 15) Каким он увидел мир? 16) Что решил сделать Гьян при виде этого мира? 17) Какова была реакция людей? 18) С кем тогда решил бороться Гьян? 19) Чей горький плач он тогда услышал? 20) Что рассказала ему женщина? 21) Как боролся Гьян с религией? 22) Как на это реагировали люди? 23) С чем же после этого решил бороться Гьян? 24) Что с ним случилось? 25) С кем он решил бороться, отбыв срок заключения? 26) Кто тогда пришел к нему? 27) К какому выводу пришел Гьян после разговора с иностранцем? 28) С чем тогда решил бороться Гьян? 29) Что он сделал для этого? 30) Чем кончилась эта борьба? 31) О чем тогда начал думать Гьян? 32) О чем он подумал, стоя на крепостной стене? 33) Почему он не прыгнул в ров? 34) Что же, в конце концов, познал Гьян?

१२. शब्दकोश की सहायता से कहानी समझकर इसे रूसी और हिंदी में सुनाइये।

एक दिन की घटना

मैं भावुक प्रकृत्ति का आदमी नहीं हूं। पुराने फैशन का एकदम साधारण व्यक्ति हूं। मेरी जीविका का आधार इसी पेरिस शहर के एक स्कूल में इतिहास के अध्यापक का पद है। मैं सिनेमा-थियेटर देखने का शौकीन नहीं हूं, न मेरा कविता में ही मन लगता है। मनोरजन के लिए मैं कहीं-कभी देश-विदेश की क्रांतियों के इतिहास पढ लिया करता हूं। एक-आध बार मैंने इस विषय पर व्याख्यान भी दिये हैं। इससे अधिक कुछ नहीं कर सकता? क्योंकि यह विदेश है। जब पढने से मन उकता जाता है, तब कभी-कभी पुराने अस्त्र-शस्त्र के संग्रह में लग जाता हूं। बडी मेहनत से मैंने इनका एक संग्रह किया है। जिस कटार

से सम्राट पीटर ने अपनी प्रेमिकाओं की हत्या की थी, उसकी मूठ मेरे संग्रह में है; जिस प्याले में कैथराइन ने अपने पुत्र को विष दिया था, उसका एक खंड; जिस गोली से एक अज्ञात स्त्री ने आर्कएंजल के गवर्नर को मारा था, उसका खाली करतूस; जिस घोडे पर सवार होकर नेपोलियन मास्को से भागा था, उसकी एक नाल, और नेपोलियन की जैकट का एक बटन भी मेरे संग्रह में है। ऐसा संग्रह शायद पेरिस में दूसरा नहीं है – शायद मास्को में भी नहीं था।

पर जो बात मैं कहना चाहता हूं, वह भूल गया। हां, मैं भावुक प्रकृत्ति का नहीं हूं। मेरी रुसच इसी संग्रह में, या कभी-कभी क्रांति संबंधी साहित्य तक परिमित है, और इधर-उधर की बातें मैं नहीं जानता। फिर भी उस दिन की घटना मेरे शांतिमय जीवन में उसी तरह उथल-पुथल मचा गयी, जिस तरह एक उद्यान में झंझावात...

रात्रि के आठ बज रहे थे। मैं मास्को में अपने कमरे में बैठा लैम्प के प्रकाश में धीरे-धीरे कुछ लिख रहा था। पास में एक छोटी मेज पर भोजन के जूठे बर्तन पडे थे। इधर-उधर, दीवार पर टंगी या अंगीठी पर रखी हुई मेरे संग्रह की वस्तुएं थीं।

उन दिनों मैं मास्को के एक स्कूल में अध्यापक था। वहीं इतिहास पढाने में और कभी-कभी क्रांतिविषयक लेख लिखने में तथा पढने में मेरा समय बीत जाता था। क्रांति का अर्थ मैं समझता था नहीं, यह नहीं कह सकता। आज मैं क्रांति के विषय में अपनी अनभिज्ञता को ही कुछ-कुछ जान पाया हूं।

एकाएक किसी ने द्वार खटखटाया। मैंने बैठे ही बैठे उतर दिया, "आ जाओ!" और लिखने में लग गया। द्वार खुला और बंद हो गया। फिर उसी अविरल जलधारा की आवाजआने लगी – कमरे में निस्तब्धता छा गयी। मैंने कुछ विस्मित होकर आंख उठायी, और उठाये ही रह गया।

बहुत मोटा-सा ओवरकोट पहने, सिर पर बडे-बडे बालों वाली टोपी रखे, गले में लाल रूमाल बांधे दरवाजे के पास खडी एक स्त्री एकटक मेरी ओर देख रही थी। उसके कपडे भीगे हुए थे, टोपी में कहीं-कहीं एक-आध ओला फंस गया था। पैरों पर घुटने तक पहुंचने

वाले बडे-बडे भद्दे रूसी बूट पहन रखे थे, जो कीचड से सने हुए थे...

मैं क्षण भर उसकी ओर देखता रहा, किंतु वह कुछ बोली नहीं। मैंने ही मौन भंग किया, “कहिये, क्या आज्ञा है?” कोई उत्तर नहीं मिला। मैंने फिर पूछा, “आपका नाम जान सकता हूं?”

वह बाली, “मैं क्रांतिकारिणी हूं। मुझे अभी कुछ रुपये की आवश्यकता है। आप दे सकेंगे”।

“किसलिए?”

वह कुछ देर के लिए असमंजस में पड गयी, मानो साच रही हो कि उत्तर देना चाहिए या नहीं। फिर उसने धीरे-धीरे ओवरकोट के बटन खोले और भीतर से एक तलवार - रक्तरंजित तलवार! – निकाली। इतनी देर में उसने आंख पल भर भी मुझपर से नहीं हटायी। मुझे मालूम हो गया था, मानो वह मेरे अंतरमय विचारों को भांप रही हो। मैं भी मुग्ध होकर देखता रहा...

वह बोली, “यह देखो! जानते हो, यह किसका रक्त है? कर्नल गोरोव्स्की का। और उसकी लोथ उसके घर के बाग में पडी हुई है”।

...मैं उधर देखता ही रह गया। लैम्प और आग के प्रकाश में लाल-लाल चमक रही थी – उस टूटी हुई तलवार की मूठ!

सहसा किवाड खुलकर बंद हो गया। मेरा स्वप्न टूट गयी – मैंने आंख उठाकर देखा।

वर्षा अब भी हो रही थी – ओले भी पड रहे थे। किंतु वह – वह वहां नहीं थी...

उस दिन की घटना यहीं समाप्त होती है, पर उसके बाद एक-दो घटनाएं और हुईं, जिनका इससे घनिष्ट संबंध है। वह भी यहीं कहूंगा।

इसके दूसरे दिन मैंने पढा, “कल रात को जनरल कोल्पिन और कर्नल गोरोव्स्की दोनों अपने घरों में मारे गये। जनरल कोल्पिन की हत्या एक स्त्री ने रिवाल्वर से की। उनको मारने के बाद उसने उसी रिवाल्वर से आत्मघात कर लिया। कर्नल गोरोव्स्की घर में तलवार से मारे पाये गये। कहा जाता है कि उनकी अपनी तलवार और रिवाल्वर दोनों गायब हैं। जिस रिवाल्वर से जनरल कोल्पिन की हत्या की गयी, उसपर गोरोव्स्की का नाम लिखा है, इससे अनुमान किया जाता अै कि

गोराव्स्की और कोल्पिन की घातक यही स्त्री है। पुलिस जोरों से अनुसंधान कर रही है, लेकिन अभी इसके रहस्य का कुछ पता नहीं लगा है।

(*अज्ञेय की “विपथगा” कहानी से*)

१३. शब्दकोश की सहायता से कहानी को समझकर इसे हिंदी में सुनाइये।

Лад

(из рассказов о народной эстетике)

О чем поет самовар

Еще в семнадцатом веке в доме купца Строганова гостей угощали “травой”, заваренной горячей водой, и говорили, что такой напиток не каждый день бывает на столе у царя. Это был чай, который привозили в Россию с востока.

Позже чай стал любимым напитком каждого русского человека и его пили чаще, чем напитки из фруктов или ягод. Чай пили так же часто, как квас. Но один хороший напиток никогда не мешает другому, так же как один хороший национальный обычай не мешает другому. Они только дополняют друг друга, и каждый выигрывает рядом с другим.

Время, место и настроение подсказывали хозяину или хозяйке, чем напоить гостя, работника или родственника. В одном случае это был чай, в другом квас, в третьем — березовый сок. К каждому напитку давали определенную посуду, и пили их тоже по-разному.

За короткий срок чаепитие стало таким популярным в России, что самовар стал обычным в каждом доме. Формы самоваров были очень разными, но каждая из них была выражением народной эстетики. Самовар дополнял в доме печь, и без самовара изба выглядела некрасивой. Русская печь шумела так же, как самовар, и под эти звуки люди с удовольствием слушали песни холодного зимнего вечера на улице.

В каких же случаях ставили самовар. Почти во всех!

Если в дом приходил знакомый или незнакомый человек, перед обедом, в жаркий летний день, когда все время хочется пить, провожая гостя или родственника, после бани, на праздниках, чтобы

согреться в холодный день, в радостный день и в грустный или просто для того, чтобы нагреть воду...

Лучшей водой для самовара считалась вода из реки. Ее и наливали в самовар. Но если хозяйка забывала налить в самовар воду и только накладывала туда дрова и зажигала его, то самовар сначала молчал, а потом начинал громко шуметь и вдруг начинал медленно падать. Не каждый мастер мог после этого починить самовар, поэтому в богатых домах часто бывало два самовара.

Оживший, кипящий и шумящий самовар на самом деле казался живым. Близость воды и огня, близость человека к воде и огню сделало чаепитие одним из самых приятных занятий, сближающих людей, собирающих к столу всю семью.

Вот хозяйка принесла воду, вот она вылила ее в самовар, потом мы почувствовали запах горящих дров. Через три минуты самовар начинает немного шуметь, а через пять — уже молчит. Он начинает петь снова, когда закипает вода, из-под крышки поднимается вверх горячий пар, самовар ставят на стол, а сверху на него ставят маленький чайник с чаем.

На столе стоят чашки. Их столько, сколько членов семьи. Рядом с чашками — молоко.

Тепло от самовара, его пение, пар, запах чая, сверкающие бока самовара, куда можно смотреть, как в зеркало, большой кусок пирога, сахар... Вот так мы вспоминаем чай из самовара в детстве. Взрослые пьют из чашек, детям чай наливают в блюдце, и начиниаются длинные, бесконечные разговоры обо всем на свете, а на столе продолжает петь самовар.

В давние времена нельзя было менять свое место за столом, а свою чашку нужно было класть на бок, если ты больше не хочешь чая, или опрокидывать вверх дном, чтобы показать, что чашка пустая, а ты хочешь еще.

Сейчас эти обычаи не сохранились. Во многих домах место самовара занимает обычный чайник. Это хорошо и плохо, но, во всяком случае, не так интересно.

(В.Белов, из сборника “Лад”)

१४. अज्ञेय जी के निम्नलिखित विचारों का रूसी में अनुवाद कीजिये।

लेखक और परिवेश

परिवेश की समस्या को कई तरह से देखा जा सकता है। मैं लेखक की दृष्टि से ही देखना चाहता हूं। मानो सबसे पहले अपने को ही यह चेतावनी दे देना जरूरी है कि मैं देखक हूं। लेखक हूं, इसलिए परिवेश की समस्या मेरे लिए लेखक की समस्या है। मैंने बार-बार देखा और सुना है कि लेखक भी जब इस समस्या पर विचार करते हैं तो मानो यह बुनियादी बात भूल जाते हैं।

यह नहीं कि दार्शिनिक या अर्थशास्त्री, समाजशास्त्री या नृतत्वज्ञ या इतिहासवेता के पाये हुए या पेश किये हुए जवाब मेरे काम के नहीं हैं। जरूर काम के हैं। लेकिन बात यह है कि उनके पाये या सुझाये हुए जवाबों में से मेरा जो कुछ लाभ हो सकता है, उसका उपयोग जब में कर चुकता हूं तब जो समस्या बचती है वही मेरी समस्या है: मुझ लेखक की समस्या!...

परिवेश बदलता है, और उसके साथ मूल्य बदलते हैं, यह मैं दिया हुआ मानकर चलता हूं, इसका उदाहरण या प्रमाण आवश्यक मानता हूं।

साहित्य की भारतीय कसौटी

विश्व-साहित्य की पंक्ति में वही भारतीय साहित्यकार बैठ सकेगा जो पहले राष्ट्रीय साहित्यकार हो – जिसकी कृति में समूची भारत जाति और समन्वित भारतीय संस्कृति बोलती हो। बाकी सब साहित्यकार अपनी पंक्तियों में पडे रह जायेंगे (भले ही उस पंक्ति में शीर्ष स्थान उन्हें मिलता रहे) या फिर नकलचियों की या छायाग्राहियों की पंक्ति में आ जायेंगे (वह व्यावसायिक दृष्टि से जितनी भी लाभकर हो)।

मैं स्वप्न देखता हू कि सभी भारतीय भाषाओं के कृतिकार इस व्यापकतर दृष्टि को अपना सकेंगे कि कम-से-कम एक ऐसे राष्ट्रीय पुरस्कार की प्रतिष्ठा हो सके। उसमें व्यवहार और पद्धति संबंधी कई कठिन समस्याएं उठेंगी, लेकिन कोई समस्या असाध्य नहीं होगी अगर सही सिद्धांत से आरंभ किया जाये। हम “विश्व-शांति-पुरस्कार” की कल्पना कर सकते हैं और समझते हैं कि उसके निर्णय के लिए हम सारे संसार के शांतिकर्मियों के कामों का मूल्यांकन कर सकेंगे; हम “अंतर्राष्ट्रीय फिल्म प्रतियोगिता” कर सकते हैं और विश्वास कर सकते

हैं कि हम न केवल अंतर्राष्ट्रीय दृष्टि से देख और सोच सकते हैं बल्कि उसकी कसौटी पर स्वयं भी खरे उतर सकते हैं; तब क्या एक साहित्य का ही क्षेत्र ऐसा है जिसमें हम रेंगकर चलना आवश्यक मानते रहेंगे?

भारतीय संस्कृति और विश्व-संस्कृति

पिछले सौ वर्षों में भारतीय संस्कृति की – भारतीयता की – बहुत चर्चा हुई। भारत के स्वाधीन हो जाने पर कुछ वर्षों तक यह चर्चा और भी जोरों में हुई। ये दोनों बातें स्वाभाविक थीं: एक समर्थ और प्रबल गतिमान विदेशी संस्कृति से टकराहट में यह प्रश्न उठना स्वाभाविक था कि भारतीय संस्कृति क्या है, उसमें क्या मूल्यवान और स्पृहणीय है, किन मूल्यों में उसका सामर्थ्य निहित है और कौन-सी प्रवृत्तियां उसे वह बल और वह गतिशीलता दे सकती हैं जिसकी उसे पश्चिमी संस्कृति का मुकाबला करने के लिए आश्यकता होगी। उसी प्रकार स्वाधीन भारत की सही रूप-परिकल्पना के लिए आवश्यक था कि एक स्वायत्त भारतीय संस्कृति का रूप भी हमारे सामने हो।...

विश्वव्यापी सहयोग और सांस्कृतिक संपर्क की यह एक जीवित समस्या है। विश्ज के स्तर पर सांस्कृतिक सहयोग या तो व्यक्ति करता है – यानी व्यक्ति के विचार ही संपर्क के आधार होते हैं, वह संपर्क चाहे व्यक्ति और दूसरे व्यक्तियों के बीच हो, चाहे व्यक्ति और समाजों-संस्कृतियों के बीच – या फिर संस्थागत संपर्क राष्ट्रों और राष्ट्रों के बीच हो सकता है। ऐसे संपर्क का सरकारों के बीच होना जरूरी नहीं है। लेकिन गैरसरकारी संस्थाएं भी यह काम तभी संपन्न कर सकती हैं अगर जिस संस्कृति की ओर से या जिस संस्कृति के साथ संपर्क वे करना चाहें उसका एक देशव्यापी रूप उनके सम्मुख हो।

१५. जातकों की इस कहानी को रूसी और हिंदी में सुनाइये।

राई का पर्वत

(Из мухи – слона)

कोई खरगोश एक आम के पेड के नीचे रहा करता था। एक दिन खरगोश खाना खाने के बाद आराम से लेटा हुआ था। लेटा-लेटा सोचने लगा कि यदि पृथ्वी फट जाये तो मेरा क्या होगा।

इतने में पेड पर से एक पका हुआ आम जमीन पर आ गिरा। आम के गिरने का धडाम सुनकर खरगोश ने समझा कि हो न हो, यह पृथ्वी के फटने की आवाज है। वह एकदम उछलकर भागा।

भागते-भागते रास्ते में उसे एक दूसरा खरगोश मिला। उसने पूछा – "भाई। क्या बात है? क्यों इतने जोर से भाग रहे हो?"

लेकिन खरगोश बिना कुछ कहे भागता ही गया।

दूसरा खरगोश भी उसके पीछे भागने लगा। पहले खरगोश ने जरा रुककर कहा – "देखते नहीं, पृथ्वी फट गयी है!" बस दोनों भागने लगे।

कुछ दूर जाकर उन्हें और खरगोश मिले। डर के मारे वे भी भागने लगे।

आगे जाकर उन्हें इक हिरन मिला। वह भी उनके साथ भागने लगा।

कुछ दूर जाकर सूअर। बकरा, भैंस, गैंडा, चीता और हाथी मिले। उन्हें भागता हुआ देख वे भी पीछे-पीछे भागने लगे।

थोडी देर में जानवरों की एक लंबी कतार बन गयी।

रास्ते में एक सिंह खडा हुआ था। एकसाथ इतने पशुओं को भागता देख सिंह ने उनसे भागने का कारण पूछा। एक आवाज आयी – "महाराज! पृथ्वी फट गयी है"।

सिंह ने सोचा – "पृथ्वी तो कभी फटती नहीं, मादूम करना चाहिए, क्या बात है"।

उसने एक पहाड के नीचे पहुंच बडे जोर से अहाड मारना शुरू किया। सिंह की दहाड सुन सब जानवर रुक गये। सिंह ने पूछा – "आप लोग क्यों भाग रहे हैं?"

"महाराज! देखते नहीं, पृथ्वी फट गयी है!"

"आप लोगों में से पृथ्वी को फटते हुए किसी ने देखा है?"

एक कोने में से आवाज आयी – "महाराज! हाथी ने देखा है"।

हाथी ने कहा – "चीते ने देखा है"।

चीते ने कहा – "गैंडे ने देखा है"।

गैंडे ने कहा – "भैंस ने देखा है"।

भैंस ने कहा – "बकरे ने देखा है"।

बकरे ने कहा – “सूअर ने देखा है”।

सूअर ने कहा – “हिरन ने देखा है”।

हिरन ने कहा – “खरगोश ने देखा है”।

जब खरगाशों से पूछा गया तो उन्होंने एक खरगोश की ओर देखा। “महाराज! इस खरगोश ने देखा है”।

खरगोश से पूछे जाने पर उसने उत्तर दिया – “देखिये महाराज! मैं एक आम के पेड के नीचे लेटा हुआ था कि इतने में पृथ्वी के फटने का धडाम हुआ। मैं उठकर भागा”।

सिंह खरगोश को अपनी पीठ पर बैठा उस स्थान की ओर चला जहां धडाम हुआ था।

पेड के नीचे पहुंचते ही खरगोश डर के मारे कांपने लगा। सिंह ने कहा – “खरगोश! तू डरता क्यों है? मेरे रहते हुए तेरा कोई कुछ नुकसान नहीं कर सकता”।

खरगोश ने उस पेड से जरा दूर खडे होकर कहा – “महाराज! देखिये यह रही वह जगह!”

सिंह ने पेड के नीचे जाकर देखा तो वहां एक पका हुआ आम पडा था।

सिंह खरगोश को अपनी पीठ पर बैठाकर वापिस लाया और उसने जंगल के जानवरों से सच्ची-सच्ची बात कही।

सब जानवर हपनी बुद्धिहीनता पर हंसते हुए अपने-अपने घर लौट गये।

चुटकुले

१. द्वीप पर कब्जा कर लेने पर सेनापति को बधाइयां मिल रही थीं।

“आप सब की बधाई के लिए धन्यवाद! लेकिन लगता है कि हमें फिर से द्वीप पर कब्जा करना पडेगा”।

“क्यों?” – एकसाथ कइयों ने पूछा।

“इसलिए कि कप्तान कैमरे में फिलम रखना भूल गये थे”।

२. मां ने देखा कि उसका बडा लडका छोटी बच्ची शीला के साथ नहीं देख रहा है। उसने समझाया, “बेटा, उसको भी अपने साथ खेलने दो!”

“मां, वह तो सब कुछ तोड-फोड देती है!”

“तो क्या हुआ बेटा, थोडा प्यार और दया का व्यवहार करो, आखिर वह तुम्हारी बहिन है”।

कुछ देर के बाद मां ने जाकर देखा तो पाया कि शीला अकेले चुपचाप बैठी हुई है। “शीला”, मां ने कहा, “तुम यहां क्यों बैठी हो, क्या बच्चे तुम्हें खेलने नहीं देते?”

“क्यों नहीं मां”, शीला ने खुशी-खुशी उत्तर दिया, “साहब लोग बाहर गये हैं। मैं नौकरानी बनकर घर की देखभाल कर रही हूं”।

३. वह हांफती-हांफती कमरे में घुसी चली आयीं। घुसते ही बोली, “डाक्टर साहब, मुझमें क्या खराबी है?”

उस व्यकित ने ऊपर से नीचे तक उसपर अच्छी तरह निगाह डालकर कहा, “सिर्फ तीन चीजें मैं आप से कहला चाहूंगा।

“पहली बात तो यह कि आपके वजन में कोई ५० पौंड की कमी होनी चाहिए।

दूसरी यह कि अगर आप लिपस्टिक और पाउडर का कम इस्तेमाल करें तो ज्यादा सुंदर दिखाई देंगी।

और तीसरी और अंतिम यह है कि मैं चित्रकार हूं, डाक्टर का कमरा बराबरवाला है”।

Учебное издание

Ульциферов Олег Георгиевич

УЧЕБНИК ЯЗЫКА ХИНДИ

Для студентов III-IV курсов

Подписано в печать ....07.
Формат 60x84 1/16.
Усл. печ. л. 21,56. Уч.-изд. л. 11,42.
Тираж 200 экз. Заказ №_________

Издательство «МГИМО-Университет»
119454, Москва, пр. Вернадского, 76

Отпечатано в отделе оперативной полиграфии
и множительной техники МГИМО(У) МИД России
119218, Москва, ул. Новочеремушкинская, 26